सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 24 फरवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 54, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

आठ कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1.65 लाख करोड़

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,65,784.9 करोड़ रुपये की गिरावट आई। } 14

भारत-ब्रिटेन एफएटीए पर शुरू करेंगे वार्ता : गोयल

भारत और ब्रिटेन आठ महीने से अधिक के अंतराल के बाद 24 फरवरी से प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर फिर बातचीत फिर शुरू करेंगे। एक अधिकारी ने बताया कि वह वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। } 16

भारत ने पाक को धोया, पूरे देश में जश्न

चैंपियंस ट्राफी : 6 विकेट से हराया, कोहली ने जड़ा शानदार शतक, बने मैन ऑफ द मैच

कोहली ने पूरे किये 14000 रन

विराट कोहली ने 62 गेंद पर वनडे करियर का 74वां अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 27वें ओवर में नसीम शाह की गेंद पर चौका लगाकर अर्धशतक पूरा किया। 27 ओवर के बाद भारत का स्कोर दो विकेट पर 136 रन था। 24 ओवर के बाद भारत ने दो विकेट गंवाकर 124 रन बना लिए थे। शुभमन गिल 46 रन बनाकर अबरार अहमद की गेंद पर क्लीन बोल्ड हुए थे। भारत को 18वें ओवर में 100 के स्कोर पर दूसरा झटका लगा। स्पिनर अबरार अहमद ने शुभमन गिल को क्लीन बोल्ड किया। 52 गेंद में सात चौके की मदद से 46 रन बना सके और अर्धशतक से चूक गए। कोहली और गिल के बीच 69 रन की साझेदारी हुई। विराट कोहली ने वनडे में 14 हजार रन पूरे कर लिए हैं। वह इस मुकाम को छूने वाले सबसे तेज हैं। कोहली ने 287 वनडे पारियों में 14 हजार रन पूरे किए हैं। इस मामले में कोहली ने तेंदुलकर को पीछे छोड़ा।

एजेंसी

दुबई। आईसीसी टूर्नामेंटों में पाकिस्तान पर कहर साबित होने वाले विराट कोहली ने एक बार फिर इतिहास को दोहराते हुए नाबाद शतक के साथ रविवार को इस बहुचर्चित मुकाबले में भारत को छह विकेट से जीत दिलाकर चैम्पियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल में पहुंचा दिया।

भारत की जीत तो दीवार पर लिखी इबारत की तरह साफ हो गई थी लेकिन कशमकश यह थी कि कोहली का शतक बनेगा या नहीं। और फिर आधुनिक क्रिकेट के इस महानायक ने न सिर्फ चौके के साथ 51वां वनडे शतक पूरा किया बल्कि फॉर्म में लौटकर विरोधी टीमों के लिये खतरे की घंटी बजा दी। जीत के लिये 242 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत को 42वें ओवर के बाद चार रन की जरूरत थी। खुशदिल शाह के ओवर में विराट ने पहली गेंद पर एक रन लिया और फिर अक्षर पटेल ने दूसरी गेंद पर एक रन लिया। अब भारत को जीत के लिये दो रन और विराट को शतक के लिये चार रन चाहिये थे। तीसरी गेंद पर एक्स्ट्रा कवर में चौका जड़ने के साथ कोहली के चेहरे पर इत्मीनान की मुस्कान आई। और इसके साथ ही टीवी पर नजरें गड़ाये बैठे करोड़ों भारतीय क्रिकेट प्रेमी भी खुशी से झूम उठे। लगातार एक तरह से आउट होने, स्पिन के खिलाफ असहज होने और बड़ी पारी नहीं खेल पाने की कई चुनौतियों से उबरते हुए कोहली ने पुराने फॉर्म के दीदार कराये। इस जीत के साथ भारत ग्रुप ए में चार अंक लेकर शीर्ष पर पहुंच गया और सेमीफाइनल में प्रवेश तय कर लिया। पिछले कुछ अर्से से खराब फॉर्म से जूझ रहे कोहली ने सही समय पर और सही प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ फॉर्म में वापसी करते हुए 111 गेंद में सात चौकों की मदद से नाबाद सौ रन बनाये। वहीं श्रेयस अय्यर ने 67 गेंद में पांच चौकों और एक छक्के के साथ 56 रन बनाकर भारत को 42.3 ओवर में जीत तक पहुंचाया। दूसरी ओर 29 साल बाद आईसीसी टूर्नामेंट की मेजबानी कर रहा पाकिस्तान लगभग बाहर हो गया है। एक बार फिर उसके लिये परेशानी का सबब रहे कोहली। इसी पारी में ...शेष पृष्ठ 14 पर

महाकुंभ में 62 करोड़ का पहुंचना सदी की दुर्लभतम घटना : योगी

नौकरी प्रदाता बनने पर ध्यान दें प्रदेश के युवा

जिला संवाददाता

आगरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि प्रयागराज के महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं और एक निश्चित समयावधि के दौरान इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना अपने आप में सदी की दुर्लभतम घटनाओं में से एक है। आगरा में यूनिकॉर्न कंपनीज कॉन्क्लेव (यूनिकॉर्न कंपनियों का सम्मेलन) में मुख्यमंत्री योगी ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि मैं इसे स्टार्टअप की दुनिया का यूनिकॉर्न महाकुंभ कह सकता हूं।

इस समय महाकुंभ के प्रति आकर्षण है। मेरे लिए यह महत्वपूर्ण है। आज जब मैं ब्रज भूमि में आया हूं जिसके पीछे आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि रही है। लंबे काल खंड से इसने भारत की सभ्यता और संस्कृति को प्रभावित किया है। योगी ने कहा कि कल ही प्रयागराज से आया और आज इस सम्मेलन के बाद उन्हें पुनः प्रयागराज पहुंचना है। मुख्यमंत्री योगी ने महाकुंभ में इस बार आने वाले श्रद्धालुओं की चर्चा करते हुए कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में अब तक 62 करोड़ श्रद्धालु आ चुके हैं। मुझे लगता है कि दुनिया के अंदर किसी भी आयोजन चाहे वह अध्यात्म से जुड़ा हो या किसी भी तरह के पर्यटन से संबंधित हो, में एक निश्चित कालखंड के दौरान इतनी बड़ी संख्या में लोगों का एकत्र होना और उस आयोजन के साथ एकजुट होना, अपने आप में सदी की दुर्लभतम घटनाओं में से एक है।

इस पर खुशी जाहिर करते हुए उन्होंने कहा कि उप्र में उनकी सरकार को इसे आयोजित करने का अवसर प्राप्त हो रहा है। मुख्यमंत्री और प्रसिद्ध गोरक्षपीठ के महंत योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जब कुंभ की बात करते हैं तो कुंभ का इतिहास हमें इस बात पर सोचने के लिए मजबूर करता है कि भारत में प्राचीन काल से इस तरह के आयोजन की ...शेष पृष्ठ 14 पर

संक्षेप

दबंगों ने बारातियों व दो दलित दुल्हनों को पीटा, नहीं हुआ विवाह

जिला संवाददाता

मथुरा। जिले के रिफाइनरी थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने मामूली विवाद पर अनुसूचित जाति की दो दुल्हन व बारातियों के साथ कथित तौर पर मारपीट की जिससे बारात लेकर पहुंचे दूल्हे बिना विवाह किए ही लौट गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। अन्य आरोपियों की धर-पकड़ के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस के अनुसार, रिफाइनरी थाना क्षेत्र के गांव करनावल निवासी एक व्यक्ति की दो बेटियों की शादी शुक्रवार रात को होनी थी। उनकी बारात जिले के ही गोवर्धन थाना क्षेत्र के गांव सामई खेड़ा (पूंछरी) से आई थी। पुलिस ने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे दोनों दुल्हन अपनी बुआ व फूफा के साथ ब्यूटी ...शेष पृष्ठ 14 पर

यूपी में सड़क हादसों के दौरान दस की मौत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। सुलतानपुर, इटावा, मुजफ्फरनगर, लखीमपुर और हमीरपुर जिले में हुए सड़क हादसों में दस लोगों की मौत हो गई जबकि दो लोग घायल हो गए।

सुलतानपुर कोतवाली क्षेत्र में प्रयागराज-अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर महाकुंभ से अयोध्या जा रहे एक वृद्ध श्रद्धालु की सड़क हादसे में मौत हो गयी। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, महाराष्ट्र के थाणे निवासी जनेश्वर कुमार त्यागी (74) अपनी पत्नी, पुत्र और पुत्रवधू के साथ प्रयागराज में महाकुंभ स्नान के बाद शनिवार रात कार से कोतवाली देहात के उतरी स्थित एक होटल के पास पहुंचे और वहां उनके परिजन चाय पीने लगे। इस बीच त्यागी सड़क पार कर रहे थे तभी एक तेज रफ्तार बस ने उन्हें टक्कर मार दी।

वहीं, मुजफ्फरनगर जिले के रतनपुरी क्षेत्र में रविवार को एक तेज रफ्तार कैंटर ट्रक की चपेट में आने से मोटरसाइकिल सवार एक बुजुर्ग व्यक्ति और उसके भतीजे की मौत हो गयी। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि शामली जिले के निवासी नूर मोहम्मद (60) अपने भतीजे फैज़ान (32) और 10 वर्षीय पोती के साथ मोटरसाइकिल से मुजफ्फरनगर के सथेरी गांव में किसी रिश्तेदार के यहां जा रहे थे तथा रास्ते में रतनपुरी थाना क्षेत्र में काली नदी पुल के पास खतौली-बुढ़ाना मार्ग पर एक तेज रफ्तार कैंटर ने उन्हें कुचल दिया। इस घटना में नूर मोहम्मद और फैज़ान की मौत हो गयी जबकि बुजुर्ग की पोती गम्भीर रूप से घायल हो गयी और उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जबकि हमीरपुर जिले के भरवा सुमेरपुर क्षेत्र में एक ट्रक और डम्पर की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गयी। पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, शनिवार की रात करीब 11 बजे भरवा सुमेरपुर थाना क्षेत्र में कानपुर की ओर जा रहे गिट्टी लदे एक ट्रक की सामने से तेज रफ्तार से आ रहे एक डम्पर से जोरदार टक्कर हो गयी। इससे दोनों वाहन क्षतिग्रस्त ...शेष पृष्ठ 14 पर

धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं पर हमला कर रहा है विपक्ष

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान केंद्र और कैंसर अस्पताल की रखी आधारशिला

एजेंसी

छतरपुर (मप्र)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाकुंभ पर आलोचनात्मक टिप्पणियों को लेकर नेताओं के एक वर्ग को रविवार को आड़े हाथों लिया और कहा कि गुलाम मानसिकतौ वाले लोग विदेशी ताकतों के समर्थन से देश की धार्मिक और सांस्कृतिक परंपराओं पर हमला करते रहते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने मध्यप्रदेश के छतरपुर में बागेश्वर धाम चिकित्सा एवं विज्ञान अनुसंधान केंद्र और कैंसर अस्पताल की आधारशिला रखने के बाद लोगों को संबोधित करते हुए प्रयागराज में जारी महाकुंभ को एकता का महाकुंभ करार दिया। मोदी ने प्रयागराज में 144 वर्षों के बाद हो रहे महाकुंभ के धार्मिक महत्व को रेखांकित किया। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुंभ एक दुर्लभ खगोलीय संयोग के चलते 144 साल बाद हो रहा है। बागेश्वर धाम भगवान हनुमान से जुड़ा मध्यप्रदेश के बुंदेलखंड क्षेत्र में एक प्रमुख धार्मिक स्थल है, जहां हजारों लोग आते हैं।

मोदी ने कहा नेताओं का एक वर्ग, धर्म का मखौल उड़ाता है, उपहास उड़ाता है। लोगों को तोड़ने में जुटा है और बहुत बार विदेशी ताकतें भी इन लोगों का साथ देकर देश और धर्म को कमजोर करने की कोशिश करती दिखती हैं। उन्होंने कहा, हिन्दू आस्था से नफरत करने वाले ये लोग सदियों

से किसी न किसी वेश में रहते रहे हैं। गुलामी की मानसिकता से घिरे ये लोग हमारे मठ, मंदिरों पर हमारे संत, संस्कृति व सिद्धांतों पर हमला करते रहते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा ये लोग हमारे पर्व, परम्पराओं और प्रथाओं को गाली देते हैं। जो धर्म, जो संस्कृति स्वभाव से ही प्रगतिशील है, उस पर कीचड़ उछालने की ये हिम्मत दिखाते हैं। हमारे समाज को बांटना, उसकी एकता को तोड़ना ही इनका एजेंडा हैं। मोदी की यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा कुप्रबंधन और भगदड़ की घटनाओं का हवाला देते हुए महाकुंभ को मृत्यु कुंभ करार दिए जाने के बाद उठे विवाद के बीच आई है। ममता ने अधिकारियों पर मृतकों की संख्या दबाने का भी आरोप लगाया था। महाकुंभ को सफल आयोजन बनाने में स्वच्छता कर्मियों और पुलिस कर्मियों की भूमिका की प्रशंसा करते हुए, मोदी ने कहा कि इसै एकता के महाकुंभै में हजारों डॉक्टर और स्वयंसेवक स्वेच्छा से समर्पण और सेवा की भावना से लगे हुए हैं। उन्होंने कहा यह एकता का महाकुंभ है जहां हजारों डॉक्टर और स्वयंसेवक समर्पण और सेवा की भावना के साथ काम कर रहे हैं। एकता के महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालु इन प्रयासों की सराहना कर रहे हैं। मोदी ने करोड़ों लोगों की मौजूदगी वाले इस विशाल धार्मिक समागम में जरूरतमंद लोगों को नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा दी गई सेवाओं की भी सराहना की। उन्होंने कहा कि सदियों से हिंदू मठ, धाम और मंदिर पूजा और आस्था के साथ-साथ विज्ञान और शोध के केंद्र के रूप में काम करते रहे हैं।

उन्होंने कहा हिंदू संतों ने योग और विज्ञान का ज्ञान दिया। दुनिया योग का अनुसरण कर रही है। योग ने देश को गौरवान्वित किया है और हमारा झंडा उंचा किया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्होंने हमेशा सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत के साथ काम किया है और सबका इलाज और सबको आरोग्य का संकल्प भी जोड़ा है। उन्होंने कहा मोदी आपका बेटा है और मैं आप सभी की सेवा करता रहूंगा। कैंसर जैसी घातक बीमारी से लड़ने में अपनी सरकार द्वारा किए गए प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए मोदी ने कहा कि अगले तीन वर्षों में देश के सभी जिलों ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

मूवमेंट को इंजॉय करें और बेस्ट मेमोरी को अपने साथ ले जाये : एडिशनल एसपी पंकज कुमार सिंह, बीबीडी यूनिवर्सिटी प्रो वाइस चांसलर डॉ. एससी शर्मा ने उत्कर्ष-2025 शुरू होने की घोषणा की

बीबीडी के वार्षिकोत्सव उत्कर्ष-2025 का शानदार आगाज

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बाबू बनारसी दास एजुकेशनल ग्रुप के तत्वावधान में रविवार से शुरू हो रहे तीन दिवसीय वार्षिकोत्सव का शानदार आगाज लखनऊ कैम्पस में हुआ। उत्कर्ष-2025 की थीम फ्यूचर टेक है। उद्घाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि लखनऊ कमिश्नरेट के एडिशनल एसपी पंकज कुमार सिंह एवं विशिष्ट अतिथि एजीएम एचसीएल मनमीत गुलाटी ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर आरके अग्रवाल, मुख्य अधिशाषी निदेशक, बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप, डॉ एससी शर्मा, प्रो वाइस चांसलर, बीबीडी यूनिवर्सिटी, डॉ सुधर्मा सिंह, रजिस्ट्रार, बीबीडी यूनिवर्सिटी, डॉ. एसएमके रिजवी, मुख्य संयोजक उत्कर्ष, सभी निदेशक, डीन, फैकल्टी, स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना पर छात्राओं द्वारा मनमोहक नृत्य प्रस्तुति द्वारा हुई। इसके बाद डॉ. शर्मा ने उत्कर्ष-2025 के प्रारम्भ होने की घोषणा की और अपने संबोधन में छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वामी विवेकानंद का वक्तव्य 'उठो, जागो और तब तक न रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति न हो' से किया। यदि अपने पर विश्वास है तो भविष्य आपके हाथ में है। अब्राहम लिंकन ने कहा था कि मेरी चिंता यह नहीं है कि आप विफल हो गये हैं, बल्कि विफलता से रुकना नहीं चाहिए। लगातार सफलता के प्रयास करना चाहिए। मुख्य अतिथि एडिशनल एसपी पंकज कुमार सिंह द्वारा उपस्थित गणमान्य लोगों तथा छात्र-छात्राओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि छात्रों द्वारा मनमोहक प्रस्तुति देखकर लगता है कि ऑलरेडी जोश में है और लखनऊ ग्रो कर रहा है। आप सभी इस मूवमेंट को इंजॉय करें और बेस्ट मेमोरी को अपने साथ ले जायें। मेरी ओर से बहुत-बहुत शुभकामनाएं। बीबीडी मैंनेजमेंट एवं छात्रों के रंगारंग कार्यक्रम को देखकर प्रशंसा कर उत्साहवर्धन किया। छात्रों द्वारा ई-वेस्ट मैटेरियल से बनाये गये फ्यूचर टेक गैलरी एवं बीबीडी बियोंड बुक्स सीजन-4 का पोस्टर भी मुख्य अतिथि ने किया।

उत्कर्ष की पुरानी यादों पर आधारित एक वीडियो द्वारा बीबीडी की यात्रा के बारे में दिखाया गया। इसके बाद बीबीडी के छात्रों द्वारा डांस की रंगारंग प्रस्तुति दी गई, जिससे देखकर उपस्थित दर्शकों द्वारा तालियों की गड़गड़ाहट से सभागार गूंज उठा। बीबीडी के छात्रों द्वारा आयोजित टेक एक्सपो का उद्घाटन डॉ. उर्मिला शर्मा, पूर्व निदेशक-वुमेंस स्टडी सेंटर-एसजीटी यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया। इसके बाद एक्सपो में छात्रों द्वारा बनाये गये विभिन्न मॉडलों को देखकर छात्रों की कड़ी मेहनत एवं उत्साह की भूरि-भूरि प्रशंसा की और साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उद्घाटन समारोह में डॉ. एसएमके रिजवी मुख्य संयोजक-उत्कर्ष ने कहा कि यह कार्यक्रम ...शेष पृष्ठ 14 पर

C M Y K

फ्यूचर टेक गैलरी और एक्सपो में छात्रों ने दिखाया भावी तकनीकी संसार

बीबीडी परिसर में रोबोटिक्स, पैल्ग, डांस और खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया दम

शैलेन्द्र श्रीवास्तव

लखनऊ। बीबीडी परिसर में फ्यूचर टेक गैलरी और टेक एक्सपो का उद्घाटन रविवार को हुआ, जिसमें छात्रों ने भावी तकनीकी संसार की झलक पेश की। फ्यूचर टेक गैलरी का उद्घाटन एडिशनल एसपी पंकज कुमार सिंह ने किया और टेक एक्सपो का उद्घाटन डॉ उर्मिला शर्मा, पूर्व निदेशक, वुमेंस स्टडी सेंटर, एसजीटी यूनिवर्सिटी ने किया। अतिथियों ने छात्रों द्वारा बनाये गये विभिन्न मॉडलों को देखकर छात्रों की कड़ी मेहनत और उत्साह की भूरि-भूरि प्रशंसा की और साथ ही उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही परिसर में रोबोटिक्स, डांस परफार्मेंस, खेलकूद प्रतियोगिता हुई और पल्स की ओर से पैल्ग प्रतियोगिता हुई, जिसमें छात्रों ने अपना दम दिखाया।

फिलहाल फ्यूचर टेक गैलरी और टेक एक्सपो को मिलाकर सौ से अधिक प्रोजेक्ट दिखाये गये। छात्रों ने वर्चुअल रियेल्टी एंड मीटर वर्कस प्रोजेट बनाया जिसमें एक तकनीकी चश्मे को लगाकर व्यक्ति स्पेस टर्वल का आनंद ले सकता है। चंद्रयान प्रोजेक्ट का शेफ लांचिग और लांचिग करके दिखाया। मशीन लर्निंग एंड डीप लर्निंग के प्रोजेक्ट में सेंसर के जरिये प्रदूषण की स्थिति डाटा से पता चलती है। ब्रेन मैपिंग प्रोजेक्ट के जरिये बुजुर्ग और न्यूरो मरीजों के दिमाग को पढ़ा जा सकता है। आईओटी बेस्ड फायर एलार्म सिस्टम से घर में धुआं आने से उसकी जानकारी मोबाइल पर पहुंच जायेगी। यूआरएल बेस्ड एक वेब एप्लीकेशन छात्रों ने बनायी है, जिसमें मॉर्डन वेल्यूवेशन सिस्टम है। छात्रों ने साइन लैंग्वेज डिक्टेटर सिस्टम बनाया है, जिसमें दिव्यांग लोगों को सांकेतिक भाषा से जानकारी दी जाती है। मौसम की जानकारी देने के लिए एआई बेस्ड बनाया गया है।

योग सही न करने पर देगा जानकारी

एक योगा के लिए भी छात्रों ने प्रोजेक्ट बनाया है, जिसमें ह्यूमन कोच इस्टीमेशन है, जब कोई व्यक्ति योग में गलत पोज में योग करता है तो उसे वह टोक देगा कि गलत योगा किया जा रहा है।

स्पीड ब्रेकर से बनेगी बिजली

छात्रों ने एक प्रोजेक्ट तैयार किया है, जिसमें स्पीड ब्रेकर बनाते समय नीचे उसके कुछ वायर ऐसी डाली जाती है, जिसके जरिये स्पीड ब्रेकर पर गाड़ी रूकने पर बिजली उत्पन्न होगी। इस बिजली से सड़क की लाइट जलेगी।

कॉस्ट केचर से आम जनता को फायदा

छात्रों ने कॉस्ट केचर नाम की वेबसाइट बनायी है, जिसमें यदि कोई व्यक्ति ने एक मोबाइल खरीदने के लिए अपनी स्थिति के अनुसार दाम तय करके लगा दिये हैं और इसके बाद वह रेगुलर उसे देख नहीं सकता है तो इस वेबसाइट के जरिये यदि उसके दाम व्यक्ति के तय दाम के बराबर आ जाता है तो व्यक्ति को एक अलर्ट मैसेज जायेगा, जिसमें बेस्ट प्राइज (कम दाम) होने की जानकारी मिलेगी और यदि वेबसाइट के वैलेट में व्यक्ति ने पैसा जमा किया होगा तो उसकी मांग पर वह उसे खरीदकर उसे घर भी भिजवा देगा। इस वेबसाइट में ई-कामर्स की सभी प्रमुख प्लेटफार्म मौजूद होगा।

प्रोजेक्ट से खेत रहेंगे नम

छात्रों ने स्मार्ट एरिगेशन सिस्टम बनाया, जिसमें खेत में सेंसर लगाया जायेगा और जितनी नमी खेत में होनी चाहिए यदि उतनी नहीं है तो सेंसर बता देगा और आटोमैटिक ही नलकूप चल जायेगा और खेत की सिंचाई हो जायेगी। इसमें छात्रों ने एक बरसात के लिए भी सेंसर लगाया यदि सिंचाई चल रही है और इस दौरान पानी बरस गया तो ट्यूबवेल बंद हो जायेगा और नमी कम होने पर सिंचाई दोबारा से शुरू हो जायेगी।

निकायों में बेहतर प्रबंधन व व्यवस्था हो

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा ने रविवार को वाराणसी प्रवास के दौरान सभी नगरीय निकायों में साफ सफाई, प्रकाश व्यवस्था, स्वच्छ जलापूर्ति, कूड़ा कलेक्शन, कूड़ा प्रबंधन और स्वच्छ सर्वेक्षण को लेकर व्यवस्थापन एवं प्रबंधन कार्यों की वर्चुअल समीक्षा की और जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया की महाशिवरात्रि पर्व, होली, महाकुंभ एवं स्वच्छ सर्वेक्षण के दृष्टिगत सभी निकाय साफ सफाई, मार्ग प्रकाश व्यवस्था, कूड़ा कलेक्शन, कूड़ा प्रबंधन, स्वच्छ जलापूर्ति और शौचालियों की सफाई पर विशेष ध्यान देंगे। मैन और मशीन का समुचित उपयोग कर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करेंगे। कहीं से भी कोई शिकायत नहीं आनी चाहिए। नागरिकों को बेहतर सुविधाएं देने के मामले में शिकायत आने पर जिम्मेदार कार्मिकों के खिलाफ सख़्त कार्रवाई की जाएगी।

- रैंकिंग में सुधार के लिए एकजुट होकर करें प्रयास

नगर विकास मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि प्रयागराज महाकुंभ में सभी निकायों ने श्रद्धालुओं के लिए बेहतर व्यवस्थाए की है, जिसे अभी बनाए रखना है। महाशिवरात्रि के बाद महाकुंभ से श्रद्धालुओं का फुटफॉल प्रयागराज के सभी मुख्यमार्गों से होकर प्रदेश के मुख्य धार्मिक स्थलों व पर्यटन क्षेत्रों पर बढ़ेगा। ऐसे स्थानों पर नदी घाटों, जलाशयों की साफ सफाई, स्वच्छता पर विशेष ध्यान देंगे। कहा कि महाशिवरात्रि पर्व पर निकाय स्थित सभी शिवालयों के आसपास साफ सफाई, स्वच्छ जलापूर्ति, प्रकाश व्यवस्था, पूजा सामग्री और कूड़ा कचरे के प्रबंधन पर विशेष ध्यान देंगे। कूड़ा प्रबंधन के लिए सभी एमआरएफ सेंटर एक्टिव रहे। मुख्यालय स्थित डी ट्रिपल सी के माध्यम से अधिकारियों द्वारा लगातार कार्यों की मॉनिटरिंग की जाएगी। सभी फील्ड ऑफिसर तत्परता से कार्य करेंगे। विशेष अभियान चलाकर पार्कों, सड़कों, फुटपाथों एवं पार्किंग क्षेत्रों में से अतिक्रमण हटाया जाये। सड़कों को गड्ढामुक्त किया जाये। नगर विकास मंत्री ने कहा कि प्रदेश में स्वच्छ सर्वेक्षण शुरू हो चुका है, प्रयागराज वाराणसी को छोड़कर प्रदेश के सभी गंगा टाउन का स्वच्छ सर्वेक्षण हो चुका है। कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण के मानकों के अनुरूप सभी निकाय व्यवस्थापन एवं प्रबंधन करें, जिससे स्वच्छ सर्वेक्षण में निकायों का बेहतर प्रदर्शन हो सके। सड़कों, गालियों में किसी भी दशा में कूड़ा एकत्रित न होने पाए। प्रमुख स्थानों पर दो पालियों में सफाई का कार्य एवं कूड़े का उठान कराया जाये।

सीएम धामी ने जगतगुरु आश्रम में सुनी पीएम के 'मन की बात'

प्रधानमंत्री ने 38 वें राष्ट्रीय खेलों की भव्यता और सफल आयोजन की सराहना की

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड की डबल इंजन सरकार उत्तराखंड को खेलों का हब बनाने और खिलाडियों के समग्र उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से निरंतर कार्य कर रही है।

उक्त उद्गार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को हरिद्वार के जगतगुरु आश्रम में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुनने के उपरांत व्यक्त किये। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उत्तराखंड में आयोजित 38 वें राष्ट्रीय खेलों की भव्यता और सफल आयोजन की सराहना की। यह सभी उत्तराखंड वासियों के लिए गर्व और प्रेरणा का क्षण है। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि उत्तराखंड प्रदेश एक स्ट्रांग स्पोर्टिंग फोर्स के रूप में उभर रहा है। प्रधानमंत्री ने 28 जनवरी को देहरादून में 38 वें राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ किया था। तब उन्होंने ये उम्मीद जताई थी कि उत्तराखंड राष्ट्रीय खेलों का सफल आयोजन करेगा। उत्तराखंड ने न सिर्फ खेलों का भव्य आयोजन किया, बल्कि खेल मैदान में भी उसका प्रदर्शन शानदार साबित हुआ। प्रधानमंत्री ने राष्ट्रीय खेलों के आयोजन से सम्बंधित कई बातों का जिक्र किया। उनके कार्यक्रम का अधिकांश भाग उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों पर केंद्रित रखा। मन की बात कार्यक्रम में प्रधानमंत्री ने ये कहा मेरे प्यारे देशवासियों, आप में से बहुत सारे लोग ऐसे होंगे, जिन्होंने उत्तराखंड में हुए राष्ट्रीय खेलों के रोमांच का आनंद उठाया होगा। देशभर के 11,000 से अधिक एथलीट ने इसमें शानदार प्रदर्शन किया। इस आयोजन ने देवभूमि के नए स्वरुप को पेश किया। उत्तराखंड अब देश में स्ट्रांग़ स्पोर्टिंग फोर्स के रूप में उभर रहा है। उत्तराखंड के खिलाड़ियों ने भी शानदार प्रदर्शन किया। इस बार उत्तराखंड 7वें स्थान पर रहा। यही तो पॉवर ऑफ स्पोर्ट्स है, जो इंडिविजुअल और कम्युनिटीज के साथ-साथ पूरे राज्य का कायाकल्प कर देती है। इससे जहां भावी पीढ़ियां प्रेरित होती हैं, वहीं कल्चरल एक्सीलेंस को भी बढ़ावा मिलता है। इन खेलों में सबसे ज्यादा गोल्ड मैडल जीतने वाली सर्विस की टीम को भी प्रधानमंत्री ने बधाई दी।

शिवरात्रि पर पवित्र स्नान के लिए जुटने लगे विदेशी श्रद्धालु

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुम्भ नगर। महाकुम्भ के आखिरी के स्नान पर्व महा शिवरात्रि पर त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान करने के लिए विदेशी श्रद्धालुओं के कई समूह महाकुम्भ नगर पहुंच गए हैं। ब्राजील से आया भगवान शिव के भक्तों का एक ग्रुप भी महा शिवरात्रि के स्नान पर्व की बाट जोह रहा है। जिस दिव्यता और भव्यता के साथ प्रयागराज महा कुम्भ की शुरूआत हुई, समापन भी उसी अंदाज में होने जा रहा है। महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व महा शिवरात्रि में संगम में मुक्ति की डुबकी लगाने के लिए विदेशी श्रद्धालुओं का जमावड़ा फिर होने लगा है। ब्राजील से महाकुम्भ के अंतिम स्नान पर्व महा शिवरात्रि में त्रिवेणी में पवित्र स्नान करने के लिए दो दर्जन से अधिक ब्राजीली युवाओं का एक ग्रुप पहुंच चुका है। ग्रुप के कॉर्डिनेटर हेनरिक मोर का कहना है ये सभी युवा लॉर्ड शिवा की भक्ति धारा से जुड़े हुए हैं। इसमें ज्यादातर रियो दि जनेरियो और साओ पाउलो शहर से हैं जहां शिव मंदिर भी हैं। लॉर्ड शिवा से प्रेरित होने की वजह से इन्होंने महा शिवरात्रि पर्व को चुना है जहां 12 वर्षों के बाद महाकुम्भ का विशेष अवसर आया है। ब्राजील के यूथ में धार्मिक पर्यटन का खासा क्रेज माना जाता है। भारत और एफ्रो-ब्राजील परंपराओं के बीच कुछ समानताएं इन्हें महाकुम्भ खींच लाई है।

- जिस दिव्यता और भव्यता के साथ प्रयागराज महा कुम्भ की शुरुआत हुई, समापन भी उसी अंदाज में होने जा रहा है

ब्राजीली ग्रुप के सदस्य पाओ फेलिपे का कहना है कि ग्रुप में अधिकतर युवा लार्ड शिवा के फॉलोवर हैं। सभी के शरीर में लॉर्ड शिवा के विभिन्न प्रतीकों को टैटू के रूप में स्थान दिया गया है। कानों में त्रिशूल की आकृति के चंद्राकार कुंडल और पूरे बदन में शिव जी के प्रतीक डमरू और महाकाल की आकृतियां इन्हें अलग पहचान प्रदान कर रही हैं। ग्रुप की महिला सदस्य इसाबेला बताती है कि ब्राजील में कयापो समुदाय की संस्कृति से इसके यूथ प्रभावित हैं जिसमें शरीर में प्रतीकों को गुदवाने की परम्परा है। ब्राजीली युवाओं का यह ग्रुप हर साल महा शिवरात्रि में बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी आता रहा है लेकिन इस बार प्रयागराज में महाकुम्भ के आयोजन की दुनिया के कोने कोने में चर्चा से ये लोग प्रयागराज आए हैं। ग्रुप के कॉर्डिनेटर हेनरिक मोर का कहना है कि महा कुम्भ की दिव्य अनुभूति से सभी लोग अभीभूत हैं इसलिए सभी लोगों ने महाशिव रात्रि का स्नान महा कुम्भ की त्रिवेणी की पवित्र धारा में करने का फैसला किया है।

परीक्षार्थियों को मिलेगा प्राथमिक उपचार और मनोचिकित्सकों का साथ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी बोर्ड की परीक्षाएं सोमवार से प्रारंभ हो रही हैं। योगी सरकार ने परीक्षाओं को पारदर्शी, सुरक्षित व नकलविहीन बनाने की तैयारी पूरी कर ली है। इस बार परीक्षा केंद्रों पर न केवल सुरक्षा व्यवस्था और कड़ी की गई है, बल्कि परीक्षार्थियों के मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रखा गया है। सीएम योगी की मंशा के अनुरूप परीक्षार्थियों को प्राथमिक उपचार की सुविधा के साथ मनोचिकित्सकों द्वारा विशेष परामर्श भी दिया जाएगा, ताकि छात्र परीक्षा के तनाव से मुक्त होकर सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर सकें।

- प्रदेश सरकार ने आज से शुरू हो रही यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर कसी कमर

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर परीक्षा केंद्रों पर छात्रों को आपातकालीन स्थिति में प्राथमिक उपचार की सुविधा मिलेगी। इसके तहत प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर स्वास्थ्य किट और प्राथमिक चिकित्सा उपकरण की व्यवस्था की गयी है। इसके लिए मेडिकल स्टाफ और प्राथमिक चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है, ताकि वे किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित सहायता प्रदान कर सकें। परीक्षा के दौरान विद्यार्थियों पर मानसिक दबाव का प्रभाव अक्सर गंभीर समस्याओं का रूप ले लेता है। ऐसे में योगी सरकार ने परीक्षार्थियों के लिए मनोचिकित्सा परामर्श सेवा की भी व्यवस्था की है। परीक्षा अवधि के दौरान प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर प्रशिक्षित मनोचिकित्सक उपलब्ध होंगे, जो परीक्षार्थियों को तनाव, चिंता और मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। यह कदम न केवल विद्यार्थियों की मानसिक स्थिति को संतुलित करेगा, बल्कि उन्हें परीक्षा के दौरान बेहतर प्रदर्शन करने में भी सहायता करेगा। विशेषज्ञों का कहना है कि समय-समय पर होने वाले परामर्श सत्रों से छात्रों में आत्मविश्वास बढ़ेगा और उनकी चिंताओं का समाधान हो सकेगा। इसके अलावा महिला परीक्षार्थियों के लिए विशेष हेल्प डेस्क की भी व्यवस्था की गयी है। सरकार ने इस बार नकलविहीन परीक्षा कराने के लिए मीडिया प्रतिनिधियों का सहयोग लेने की भी रणनीति तैयार की है।

शांतिपूर्ण माहौल में बनायें त्यौहार

पीस कमेटी की बैठक आयोजित

बलरामपुर। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में आगामी त्योहारों के दृष्टिगत जनपद में शांति एवं कानून व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने हेतु मिले दिशा-निर्देश के क्रम में आगामी त्योहारों को शान्ति,सौहार्दपूर्ण सकुशल संपन्न कराने के दृष्टिगत प्रभारी निरीक्षक को0 गैसड़ी बलजीत कुमार राव व थानाध्यक्ष थाना गैंड़ास बुजुर्ग राजीव कुमार मिश्र द्वारा थाना को0 गैसड़ी व गैड़ास बुजुर्ग परिसर में क्षेत्र के सम्भ्रान्त व्यक्तियों / ग्राम प्रधान/ धर्मगुरुओं एवं ग्राम प्रहरियों के साथ पीस कमेटी/ बैठक कर थाना क्षेत्र में आपराधिक तत्वों पर सतर्क दृष्टि बनाये रखने में सहयोग की अपील की गई। बैठक में उपस्थित सभी जन मानस को त्योहारों को शांतिपूर्वक मनाने तथा अफवाहों पर रोकथाम करने हेतु सभी को जागरुक किया गया तथा आपसी भाईचारा बनाकर त्योहार को सकुशल संपन्न कराने, सोशल मीडिया पर भड़काऊ पोस्ट व टिप्पणी न करने के लिये युवकों को समझाने के लिए बताया गया तथा किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल डायल112/ थाना स्थानीय पर सूचना देने व शासन द्वारा प्राप्त आदेशों-निदेशों को अवगत कराते हुए शान्ति व्यवस्था बनाये रखने हेतु सभी से अपील की गई। इस अवसर पर थाना के अन्य अधिकारी/ कर्मचारी गण व संभ्रांत व्यक्ति उपस्थित रहे।

सपा संगठन में गुटबाजी, अखिलेश यादव क्या करेंगे समाधान

जिला संवाददाता (vol)

बलरामपुर। अवधेश प्रसाद अयोध्या से लोक सभा चुनाव जीतने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव नें उन्हें पलकों पर बिठा रखा है।लोक सभा सदन में अखिलेश यादव उन्हें अपने बगल बैठा कर अवधेश प्रसाद के कद को सार्वजनिक कर दिया है। उन्हीं अवधेश प्रसाद के बलरामपुर के उतरौला में मुख्य अतिथि में हुए कार्य कर्ता सम्मेलन से जिला संगठन दूरी बना लिया जो अब सपा मुखिया को तय करने के लिए विवश कर दिया कि अवधेश प्रसाद और लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव के मुख्य अतिथ्य में संगठन के पदाधिकारियों के अघोषित बहिष्कार करने वालों की जबाबदेही तय कर कोई कार्यवाही करते है या फिर पी. डी. ए. प्रेम मात्र दिखावा है या फिर कार्य क्रम को नाकारते है। ज्ञातव्य हो कि गत 22 फरवरी को उतरौला में सपा सांसद एवं सपा के राष्ट्रीय महासचिव अवधेश प्रसाद और लोहिया वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अभिषेक यादव के मुख्य अतिथि के रूप में उतरौला प्रथम आगमन पर पी. डी. ए.कार्य कर्ता सम्मेलन हुआ जिसमें हजारों सपाइयों नें सिरकत कर मुख्य अतिथियों का गर्म जोशी से भव्य स्वागत किया।जिसका नेतृत्व जन प्रिय सपा नेता हसीब खान कर रहे थे।पार्टी के इतने बड़े कार्यक्रम से जिला सपा संगठन के कुछ मुख्य पदाधिकारियों का दूरी बना लेना एक यक्ष प्रश्न सारीखा है।लोगों की निगाहें अब अखिलेश यादव पर जमीं है कि वे अब क्या निर्णय लेते है।संगठन और जनमानस के बीच बन रही दूरी को कैसे एक ढर्रे पर लाएंगे।

मंच पर हतप्रभ दिखे प्रसाद

कार्य क्रम के उपरान्त सांसद अवधेश प्रसाद नें प्रेस वार्ता किया. जिसमें पत्रकारों नें सवाल किया कि सांसद जी मिल्की पुर चुनाव हारने के बाद संगठन में आपकी अहमियत कम हो गई है क्या? क्योंकि आपके संगठन के पदाधिकारी ही इस कार्य क्रम से दूरी बना लिए. सांसद नें बड़ी खूबसूरत ढंग से सवाल का उत्तर टाल गए.बात लाख टके की थी कि अवधेश प्रसाद सांसद के अलावा पार्टी के राष्ट्रीय महा सचिव होने के नाते उनका संगठन में प्रोटोकॉल भी था. जिसका उनका स्वागत करना जिम्मेदारी पार्टी पदाधिकारियों की थी. वह नहीं हुई। जिसका मर्म मंच पर श्री प्रसाद के आभा पटल पर सालता रहा। इस संबंध में सपा इकाई के मुखिया से जानने का प्रयास किया गया लेकिन वार्ता नहीं हो सकी।

548 जोड़ों का विवाह हुआ संपन्न

सिद्धार्थनगर ।मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल खाली प्रागंण में मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही,विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा, मा0 विधायक डुमरियागंज श्रीमती सैय्यदा खातून एवं जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की उपस्थिति में सामूहिक विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0, मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर सामूहिक विवाह कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। जिलाधिकारी डॉ0 राजा गणपति आर0 द्वारा मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल, विधायक कपिलवस्तु श्यामधनी राही, विधायक शोहरतगढ़ विनय वर्मा को पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया गया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय के बगल खाली प्रागंण मे मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अन्तर्गत कुल 548 जोड़ो में हिन्दू समुदाय के 499 जोड़ों, तथा मुस्लिम समुदाय के 49 जोड़ो का विवाह सम्पन्न हुआ। जिसमें हिन्दू एवं मुस्लिम समुदाय के लोग सम्मिलित हुए। इस विवाह कार्यक्रम में हिन्दू परिवार के लोगों को पंडित द्वारा विवाह सम्पन्न कराया गया तथा मुस्लिम समुदाय के जोड़ों का निकाह मौलाना द्वारा निकाह पढ़कर शादी/विवाह का कार्यक्रम सम्पन्न कराया गया। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना कार्यक्रम हेतु सभी पंक्तियों के लिए प्रभारी अधिकारी नियुक्ति किये गये थे। मुख्य अतिथि सांसद डुमरियागंज जगदम्बिका पाल ने भी अधिकारियों एवं उपस्थित लोगो को सम्बोधित करते हुए कहा कि मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 के निर्देशन में एवं जिला प्रशासन के कुशल नेतृत्व में भव्य रूप से सामूहिक विवाह कार्यक्रम सम्पन्न हो रहा है।

चोरी के पिकअप व हथियार के साथ 2 अभियुक्त गिरफ्तार

इटवा सिद्धार्थनगर, जिले के इटवा थानाध्यक्ष /प्रभारी निरीक्षक श्रीप्रकाश यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने हुए चार पहिया पिकअप चोरी के दो अभियुक्तों को गिरफ्तार कर अभियुक्तों के कब्जे से दो अदद देशी तमन्चा .315 बोर व 2 जिन्दा कारतूस .315 बोर, एक अदद पिकप (9724), एक अदद मोटर साईकिल (4764), कुल ?6,700/- नगदी बरामद कर अभियुक्तों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है।पूछताछ में अभियुक्तों ने अपने जुर्म को स्वीकार करते हुए ग्राम महादेव घूरहू व जिले के कई थाना क्षेत्र के अन्य स्थानों पर चोरी की घटना को अंजाम देने की बात को स्वीकार किया है, गणमान्य नागरिकों ने इंटवा थाने की पुलिस द्वारा किए गए उक्त चोरी की घटना के सफल अनावरण को सराहा है, पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता सुभाष कोरी पुत्र अवधराम निवासी मसिना थाना शोहरत गढ़ 2 खुर्शीद उर्फ सिर्रा पुत्र अब्दुल हमीद निवासी धनौरा मुस्तहकम थाना शोहरत गढ़ सिद्धार्थनगर को गिरफ्तार कर आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण करते हुए न्यायालय भेजा गया। पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डा0 अभिषेक महाजन के आदेश के क्रम में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत, सिद्धार्थ अपर पुलिस अधीक्षक के कुशल निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में, व श्री प्रकाश यादव प्रभारी निरीक्षक इटवा के नेतृत्व में थाना इटवा पुलिस द्वारा 21 फरवरी को थाना स्थानीय पर पंजीकृतमु0अ0सं0 25/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम सुभाष कोरी व मुअसं 26/2025 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट बनाम खुर्शीद उर्फ सिर्रा, से संबन्धित अभियुक्तो को अर्री नहर पुल के पास बार्डर डेबलपमेन्ट रोड मोड से गिरफ्तार/बरामदगी कर आज दिनांक 22.02.2025 को आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर न्यायालय भेजा गया।गिरफ्तार करने में उ0 नि0 जय प्रकाश पाण्डेय, नागेन्द्र सिंह आ0 रविश यादव, नरेन्द्र देव चौहान थाना इटवा,अनिल कुमार भानू प्रताप सिंह थाना ढेबरूआ शामिल रहे,

रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां

महाकुम्भ मेला–2025 के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार हैः–

दिनांक 24.02.2025 (सोमवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

विशेष गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	ठहराव
04210	प्रयागराज संगम	11:15	जौनपुर जं.	14:00	प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन
04209	जौनपुर जं.	14:15	प्रयागराज संगम	17:15	
04202	प्रयागराज संगम	12:20	आलमनगर	17:00	प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन
04201	आलमनगर	19:15	प्रयागराज संगम	23:25	
04206	प्रयागराज संगम	13:30	अयोध्या कैंट	17:00	प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन
04205	अयोध्या कैंट	08:45	प्रयागराज संगम	12:15	
04228	अयोध्या धाम जं.	16:45	प्रयाग जं.	21:50	अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुलतानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन
04274	जौनपुर जं.	18:40	फाफामऊ जं.	22:20	जफराबाद जं., मंड़ियाहूँ, जंघई जं, एवं फूलपुर स्टेशन
04292	लखनऊ जं.	14:00	प्रयाग जं.	19:55	उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावां, रायबरेली जं., ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपालगंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन
04251	प्रयाग जं.	20:30	अयोध्या कैंट	23:55	फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन
04252	अयोध्या कैंट	15:45	प्रयाग जं.	19:55	
04253	फाफामऊ जं.	11:15	अयोध्या कैंट	14:45	माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन
04254	अयोध्या कैंट	06:15	फाफामऊ जं.	10:15	
04255	प्रयाग जं. (रिंग रेल)	05:35	प्रयाग जं. (रिंग रेल)	21:30	फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुलतानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन
04527	फाफामऊ जं.	22:30	अम्ब अन्दौरा	17:50	रायबरेली जं., लखनऊ जं., शाहजहाँपुर, बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं., रुड़की, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अम्बाला कैंट, चंडीगढ़, मोरिंडा, रुपनगर, आनन्दपुर साहिब, नांगल डैम एवं ऊना हिमाचल स्टेशन
04315	फाफामऊ जं.	06:30	देहरादून	21:30	रायबरेली जं., लखनऊ जं., बरेली जं., मुरादाबाद जं., नजीबाबाद जं. एवं हरिद्वार जं. स्टेशन
04614	फाफामऊ जं.	19:30	श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा	22:00	रायबरेली जं., लखनऊ जं., बरेली जं., मुरादाबाद जं., रूड़की, सहारनपुर जं., अम्बाला कैंट, लुधियाना जं., जलंधर कैंट, पठानकोट कैंट, कठुआ, जम्मू तवी एवं शहीद कप्तान तुषार महाजन स्टेशन
08254	वाराणसी जं.	10:50	बिलासपुर जं.	10:40	चुनार जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नैनपुर जं., बालाघाट जं., गोंदिया जं., राज नंदगांव, दुर्ग एवं रायपुर जं. स्टेशन
02275	सूबेदारगंज	21:35	दिल्ली जं.	08:55	फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन
02422	दिल्ली जं.	09:30	सूबेदारगंज	19:40	अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., कानपुर सेंट्रल एवं फतेहपुर स्टेशन
07384	वाराणसी जं.	05:00	एसएसएस हुब्बल्लि जं.	00:45	चुनार जं., मिर्जापुर, प्रयागराज छिवकी, मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, जबलपुर, नरसिंहपुर जं., पिपरिया, इटारसी जं., बानापुरा, हरदा, खिरकिया, छनेरा, तलवड़िया, भुसावल जं., मनमाड जं., कोपरगांव, अहमदनगर, दौंड कॉर्ड लाइन, पुणे जं., सतारा, कराड, किर्लोस्करवाडी, सांगली, मिराज जं.,कुडची, रायबाग, घाटप्रभा, गोकक रोड, बेलगावि, खानापुर, लोंडा जं., अलनावर जं. एवं धारवाड़ स्टेशन
05011	गोरखपुर जं.	14:30	अयोध्या कैंट	19:35	सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन
05012	अयोध्या कैंट	21:50	गोरखपुर जं.	04:30	
04117	प्रयागराज जं.	22:20	अयोध्या कैंट	03:30	प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन
04118	अयोध्या कैंट	05:15	प्रयागराज जं.	10:15	
04111	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:00	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	18:50	प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन
04112	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	21:00	
04113	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	07:45	प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन
04114	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:45	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	08:00	
04120	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	13:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	04:00	प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन
05104	प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल)	10:30	प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल)	04:30	झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुलतानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं., औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन
05312	काठगोदाम	13:50	झूँसी जं.	13:00	हल्द्वानी, लालकुआँ जं., किच्छा, बहेड़ी, भोजीपुरा जं., पीलीभीत जं., पूरनपुर, मैलानी जं., गोला गोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन
05314	कासगंज	19:50	झूँसी जं.	17:45	सोरों शूकर क्षेत्र, उझानी, बदायूँ, बरेली जं., बरेली शहर, इज्जतनगर जं., भोजीपुरा जं., पीलीभीत जं., पूरनपुर, मैलानी जं., गोला गोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर जं., गोंडा जं., बस्ती, गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन
05150	गोरखपुर जं.	19:30	झूँसी जं.	04:00	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन
05149	झूँसी जं.	11:15	गोरखपुर जं.	20:00	
05152	गोरखपुर जं.	23:45	झूँसी जं.	08:00	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन
05151	झूँसी जं.	15:15	गोरखपुर जं.	23:45	
05101	झूँसी जं. (रिंग रेल)	09:00	झूँसी जं. (रिंग रेल)	04:15	ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी, मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन
05102	झूँसी जं. (रिंग रेल)	14:30	झूँसी जं. (रिंग रेल)	09:00	
07108	बनारस	17:30	विजयवाड़ा जं.	05:30	वाराणसी जं., काशी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., चन्दौली मझवार, भभुआ रोड, सासाराम जं., डेहरी ऑनसोन, सोन नगर जं., जपला, गढ़वा रोड जं., डालटनगंज, बरवाडीह जं., लातेहार, टोरी, बरकाकाना जं., मूरी जं., राँची जं., हटिया, राउरकेला, झारसुगुड़ा जं., सम्बलपुर जं., बरगढ़ रोड, बलांगीर, टिटिलागढ़ जं., केसिंगा, मुनिगुड़ा, रायगड़, पार्वतीपुरम, बोब्बिलि जं., विजयनगरम जं., कोत्तवलसा जं., पेन्दुर्ति, दुव्वाडा, अनकापल्ली, एलमंचिलि, अन्नवरम, सामलकोट जं., राजमंड्री, निडढ़वोलु जं., ताडेपल्लिगूडेम एवं एलूरु स्टेशन
04816	पाटलिपुत्र	04:30	जोधपुर जं.	13:40	दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., मिर्ज़ापुर, प्रयागराज जं., फ़तेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., अलीगढ जं., गाजियाबाद, दिल्ली जं., दिल्ली कैंट, गुड़गांव, रेवाडी जं., महेंद्रगढ़, सतनाली, लोहारू, सादुलपुर जं., चूरू, रतनगढ़ जं., सुजानगढ़, लाडनूं, डीडवाना, छोटी खाटू, बड़ी खाटू, डेगाना जं., मेड़ता रोड जं. एवं गोटन स्टेशन
03418	झूँसी जं.	19:15	मालदा टाउन	14;30	बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन
03429	मालदा टाउन	20:45	झूँसी जं.	17:15	न्यू फरक्का जं., बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., कहलगाँव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं.,मोकामा जं., बाढ़, बख्तियारपुर जं., राजेन्द्र नगर, पटना जं., दानापुर, आरा, बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी जं. एवं बनारस स्टेशन

दिनांक 25.02.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ

विशेष गाड़ी सं.	स्टेशन से	प्रस्थान समय	स्टेशन तक	आगमन समय	ठहराव
04210	प्रयागराज संगम	11:15	जौनपुर जं.	14:00	प्रयाग जं., फाफामऊ जं., फूलपुर, जंघई जं. एवं मड़ियाहूँ स्टेशन
04209	जौनपुर जं.	14:15	प्रयागराज संगम	17:15	
04202	प्रयागराज संगम	12:20	आलमनगर	17:00	प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली जं., बछरावां एवं उतरेटिया जं. स्टेशन
04201	आलमनगर	19:15	प्रयागराज संगम	23:25	
04206	प्रयागराज संगम	13:30	अयोध्या कैंट	17:00	प्रयाग जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन
04205	अयोध्या कैंट	08:45	प्रयागराज संगम	12:15	
04222	अयोध्या धाम जं.	10:10	प्रयाग जं.	15:45	अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुलतानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन
04228	अयोध्या धाम जं.	16:45	प्रयाग जं.	21:50	अयोध्या कैंट, भरतकुंड, कूड़ेभार, सुलतानपुर, चिलबिला जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं फाफामऊ जं. स्टेशन
04274	जौनपुर जं.	18:40	फाफामऊ जं.	22:20	जफराबाद जं., मंड़ियाहूँ, जंघई जं, एवं फूलपुर स्टेशन
04292	लखनऊ जं.	14:00	प्रयाग जं.	19:55	उतरेटिया, मोहनलाल गंज, बछरावां, रायबरेली जं., ऊँचाहार जं., परियावाँ कालाकाँकर रोड, गढ़ी मानिकपुर, लालगोपालगंज एवं फाफामऊ जं. स्टेशन
04251	प्रयाग जं.	20:30	अयोध्या कैंट	23:55	फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन
04252	अयोध्या कैंट	15:45	प्रयाग जं.	19:55	
04253	फाफामऊ जं.	11:15	अयोध्या कैंट	14:45	माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन
04254	अयोध्या कैंट	06:15	फाफामऊ जं.	10:15	
04255	प्रयाग जं. (रिंग रेल)	05:35	प्रयाग जं. (रिंग रेल)	21:30	फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खुन्डौर, सुलतानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी जं., सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया जं., मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली जं., रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन
02417	सूबेदारगंज	21:35	दिल्ली जं.	08:55	फतेहपुर, गोविंदपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन
02276	दिल्ली जं.	09:30	सूबेदारगंज	19:40	अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन
05011	गोरखपुर जं.	14:30	अयोध्या कैंट	19:35	सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवां, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. स्टेशन
05012	अयोध्या कैंट	21:50	गोरखपुर जं.	04:30	
04117	प्रयागराज जं.	22:20	अयोध्या कैंट	03:30	प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुलतानपुर स्टेशन
04118	अयोध्या कैंट	05:15	प्रयागराज जं.	10:15	
04111	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:00	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	18:50	प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन
04112	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	06:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	21:00	
04113	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	07:45	प्रयागराज रामबाग, झूँसी जं., हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम जं., अयोध्या कैंट, सुलतानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग जं. स्टेशन
04114	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	17:45	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	08:00	
04120	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	13:30	प्रयागराज जं. (रिंग रेल)	04:00	प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुलतानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., गोशाईगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं., जौनपुर जं., ज़फराबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी जं. एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन
05104	प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल)	10:30	प्रयागराज रामबाग (रिंग रेल)	04:30	झूसी जं., ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., सुलतानपुर जं., खजुरहट, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., स्वामी नारायण छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर जं., चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., दुल्लहपुर जं., औंड़िहार जं., सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और झूसी जं. स्टेशन
05177	गोरखपुर जं.	15:00	झूँसी जं.	01:00	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन
05179	गोरखपुर जं.	10:30	झूँसी जं.	19:50	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन
05180	झूँसी जं.	23:00	गोरखपुर जं.	08:30	
05185	गोरखपुर जं.	20:30	प्रयागराज रामबाग	05:30	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास एवं झूँसी जं. स्टेशन
05129	छपरा	18:30	झूँसी जं.	02:25	सुरेमनपुर, सहतवार, बाँसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चिट बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, नंदगंज, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन
05163	थावे जं.	15:30	झूँसी जं.	02:45	गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मशरख जं., शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा जं., सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चिट बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन
05121	दोहरीघाट	08:00	प्रयागराज रामबाग	16:45	मुरादपुर (हॉल्ट), अमिला, घोसी, कोपागंज, इंदारा जं., मऊ जं., पनियरा, पिपरी डीह, नायक डीह, दुल्लहपुर, जखनियां, हुरमुजपुर हाल्ट, सादात, माहपुर, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास और झूसी जं. स्टेशन
05122	प्रयागराज रामबाग	21:45	दोहरीघाट	06:00	
05101	झूँसी जं. (रिंग रेल)	09:00	झूँसी जं. (रिंग रेल)	04:15	ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, सारनाथ, औंडिहार जं., गाजीपुर सिटी, युसूफपुर, चिट बड़ागांव, बलिया, सुरेमनपुर, छपरा, छपरा कचहरी जं., मढ़ौरा, मशरख, दिघवा दुबौली, सिधवलिया, रतन सराय, गोपालगंज, थावे, हथुआ, सीवान, मैरवा, भाटपार रानी, भटनी जं., सलेमपुर, बेलथरा रोड, इंदारा, मऊ, दुल्लहपुर, जखनियां, औंड़िहार, सारनाथ, वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन
05102	झूँसी जं. (रिंग रेल)	14:30	झूँसी जं. (रिंग रेल)	09:00	
05159	भटनी जं.	21:00	झूँसी जं.	03:30	पिवकोल, सलेमपुर जं., लार रोड, तुरती पार, बेलथरा रोड, गोबिंदपुर दुगली, कीड़िहरापुर, चकरा रोड, इंदारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, जखनियां, सादात, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड और हंडिया खास स्टेशन
05311	झूँसी जं.	15:00	काठगोदाम	13:55	बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., बहेड़ी, किच्छा, लालकुआँ जं. एवं हल्द्वानी स्टेशन
05313	झूँसी जं.	19:45	कासगंज	18:00	बनारस, वाराणसी जं., वाराणसी सिटी, मऊ जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., बस्ती, गोंडा जं., सीतापुर जं., लखीमपुर, गोला गोकरननाथ, मैलानी, पूरनपुर, पीलीभीत जं., भोजीपुरा जं., इज्जतनगर जं., बरेली सिटी, बरेली जं., बदायूँ, उझानी एवं सोरों शूकर क्षेत्र स्टेशन
05150	गोरखपुर जं.	19:30	झूँसी जं.	04:00	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन
05149	झूँसी जं.	11:15	गोरखपुर जं.	20:00	
05152	गोरखपुर जं.	23:45	झूँसी जं.	08:00	चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., लार रोड, बेलथरा रोड, इन्दारा जं., मऊ जं., दुल्लहपुर, औंड़िहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं., बनारस एवं ज्ञानपुर रोड स्टेशन
05151	झूँसी जं.	15:15	गोरखपुर जं.	23:45	
06007	तिरूवनंतपुरम उत्तर	14:00	बनारस	21:50	कोल्लम जं., कायमकुलम जं., मावेलिक्करा, चेंगन्नूर, तिरुवल्ला, कोट्टयम, एरणाकुलम टाउन, आलुवा, तृश्शूर, पालक्काड जं., कोयम्बत्तूर जं., तिरुप्पूर, ईरोड जं., सेलम जं., जोलारपेट्टै जं., काटपाडी जं., अरक्कोणम जं., पेरम्बूर, तिरुवोट्रियूर, गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, तेनाली जं., विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, सिरपूर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्ज़ापुर एवं चुनार जं. स्टेशन
08587	गोरखपुर जं.	17:45	विशाखपट्टणम	15:55	देवरिया सदर, मऊ जं., जौनपुर जं., वाराणसी जं., चुनार, मिर्ज़ापुर, प्रयागराज छिवकी,,मानिकपुर जं., सतना, मैहर, कटनी, उमरिया, शहडोल, अनूपपुर जं., पेन्ड्रा रोड, बिलासपुर जं., चाँपा, रायगढ़, झारसुगुड़ा रोड, सम्बलपुर सिटी, रेढ़ाखोल, बोइण्डा, अनुगुल, ढेंकानाल, नराज मार्थापुर, भुवनेश्वर, खोरधा रोड जं., बालुगाँव, छत्रपुर, ब्रह्मपुर, पलासा, श्रीकाकुलम रोड एवं विजयनगरम जं. स्टेशन
03430	झूँसी जं.	19:15	मालदा टाउन	14:30	बनारस, वाराणसी जं., पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पटना जं., राजेन्द्र नगर, बख्तियारपुर जं., बाढ़, मोकामा जं., किऊल जं., अभयपुर, जमालपुर जं., सुलतानगंज, भागलपुर, कहलगाँव, साहिबगंज जं., बड़हरवा जं. एवं न्यू फरक्का जं. स्टेशन

रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ
पर हमें फॉलो करें

संक्षेप

कार और बाइक की भिड़ंत, दो की मौत

इटावा। शनिवार रात एक बड़ा सड़क हादसा हुआ। समथर बम्बा के पास बाइक और ओमनी कार की आमने-सामने की टक्कर में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान आकाश और तरुण के रूप में हुई है। दोनों एक शादी समारोह से वापस लौट रहे थे। हादसे की सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची। घायलों को सीएचसी भरथना ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक तरुण के पिता ने गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि उनके बेटे को गांव का रहने वाला हरिओम यादव (पुत्र मुनेश यादव) शादी में ले गया था। आरोप है कि हरिओम ने तरुण को शराब पिलाई और हादसे के बाद उसे घायल अवस्था में छोड़कर अपने बेटे को लेकर फरार हो गया।

ईको वैन ने ट्राई साइकिल में मारी टक्कर, पांच लोग घायल

इकदिल, इटावा। आगरा कानपुर नेशनल हाइवे पर कस्बा के ओवरब्रिज के नीचे तेज रफ्तार वैन ने दिव्यांग ट्राई साइकिल सहित पांच लोगों को टक्कर मार घायल कर दिया। टक्कर मारकर भाग रहे वैन को लोगों ने घेर कर पकड़ लिया, ड्राइवर को पीटकर पुलिस के हवाले कर दिया। कांकरपुर रोड एचपी गैस एजेंसी के पास रहने वाले 61 वर्षीय दिव्यांग गिरेन्द्र सिंह पुत्र लालमन अपनी ट्राई साइकिल से अपने दो पोते और दो पोतियों के साथ शनिवार शाम बाजार से घर जा रहे थे। दिव्यांग ट्राई साइकिल पर बैठा हुआ था उसके साथ चार छोटे बच्चे ट्राई साइकिल में धक्का लगाते हुए दिव्यांग के साथ चल रहे थे। तभी उपरोक्त स्थान पर पीछे से आ रही तेज रफ्तार वैन ने ट्राई साइकिल में टक्कर मार दी। ट्राई साइकिल क्षतिग्रस्त हो गई और दिव्यांग बुजुर्ग के साथ उसके बेटे बॉबी के चार बच्चे 13 वर्षीय राघव, 12 वर्षीय विभान, दस वर्षीय लक्ष्मी, छह वर्षीय कस्सा घायल हो गए। ड्राइवर वैन को मौके से भगा ले गया।

एसएसपी ने थाना बढ़पुरा का निरीक्षण किया

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार ने थाना बढ़पुरा का औचक निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना प्रभारी कार्यालय, थाना कार्यालय, सीसीटीएनएस कक्ष, महिला हेल्प डेस्क, पुलिस अधिकारी, कर्मचारी आवास, भोजनालय सहित अन्य आवश्यक सुविधाओं का निरीक्षण कर संबंधित प्रभारी से समस्याओं के बारे में जानकारी कर उनके त्वरित निस्तारण तथा अभिलेखों के सुव्यवस्थित रखरखाव एवं थाना परिसर की साफ सफाई व सौंदर्यीकरण हेतु निर्देशित किया।

स्टंट करते हुए वीडियो वायरल ,34 हजार का जुर्माना

इटावा। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के निर्देशन में पुलिस ने स्टंट करने वालों के विरूद्ध निरन्तर अभियान चलाया जा रहा है। रविवार को 2 मोटर साइकिल पर युवक का स्टंट करते हुये रील बनाते हुये वीडियो प्राप्त हुआ जिसका तत्काल सोशल मीडिया सेल द्वारा संज्ञान लेते हुये प्रभारी यातायात इटावा को अवगत कराते हुये 2 मोटर साइकिलों का एमवीएक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत 34 हजार रुपए का चालान किया। एसएसपी ने सभी अभिभावकों से अपील की जाती है कि मोटर साइकिल, कार चलाते समय स्टंट न करें तथा ट्रैफिक नियमों का पालन करें तथा बच्चों को मोटर साइकिल, कार से स्टंट न करने दें। पुलिस ने मोटर साइकिल, कार पर स्टंट करने वालों के विरूद्ध कार्यवाही निरन्तर जारी है।

पीस कमेटी की बैठक

भरथना, इटावा। स्थानीय कोतवाली परिसर में रविवार को त्यौहारों को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित पीस कमेटी की बैठक में पुलिस अधिकारियों ने क्षेत्रीय जनता से जनसहयोग की अपील करते हुए कहा कि आपराधिक सूचना देने वाले व्यक्ति का पुलिस पूरी तरह नाम व पता गोपनीय रखेगी। पुलिस क्षेत्राधिकारी अतुल प्रधान की मौजूदगी व तहसीलदार राजकुमार सिंह की अध्यक्षता में बैठक के दौरान क्षेत्रीय जनता को आगामी त्यौहार हर्षोल्लास और शांतिपूर्वक मनाने की भी अपील की गई। पुलिस क्षेत्राधिकारी श्री प्रधान ने कहा कि आने वाले त्यौहार महाशिवरात्रि, पवित्र रमजान एवं होली का पर्व आप सभी लोग आपस में मिलजुल कर शांतिपूर्वक मनाए। ग्रामीण अंचलों से आए ग्राम प्रधानों एवं ग्रामीणों को जागरुक किया।

26 जोड़ी पहलवानों ने दिखाया दमखम

उरुवा, गोरखपुर। उरुवा क्षेत्र के देवापार में आयोजित श्री सूर्यनाथ राय प्रदेश स्तरीय दंगल प्रतियोगिता में कुल 52 पहलवानों ने अपना दम दिखाया। इस दौरान क्षेत्र के दर्शनों गांवों के दर्शकों का हुजूम बना रहा।

इस प्रतियोगिता में चौरीचौरा, बड़हलगंज, पक्की बाग, देवरिया, संतकबीर नगर सहित स्थानीय पहलवानों ने भाग लिया था। जिसमें संतकबीर नगर के संजय और पक्की बाग के जितेंद्र यादव की कुश्ती बराबर पर रही। वहीं शिवानंद और सुंदरम ने भी अपना करतब दिखाया।

इस दंगल प्रतियोगिता में मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक राजेश त्रिपाठी ने पहलवानों का उत्साह वर्धन करते हुए कहा कि प्राचीन समय में मल्ल युद्ध के नाम से प्रचलित तथा वर्तमान में कुश्ती के नाम से विख्यात यह कला विलुप्त होती जा रही है। इसको बढ़ाने के लिए गद्दे की व्यवस्था इस विधान सभा के हर ब्लॉक में कराई जाएगी।

इस अवसर पर आयोजक विपिन राय, गौरीशंकर उर्फ डिंकू मिश्र, ब्लॉक प्रमुख राम आशीष राय, अजय यादव, उमेश राय, ओमप्रकाश राय, शत्रुघ्न राय, कृपाशंकर उर्फ जुगनू दुबे, बबलू तिवारी, अभिमन्यु सिंह, विकास पाठक, सूरज राय, झब्बर चंद, अजय यादव, नागेंद्र यादव, शेषनाथ यादव सहित कई लोग मौजूद रहे।

साधु- संतों एवं असहायों को अंगवस्त्र प्रदान कर मनायी पुण्य तिथि

सरहरी,गोरखपुर। क्षेत्र के ओकार नगर में संचालित हर हर महादेव फ्लोर मिल के संचालक कमलेश जायसवाल द्वारा अपने दिवंगत पिता की पुण्यतिथि साधू संतो एवं असहायो के बीच अंग बस्त्र प्रदान कर मनाया। गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी हर हर महादेव फ्लोर मिल के मालिक कमलेश जायसवाल द्वारा अपने दिवंगत पिता शिवपूजन जायसवाल की पूण्य तिथि धूम धाम से मनाया। कार्यक्रम में संकड़ो की संख्या में पहुंचे साधू संतो ने भजन किर्तन कर दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिये प्रार्थना की। आयोजको द्वारा आये हुये सभी साधू संतो एवं असहायो को भोजन कराने के पश्चात उन्हे अंग बस्त्र एवं दक्षिणा प्रदान किया। कार्यक्रम में आयोजक के शुभ चिन्तको के साथ ही क्षेत्र के तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

मकान मालिक ने किया आत्महत्या

पिपरौली, गोरखपुर गीडा क्षेत्र के मल्हीपुर गांव में मकान बनवा कर रह रहे गिट्टी ढलाई वाली मशीन का का कार्य कर रहे पप्पू गुप्ता(31) पुत्र रणजीत गुप्ता निवासी बहादुरपुर, थाना- बेलघाट ने आज दोपहर को मल्हीपुर गांव में अपने मकान में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। पड़ोसियों की माने तो मृतक पप्पू गुप्ता(31) मल्हीपुर गांव में मकान बनवा कर रह रहे थे।यह ढलाई वाली मशीन का कार्य करते थे। पहले यह सपरिवार यहां रहा करते थे।विगत 15 दिनों से वह अपने परिवार के साथ यहां पर नहीं रह रहे थे। कभी-कभी वह आते-जाते थे। पड़ोसियों की माने तो वह शायद कहीं कर्ज वगैरह में भी डूबे थे। इसी चक्कर में वह प्रायः तनाव में भी रहा करते थे।बताते चलें कि आज दोपहर करिब एक बजे वह मल्हीपुर गांव स्थित अपने बनाए मकान में आए और दोपहर को ही अपनी पत्नी के साथ वीडियो कॉल पर बातचीत की, फिर अचानक क्या हुआ कि वह पंखे पर रस्सी से लटक कर आत्महत्या कर ली।आनन-फानन में पड़ोसियों ने जब देखा और सुना तो तुरंत गीडा पुलिस को सूचना दी, गीडा पुलिस मौके पर पहुंचकर लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दी।इस संबंध में गीडा थाना का प्रभार देख रहे एस एस आई अभिनव मिश्रा ने बताया कि आत्महत्या कि सूचना पर पुलिस मौके पर पहूंची,शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

चोरी के आभूषण बरामद, दंपती गिरफ्तार

इटावा। चोरी की घटनाओं का सफल अनावरण करते हुये एक अभियुक्ता सहित कुल 2 अभियुक्त किया गिरफ्तार। कब्जे से चोरी किये गये सोने द चांदी के आभूषण एवं 11,100 रुपये किये गये बरामद। 22 फरवरी को वादी अनिल कुमार पुत्र सालिक राम निवासी ग्राम जमुहां थाना दिबियापुर जनपद औरेया ने थाना फ्रेंडस कालोनी पर तहरीर दी कि 22 फरवरी को जब वह अपनी पत्नी के साथ अपनी ससुराल अयारा थाना बसरेहर जाने के लिये चैधरी पेट्रोल पंप से ऑटो मे बैठे थे इसी दौरान किसी सवारी द्वारा वादी की पत्नी का पर्स जिसमे आभूषण व कुछ नगदी थी, चोरी कर लिये गये। तहरीर के आधार पर थाना फ्रेंडस कालोनी पर मामला दर्ज किया गया। अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी नगर रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में रविवार को थाना फ्रेंड्स कॉलोनी एवं थाना बसरेहर पुलिस टीम थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्रान्तर्गत भ्रमणशील थी इसी दौरान आपराधिक अभिसूचना प्राप्त हुयी कि कुम्हावर रोड से मूंगापुरा जाने वाले रास्ते पर सेंगर नदी के पास महिला व पुरुष जोकि क्षेत्र मे आने जाने वाले वाहनों (आटों व ई रिक्शा मे बैठकर सवारियों से मौका पाकर चोरी करते है, चोरी का सामान लिये कही जाने की फिराक मे खडे है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुये पुलिस टीमों द्वारा एक अभियुक्ता व अभियुक्त अजय सिंह पुत्र बंशी राजपूत को मूंगापुरा जाने वाले रास्ते पर सेंगर नदी के पास से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में उ.नि. अमित कुमार मिश्र थानाध्यक्ष फ्रेंडस कालोनी, थानाध्यक्ष बसरेहर सौरभ सिंह, उ.नि. कृष्ण कुमार, उ.नि. नितिन कुमार, उ.नि. अरविन्द यादव, उ.नि. सौरभ राणा रहे।

मौलाना अबुल कलाम आजाद की मनाई गई पुण्यतिथि

इटावा। भारत के प्रथम शिक्षामंत्री भारतरत्न मौलाना अबुल कलाम आजाद की वफात पुण्यतिथि पर स्थानीय मोहल्ला मेहतर टोला में हाजी अब्दुल माबूद अंसारी के निवास स्थान पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया जिसमें वक्ताओं ने मौलाना अबुल कलाम आजाद को खेराजे अकीदत (श्रद्धासुमन) अर्पित किए इस अवसर पर इंसानी भाईचारा बनाओ समिति के राष्ट्रीय संरक्षक एवं इस्लाम पार्टी हिंद के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ. एस अकमल ने कहा कि अंग्रेजों की गुलामी से भारत को आजाद कराने के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया।

डॉ. एस अकमल ने कहा कि मुंबई के ग्वाल टोली मैदान में महात्मा गांधी जी ने दिया था नारा करो या मरो, अंग्रेजों भारत छोड़ो। इस विशाल जनसभा की अध्यक्षता मौलाना अबुल कलाम आजाद ने की थी। कौमी तहफ्फुज कमेटी के संयोजक खादिम अब्बास ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद भारत बंटवारे के सख्त विरोधी थे जिन लोगों ने भारत का बटवारा अपनी स्वार्थ परक नीति के कारण कराया है वह सारे के सारे बदनुमा चेहरे इतिहास के पन्नों में अंकित है आज देश के बंटवारे में अहम भूमिका निभाने वालों को महिमामंडित किया जा रहा है। हाजी अब्दुल माबूद अंसारी ने कहा कि सांप्रदायिकतावादी शक्तियां एवं संकीर्णतावादी तत्व भारत के सांप्रदायिक सौहार्द को बिगाड़ने के लिए प्रतिदिन झूठ बोलकर घृणा और नफरत को फैला रहे हैं ऐसे तत्वों के सामने मौलाना अबुल कलाम आजाद और महात्मा गांधी जैसे तमाम क्रांतिकारीयों और बलिदानियों का इतिहास सामने लाना चाहिए। जिससे फिरका परस्त ताकतों का अंत हो सके भारतीय संविधान और लोकतंत्र को बचाने के लिए क्रांतिकारियों और बलिदानियों के संघर्षपूर्ण इतिहास से ही देश की एकता और अखंडता, लोकतंत्र व संविधान सुरक्षित रह सकता है। मोहम्मद खालिद अंसारी मुन्ना बाबू, पत्रकार मोहम्मद इदरीश फारूकी व राजू मंसूरी ने कहा कि मौलाना अबुल कलाम आजाद की जो देश को आजाद कराने के लिए कुर्बानियां रही हैं उन्हें कभी भी भुलाया नहीं जा सकता। इस्लाम पार्टी हिंद के जिलाध्यक्ष एडवोकेट तस्लीम खान मंसूरी ने कहा कि कौम के नौजवानों को सियासत में बढ़ चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए। इस मौके पर रामदास, अशोक गोयल, रामनरेश यादव, संदीप कुमार आदि मौजूद रहे।

समाज के सभी वर्गों की हितकर है यह बजट : नवनीत

गोला, गोरखपुर। उत्तर प्रदेश की योगी सरकार द्वारा पेश किया गया यह बजट आज तक का सबसे बड़ा व ऐतिहासिक बजट है। बजट में गरीब, मजदूर, किसान, नौजवान समेत गांव-शहर एवं ढांचागत विकास के प्राविधान किया गया है। बजट में आमजन, कृषकों एवं बेटियों-महिलाओं का विशेष ख्याल रखा गया है। यह बजट समाज के सभी वर्गो की हितकर है। उक्त बातें भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय ने प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से योगी सरकार द्वारा पेश किए बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कही। प्रदेश के वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने 8 लाख करोड़ से अधिक का भारी भरकम बजट पेश किया, जो प्रदेश का अबतक का सबसे बड़ा बजट है। वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए पेश बजट में कई बड़े ऐलान किए, जिसमें मेधावी छात्राओं को पात्रता के आधार पर स्कूटी देना, युवाओं को ब्याजमुक्त लोन देना, 58 नगरपालिकाओं को स्मार्ट सिटी बनाना, चार नए एक्सप्रेसवे का निर्माण करना आदि शामिल रहा। सरकार का बजट किसानों के लिए हितकारी है। सिंचाई से लेकर कृषि तक का ख्याल रखा गया है। किसान जब मजबूत होगा तो लोगों के जीवन में खुशहाली आएगी। विकास होगा।

डंपिंग से उठ रही बदबू , ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

गीडा/सरहरी, गोरखपुर। क्षेत्र के ग्राम पंचायत जमुआड़ मे फोरलेन किनारे नगर निगम द्वारा किए जा रहे कूड़ा डंपिंग से उठते बदबू से आजिज होकर ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने विरोध करते हुए नगर निगम की गाड़ियों को हटवा दिया। सूचना पर पहुचे नगर निगम के अधिकारी के आश्वासन पर पुनः काम चालू कराया गया इस दौरान प्रवर्तन दल कि टीम व मजनू चौकी पुलिस मौके पर मौजूद रही मिली जानकारी के अनुसार मजनू चौकी क्षेत्र के ग्राम सभा जमुआड़ मे कुछ महीने से नगर निगम का कूड़ा-कचरा यही लाकर इकट्ठा किया जा रहा है कचरे की ढेर से उठ रही बदबू से अगल बगल के लोगो का जीना दूभर हो गया है जिससे आजिज होकर रविवार को ग्रामीणो ने एक जुट होकर बिरोध प्रदर्शन शुरू कर काम में लगी सभी मशीनों को वहा से हटवा दिया। सूचना पर पहुचे नगर निगम के अधिकारी के आश्वासन पर पुनः कार्य शुरू कराया गया। ग्राम प्रधान मुहम्मदपुर माफी अभिमन्यु यादव ने बताया कि नगर निगम का कचरा यहाँ इकट्ठा किया जा रहा है। जिससे इतनी बदबू आ रही है कि रहना दुश्वर हो गया है। जिसको लेकर हम लोग इकट्ठा हुए थे अब अधिकारी महोदय द्वारा एक सप्ताह मे कही दूसरी जगह शिफ्ट करने का आश्वासन मिला है नहीं हटने पर पुनः इसका विरोध किया जायेगा। ग्राम प्रधान जमुआड़ ऋतुराज सागर ने कहा कि इस कूड़े कचरे से हम लोगों कि दिनचर्या अस्त व्यस्त हो गयी है। मौके पर पहुचे जोनल अधिकारी नगर निगम गोरखपुर नर्वदेश्वर पाण्डेय ने बताया कि नगर निगम का कूड़ा यहाँ एकत्रित कर पलास्टिक आदि को अलग अलग किया जा रहा है। इससे आ रही बदबू को लेकर लोग विरोध कर रहे थे। जिसको जल्द ही सुथनी मे बन रहे कूड़ा निस्तारण केन्द्र पर शिफ्ट कर दिया जायेगा। जिससे लोगों कि समस्या दूर हो जायेगी। अभी के लिये हमने कम्पनी के लोगों से बोला है, इसमें केमिकल आदि डालकर पहले बदबू दूर करें जिससे लोगों के समस्या का समाधान हो सके। प्रदर्शन में सोनू, संगम, धीरेंद्र, अमरजीत, रामबचन, दुर्गेश, मिंटू, सोमनाथ, रामदेव निषाद, ऋतुराज सहित कई लोग शामिल रहे।

गायत्री परिवार ने किया पौधरोपण

चरगांवा, गोरखपुर। अखिल विश्व गायत्री परिवार शान्तिकुंज हरिद्वार के सतत मार्गदर्शन में गायत्री परिवार रचनात्मक ट्रस्ट एवं सनराइज सेवा संस्थान ट्रस्ट ने संयुक्त रूप से ग्लोबल वार्मिंग से बचाव हेतु सभी क्षेत्रों को हर भरा बनाने के संकल्प के साथ नौसढ़ के निकट भीलोरा में सिंह मैरिज लान में वृहद पौधरोपण हुआ। कार्यक्रम में अतिथि स्वरूप वरिष्ठ समाज सेवी सुधा मोदी व एन ई रेलवे मेन्स कॉग्रेस के जोनल अध्यक्ष समाज सेवी नितेश शुक्ल उपस्थित होकर पौधों का वैदिक मंत्रोच्चारण द्वारा पूजन वरिष्ठ परिव्राजक राजेन्द्र बहादुर सिंह उर्फ मुन्ना सिंह ने कराकर रोपण कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम के दौरान सनराइज सेवा संस्थान ट्रस्ट के प्रमुख डॉ शोभित कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण के जो हालात बने है वह बहुत दुःखद है। वातावरण ग्लोबल वार्मिंग की चपेट में आ गया है, जिसके कारण धरती धधक रही है। तापमान बढ़ता जा रहा है। जिसका प्रभाव जनहानि के रूप में सभी के सामने आ रहा है। हमे जागरूक और जिम्मेदार बनना होगा।

इसी क्रम में मुख्य ट्रस्टी एवं युवा समन्वयक दीना नाथ सिंह ने कहा कि हम सभी को सुरक्षित रहना है तो पर्यावरण पर विशेष ध्यान देना होगा। गायत्री परिवार युवा प्रकोष्ठ एवं सनराइज सेवा संस्थान ट्रस्ट के द्वारा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रो में भिन्न भिन्न स्थानों पर वृहद रूप से रोपण कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम की अध्यक्षता सनराइज सेवा संस्थान ट्रस्ट के प्रमुख डॉ शोभित कुमार श्रीवास्तव ने किया।

अंत मे मुख्य ट्रस्टी एवं युवा समन्वयक दीना नाथ सिंह ने धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में मुख्य रूप से जितेंद्र वर्मा, हेमन्त त्रिगुणायत, राम वेलास शर्मा, सत्याकि गुप्ता, देवेंद्र शुक्ल, सुमित श्रीवास्तव, आनंद राव, राज कौशिक, राज कुमार सिंह, सतीश सिंह, अमरजीत सिंह, कपिल देव सिंह, कृपा शंकर सिंह, बृजेश सिंह सहित गणमान्य जन उपस्थित रहे।

परमात्मा परीक्षा का विषय न कि समीक्षा : अमरनाथ रामायणी

गोला, गोरखपुर। परमात्मा की प्राप्ति प्रतीक्षा से होती है, न की समीक्षा और परीक्षा से।परीक्षा माता सती ने किया था तो भगवान शंकर से दूरी बन गई, समीक्षा शूर्पणखा ने किया था तो लंका के विध्वंस की जड़ बन गई।उक्त बातें श्रीधाम अयोध्या से पधारे अमरनाथ रामायणी महाराज ने क्षेत्र के जानीपुर के जगदीशपुर भुवहियां में आयोजित इग्यारह दिवसीय रुद्र महायज्ञ के शुभारंभ अवसर पर प्रतीक्षा से परमात्मा के प्राप्ति विषय पर कथा में उपस्थित श्रोतागणों को रामायण कथा का रसोपान कराते हुये कही।आगे उन्होंने कहा कि प्रतीक्षा जिसके पास धन संपत्ति नहीं थी लेकिन प्रेम, भाव, समर्पण, त्याग इतना था कि उसे परमात्मा की प्राप्ति हो गई। प्रतीक्षा में शक्ति है।परमात्मा प्रतीक्षा का विषय है ना की समीक्षा और परीक्षा का विषय।

क्योंकि गोस्वामी जी ने लिखा ॠरामही केवल प्रेम पियारा, जान लेही जे जान निहारा' अर्थात परमात्मा को केवल प्रेम प्यारा है।इस लिये सदैव परमात्मा का प्रेम पाने के लिये समर्पण भाव, श्रद्धा भाव और प्रेम भाव का समावेश होना चाहिए। कथा के दौरान सूर्यनाथ यादव, संगम यादव, अशोक यादव, गंगा यादव, शिवकांत मिश्रा, अमित गुप्ता, छोटेलाल गुप्ता, रत्नेश गुप्ता, कीर्तन जायसवाल, सुशील कुमार आदि के साथ ढेर सारे श्रोतागण मौजूद रहे।

चोरों ने दो घरों से आभूषण व नकदी चोरी की

जसवंतनगर, इटावा। ग्राम गारमपुर में चोरों ने एक ही रात में दो घरों से आभूषण और नकदी चोरी कर ली। पीड़ितों ने थाना पुलिस को सूचना देकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। ग्राम गारमपुर निवासी नरेंद्र कुमार पुत्र श्यामलाल राजमिस्त्री हैं। उन्होंने बताया कि वह शनिवार रात को पास ही गांव में आयोजित जागरण कार्यक्रम में शामिल होने परिवार समेत चले गए थे। इस दौरान घर में ताला लगा हुआ था। लेकिन रविवार सुबह घर वापस लौटे तो कमरे के दरवाजे खुले और समान बिखरा देखकर उनके होश उड़ गए। उन्होंने बताया कि रात के समय घर के पिछवाड़े से चोर छत पर चढ़े और जीने से उतरकर घर के अंदर दाखिल हो गए। उन्होंने यह भी बताया है कि 20 हजार की नगदी समेत सोने की 1अंगूठी, सोने 1 नथनी, चांदी की पायल, चांदी की कंधौनी, 5 किलो घी आदि सामान चोरी कर लिए। इसी तरह गांव निवासी लाखन सिंह पुत्र श्रीचंद जो कि पल्लेदार हैं। उन्होंने बताया कि उनके घर में चोर छत पर चढ़कर जीने द्वारा घर में घुस गए। उन्होंने अलमारी व बक्सा तोड़कर सोने का मंगलसूत्र, सोने की 2 हाय, चांदी की 2 कंधोनी, चांदी के खडुआ आदि समान चोरी कर ले गए। उन्हें घटना के बारे में सुबह जागने के बाद पता चला। पीड़ितों ने थाना पुलिस को चोरी होने की घटना के बारे में सूचना देकर कानूनी कार्यवाही करने की मांग की है। एक ही रात में दो घरों में चोरी की घटना होने से गांव में दहशत का आलम है।

संस्कारयुक्त शिक्षा से बच्चों का होगा सर्वांगीण विकास: डॉ हरिओम

चौरीचौरा,गोरखपुर। मॉडर्न इंग्लिश स्कूल देवकहिया में वार्षिकोत्सव का आयोजन किया गया। वार्षिकोत्सव में छात्र-छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की शानदार प्रस्तुति देकर लोगो को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ हरिओम पांडेय ने कार्यक्रम की सराहना की और मेधावी बच्चो को पुरस्कृत किया। उन्होंने कहा कि बच्चे देश के भविष्य है। उन्हें संस्कारयुक्त बेहतर शिक्षा देने से देश के विकास में वे महत्वपूर्ण योगदान देंगे। स्कूल के निदेशक दयाराम यादव ने सभी अतिथियों को सम्मानित किया। उक्त अवसर पर चंद्रप्रकाश शुक्ला, राजकुमार व्यास आदि ने भी शिक्षा का महत्व, संस्कार और राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। इन बच्चों को मिला पुरस्कार अपनी कक्षाओं में अच्छा अंक अर्जित करने वाले अंशिका, प्रभात, आयुषी, सुहानी,उदित राज, अंकिता, अर्पिता, साक्षी,पीहू, शिवम्, सर्व्यांश, रोशनी, अभिजीत नारायण, अभिजीत, सर्वेश, अश्वनी, अभिराज, अनूप, वर्षा, कनक, सलोनी, आरुषि, स्वाति व सलोनी को बेहतर प्रदर्शन के लिए पुरस्कृत किया गया।

गोला में भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी पीएम के मन की बात

गोला,गोरखपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात रेडियो कार्यक्रम के 119वें संस्करण को उपनगर गोला के विभिन्न बूथों पर भाजपा कार्यकताओं ने सुना। उन्होने अपने इस खास कार्यक्रम के जरिए देश व समाज से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा किया। पीएम मोदी ने मन की बात के जरिए छात्रों को परीक्षा में तनावरहित रहने का टिप्स दिया। तो वही भारत की स्पेस टेक्नोलॉजी में बढती ताकत का भी जिक्र किया। नेशनल साइंस डे पर सभी देश वासियों से एक दिन के लिए वैज्ञानिक सोच के साथ कोई कार्य करने की अपील किया। तो वही युवाओं को खेल के साथ हेल्थ टिप्स भी दिया। अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर अपने सभी सोशल मीडिया एकाउंट को एक दिन के लिए महिला प्रतिभाओं को समर्पित रखने की घोषणा किया। उपनगर गोला के बूथ संख्या-197 पर भाजपा किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष नवनीत राय के साथ भाजपा पदाधिकारियॅ एवं कार्यकताओं के साथ आमजन ने पीएम मोदी के मन की बात रेडियो कार्यक्रम के 119वें संस्करण को सुना। और उनके उद्बोधन को जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा भी लिया। इस अवसर पर भाजपा सह जिला मीडिया प्रभारी राजकुमार हिन्दूस्तानी , सरयू रत्न विभूषित युवा समाजसेवी उमेश कुमार यादव , आलोक पांडेय 'अंकुर', रामू प्रजापति, संदीप सोनकर आदि ने मोदी जी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

लायन सफारी में शिफ्ट किया गया तेंदुए का शावक

चकरनगर, इटावा। तहसील चकरनगर के गांव ददरा के पंचायत भवन के शौचालय से शनिवार को रेस्क्यू कर पकड़े गए तेंदुए के शावक को लखनऊ से अनुमति के बाद लायन सफारी में शिफ्ट किया गया। ददरा में भयभीत जनता को सैंक्चुअरी की टीम ने गोष्ठी कर लोगों को जागरूक किया और इधर कस्बा में तेंदुए ने एक बाह फिर से आतंक मचाया। रेस्क्यू ऑपरेशन के बाद पंचायत भवन के शौचालय से पकड़े गए तेंदुए के करीब छह माह के शावक को लखनऊ से अनुमति मिलने के बाद लायन सफारी में शिफ्ट किया गया। सैंक्चुअरी के रेंजर कोटेश त्यागी के मुताबिक शावक पूरी तरह स्वस्थ और मस्त बताया गया। इधर शनिवार रात्रि समय एक तेंदुआ चकरनगर बस्ती में फिर से दहाड़ता देखा गया। जिसे देखकर ग्रामीण बुरी तरह भयभीत हो गए और समूचा मोहल्ला एकत्रित हो गया। तदोपरांत सूचना पर टीम के साथ रात्रि 12 बजे पहुंचे सामाजिक वानिकी के रेंजर सत्यनारायण यादव ने लोगों को जानकारी देते हुए उनसे सचेत रहने और मोहल्ले में उजाला करने की सलाह दी। बस्ती में पिछले एक सप्ताह से लगातार तेंदुए के दिखने से बस्ती के लोग बुरी तरह भयभीत है। इधर रविवार को उक्त गांव में तीन स्थानों पर विभाग के कर्मचारियों के द्वारा जनता को जागरूक करने के लिए गोष्ठियों का आयोजन संपन्न किया गया। जिसके माध्यम से लोगों को तेंदुए से बचने के उपाय बताए गए। ददरा गांव के लोग भी भयभीत है। कोटेश त्यागी, सैंक्चुअरी रेंजर ने बताया कि शावक को लायन सफारी में शिफ्ट किया गया है, जो पूरी तरह स्वस्थ्य और मस्त है। ददरा गांव में गोष्ठियों का आयोजन कर लोगों को जागरूक किया गया और रात्रि समय में पेट्रोलिंग बढ़ाई गई है।

संक्षेप

अपहर्ता का पता लगाने में पुलिस विफल

मोहम्मदी खीरी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में 5 फरवरी से लापता किशोरी की बरामदगी न होने पर परिजन पुलिस की कार्रवाई से मायूस होकर उच्च अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर किशोरी को सकुशल बरामद कराने की गुहार लगाई है। पीड़ित पिता ने बताया उसकी पुत्री 5 फरवरी को अचानक घर से गायब हो गई थी जिसमें उसने पता लगाकर आरोपियों के खिलाफ नामजद शिकायत कोतवाली में दर्ज कराई थी। घटना के 18 दिन बाद भी पुलिस के हाथ का खाली हैं। पिता के पूछने पर उसे कार्रवाई की जा रही है का भरोसा देकर चलता कर दिया जा रहा है। अपहर्ता के परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। जिसको लेकर पिता ने मुख्यमंत्री समेत पुलिस के आला अधिकारियों को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई है।

धोखाधड़ी से विरासत कराकर प्लॉट बिक्री करने का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) एक महिला ने फर्जी दस्तावेजो के आधार पर दो प्लाटों की विरासत कराकर बिक्री कराने आरोप लगाते हुये धोखाधडी का मुकदमा दर्ज कराया है। लखनऊ के थाना नाका हिण्डोला निवासी सौम्या शुक्ला पुत्री स्व. उमेश नरायन शुक्ला ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि उसकी मां के बाबा लक्ष्मीनरायन तिवारी पुत्र केशव प्रसाद तिवारी के नाम गोला में दो प्लाट हैं।जिस पर लक्ष्मीनरायन बनाम ऊधौराम के बीच वाद न्यायालय में चल रहा है। मिल गेट निवासी प्रेमशंकर तिवारी पुत्र लक्ष्मीनरायन तिवारी ने साजिशन उसकी मां स्नेहलता का नाम छोंडकर अपने भाईयों हरीशंकर तिवारी, रामशंकर तिवारी व अजय शंकर तिवारी के नाम उत्तराधिकार में नाम दर्ज कराकर गाटा सं 386 की वरासत नगर पालिका मे करा ली। प्रेमशंकर तिवारी ने गाटा सं0 307 में धोखाधडी से तनहा दिखाते हुये दाखिल खारिज करा ली और उक्त जमींन से दो प्लाटों की बिक्री कर दिये। जबकि कोर्ट में वाद चल रहा है। पुलिस ने सौम्या शुक्ला की तहरीर पर तथ्यों को छिपाकर जालसाजी से विरासत करा प्लाट धोखाधडी से प्लाट बिक्री करने का मुकदमा दर्ज किया है।

मारपीट का आरोप

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) कोतवाली क्षेत्र निवासी एक व्यक्ति ने गाली गलौज व मारपीट का आरोप लगाते हुये मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम रामपुर गोकुल निवासी आमीन पुत्र निजामुद्दीन ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि गांप निवासी मइनुद्दीन पुत्र निजामुद्दीन ने रंजिशन गाली गालौज करने लगा। विरोध करने पर उसने मारपीट की।

कंजा मंदिर से बाइक ले उड़े चोर

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। बाइक लिफ्टर गिरोह ने शहर में अपनी गति विधियां तेज कर दी हैं।मंदिर में पूजा अर्चना करने गए एक युवक की बाइक चोरी हो गई।पीडित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। नीमगांव थाना क्षेत्र के ग्राम हयातपुर निवासी छोटे लाल ने पुलिस की दी तहरीर में कहा है कि रविवार को वह गोला मोहम्मदी रोड पर स्थित कंजा बरम बाबा हनुमान मंदिर पर पूजा करने गया था।

सड़क हादसे में कार सवार तीन युवकों की हुई मौत

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र के निवासी तीन युवकों की मितौली के भीखमपुर चैराहे पर देर रात्रि हुई सड़क दुर्घटना में दर्दनाक मौत हो गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। क्षेत्र के ग्राम खरगापुर निवासी 30 वर्षीय सतीश पुत्र श्रीराम, ककलापुर निवासी 35 वर्षीय विपिन वर्मा पुत्र रामकुमार, सिसावां कला निवासी 31 वर्षीय पंकज वर्मा पुत्र शिव कुमार व जनपद पीलीभीत निवासी कार चालक मितौली के ग्राम डोकरपुर निवासी दोस्त को छोड़कर वापस आ रहे थे। इसी दौरान मम्मरी कस्ता मार्ग पर भीखमपुर के चैराहे पर लखीमपुर की तरफ से तेज रफ्तार आ रहे अज्ञात कंटेनर ने जोरदार टक्कर मार दी। जिससे कार के परखच्चे उड़ गए। कार उछलकर दस मीटर दूर जाकर गिरी। क्षतिग्रस्त हुई कार में सभी लोग फंस गए। चीख पुकार सुनकर तमाम लोग एकत्र हो गये और किसी तरह कार की बॉडी को खींचकर व काटकर सभी को बाहर निकाला। सूचना पर पहुची पीआरवी एवं एम्बुलेंस से सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने सतीश, विपिन वर्मा व पंकज वर्मा को मृत घोषित कर दिया। जबकि कार चालक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जहां से लखनऊ के लिए रेफर किया गया है। जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मच गया। कंटेनर चालक मौके से कंटेनर समेत फरार हो गया। हास्पिटल की सूचना पर गोला कोतवाली पुलिस ने सभी के शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

बेटे ने रची पिता की हत्या की साजिश

बेटे की सौदेबाजी: 30 हजार में लिखी बाप की मौत की स्क्रिप्ट

बरेली। जनपद के सीबीगंज थाना क्षेत्र में जो हुआ उसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया। एक बेटे ने अपने ही पिता की हत्या के लिए 30 हजार रुपये की सुपारी दी और लालच की इस सौदेबाजी में खून के रिश्ते की सारी हदें पार हो गईं। जो पिता अपने बेटे की परवरिश में जीवनभर समर्पित रहा। उसी की जान का सौदा बेटे ने कुछ रुपयों के लालच में कर डाला। लेकिन अपराध की परतें खुलीं और पुलिस की पैनी जांच ने इस जघन्य षड्यंत्र को उजागर कर दिया। 17 फरवरी 2025 की रात ग्राम पस्तौर निवासी लीलाधर को उनके ही घर में चाकू से घायल कर दिया। रात 1:23 बजे घायल अवस्था में वह खुद थाना पहुंचे, लेकिन हमलावरों के नाम लेने से बचते रहे। सुबह उनके मौसेरे भाई नत्थूलाल ने पुलिस को सूचना दी कि दो अज्ञात बदमाशों ने लीलाधर पर हमला किया। शुरूआती जांच में मामला साधारण चोरी या आपसी रंजिश का लग रहा था। लेकिन, जल्द ही पुलिस को शक होने लगा कि यह वारदात एक सोची-समझी साजिश का हिस्सा है। 18 फरवरी को लीलाधर के बेटे राकेश ने दावा किया कि उसके पिता ने हमलावरों को पहचान लिया था। उसने रामसिंह उर्फ पप्पू और दो अन्य लोगों पर आरोप लगाया। पुलिस ने जब रामसिंह से पूछताछ की तो उसने बताया कि घटना के वक्त उसने राजेश और छोटे नाम के दो लोगों को भागते देखा था। इसी बीच घटनास्थल से एक लाल रंग की चप्पल मिली। जब पुलिस ने राजेश के मोबाइल की जांच की तो एक तस्वीर में वही लाल चप्पल उसकी बहन के पास पड़ी थी। और यह सबूत पुलिस के लिए निर्णायक साबित हुआ। जब आरोपी राजेश और छोटे को आमने-सामने बिठाकर सख्ती से पूछताछ की गई तो राजेश ने अपना गुनाह कबूल लिया। उसने बताया कि राकेश ने अपने ही पिता की हत्या के लिए 30 हजार रुपये की सुपारी दी थी। जानकारी के मुताबिक लीलाधर का पड़ोस की एक महिला से संबंध था।

महाशिवरात्रि पर्व को लेकर एसपी ने देखी सुरक्षा व्यवस्था

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) महाशिवरात्रि पर्व को लेकर पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने एसडीएम विनोद गुप्ता, तहसीलदार सुखबीर सिंह, नायब तहसीलदार सर्वेश कुमार यादव, नगर पालिका परिषद के ईओ सुरेंद्र कुमार, अग्निशमन प्रभारी सुरेंद्र कुमार शिंदे के साथ पौराणिक शिव मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था और तैयारी का जायजा लिया और श्रद्धालुओं की सुरक्षा में कोताही न बरतने के निर्देश दिए। रविवार को दोपहर बाद एसपी संकल्प शर्मा ने पौराणिक शिव मंदिर पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था को लेकर मंथन किया। शिव मंदिर में भक्तों की भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए बैरिकेडिंग की जाएगी। सबसे आगे श्रद्धालुओं की दो लाइनें बनाने और उसके पीछे भक्तों की चार कतारें बनाये जाने की रणनीति तैयार की। सभीं को शिव मंदिर के पूर्व की तरफ से मंदिर में प्रवेश दिया जाएगा और पूजा अर्चना के बाद उन्हें वीआईपी गेट की तरफ से बाहर निकाला जाएगा। श्रद्धालुओं की सुरक्षा के लिए मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। महाशिवरात्रि पर्व पर शहर में बड़े और भारी वाहनों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। शहर सीमा पर ही बैरियर लगाकर वाहनों को रोका जाएगा। बड़े वाहनों को बाईपास रोड से होकर निकल जाएगा।

साली का हत्यारोपित जीजा गिरफ्तार

लखीमपुर खीरी। थाना भीरा पुलिस द्वारा अभियुक्त दिनेश पुत्र स्व0 जगदीश को गिरफ्तार किया गया। आताकल्ल 01 लट्ठा बरामद किया गया है। थाना भीरा पुलिस द्वारा अभियुक्त दिनेश पुत्र स्व0 जगदीश उम्र करीब 35 वर्ष नि0ग्राम मूड़ाबुजुर्ग थाना भीरा को बस्तौली तिराहा बहदग्राम बस्तौली से गिरफ्तार किया गया। अभि0 दिनेश उपरोक्त की निशान देही पर घटना मे प्रयुक्त आलाकत्ल 01 अदद लट्ठा अभि0 के बताये स्थान अभि0 के घर से बरामद किया गया। गिरफ्तार शुदा वांछित अभियुक्त उपरोक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। उल्लेखनीय है कि 20 फरवरी को भीरा क्षेत्र के ग्राम मुडा बुजुर्ग के निवासी विपक्षी दिनेश पुत्र स्व0 जगदीश उम्र करीब 35 वर्ष नि0ग्राम मूड़ाबुजुर्ग थाना भीरा द्वारा मछली बनाने की बात को लेकर अपनी पत्नी शांति देवी से विवाद कर मार पीट करना, बीच बचाव करने आयी साली सुनीता देवी उम्र करीब 14 वर्ष पुत्री स्व0 रामेश्वर प्रसाद नि0ग्राम मूडा बुजुर्ग थाना भीरा जनपद खीरी के साथ लात घूसों व लाठी से मार पीट करना, जिससे बचकर विपक्षी की पत्नी शांति देवी का गांव के लौहार के घर जाकर छिप जाना व साली सुनीता का भागकर गांव के बाहर गन्ने के खेत की तरफ चले जाना तथा दिनेश द्वारा अपनी साली सुनीता देवी का पीछा करते हुए गांव के तालाब के किनारे दुपट्टे से गला घोटकर हत्या कर देना और हत्या की घटना को आत्महत्या दिखाने के लिए फांसी के फंदे से लटका देने के सम्बन्ध मे थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 078/2025 धारा 115(2)/103(1)/238 इठर बनाम दिनेश पुत्र स्व0 जगदीश उम्र करीब 35 वर्ष नि0ग्राम मूड़ाबुजुर्ग थाना भीरा जनपद खीरी के विरूध पंजीकृत किया गया था। नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त दिनेश पुत्र स्व0 जगदीश उम्र करीब 35 वर्ष नि0ग्राम मूड़ा बुजुर्ग थाना भीरा जनपद खीरी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

महाशिवरात्रि को लेकर पीस कमेटी की हुई बैठक

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) महाशिवरात्रि पर्व को लेकर कोतवाली में पीस कमेटी की बैठक की गई। जिसमें लोगों से सुझाव लेकर विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई

एसडीएम विनोद कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक आयोजित हुई। जिसमें शिव मंदिर की सभी व्यवस्थाए मुकम्मल करने, महाशिवरात्रि पर्व पर वाहनों को मिल यार्ड में पार्क कराने और भक्तों की सुरक्षा व्यवस्था के लिए 400 से अधिक सुरक्षा कर्मियों की तैनाती करने पर जोर दिया गया। शिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष जनार्दन गिरि ने कहा कि महाशिवरात्रि के पर्व पर शाम को शिव मंदिर से शिव बारात निकाली जाती है जो शहर के प्रमुख मार्गो से होते हुए वापस रात लगभग 10 बजे वापस शिव मंदिर में पहुंचती है और फिर पूरी रात कार्यक्रम चलता है। पूजा अर्चना की जाती है।

पीस कमेटी की बैठक में पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू, तहसीलदार सुखबीर सिंह, नायब तहसीलदार सर्वेश यादव, ईओ सुरेंद्र कुमार, मंदिर समिति के अध्यक्ष जनार्दन गिरि, सीओ सदर रमेश तिवारी, फायर विकेट से सुरेंद्र कुमार शिंदे, व्यापार मण्डल के नानक चंद वर्मा, पारस प्रसाद मिश्रा, अरुण अवस्थी, विनोद स्वर्णकार, अरविंद पांडे, दुर्गेश सोनी, संजय अवस्थी, राजा इनामुल्ला, अशोक सक्सेना, मोहम्मद दानिश समेत कई संगठनों के लोग मौजूद थे।

26 फरवरी को होगा रुद्र महाभिषेक और पार्थिव पूजन

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) महाशिवरात्रि पर भगवान शिव और माता पार्वती के विवाह की रात जागरण कर उनकी भक्ति करने से मनवांछित फल की प्राप्ति होती है।इस जागरण को द्वादश महा रुद्राभिषेक एवं पार्थिव पूजन में परिवर्तित कर भगवान शिव को प्रसन्न करें।इसके लिए 26 फरवरी को रुद्राभिषेक कराया जाएगा। कार्यक्रम आयोजन पंडित रामदेव शास्त्री ने बताया की 26 फरवरी को शहर के नीलकंठ मैदान में विशेष रुद्राभिषेक और पार्थिव पूजन कराया जायगा। उनका कहना है कि अलग-अलग पूजन से अलग-अलग फल प्राप्त होता है।संतान सुख एवं समृद्धि के लिए दूध से रुद्राभिषेक किया जाता है। रोग निवारण को औषधियों से अभिषेक कराया जाता है। श्री की प्राप्ति के लिए शहद से अभिषेक किया जाता है। भगवान शिव को प्रिय अन्य दिव्य पदार्थों से पूजन किया जाता है। नीलकंठ मैदान में विद्वानों द्वारा संपूर्ण रुद्री पाठ के साथ दिव्य अनुष्ठान होगा। यजमान बनने के लिए तुरंत संपर्क करें और अपना स्थान सुनिश्चित करें।

प्राइमरी स्कूल राजापुर में क्रॉफ्ट प्रदर्शनी

विद्यालय के वार्षिकोत्सव पर हुआ आयोजन

लखीमपुर खीरी। नगर के राजापुर स्थित प्राथमिक विद्यालय राजापुर का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कुमार तिवारी ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा विद्यालय द्वारा वार्षिकोत्सव की सुंदर तैयारियाँ और हस्तशिल्प प्रदर्शनी अन्य विद्यालयों के लिए अनुकरणीय प्रेरणा है। ऐसे प्रयास स्वयं विद्यालयों में होने चाहिए। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के बच्चों द्वारा हस्तशिल्प प्रदर्शनी का उद्घाटन भी किया जिसमें बच्चों द्वारा निर्मित इको फ्रेंडली बैग, वर्ली आर पेंटिंग,लिप्पन आर्ट वर्क, जूट वर्क आदि शामिल थे। समारोह में विद्यालय के बच्चों ने अतिथि स्वागत, पर्यावरण संरक्षण, बेसिक शिक्षा की चुनौतियों सहित अन्य विषयों पर नाट्य एवं नृत्य प्रस्तुतियां प्रस्तुत कीं। विद्यालय प्रधानाचार्या रितु अवस्थी ने कहा शहर के अभिभावकों ने इस सरकारी स्कूल पर विश्वास जताया और अपने बच्चों को स्कूल में प्रवेश दिलाया तो हमने भी बच्चों की प्रतिभा विकसित करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। स्कूल के बच्चों ने जिले और प्रदेश स्तर तक अपनी विभिन्न प्रतिभाओं का प्रदर्शन कर विद्यालय की प्रतिष्ठा बढ़ाई है। स्कूल के सांस्कृतिक कार्यक्रमों का संचालन छात्र अंतस मौर्य और अभी पांडे ने किया। इस दौरान शिक्षिकाएं सविता दीक्षित, दिव्या गौतम विद्यालय छात्राएं अलीशा, अंशिका, आर्या, आरुष, सावन, जीत, प्रियांशी, सुहानी आदि मौजूद रहे।

आग लगने से हजारों का हुआ नुकसान

लखीमपुर खीरी। आग लगने से घर का सामान जल गया।घर जलने से पीड़ित को हजारों रुपये का नुकसान हो गया।आपको बता दें कि थाना खीरी क्षेत्र की पुलिस चौकी ओयल के अंतर्गत सीतापुर रोड पर स्थित महम्मदाबाद गाँव के रहने वाले प्रकाश,बृजेश और शीलू का गाँव के बाहर कच्चा मकान बना हुआ है जिसमें छप्पर पड़े हुए थे देर शाम को खाना बनाया जा रहा था तभी अचानक से छप्पर में आग लग गई और छप्पर जलने लगा छप्पर को जलता हुआ देखकर घर के लोगों ने शोर मचाना शुरू कर दिया जिससे घर में मौजूद लोगों ने शीघ्र ही पानी डालकर आग पर काबू पा लिया।आपको बता दे कि पीड़ित गरीब व्यक्ति है और मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रहा है पीड़ित का पूरा परिवार मजदूरी करके अपना गुजर बस करते हैं।दिनांक 23 फरवरी 2025 को शाम करीब 6 बजे खाना बनाया जा रहा था तभी बृजेश के छप्पर में आग लग गई जिससे उसका पूरा घर का सामान गृहस्थी का सामान जल गया हालाँकि पीड़ित के घर पर सब लोग शाम को मौजूद थे जिससे आग पर जल्दी ही काबू कर लिया गया वहीं पीड़ित ने पुलिस को सूचना नहीं दी है।

खेत में मिले फिशिंग कैट के दो शावक को वन कर्मियों के हवाले किया

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। किसानों के मित्र और पारिस्थितिक संतुलन में अपना अहम योगदान देने वाली फिशिंग कैट (प्रियोनैलुरस विवरिनस) ग्राम घरथनिया के एक गन्ने के खेत में मिले हैं। वन विभाग के कर्मचारियों के हवाले कर दिया गया। रविवार को खेत पर गाने की सिलाई करने गए तो खेत मुखिया दो शावक देख डर गए कि कही बाघ तो साथ में नहीं है। तमाम तब पता चला यह फिशिंग कैट के शावक हैं।लोग जाने अनजाने में इन्हे अपना शत्रु मान लेते हैं। इनकी शारीरिक बनावट गुलदार से मेल खाती है। बंगाल के राज्य पशु फिशिंग कैट बेहद ही शमीर्ला वन्यजी होने के साथ साथ किसानों का मित्र भी है, जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ अनिल कुमार ने बताया कि हर साल फिशिंग कैट की संख्या बेहतर होती जा रही है। इनके संवर्धन के लिये प्राकृतिक आवासों का संरक्षण जरूरी है।बिल्लियाँ कीचड़ और पानी से नफरत करती हैं, लेकिन मछली पकड़ने वाली बिल्ली ऐसा नहीं करती। यह रहस्यमय मध्यम आकार की बिल्ली की प्रजाति दक्षिण और दक्षिण-पूर्व एशिया में घूमती है और यह दलदली भूमि में जीवन के लिए अद्वितीय रूप से अनुकूलित है।इसकी आवाज बत्तख की आवाज जैसी होती है। ग्राम घरथनिया में सौरभ वर्मा के खेत में गन्ना छिलाई करते समय के बाघ की तरह दिखने वाली फिशिंग कैट के दो शावक मिले, लोगों ने जागरूकता का परिचय देते हुए उन्हें बेहद सहज तरीके से उनका आवास में रखने का संकल्प लिया है, जिसकी सूचना मिलने पर फिशिंग कैट के अस्तित्व के लिए संदीप वर्मा स्वयंसेवक युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार एवं बाघ क्लब के सक्रिय सदस्य ने महेशपुर रेंज से वार्ता कर इसे सुरक्षित स्थान पर आवास देने का निर्णय कर मौके पर वन विभाग की टीम को बुलाकर दोनों शावकों को सुरक्षित सौंप दिया।

11हजार वोल्ट के ट्रांसफार्मर रखवाने का विरोध

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। 11हजार वोल्ट के व्यक्तिगत ट्रांसफर्मर को गली में रखवाए जाने को लेकर गली के निवासी लामबंद हो गए। लोगों ने ट्रांसफर्मर को हटवाकर कही अन्यत्र रखवाए जाने की मांग करते हुए बिजली अफसरों को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई किए जाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि यदि उनकी शिकायत पर कार्रवाई नहीं की गई तो वह उच्चाधिकारियों से शिकायत की जाएगी। शहर के मोहल्ला जगदीशनगर बादल नगर के सामने रहने वाले गली निवासी भूपेन्द्र कुमार वर्मा, सुमन कुमार मिश्रा, सत्यप्रकाश शुक्ला, रुपेश मिश्रा, अनुपम बाजपेई, शिव कुमार पांडे, ऋषिकेश पांडे, मुन्नालाल सर्राफ ने अधिशाषी अभियंता विद्युत वितरण खंड द्वितीय को दिए शिकायती पत्र में कहा है कि उनकी कालोनी में एक व्यवसायिक इमारत बनाई गई है। जिसमें विद्युत आपूर्ति के लिए उनके द्वारा विद्युत विभाग से एक 11हजार वोल्ट की लाइन निकालकर ट्रांसफर्मर कालोनी की गली में अतिक्रमण करते हुए रखवाया गया है। उसी गली से बच्चों व उनके परिवारों का निरंतर आवागमन रहता है। लेकिन गली में 11हजार वोल्ट का ट्रांसफर्मर रखवाए जाने से गली के लोगों को जान माल का खतरा है। यहीं नहीं गली में कई स्थानों पर अर्थिंग प्वांइट भी बनाए जा रहे है। गली के उक्त शिकायत कताओं ने मांग की है। कि गली में रखवाया जा रहा व्यक्तिगत 11हजार वोल्ट का ट्रांसफर्मर कालोनी की गली से हटवाकर कहीं दूसरी जगह रखवाया जाए।

निरंकारी मिशन ने प्रोजेक्ट अमृत के तहत चलाया स्वच्छता अभियान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी।(वीओएल) संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने के लिए प्रोजेक्ट अमृत के तहत स्वच्छ जल, स्वच्छ मन परियोजना के तृतीय चरण का शुभारंभ को किया गया। संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का शुभारंभ किया था।इस वर्ष तृतीय चरण को और अधिक व्यापक, प्रभावी एवं दूरगामी दृष्टि से आगे बढ़ाया गया है, ताकि यह अभियान निरंतर विस्तार पाकर समाज में जागरूकता, सेवा और समर्पण की एक सशक्त लहर उत्पन्न करे। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगिंदर सुखीजा ने बताया कि यह वृहद अभियान देशभर में 27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से भी अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जा रहा है। शाखा गोला के अंतर्गत अलीगंज रोड स्थित बड़ी नहर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें मुख्य अतिथि धर्मेंद्र गिरि मोंटी ने स्वच्छता अभियान का शुभारंभ किया। निरंकारी महात्माओं ने एवं सेवा दल के जवानों ने पूरी तत्परता के साथ नहर के दोनों ओर साफ सफाई की नहर के किनारे आकर्षक रंगोली बनाकर स्वच्छता का पैगाम दिया। इसी के साथ ही अलीगंज रोड स्थित जंगल में कालीदाह मंदिर के प्रांगण में स्वच्छता अभियान चलाया गया जिसमें मुख्य अतिथि पालिकाध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात निरंकारी महात्माओं एवं सेवा दल के जवानों ने साफ सफाई की। कार्यक्रम में क्षेत्रीय संचालक रंजीत सिंह गोला मुखी बहन प्रमिला खुराना सेवादल संचालक लालजी प्रसाद शिक्षक रामनरेश सोनी, सिल्वर सिटी अकैडमी कोटवारा के प्रबंधक हरमोहन खुराना मीडिया प्रभारी करन सिंह व सैकड़ो की संख्या में सेवा दल के जवान एवं बहने बच्चे , व निरंकारी सातसंगत के महत्मा उपस्थित रहे।

मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह का आयोजन

लखीमपुर खीरी। समाज कल्याण विभाग द्वारा रविवार को जीआईसी ग्राउंड में आयोजित हुए मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत 772 जोड़ों ने एक दूसरे जीवन भर के लिए हाथ थाम लिया। जीआईसी ग्राउंड में 557 और निघासन में 215 बेटियों का ब्याह हुआ। जीआईसी ग्राउंड में आयोजित विवाह समारोह के कार्यक्रम में विधायक विनोद शंकर अवस्थी, योगेश वर्मा, डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने नगर पालिका अध्यक्ष डॉ ईरा श्रीवास्तव, ब्लॉक प्रमुख पवन गुप्ता, दिव्या सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी तेजस्वी मिश्रा ने सभी नवदंपतियों को आशीर्वाद प्रदान किया। कार्यक्रम का सफल संयोजन सीडीओ अभिषेक कुमार ने किया। सामूहिक विवाह योजना के तहत सोमवार जिले में खुशियों की शहनाई गूंजी।

शहर में जीआईसी ग्राउंड में हुए कार्यक्रम में 557 जोड़ों का विवाह संपन्न कराया गया। जिसमें 540 हिंदू तथा 17 मुस्लिम जोड़े शामिल रहे। हिंदू जोड़ों का विवाह वैदिक रीति रिवाज एवं मंत्रोच्चार के साथ व मुस्लिम जोड़ों का मुस्लिम रीति रिवाज से निकाह संपन्न कराया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा, सीडीओ अभिषेक कुमार ने जनप्रतिनिधियों, अफसरो संग सभी वर-वधू से को उपहार-शगुन किट व आशीर्वाद दिया। गरीब परिवार की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही सीएम सामूहिक विवाह योजना डीएम डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने सभी नव दंपतियों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना गरीब परिवार की बेटियों के लिए वरदान साबित हो रही है।उन्होंने सामूहिक विवाह के कार्यक्रम को आनंद का अद्भुत क्षण बताया। यह योजना लोगों के जीवन में खुशहाली ला रही है। दांपत्य जीवन में खुशहाली व गृहस्थी की स्थापना के लिए 35 हजार की धनराशि कन्या के बैंक खाते में भेजी जा रही है। किसी एक शादी में समय निकाल पाना मुश्किल होता है, लेकिन आज का यह आयोजन ऐसा शुभ व बड़ा कार्यक्रम है, जहां मा. जनप्रतिनिधिगण और जिले के आला अधिकारी वर-वधु पक्ष के लोगों का स्वागत करने,नवयुगलों को शुभाशीष देने आए हैं। उन्होंने उनके सुखमय जीवन की कामना की। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि मुख्यमंत्री की इस महत्वाकांक्षी योजना से अब किसी भी मां के आंख में आंसू नहीं होगा कि वह अपनी बेटी की शादी कैसे करे। योगी सरकार ने हर गरीब की बेटी की शादी व्यवस्था के साथ हर घर में शौचालय बनवाकर बहू-बेटियों की इज्जत को बढ़ाया है। इस मौके पर पीड़ी एस एन चौरसिया, बीडीओ लखीमपुर ज्ञानेंद्र कुमार सिंह, बीडीओ फूलबेहड़ पीयूष कुमार सिंह, बीडीओ धौरहरा सुमित कुमार सिंह, बीडीओ नकहा प्रदीप कुमार चौधरी सहित आदि बीडीओ मौजूद रहे।

शिक्षकों का एड्स उन्मुखीकरण, स्वास्थ्य जागरूकता को मिलेगा बढ़ावा

मीरगंज, बरेली। उत्तर प्रदेश एड्स कंट्रोल सोसायटी और मुख्य चिकित्सा अधिकारी बरेली के सहयोग से शिक्षकों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों, एएनएम, आशा कार्यकताओं और सुपरवाइजरों को एचआईवी/एड्स से संबंधित उन्मुखीकरण दिया गया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मीरगंज में आयोजित इस कार्यक्रम में विभिन्न बैचों के माध्यम से प्रशिक्षण सत्र संपन्न हुए। कार्यक्रम में शिक्षकों को बताया गया कि वे अपने स्कूलों और समाज में एड्स जागरूकता को प्रभावी रूप से कैसे फैला सकते हैं। विद्यालयों में विद्यार्थियों को सही जानकारी देना, भ्रांतियों को दूर करना और उन्हें सुरक्षित व्यवहार के प्रति सचेत करना बेहद जरूरी है।

संक्षेप

नहीं रहे वरिष्ठ कांग्रेस नेता अवनीश पाण्डेय

जौनपुर। जिले के बदलापुर कस्बे के पुरानी बाजार निवासी 80 वर्षीय अवनीश पाण्डेय वरिष्ठ कांग्रेस नेता पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य, पत्रकार एंव जौनपुर प्रेस क्लब के महामंत्री आशीष पाण्डेय के पिता का निधन हो गया। जहां इनके निधन की सूचना लगते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई, सैकड़ों लोग उनके पैतृक आवास पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। श्री पाण्डेय का अंतिम संस्कार नागरिक सम्मान के साथ वाराणसी मर्णकणीर्का घाट से सम्पन्न होगा। इनका शव पैतृक निवास पुरानी बाजार बदलापुर से रवाना हुआ और षव यात्रा में समाज के विभिन्न वर्ग पत्रकार, षिक्षक, चिकित्सक, किसान आदि व आसपास के लोग रहे। स्व. श्री पाण्डेय अपने पीछे दो बेटे दो नाती सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गये है।

दुर्घटना को दावत दे रहा गड्ढा

आजमगढ़। निजामाबाद कस्बा के मुहम्मदपुर-मंदुरी मार्ग पर तमसा मुख्य मार्ग पर बने पुल के बना गड्ढा दुघर्टना को दावत दे रहा है। यह गड्ढाआते जाते लोगों के लिए कभी भी हादसे का कारण बन सकता है। लेकिन जिम्मेदारों की ओर से गड्ढे को भरा नहीं जा रहा है। मुहम्मदपुर-मंदुरी मार्ग पर निजामाबाद मार्ग मुहम्मदपुर, फरिहां, तहबरपुर और कप्तानगंज को जोड़ने वाला यह मुख्य मार्ग है। सड़क पर गड्ढे के चलते किसी भी क्षण दुर्घटना घट सकती है। इसे लेकर क्षेत्र के लोगों ने कई बार उच्चाधिकारियों को अवगत कराया। फिर भी जिम्मेदार ध्यान नहीं दे रहे हैं।

सेवा योजना के 7 दिनी शिविर का शुभारंभ

जौनपुर। राजा श्री कृष्ण दत्त महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर का शुभारंभ मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबंधक डॉक्टर सत्यराम प्रजापति एवं विशिष्ट अतिथि डॉक्टर ओम प्रकाश दुबे, द्वारा किया गया, जिसमें अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं स्वामी विवेकानंद की चित्र पर माल्यार्पण कर एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि ने राष्ट्रीय सेवा योजना के बारे में जानकारी देते देते हुए छात्र-छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया, उन्होंने छात्र-छात्राओं के उज्जवल जीवन की कामना किय पूर्व कालेत के छात्रावास में योजना के प्रथम दिन प्रथम सत्र में स्वयंसेवक वं स्वयं सेविकाओं द्वारा स्वच्छता का कार्यक्रम किया गया। ओम प्रकाश, स्वयं यादव, संतोष शुक्ला, शशिकांत सहित समस्त स्वयं सेवक एवं सेविकाएं उपस्थित रही।

पत्रकारों को सम्मानित किया

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के कबुलपुर बाजार में स्थित पत्रकार कार्यालय पर रविवार को राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक आयोग के द्वारा क्षेत्र के कई पत्रकारों को गौरव समाज रत्न सम्मान देकर सम्मानित किया। मानव सेवा फाउंडेशन द्वारा संचालित संस्था के जिलाध्यक्ष विनोद विश्वकर्मा अपने सहयोगियों के साथ कार्यालय पर पहुंचे। उन्होंने समाज मे व्याप्त कुरीतियों, गरीबो के हक के लिए आवाज बुलंद करना, समाज के जरूरतमंदों की मदद करने वाले पत्रकारों को सम्मानित किया। श्री विश्वकर्मा ने कहा कि आज पत्रकार ही ऐसा व्यक्ति है जो समाज में व्याप्त कमियों की लड़ाई निर्भीकता से लड़ता है। पत्रकार 24 घण्टे समाज के हित मे लगाये रहता है। अध्यक्षता वरिष्ठ पत्रकार उमेश कुमार ने किया। संस्था ने पत्रकार कृपाशंकर यादव, विवेक सिंह, अंकित श्रीवास्तव, संजय यादव, विनय श्रीवास्तव आदि को गौरव समाज रत्न सम्मान से सम्मानित किया।

मजदूरों को बनाया जा रहा गुलाम

कॉर्पोरेट पर टैक्स से संभव है पक्की नौकरी व सम्मानजनक वेतनमान

- ठेका मजदूर यूनियन का डिबुलगंज में हुआ 22 वां जिला सम्मेलन
- कृपाशंकर अध्यक्ष व तेजधारी पुनः मंत्री चुने गये

सोनभद्र। ठेका मजदूर यूनियन के वार्षिक सम्मेलन की तैयारी में अनपरा, ओबरा समेत कई उद्योगों में किए गए सर्वे में साफ दिखा कि महंगाई और बेकारी ने मजदूरों के हालात को बेहद खराब कर दिया है। उनकी क्रय शक्ति कमजोर हुई है और जीवन जीने की मजबूरी में वह कर्ज के भंवर जाल में फंस रहे है। मजदूरों की इसी मजबूरी का फायदा उठाकर उन्हें आधुनिक गुलामी में धकेला जा रहा है। श्रम कानूनों में मिले अधिकारों को खत्म करने के लिए लेबर कोड लाना और काम के घंटे 12 करना इसी का हिस्सा है। लोकतांत्रिक अधिकारों को लगातार छीना जा रहा है। पूरे मुल्क में तानाशाही कायम है। अपने अधिकारों के लिए बोलना भी गुनाह हो गया है। उक्त बातें डिबुलगंज के रोटरी क्लब मैदान में आज हुए ठेका मजदूर यूनियन के 22 वें सम्मेलन को संबोधित करते हुए पूर्व श्रम बंधु व एआईपीएफ प्रदेश महासचिव दिनकर कपूर ने कहीं।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में दस साल से न्यूनतम वेतन का वेज रिवीजन नहीं हुआ। कानून विरुद्ध एक ही स्थान पर बेहद कम मजदूरी पर मजदूरों से ठेका प्रथा में काम कराया जा रहा है। न्यूनतम मजदूरी समेत मजदूरों को हासिल विधिक अधिकार भी नहीं सुनिश्चित किये गए है। हालात इतने बदतर हैं कि मजदूरों को आम तौर पर सुरक्षा उपकरण भी मुहैया नहीं कराये जाते। आज के बेहद चुनौतिपूर्ण माहौल में मजदूरों का मुख्य कार्यभार कि इससे निपटने के लिए बड़े पैमाने पर संवाद कार्यक्रम व वैचारिक अभियान चलाने का है। उम्मीद है सम्मेलन इसे साकार करने के लिए कार्यनीति बनायेगा।

रोजगार अधिकार अभियान के कोऑर्डिनेटर राजेश सचान ने कहा कि यदि देश के 200 बड़े कॉर्पोरेट घरानों पर संपत्ति व उत्तराधिकार टैक्स लगाया जाए तो ठेका मजदूरों को पक्की नौकरी, आंगनबाड़ी, आशा समेत मानदेय व संविदा कर्मचारियों को सम्मानजनक वेतनमान दिया जा सकता है। इतना ही नहीं देश के प्रख्यात अर्थशास्त्रियों का तो यह कहना है कि इस टैक्स से प्राप्त धन से देश के हर नागरिक के गरिमापूर्ण जीवन के संवैधानिक अधिकार की गारंटी, शिक्षा-स्वास्थ्य, रोजगार को सुनिश्चित करना, एक करोड़ खाली सरकारी पदों को भरने और नागरिकों की सामाजिक सुरक्षा जैसे सवालों को हल किया जा सकता है। इन ज्वलंत मुद्दों को लेकर देशभर के छात्र युवा संगठनों, मजदूर, किसान आंदोलनों व समाज सरोकारी लोगों द्वारा चलाए जा रहे रोजगार अधिकार अभियान से जुड़ने की अपील भी की। सम्मेलन में एक वर्ष के वार्षिक कामकाज की रिपोर्ट मंत्री तेजधारी गुप्ता ने रखी जिस पर विभिन्न उद्योगों से आए हुए प्रतिनिधियों ने अपने विचार रखें। रिपोर्ट सर्वसम्मति से पारित की गई। इसके बाद हुए सांगठनिक सत्र में कृपाशंकर पनिका को पुनरू अध्यक्ष और तेजधारी गुप्ता को मंत्री चुना गया। इसके अलावा तीरथराज यादव को उपाध्यक्ष, मोहन प्रसाद को संयुक्त मंत्री, मंगरु प्रसाद गोंड को प्रचार मंत्री, इंद्रदेव खरवार को कोषाध्यक्ष और शेख इम्तियाज को कार्यालय मंत्री चुना गया। सम्मेलन की अध्यक्षता कृपाशंकर पनिका ने और संचालन तेजधारी गुप्ता ने किया। सम्मेलन को सामाजिक कार्यकर्ता रामधनी विश्वकर्मा, एआईपीएफ जिला सचिव इंद्रदेव खरवार, युवा मंच की जिला संयोजक सविता गोंड, अध्यक्ष रूबी गोंड, युवा मंच नेता इंजीनियर राम कृष्ण बैगा, मजदूर किसान मंच के जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद गोंड, प्रशांत दूबे, ज्ञानवेंद्र सिंह, मसीदुल्लाह अंसारी, विनोद यादव, राम चन्द्र पटेल आदि ने भी संबोधित किया। सम्मेलन में मुनेश्वर पनिका और राजकुमारी गोंड ने जन गीतों को प्रस्तुत किया।

हिण्डाल्को इलेवन ने जीता मैंच मीडिया इलेवन ने जीता दिल

रेणुकूट, सोनभद्र। स्थानीय क्रिकेट मैदान में हिण्डाल्को 11 एवं मीडिया 11 के बीच आयोजित आयोजित मैत्री मैंच का उद्घाटन हिण्डालको के सीईओ समीर नायक ने किया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि ने दोनों तरफ के खिलाड़ियों का परिचय प्राप्त किया मीडिया 11 ने टॉस जीतकर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया पहले बल्लेबाजी करते हुए हिंडालको इलेवन ने दस ओवर में सात विकेट पर 77 रन बनाये। लक्ष्य का पीछा करने उतरी मीडिया इलेवन की टीम दस ओवर में मात्र 53 रन ही बना सकी। बेस्ट गेंदबाज का खिताब मीडिया इलेवन के कप्तान जीके मैदान एवं बेस्ट बल्लेबाज का खिताब हिण्डालको इलेवन के पदमाकर को मिला। इस अवसर पर समीर नायक ने कहा कि एक अच्छे शरीर में एक अच्छे मन बसता हैं, तथा क्रिकेट मैंच से खेल भावना के साथ साथ टीम भावना का भी विकास होता हैं। आये हुए खिलाड़ीयों का स्वागत जन सम्पर्क अधिकारी यशवन्त सिंह नें किया तथा आभार सहायक जनसम्पर्क अधिकारी प्रशांत श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पत्रकार एवं हिण्डालको के अधिकारी कर्मचारीगण मौजूद रहे।

निरंकारी मिशन ने गोमती के रामघाट पर की सफाई

जौनपुर। संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु स्वच्छ जल, स्वच्छ मन, परियोजना के तृतीय चरण को साकार रूप देने के लिए गोमती नदी के तट रामघाट पर सफाई कार्य का शुभारंभ इंद्र नंदन सिंह नगर मजिस्ट्रेट द्वारा किया गया। रविवार को सैकड़ो की संख्या में मिशन के सेवादारों व श्रद्धालुओं द्वारा श्यामलाल साहू संयोजक व अमरनाथ विश्वकर्मा क्षेत्रीय संचालक, के नेतृत्व में सफाई का कार्य किया। इसके अलावा प्रोजेक्ट अमृत परियोजना के तहत जौनपुर जोन के 43 शाखाओं में अलग-अलग जगह नदी, घाट, तालाबों पर सभी शाखाओं के मुखी महात्मा, संचालक, शिक्षक, सहित सेवा दल के लोगों ने इस स्वच्छता अभियान में सम्मिलित होकर सफाई का कार्य किये। शाहगंज क्षेत्र का नेतृत्व क्षेत्रीय संचालक राजेश प्रजापति ने किया।

महिलाओं व बालिकाओं को किया जागरूक

आजमगढ़। महिलाओं और बालिकाओं के सुरक्षार्थ व स्वालंबन हेतु चलाये जा रहे मिशन शक्ति अभियान फेज-05 के तहत पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के निर्देशन पर विभिन्न थाना क्षेत्रों में अभियान चलाकर उन्हें जागरूक किया गया। जिले के सभी थानों में गठित मिशन शक्ति टीम द्वारा महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा व सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु महिला एवं बच्चों से संबंधित समस्याओं एवं मुद्दों पर समझ बनाना, घरेलू हिंसा से संरक्षण, दहेज प्रतिषेध, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न निवारण, पॉक्सो, बाल विवाह प्रतिषेध और महिलाओं की गरिमा के विरुद्ध प्रमुख अपराधों की जानकारी दी गयी। इसी के साथ ही महिला हिंसा से संबंधित अन्य शिकायतों के निवारण हेतु वीमेन पावर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, सीएम हेल्पलाइन नंबर 1076, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, वन स्टाप सेंटर 181, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930, स्वास्थ्य सेवा हेल्पलाइन नंबर 102, एंबुलेंस सेवा 108, जनसुनवाई पोर्टल, स्थानीय थाने की हेल्प डेस्क, राष्ट्रीय/राज्य महिला आयोग के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

महाकुंभ से लौट रही पिकप पलटी, 15 श्रद्धालु घायल

आजमगढ़। फूलपुर कोतवाली के शाहगंज- आजमगढ़ मार्ग पर पलिया गांव के पास रविवार की सुबह प्रयागराज महाकुम्भ से स्नानकर बिहार के सिवान जनपद लौट रहे श्रद्धालुओं की पिकअप टायर फटने से पलट गई। पिकअप से में सवार छह महिलाओं सहित 15 लोग घायल हो गए। घायलो का सीएचसी में उपचार चल रहा है। बिहार के सिवान जनपद के जीरा देवई थाना क्षेत्र के ककरहट्टी, सोनबरसा और मैरवा गांव के 16 लोग पिकअप से माहकुम्भ में स्नान करने केलिए प्रयागराज गए थे। शनिवार को स्नान करने के बाद रात करीब आठ बजे सिवान जाने के लिए पिकअप से निकले। जौनपुर के शाहगंज होते हुए रविवार की सुबह फूलपुर कोतवाली के पलिया गांव के पास पहुंचे। इस दौरान पिकअप का अलगा टायर फटने से पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे में पिकअप में सवार सभी लोग घायल हो गए। दुर्घटना के बाद अफरा तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने घायलो को पिकअप से निकाला। एंबुलेंस से घायलो को फूलपुर सीएचसी में भर्ती कराया गया है।

रिश्वत लेते रंगे हाथ दरोगा गिरफ्तार, विभाग में हड़कंम

मीरजापुर। जनपद पुलिस की साख पर धब्बा लग गया, यहां घूस लेते हुए एक उपनिरीक्षक गिरफ्तार किए गए हैं। थाना जिगना में तैनात उपनिरीक्षक शकील अहमद को एंटी करप्सन की टीम ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया। टीम ने नगद रुपए के साथ उपनिरीक्षक को गिरफ्तार करने के बाद विधिक प्रक्रिया पूरी कर गिरफ्तार दरोगा को अपने साथ ले गई। जानकारी होते ही महकमें में हड़कंप मचा गया। बताते हैं कि, यह पूरी कार्रवाई एक पत्रकार की शिकायत पर हुई। एंटी करप्शन की टीम ने जिगना थाना पर तैनात उपनिरीक्षक को पांच हजार की घुस लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया, जिनको लेकर क्षेत्र में खूब चर्चा होती रही है। क्षेत्र के चर्चित गोगांव गांव के कछूआ सेंचुरी क्षेत्र में अवैध खनन व परिवहन के आरोप में खनन विभाग द्वारा पूर्व में एक नामजद समेत 10 -15 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कर बालू लदा एक ट्रैक्टर ट्राली को पकड़ा गया था। मामले में ट्रैक्टर चालक को जेल भेज दिया गया था। उक्त गांव निवासी प्रमोद कुमार सिंह पुत्र मनिक बहादुर सिंह जो एक दैनिक अखबार के जिला संवाददाता है, को जिगना थाना पर तैनात उपनिरीक्षक शकील अहमद द्वारा पांच हजार ना देने पर मुकदमें में फंसाने को लेकर बार बार प्रताड़ित किए जाने लगा। इसकी शिकायत प्रमोद कुमार सिंह ने एंटी करप्शन टीम से कर दी थी। शिकायत पर टीम ने जाल बिछाया, कि शनिवार को शाम जिगना थाना पर तैनात उपनिरीक्षक शकील अहमद थाना से चन्द कदम दूर रह रहे अपने कमरे के अन्दर प्रमोद कुमार सिंह से पांच हजार की घुस लेते एंटी करप्शन की टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। उसके बाद हाथ धुलवाकर सत्यता पाए जाने पर दरोगा को अपने साथ लेकर चली गई। एंटी करप्शन टीम द्वारा दरोगा को रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार किए जाने के बाद हड़कंप मच गया।

जिलाधिकारी के आदेश के बावजूद अवैध निर्माण पूरा, टीन शेड लगा

जौनपुर। बिना भवन मानचित्र स्वीकृत कराये तथा व्यवहार न्यायालय से स्थगन आदेश पारित रहने के उपरान्त विपक्षी द्वारा किए जा रहे विधि विरुद्ध निर्माण पर रोकने के सम्बन्ध में लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला कन्हईपुर वाजिदपुर निवासी डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह ने प्रार्थना पत्र में कहा है कि भू.सं. 11 स्थित ग्राम कन्हईपुर, परगना हवेली, तहसील-सदर, बंजर खाते की भूमि है, इस सम्बन्ध में वाद उच्च न्यायालय प्रयागराज में लम्बित है तथा स्थगन आदेश भी प्रभावी है। साथ ही व्यवहार न्यायालय से भी स्थगन आदेश पारित है, के उपरान्त भी विपक्षी बीरबल पुत्र रामप्रताप एवं उनके पुत्रगण द्वारा जबरदस्ती अवैध निर्माण कार्य करते हुए वरिष्ठ पत्रकार डॉ. ज्ञान प्रकाश सिंह की खिड़की व रोशनदान बंद करने का उपक्रम किया जा रहा है। उन्होंने शनिवार को डीएम से कार्य रोकने का आग्रह किया तो डीएम ने तहसीलदार के नेतृत्व में राजस्व टीम भेजकर कार्य रोकवाने का आदेश दिया और टीम मौके पर पहुंच कर कार्य रोकवा दिया लेकिन रविवार को बीरबल पुत्र रामप्रताप द्वारा आदेश की अवहेलना करते हुए निर्माण कार्य कराया गया। अंततः कार्य पूरा कराकर टीन शेड लगवा दिया गया।

परीक्षा के दायित्व में लापरवाही होगी कार्यवाहीः डीएम

जौनपुर। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर जिलाधिकारी डॉ0 दिनेश चंद्र द्वारा जलालपुर ब्लॉक स्थित रामरूप सर्वोदय इंटर कॉलेज पहुंचकर परीक्षा की तैयारियों का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान स्ट्रांग रूम, सीसीटीवी, परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था, पेयजल सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। सीसीटीवी सक्रिय पाया गया तथा सभी कक्षाओं में रोल नंबर स्लिप चस्पा होना भी पाया गया। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि परीक्षा के दौरान ड्यूटी पास सभी के पास होनी चाहिए। परीक्षा को सकुशल, नकलविहीन तथा शुचितापूर्ण ढंग से संपादित कराने का दायित्व जिन्हें भी सौंपा गया है वे सभी अपने दायित्वों का निर्वहन सजगता के साथ करेंगे।

बजट गरीबों, युवाओं, किसानों के लिए शानदारः गोविंद शुक्ला

जौनपुर। केन्द्र सरकार द्वारा पेश किये गये बजट पर एक संगोष्ठी कलेक्ट्रेट स्थित प्रेक्षागृह मे जिलाध्यक्ष मछली शहर रामविलास पाल के अध्यक्षता मे आयोजित की गई। मुख्य अतिथि गोविंद नारायण शुक्ला रहे। इसके पहले जौनपुर स्थित एक होटल मे बजट पर मुख्य अतिथि ने प्रेस वार्ता की जिसमे आये हुये पत्रकारों को सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि पेश किया गया बजट विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहायक बनेगा। यह गरीब, युवा, अन्नदाता और नारी शक्ति का बजट है। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में नंबर एक मे पहुंचाने में सहायक साबित होगा। मोदी सरकार द्वारा लाया गया एक दूरदर्शी बजट है। जो विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में मददगार साबित होगा। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने हमेशा राष्ट्र निर्माण में मध्यम वर्ग की सराहनीय ऊर्जा और क्षमता पर विश्वास किया है। उनके योगदान को मान्यता देते हुए, सरकार ने समय-समय पर उनके कर के बोझ को कम किया है। आत्मनिर्भर भारत का यह बजट स्वतंत्रता के 100वें वर्ष के नए भारत की नींव बनेगा। इस बजट में देश के हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में यह बजट भारत को विश्व की अग्रणी अर्थव्यवस्था बनाने में सहायक सिद्ध होगा। यह बजट गरीबों, युवाओं, किसानों और महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाएगा। मुख्य अतिथि सीमा द्विवेदी ने कहा कि बजट में रोजगार के सभी क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। पिछले 10 वर्षों में, मोदी सरकार के विकास ट्रैक रिकॉर्ड और संरचनात्मक सुधारों ने अंतरराष्ट्रीय ध्यान आकर्षित किया है। इस सरकार के पहले दो कार्यकालों के दौरान किए गए परिवर्तनकारी कार्य एक मार्गदर्शक के रूप में कार्य करते हैं, जिससे यह सरकार दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ने में सक्षम हुई है। जिलाध्यक्ष मछलीशहर ने कहा बजट विकसित भारत के सपने को साकार करने में सहायक बनेगा। यह आम आदमी का बजट है। यह गरीब, युवा, अन्नदाता व नारी शक्ति का बजट है। यह बजट देश की अर्थव्यवस्था को विश्व में नंबर एक पहुंचने में सहायक साबित होगा। वित्त मंत्री सीतारमण ने बजट मे कई अच्छे बिंदुओं को उठाया है, जिससे मध्यम वर्ग सहित विभिन्न क्षेत्रों को लाभ मिलेगा।

हर्षोल्लास से मनायी गाडगे की जयंती

जौनपुर। नगर केकेराट कोट (केरारवीर मन्दिर) स्थित नवनिर्मितश्री संत गाड्गे धोबी धर्मशाला प्रांगढ़ में धोबी कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष संजय कुमार कन्नौजिया की अध्यक्षता में गाडगे जयंती समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ गाड्गे की प्रभातफेरी भंडारी स्टेशन से आरम्भ होते हुये नगर के मुख्य मार्गो सुतहट्टी चौराहा, कोतवाली चौराहा, चहारसू चौराहा, ओलन्दगंज होते हुये केरारवीर नवनिर्मित श्री संत गाडगे धोबी धर्मशाला में सभा के रुप में परिवर्तित हुआ। मुख्य अतिथि गरिशचन्द्र यादव, राज्य मंत्री व विशिष्ट अतिथि ज्ञान प्रकाश सिंह वरिष्ठ भाजपा नेता, शैलेंद्र कुमार कनौजिया एसडीएम सदर, अजीत कुमार रजक सीओ केराकत, मनोरमा मौर्य अध्यक्ष नगर पालिका परिषद, दिनेश टण्डन द्वारा पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलित कर सभा का शुभारम्भ हुआ। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज समाज जागरुक हो चुका है सरकार सभी समाज के लोगों को आगे बढ़ाने में महतपवूर्ण योगदान दे रहा है। संजय कुमार कन्नौजिया ने कहा आज समाज जाग उठा है और संगठित है जो समाज के हित में कार्य करेगा समाज उससे कंधे से कंधा मिलाकर एक दूसरे का सहयोगी बनेगा। दिनेश चौधरी ने कहा युवाओं को समाज को उचाई पर लाने के लिए आगे आना होगा। संचालन सुनील कुमार कन्नौजिया ने किया। राजकुमार, नन्दलाल, हरिशंकर, श्याम कुमार, राकेश, रमेश, जिलाध्यक्ष डॉ. दिनेश कन्नौजिया, अनूप, शैलेश आदि उपस्थित रहे।

हादसे का इंतजार कर रहा विद्युत विभाग

जौनपुर। नगर पंचायत कजगांव में वर्षों से लगा विद्युत पोल मौत का दावत दे रहा। उक्त पोल को बदवाने की बजाय किसी हादसे का इंतजार कर रहा है। इससे यह प्रतीत होता है कि जिम्मेदार लोग पूरी तरह से कुम्भकर्णी निद्रा में लीन हैं। नई बाजार चौराहा से सलखापुर मार्ग पर विद्युत पोल खराब हो कर दीवार पर वर्षों से लटका है। इस समस्या को विद्युत विभाग के जिम्मेदार लोग पूरी तरह से अनदेखा करते हुए किसी बड़े हादसे का इन्तजार कर रहे हैं कि कोई बड़ा हादसा हो तो तब इस विधुत पोल को ठीक कराया जाय। दूसरी ओर इस मार्ग से आने-जाने वाले राहगीर व आस-पास रहने वाले दुकानदारों के लिए यह विद्युत पोल मौत का दावत दे रहा हो। यदि समय रहते उक्त पोल को नहीं बदला गया तो कब किसके साथ बड़ा हादसा हो जायेगा।

एनसीएल का अभ्युदय मेला आयोजित

सोनभद्र। सिंगरौली स्थित कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लि. ने भारतीय संस्कृति एवं सामाजिक विकास की अभिवृद्धि पर आधारित अभ्युदय मेला-2025 का भव्य आयोजन किया। एनसीएल मुख्यालय के सिंगरौली स्टेडियम में आयोजित इस मेले के दौरान सिंगरौली के कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, सीएमडी, एनसीएल, बी. साईराम, एसपी सिंगरौली, मनीष खत्री, निदेशक (कार्मिक), मनीष कुमार, निदेशक (तकनीकी), जितेंद्र मलिक, निदेशक (तकनीकी/ परियोजना एवं योजना) सुनील प्रसाद सिंह, सीएमओएआई महासचिव सर्वेश सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त कृति महिला मंडल, अध्यक्षा, बीके दुर्गा, एवं उपाध्यक्षा नम्रता कुमार, संगीता नारायण, शोभा मलिक, वीणा सिंह के साथ बतौर अतिथि के रूप में मीनू शुक्ला और लीना खत्री उपस्थित रहीं। साथ ही कृति महिला मंडल की शाखाओं की अध्यक्षा तथा सदस्याओं सहित एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों से क्षेत्रीय महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष, अधिकारी व कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित रहे। अभ्युदय मेले में अलग-अलग विषय पर 70 से अधिक स्टॉल लगाए गए थे। एनसीएल के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक बी.साईराम एवं सिंगरौली जिले के कलेक्टर चंद्रशेखर शुक्ला, एसपी मनीष खत्री, एनसीएल के निदेशकगण ने विविधताओं से परिपूर्ण एक-एक स्टॉल्स का भ्रमण कर स्टॉल संचालकों से रूबरू हुए और उनके प्रयासों को सराहा। मेले का खास आकर्षण एनसीएल की विभिन्न महिला समितियों के द्वारा प्रदर्शित विभिन्न वस्तुएं जैसे जूट से निर्मित विभिन्न उपयोगी वस्तुएं, कपड़े, आचार, मुरब्बा, लिप्पन क्राफ्ट्स, बैग्स, वेस्ट से बेस्ट के तहत निर्मित समान एवं अन्य उपयोगी वस्तुएं रहीं। भारत सरकार के वोकल फार लोकल की भावना का भी मेला साक्षी बना। अभ्युदय मेले में सिंगरौली वआस-पास के विभिन्न उद्योगों ने स्टॉल्स लगाए जिसमें, गौ-उत्पाद, हस्तशिल्प (कुटीर उद्योग) बांस कला और शिल्प, एनसीएल सीएसआर के तहत संचालित सैनिटरी नैपकिंस उत्पादन केंद्र द्वारा निर्मित नैपकिंस, अहिल्या बाई स्व सहायता समूहदसेमुआर द्वारा निर्मित हस्तशिल्प वस्तुएं, आकर्षण की केंद्र रहीं।

मंडलायुक्त की अध्यक्षता में स्वास्थ्य मिशन की बैठक संपन्न

मीरजापुर। मंडलायुक्त विंध्याचल मंडल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में मण्डलीय अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक, मण्डलीय कार्यक्रम, लेखा प्रबन्धक व अन्य मण्डलीय टीम के साथ मण्डल के समस्तसीएमओ एवं अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा प्रतिभाग किया गया। समीक्षा बैठक का आरम्भ विगत बैठक में दिये गये निदेर्शों के अनुपालन पर चर्चा से की गई। बैठक में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन से आच्छादित विभिन्न कार्यक्रमों जैसे वित्तीय प्रगति समीक्षा, एचएमआईएस कार्यक्रम की समीक्षा, कम्युनिटी प्रोसेस कार्यक्रम की समीक्षा, शहरी स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम की समीक्षा व क्वालिटी एश्योरेंश कार्यकम राष्ट्रीय क्षयरोग कार्यक्रम की समीक्षा के साथ ही यूनिसेफ एवं अन्य सहयोगी संस्था समर्थित कार्यक्रमों की समीक्षा भी की गई। समीक्षा बैठक में मंडलायुक्त द्वारा समस्त कार्यक्रमों की गहन समीक्षा करते हुए, कम प्रगति वाले बिन्दुओं पर अप्रसन्नता व्यक्त करते हुए, 15 दिवस में सुधारात्मक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। मंडलायुक्त द्वारा यह निर्देशित किया गया कि आगामी त्योहारों महाशिवरात्रि एवं होली के दृष्टिगत समस्त चिकित्सा इकाईयों पर जीवन रक्षक औषधियों, मेडिकल उपकरण व एम्बुलेंस आदि की समुचित व्यवस्था करना सुनिश्चित करे।

मण्डलायुक्त ने राजस्व विभाग अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों की जानकारी ली

मीरजापुर। मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल बालकृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में राजस्व विभाग अन्तर्गत संचालित कार्यक्रमों की समीक्षा बैठक आहूत की गई। बैठक में अपर आयुक्त प्रशासन डॉ विश्राम, एडीएम शिव प्रताप शुक्ल, एडीएम वि/रा भदोही, एडीएम वि/रा सोनभद्र, एडीएम भू/रा सत्य प्रकाश सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहें। सीएम डैशबोर्ड राजस्व से सम्बन्धित की समीक्षा में मण्डल के तीनों जनपदो को 17 मदो में ए प्लस श्रेणी प्राप्त हुई हैं। मण्डलायुक्त ने बी व सी श्रेणी वाले विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा अगले माह योजनाओं में व्यक्तिगत रूचि लेकर प्रगति में सुधार लाते हुए ए प्लस श्रेणी लाना सुनिश्चित करें। जिन मदो में ए प्लस श्रेणी प्राप्त हुआ है यथा- पेट्रोल पम्पो का सत्यापन मुद्राकंन ए प्लस, मुख्य कृषक दुघर्टना सहायता योजना ए प्लस, औषधि विक्रय लाइसेंस ए प्लस, संकलित नमूना व कृत कार्यवाही खाद्य ए प्लस, एनएफएसएईपीडीएस लाभार्थी ए प्लस, ट्रेड सर्टिफिकेट जारी करनाए प्लस, एलओआई के लिए आनलाइन आवेदन प्रक्रिया ए प्लस, कृषि भूमि से गैर कृषि ए प्लस, अधिवास प्रमाण पत्र ए प्लस, आय प्रमाण पत्र ए प्लस, एकीकृत आपदा राहत प्रबंधन ए प्लस, एंटी भू माफिया ए प्लस, जाति प्रमाण पत्र ए प्लस, भू लेख ए प्लस, साल्वेंसी सर्टिफिकेट ए प्लस, मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष ए प्लस, भूत पूर्व सैनिक हेतु परिचय हेतु आनलाइन सेवाए ए प्लस प्राप्त हुई हैं। मण्डलायुक्त ने नगर मजिस्ट्रेट के बैठक में अनुपस्थित व भवन के मानचित्र में प्रगति खराब होने पर स्पष्टीकरण, प्राधिकरण के सहायक अभियंता के अनुपस्थित रहने पर स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया एवं अपर जिलाधिकारी भू0/रा0 सोनभद्र के कुछ मदो में प्रगति खराब होने पर कड़ी चेतवानी देते हुए निर्देशित किया कि अगले माह प्रगति में सुधार लाएं। आईजी आर एस समीक्षा में मण्डल के तीनों जनपदो के अत्यधिक फीडबैंक आ रहे है, जिस मण्डलायुक्त ने कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए मण्डल के तीनो जनदों आईजीआरएस के नोडल अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे स्वंय इसकी समीक्षा करे।

संत गाडगे की मनायी जयंती

सोनभद्र। अपना दल एस के कार्यकर्ताओं ने संत गाडगे महाराज की जयंती कार्यक्रम जिलाध्यक्ष अंजनी पटेल के अध्यक्षता में रविवार को मनाई। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष (युवा मंच आनंद पटेल दयालु विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव (युवा मंच) आलोक पाण्डेय व प्रदेश सचिव (अल्पसंख्यक मंच) महताब आलम सम्मिलित हुए। जयंती कार्यक्रम का सफल संचालन जिला महासचिव संकट मोचन झा द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि विशिष्ट अतिथि गण व साथ में जिलाध्यक्ष द्वारा संत गाडगे महाराज के प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर किया गया। जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यातिथि आनंद पटेल दयालु ने कहा कि, संत गाडगे महराज अंधविश्वास के विरुद्ध संघर्ष व रूढ़िवादी परंपराओं व अंधविश्वास के खिलाफ जागरूकता फैलाई। गरीबों के मसीहारू उन्होंने भिक्षा में मिले धन से स्कूल, धर्मशालाएँ और गौशालाएँ बनवाई, जिससे समाज का भला हो सके। शिक्षा को बढ़ावारू उन्होंने शिक्षा को समाज सुधार का मुख्य माध्यम माना और कई शिक्षण संस्थान स्थापित किए। विशिष्ट अतिथि आलोक पाण्डेय ने जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, गाडगे बाबा जी का मानना था कि ह्यस्वच्छता ही भगवान की पूजा है। विशिष्ट अतिथि महताब आलम ने जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमें संत गाडगे महाराज के विचारों को अपनाकर स्वच्छता, शिक्षा और समाज सेवा के कार्यों में योगदान देना चाहिए। संबोधन के क्रम में जिलाध्यक्ष अंजनी पटेल जयंती कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, संत गाडगे महाराज एक महान समाज सुधारक, संत, और शिक्षाविद् थे, जिन्होंने महाराष्ट्र और पूरे भारत में स्वच्छता, शिक्षा और समाज सेवा के माध्यम से गरीबों और वंचितों के उत्थान के लिए कार्य किया।

संक्षेप

बरवां उपाध्याय के मृतकों के श्रद्धांजलि समारोह में पंहुचे वैश्य समाज के लोग

देवरिया। खुखुन्दू थाना क्षेत्र के बरवां उपाध्याय में विगत 6 फरवरी को तेज रफ्तार बाइक चलाने से मना करने के विवाद में हुए दो लोगों की हत्या में के विरोध में वैश्य समाज के लोगों बरवां उपाध्याय गांव पहुंचकर श्रद्धांजलि सभा आयोजित किया। श्रद्धांजलि सभा में जनप्रतिनिधियों समेत जिले के विभिन्न क्षेत्रों के वैश्य समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। जनप्रतिनिधियों समेत अन्य समाज के लोग ने पीड़ित परिवार की आर्थिक मदद भी की। सभा में परिवार के सदस्य को नौकरी देने, हत्यारोपियों को फांसी व खुखुन्दू थानाध्यक्ष के खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की मांग कखुखुंदू थाना क्षेत्र के बरवां उपाध्याय में विगत 6 फरवरी को तेज रफ्तार बाइक चलाने से मना करने पर गांव के दिनेश गुप्ता व तारकेश्वर गुप्ता की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। रविवार को मृतकों के श्रद्धांजलि कार्यक्रमजिसमें जिले के विभिन्न स्थानों ने वैश्य समाज के लोग व जनप्रतिनिधी पंहुचे।

हाईस्कूल और इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा आज से शुरू

कुशीनगर। आगामी बोर्ड परीक्षा की सुचिता एवं पवित्रता बनाए रखने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त ने विभिन्न विद्यालयों का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने सीटिंग अरेंजमेंट, ऑनलाइन मॉनिटरिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं की गहन जांच किया। जिला विद्यालय निरीक्षक श्री गुप्त पडरौना नगर के रामकोला रोड स्थित हनुमान इंटरमीडिएट कॉलेज में देर शाम लगभग 7 बजे सीटिंग प्लानिंग की गहनता से जांच किया और मिक्स सीटिंग प्लान के अनुसार ही विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर सीटिंग अरेंजमेंट दिखने का भी निर्देश दिया। साथ ही निर्देश दिया कि बोर्ड नियमावली का कड़ाई से पालन किया जाए और 24+7 के क्रम में सीसीटीवी कैमरो को संचालित करने का निर्देश दिया तथा कहा कि कुछ विद्यालयों में जहां के कैमरों से स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा है। उन्हें ऑनलाइन उनको निर्देशित किया कि ऐसे विद्यालय जहां कैमरे से स्पष्ट दिखाई नहीं दे रहा है वह कैमरो को तत्काल ठीक करा लें।

- जिला विद्यालय निरीक्षक ने ऑनलाइन सीट प्लानिंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का लिया जायजा

जिससे कि स्पष्ट दिखना शुरू हो जाए। हनुमान इंटर कॉलेज में औचक निरीक्षण के समय विद्यालय के परीक्षा विभाग के विवेक शर्मा सारस्वत, कैलाशपति दिवाकर यादव, उशेष पांडेय, उमेश प्रसाद, अवधेश कुमार, ईश्वर चंद, सर्वेश कुमार दुबे, राहुल कुशवाहा सभी लोग डेस्क स्लिप लगाते हुए पाए गए और बोर्ड परीक्षा के नियमानुसार सीटिंग अरेंजमेंट देखा गया। विद्यालय के प्रधानाचार्य शैलेंद्र दत्त शुक्ल ने जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार को लाइव टेलीकास्ट होते हुए कमरों का निरीक्षण कराया और स्ट्रांग रूम के विषय में जानकारी दी। जिस पर जिला विद्यालय निरीक्षक ने प्रसन्नता व्यक्त किया।

नकल विहीन परीक्षा संपन्न कराने को जिला प्रशासन ने कसी कमर

देवरिया। माध्यमिक शिक्षा परिषद की परीक्षा आज से जिले में परीक्षा केंद्रों की चौक बंद सुरक्षा व्यवस्था और जिला प्रशासन की व्यवस्था के बीच सीसीटीवी कैमरों की नजर में शुरू होगी। जिले के 179 परीक्षा केन्द्रों पर कुल 1लाख 26 हजार 159 परीक्षार्थी परिषद देंगे जिनमें हाई स्कूल के 59 हजार 176 और इंटरमीडिएट के 66 हजार 983 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बोर्ड परीक्षा नकल विहीन संपन्न कराने के लिए विभाग और प्रशासन द्वारा तैयारी को अंतिम रूप दे दिया गया है। सभी परीक्षा केन्द्रों सीसीटीवी कैमरे की जड़ में होंगे। परीक्षार्थी और कक्ष निरीक्षको की हर गतिविधि पर कैमरों को नजर होगी। विभिन्न परीक्षा संपन्न करने के लिए परीक्षा केन्द्रों की निगरानी के लिए 6 सचल दल बनाए गए हैं जिनमें डाइट प्राचार्य अनिल कुमार सिंह, डी आई0ओ एस शिव नारायण सिंह, बीएसए शालिनी श्रीवास्तव, एडीओएस नीरज पांडे, आर्यन भारती लेखा अधिकारी मदन मोहन शामिल है।

10 परीक्षा केन्द्रों को संवेदनशील घोषित किया गया है जिनमें श्री बापू इंटर कॉलेज सोहनपुर, सेवाग्राम शिक्षा समिति इंटर कॉलेज जवाहर नगर बाकी, एम एल टी इंटर कॉलेज केसोबारी, संपत इंटर कॉलेज खोराराम, नैन कुमारी जगत नारायण इंटर कॉलेज सकतुआ बुजुर्ग, श्रीमती पाना देवी इंटर कॉलेज सरेनी बंजरिया, मोहम्मद मीर अली मेमोरियल शिक्षा निकेतन इंटर कॉलेज कुठिलवा, शिव विद्या मंदिर इंटर कॉलेज कोला, जनक दुलारी गौरीशंकर इंटर कॉलेज डुमरी, इंटर कॉलेज तिलौली सोहनाग शामिल है।

जिले में नकल बिन और शांतिपूर्ण परीक्षा संपन्न करने के लिए तीन सुपर जोनल मजिस्ट्रेट तैनात किये गये हैं जिनमे सीडीओ प्रतीक पांडेय, एडीएम वित्त अरुण कुमार राय और मुख्य राजस्व अधिकारी शामिल हैं। केंद्रों पर जोनल मजिस्ट्रेट के रूप में सभी पांचो तहसील के एसडीएम और सदर तहसील के तहसीलदार तैनात किए गए हैं। सेक्टर मैजिस्ट्रेट के रूप में 26 और स्टेटिक मजिस्ट्रेट के रूप में सभी परीक्षा केंद्रों 179 अधिकारियों, कर्मचारियों को तैनात किया गया है। दो पालियोंयों में होने वाली परीक्षा के लिए केन्द्रों की सुरक्षा व्यवस्था को भी चाकचौबंद किया गया है। प्रश्न पत्रों की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा के अलावा रात में परिचरों की तैनाती की गई है।

आवासीय परिसर और पुलिस चौकी का निरीक्षण

देवरिया। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर द्वारा सेन्टर पुलिस चौकी देवरिया का निरीक्षण किया गया। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस आवासीय परिसर में जारी मरम्मत कार्यों एवं सेन्टर पुलिस चौकी देवरिया का व्यापक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता परखने के साथ ही चौकी की सुरक्षा व्यवस्था एवं संसाधनों की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय ने पुलिसकर्मियों के आवासों की स्थिति का गहन अवलोकन किया तथा आवश्यक मरम्मत कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने निर्माण कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतने के निर्देश दिए और कहा कि पुलिसकर्मियों को बेहतर आवासीय सुविधाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने अधीनस्थ अधिकारियों से कहा कि सभी निर्माण कार्य तय समय सीमा के भीतर एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूरे किए जाएं। उन्होंने यह भी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए कि आवासीय परिसरों में स्वच्छता बनी रहे और आवश्यक मूलभूत सुविधाएं जैसे जल आपूर्ति, विद्युत आपूर्ति एवं जल निकासी की उचित व्यवस्था की जाए। इसके उपरांत पुलिस अधीक्षक ने सेन्टर पुलिस चौकी देवरिया का निरीक्षण किया। उन्होंने चौकी में उपलब्ध संसाधनों, ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों की उपस्थिति, अपराध नियंत्रण की रणनीतियों एवं शिकायत निस्तारण प्रणाली की विस्तृत समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुलिसकर्मियों से संवाद कर उनकी समस्याओं को जाना एवं उन्हें मनोबल बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि चौकी में आने वाले प्रत्येक शिकायतकर्ता के साथ संवेदनशील व्यवहार किया जाए तथा उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित किया जाए। पुलिस अधीक्षक ने सेन्टर पुलिस चौकी के प्रभारी को निर्देशित किया कि क्षेत्र में गश्त व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाया जाए एवं किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत जांच की जाए। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भी आपात स्थिति में पुलिस बल त्वरित कार्रवाई करने के लिए पूरी तरह तैयार रहे। इस दौरान सेन्टर चौकी प्रभारी उ0नि0 श्री अभिमित कुमार मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक महोदय ने स्पष्ट किया कि पुलिस कर्मियों की सुविधाओं एवं जनसुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी तथा इस दिशा में ठोस कदम उठाए जाते रहेंगे।

संत निरंकारी बाबा हरदेव जी की जयंती पर की साफ सफाई

देवरिया। संत निरंकारी बाबा हरदेव जी महाराज के जन्मदिन को संत निरंकारी मिशन भटनी दादन जनपद देवरिया ब्रांच द्वारा प्रोजेक्ट अमृत के तीसरे चरण के तहत स्वच्छ मन स्वच्छ जल के तहत छठ घाट एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरा दौला कदम परिसर का साफ सफाई स्वयंसेवकों एवं मिशन से जुड़े लोगों द्वारा किया गया। जिसमें मुख्य रूप से जिला पंचायत सदस्य एसोसिएशन उत्तर प्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पांडेय, प्रधान संघ के शाही देवरिया के ब्लॉक अध्यक्ष जमुना शरण मद्धेशिया, उदय प्रताप मुखी, डॉक्टर रजनीश यादव, रामसूरत सिंह, डॉक्टर नथुनी कुशवाहा, दीपक प्रजापति, चंद्रदीप जी, आर के जी बहन सुनीता, बहन काजल, अंगिरा, कृति, आकाश विश्वकर्मा साहित्य सैकड़ो लोगों ने सफाई अभियान में सहयोग किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए प्रदेश अध्यक्ष कमलेश पांडेय ने कहा कि संत निरंकारी मिशन से जुड़े सभी सेवादार एवं सहयोगी बधाई के पात्र हैं कि बाबा हरदेव सिंह जी के जन्मदिन को स्वच्छता के रूप में पूरे देश में प्रोजेक्ट अमृत के तीसरे चरण के तहत साफ सफाई करके मना रहे हैं। बाबा हरदेव जी हमेशा कहा करते थे कि प्रदूषण चाहे अंदर हो या बाहर वह हानिकारक होता है। इसलिए हर जगह की सफाई समय-समय पर किया जाना चाहिए। बाबा हरदेव जी की इच्छा थी कि मिशन से जुड़े सभी लोग जल स्रोत बना रहे और स्वच्छ रहे। ताकि जीवन जीने में स्वच्छ जल का बड़ा मतलब और महत्व होता है का सदैव बचाव करने का कार्य करें। ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष यमुना शरण मद्धेशिया ने कहा कि संत हरदेव सिंह जी महाराज समाज के लिए तब भी आदर्श थे आज भी उनके नहीं रहने पर हम उन्हें आदर्श के रूप में उनके मिशन को आगे बढ़ा रहे हैं। भटनी दादन ब्रांच के मुखी उदय प्रताप जी ने कहा कि अमृत प्रोजेक्ट के तीसरे चरण के तहत इस साल हम सभी मिशन से जुड़े लोग बहनों के साथ छठ घाट एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पिपरा दौला कदम चयन करके साफ सफाई कर रहे हैं ताकि जल का संचय हो जल स्वच्छ हो और इसका फायदा जन-जन को मिल सके।

महाकुंभ स्नान के लिए भटनी स्टेशन पर श्रद्धालुओं का उमड़ रही भीड़

भटनी(देवरिया)। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर प्रयागराज महाकुम्भ के श्रद्धालुओं का जन सैलाब महाँ शिवरात्रि के अमृत स्नान को लेकर शाम से उमड़ता दिखने लगा। नजारा ये

- मेला स्पेशल ट्रेन आते ही मुस्तैद रेलवे प्रशासन
- ट्रेन का फाटक नहीं खोलने पर उग्र हो रहे श्रद्धालु

था कि पहले समय से प्लेटफार्म पर ही खड़े होने की जगह मिल जाए उसके बाद ट्रेन में चढ़ने के लिए युद्धस्तर की तैयारी में दिखने लगे श्रद्धालु। बीती रात जैसे ही मेला स्पेशल ट्रेन रात को अपने समय से करीब 9:20 पर प्लेटफार्म नम्बर चार पर आकर रुकी उससे पहले जी आर पी व आर पी एफ पुलिसकर्मियों का जत्था यात्रियों की सुविधा और सुरक्षा व्यवस्था में तैनात हो गयी। लेकिन जब ट्रेन प्लेटफार्म पर रुकी तो देवरिया से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ से हर एक बोगी पहले से ही खचा खच भरी नजर आने लगी। और हर बोगी को श्रद्धालु अन्दर से ही बन्द कर दिये थे जिसे खोलवाने के लिए रेलवे प्रशासन और पुलिसकर्मियों को नाको चने चबाने पड़े।

श्रद्धालु चढ़ने की जद्दोजहद में फाटक पीटते नजर आने लगे और कुछ ने तो ट्रेन के अन्दर बैठे श्रद्धालुओं के ऊपर पानी और बोतल फेकने लगे। उग्र होते श्रद्धालुओं को देख पुलिस प्रसाशन मूकदर्शक बनी रही। मेला स्पेशल ट्रेन प्लेटफार्म नम्बर चार पर लगभग 10 मिनट तक रुकी रही लेकिन प्लेटफार्म पर मौजूदा भीड़ का हिस्सा सिर्फ 20 प्रतिशत ही चढ़ पायी और बचे हुए श्रद्धालुओं तो हिम्मत जुटा के भी नही चढ़ पाये। ट्रेन जाने के बाद भी स्टेशन श्रद्धालुओं की भीड़ से खचा खच भरा रह रहा है।

5 गोवंशीय पशु बरामद, तस्कर गिरफ्तार

देवरिया। जिले के थाना भाटपार रानी पुलिस ने एक पिकअप वाहन से 5 गोवंशीय पशुओं को बरामद किया। साथ ही एक गो-तस्कर को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक विक्रान्त वीर के निर्देशन में जिले में अपराध और अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान और उड भाटपार रानी के कुशल निर्देशन में मुखबिर की सूचना पर थाना भाटपार रानी पुलिस ने फुलवरिया चौराहे के पास से एक अदद पिकअप वाहन संख्या वढ 52अळ4659 में 5 राशि गोवंशीय पशुओं को बरामद कर लिया। पुलिस ने इस दौरान एक गौ तस्कर को गिरफ्तार किया। पूछताछ में युवक ने अपना नाम और पता सुनील कुमार सिंह पुत्र जवाहर कुशवाहा निवासी ग्राम बड़हरिया थाना श्रीरामपुर बताया। सीओ भाटपार रानी शिव प्रताप सिंह ने बताया कि पुलिस टीम द्वारा बरामद वाहन और गोवंशीय पशुओं को कब्जे में लेते हुए अभियुक्त को गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर गोवध निवारण अधिनियम और 11 पशु क्रूरता निवारण अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर लिया गया है। अभियुक्त के खिलाफ पूर्व में भी खामपार थाना क्षेत्र में एससी एसटी एक्ट में मुकदमा दर्ज है। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाई की जा रही है।

मां अमेठी भगवती मंदिर विकास संस्थान की बैठक संपन्न

देवरिया। मां अमेठी भगवती मंदिर विकास संस्थान रामनाथ देवरिया की बैठक अध्यक्ष देवेंद्र मणि की सदारत में हुई। जिसमें श्री दुर्गा जी की मूर्ति स्थापना दिवस प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 5 मार्च दिन बुधवार को अखंड रामायण पाठ प्रारंभ होकर 6 मार्च दिन बृहस्पतिवार को हवन एवं महाप्रसाद का आयोजन किया गया है। जिसको लेकर कार्यक्रम की रूप रेखा तय की गई और तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक में अखिलेश कुमार त्रिपाठी, मंदिर के पुजारी शिवकुमार पंडित, बालेंदु मणि, दीनानाथ मिश्रा, वैद्य उमेश मिश्रा, राज मणि, एड विनय मिश्रा, विनोद तिवारी, शेषनाथ तिवारी, राजवंशी राजभर, जयप्रकाश कुशवाहा, हनुमान तिवारी, दीनानाथ पासवान आदि उपस्थित रहे।

सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

कुशीनगर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में कल सायंकाल को जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में सड़क सुरक्षा समिति की आवश्यक बैठक की गई, जिसमें लोक निर्माण विभाग से अधिशासी अभियन्ता राजेश सिंह, वरिष्ठ सहायक प्रिन्स कुमार तिवारी, एआरटीओ मोहम्मद अजीम, ट्रेफिक से सत्य प्रकाश सिंह, चिकित्सा विभिाग से डिप्टी सीएमओ डॉ० आरडी कुशवाहा, एनएच पीडब्लूडी गोरखपुर से एमडी राय, डीआईओएस से विजय कुमार राय, बीएसए कार्यालय से सत्येन्द्र कुमार मौर्या, डीसीओ डीके सैनी, विद्यालय से रवि प्रकाश सिंह, मदन चौहान, सुरेन्द्र कुमार यादव, अविनाश प्रकाश, समरजीत मल्ल आदि सदस्यों ने प्रतिभाग किया। पीडब्लूडी के अधिशासी अभियन्ता द्वारा अवगत कराया गया कि उनके अधीन ब्लैक स्पॉट्स प्वाइंट कोईन्दी बुजुर्ग पर लघु सुधारात्मक कार्यवाही की जा चुकी है एवं नये ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्यवाही की जा रही है जिसपर जिलाधिकारी द्वार पीडब्लूडी के अधिशासी अभियन्ता को सुरक्षा उपायों को लेकर जिम्मेदारी से अवगत कराया। इसी क्रम में निर्देशित किया गया कि पीडब्लूडी के अन्तर्गत आने वाले ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्यवाही करें तथा अन्य कार्यदायी संस्था द्वारा पीडब्लूडी के मार्गों पर कराये जा रहे कार्यों की जानकारी रखें। नये ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। एनएचएआई के अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया कि एनएच- 28 पर हाटा एवं फाजिलनगर में ब्लैक स्पॉट्स प्वाइंट हैं जिसपर अंडर पास प्रस्तावित है जिसके क्रम में जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि 2025 में समिति द्वारा चिन्हित वैसे स्थान जहां पर 1 या 1 से अधिक दुर्घटनायें हुए हों. उनपर विशेष ध्यान देते हुए सुधारात्मक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। एआरटीओ द्वारा अवगत कराया गया नो हेल्मेट नो फ्यूल पर कार्य किया जा रहा है। सभी पम्पों को नोटिस कर दिया गया है। यदि कोई पम्प बिना हेल्मेट वाहन चालक को फ्यूल देता है तो उस पर आवश्यक कार्यवाही की जायेगी। सभी पम्पों पर बैनर लगाकर जागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है।

जनवरी में सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान मनाया गया जिसपर जिलाधिकारी ने समस्त सदस्यों को निर्देशित किया कि अपने अपने कार्यालयों के गेट पर नो हेल्मेट नो इन्ट्री का पोस्टर लगायें ताकि कार्यालय के सभी अधिकारी व कर्मचारी जागरूक हों एवं बिना हेल्मेट कार्यालय प्रवेश वर्जित करें। इसी क्रम में पुलिस एवं परिवहन विभाग के अधिकारी को निर्देशित किया गया कि मार्गों पर जो दुर्घटनाओं में व्यक्ति की मौत हो जाती है या व्यक्ति घायल होता है तो उसकी रिपोर्ट में कब, कैसे, क्यों दुर्घटना हुआ इसका जिक्र करें तथा मृत घायल व्यक्ति किस वाहन से था, इसकी जानकारी अगली बैठक में प्रस्तुत करें।

संत निरंकारी मिशन ने चलाया सफाई अभियान

कुशीनगर। प्रोजेक्ट अमृत के अंतर्गत निरंकारी मिशन ने बुद्ध नगरी करुणा सागर घाट पर सफाई अभियान चलाया। इसका उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है, ताकि भावी पीढ़ियों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए जोनल इंचार्ज कमलेश मणि त्रिपाठी ने कहा संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओं को आत्मसात करते हुए वर्ष 2023 में संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से ह्यप्रोजेक्ट अमृतह्न का शुभारंभ किया था।

इस दिव्य पहल का उद्देश्य केवल जल स्रोतों की स्वच्छता सुनिश्चित करना ही नहीं, बल्कि जल संरक्षण को मानव जीवन का अभिन्न अंग बनाने की सोच को विकसित करना है। नदियों, झीलों, तालाबों, कुओं और झरनों जैसे प्राकृतिक जल स्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण को समर्पित इस महाअभियान ने अपने पहले दो चरणों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की। इसी प्रेरणा के साथ, इस वर्ष तृतीय चरण को और अधिक व्यापक, प्रभावी एवं दूरगामी दृष्टि से आगे बढ़ाया गया है, ताकि यह अभियान निरंतर विस्तार पाकर समाज में जागरूकता, सेवा और समर्पण की एक सशक्त लहर उत्पन्न करे। यह वृहद अभियान देशभर में 27 राज्यों एवं केंद्रशासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से भी अधिक स्थानों पर एक साथ आयोजित किया जाएगा। इस महाअभियान की यह अभूतपूर्व व्यापकता इसे एक ऐतिहासिक स्वरूप प्रदान करेगी, जिससे जल संरक्षण एवं स्वच्छता का संदेश और अधिक प्रभावशाली रूप से जन-जन तक पहुंचेगा। केंद्रीय प्रचारक संत निरंकारी मंडल अशोक शास्त्री ने कहा सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज भी अक्सर यही प्रेरणा देते हैं कि हम इस धरती को और भी अधिक सुंदर स्वरूप में छोड़कर जाएं। यह अभियान उसी संकल्प का एक साकार स्वरूप है, जो समाज को जागरूकता, सेवा और समर्पण की दिशा में आगे बढ़ाने का कार्य करेगा। इस कार्यक्रम मे नगर पालिका परिषद कुशीनगर के अध्यक्ष प्रतिनिधि राकेश जायसवाल ने सफाई कार्यक्रम की शुरआत करते हुए मिशन के इस सामाजिक कार्यक्रम की प्रसंशा की और सतगुरु माता सुदीक्षा जी के इस पावन प्रयास के लिए धन्यवाद दिया इस कार्यक्रम मे निरंकारी सेवादल व अन्य साध संगत उपस्थित रहे।

जनरल स्टोर पर शराब बेचते पुलिस ने दबोचा

कुशीनगर। जनपद के कसया थाना क्षेत्र के सपहा चौराहे से तकरीबन एक किलोमीटर आगे सेखवनिया रोड स्टेट बैक के बगल में स्थित विल्लू के जनरल स्टोर व अन्य पान की दुकान पर बेखौफ बिक रही शराब आबकारी अधिनियम व कसया पुलिस की कार्य प्रणाली की धज्जियाँ उडा रही है। हालाकि कि शिकायत पर मौके पर पहुंची पुलिस जनरल स्टोर के मालिक विल्लू सहित दो लोगो को पकडकर थाने लेकर आयी है जहां मैनेज का खेल जारी है। बतादे कि जनपद के कसया, पडरौना सहित कमोबेश सभी थाना क्षेत्रों मे आबकारी अधिनियम की धज्जियाँ उडाते हुए किराना, जनरल स्टोर व पान की दुकानो पर बेखौफ मनमाने दर से देशी व अंग्रेजी शराब के साथ साथ बीयर बेची जा रही है। मजे की बात यह है कि इस बात का खुलासा समय समय पर मीडिया द्वारा समाचार पत्रों के माध्यम से किया जाता रहा है बावजूद इसके आबकारी विभाग और संबंधित थाना क्षेत्र के पुलिस प्रशासन के जिम्मेदार सुरदास बने रहते है। कहना ना होगा कि कसया थानान्तर्गत सपहा चौराहा व सेखवनिया रोड पर विल्लू की जनरल स्टोर की दुकान पर अवैध तरीके से बिक रहे अंग्रेजी शराब व बीयर तो महज एक बानगी है। कसया मे ऐसे तमाम विल्लू है जो जनरल स्टोर, पान व किराना की दुकानो पर अवैध तरीके से शराब रखकर मनमाने दर पर बेच रहे है। सूत्र बताते है कि इन कारोबारियों को कुछ तथाकथित पत्रकार व पुलिस प्रशासन के छोटे ओहदे के खाकी के जवानो का संरक्षण प्राप्त है। यही वजह है कि थाने पर पकडकर लाये गये विल्लू को छुडवाने के लिए मैनेज का खेल चल रहा था। खबर लिखे जाने तक विल्लू थाने मे था किन्तु मुकदमा दर्ज नही हुआ था।

स्काउट -गाइड के संस्थापक का जन्मदिन विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया

कुशीनगर। भारत स्काउट गाइड के संस्थापक के जन्मदिवस पर भारत स्काउट गाइड उत्तर प्रदेश कुशीनगर ने इसे विश्व चिंतन दिवस के रूप में मनाया। जिसमे भारत स्काउट गाइड कुशीनगर के जिला मुख्यायुक्त मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी ने विकास भवन के सभागार में स्काउट गाइड के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल और लेडी बेडेन पावेल के चित्र पर पुष्प अर्पित किया। अपने संबोधन में मुख्य विकास अधिकारी ने सर्व समाज में स्काउट गाइड के उपयोगिता के बारे में अपने विचार साझा करते हुए उपस्थित बच्चों से स्काउट गाइड से जुड़े उनके अनुभव सुना। इसी क्रम में भारत स्काउट गाइड कुशीनगर के कार्यालय पर भी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें डायट प्राचार्य एवम जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी राम जियावन मौर्य, जिला सचिव शैलेन्द्र दत्त शुक्ल, जिला कोषाध्यक्ष मृगेंद्र राघव राव, जिला आयुक्त बुलबुल डॉक्टर सुनीता पांडेय के उपस्थिति में स्काउट गाइड के जन्मदाता लार्ड बेडेन पावेल और लेडी बेडेन पावेल के चित्र पर पुष्पार्चन और दीप प्रज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुभारंभ हुआ। तत्पश्चात सर्व धर्म सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला सचिव ने स्काउट गाइड के क्रियाकलापों के बारे में विस्तृत रूप से सभी को अवगत कराया और आगामी कार्ययोजना पर प्रकाश डाला। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त स्काउट ने सभी से स्काउटिंग में जनपद को प्रथम स्थान दिलाने के लिए आहवान किया।

युवक की मौत के बाद सील नहीं हुआ आरएस हॉस्पिटल

हॉस्पिटल प्रशासन ने दो नर्सो के भरोसे छोड़ दिया था जिंदगी और मौत से जूझ रहे घायल युवको को

कुशीनगर। जिले के कसया एनएच-28 पर स्थित सरस ग्रुप के आरएस हास्पिटल की घोर लापरवाही से मार्ग दुर्घटना में घायल हुए युवक की मृत्यु के बाद भी स्वास्थ्य महकमा कुंभकर्णी निद्रा में है। चर्चा-ए-आम है कि अब तक न तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा आरएस हास्पिटल को सील किया गया और न ही हास्पिटल प्रशासन के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है जो स्वास्थ्य विभाग क्रिया-कलाप पर सवाल बना हुआ है।

काबिलेजिक्र है कि बीते शुक्रवार की देर रात तकरीबन एक बजे पडरौना कोतवाली अन्तर्गत खांव खड्डा में नीलगाय से टकरा कर एक ही बाइक पर सवार नेबुआ नौरंगिया के पड़री निवासी अभय मल्ल, चंदन सिंह व अंकुर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। आसपास के लोगो ने तीनो घायलो को जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सको ने प्राथमिक उपचार कर घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए गोरखपुर मेडिकल कालेज रेफर कर दिया था। बताया जाता है कि गोरखपुर ले जाते समय कसया एनएच- 28 पर तमाम डाक्टरों का नाम लिखा आरएस हास्पिटल देखकर परिजन वहा रुक गये और घायलों को लेकर हास्पिटल पहुंचे जहां दो नर्स मौजूद थी। नर्स ने तत्काल डाक्टर को बुलाने की बात कहकर परिजनो से तत्काल घायलो को भर्ती कराने के लिए कहा और फिर अपने स्तर से दोनो नर्स घायलों के इलाज मे जुट गयी। परिजनो के मुताबिक कुछ घंटे बाद नर्स ने काउंटर पर एक लाख साठ हजार रुपये जमा करने के लिए कहा। परिजनो का कहना है कि रात्रि ढाई बजे से सुबह आठ बजे तक दोनो नर्स अस्पताल संचालक से बात कर डाक्टर के आने की दुहाई देकर घायलों को बिना कोई इलाज किये रोके रखा। शनिवार को सुबह आठ बजे हास्पिटल की दोनो नर्स यह कहकर एक लाख रुपये जमा करा लिया कि डाक्टर आ रहे है पैसा जमा करने के बाद डाक्टर इलाज करेगे। परिजनो ने बताया कि डाक्टर का इंतजार करते हुए शनिवार को तकरीबन दिन के नौ बजे 24 वर्षीय अभय की मृत्यु के बाद नर्सो ने हास्पिटल के संचालक से बातकर गोरखपुर ले जाने के लिए रेफर कर दिया।

परिजनो को शांत कराने मे पुलिस को करनी पड़ी पांच घंटे मशक्कत

बतादे कि हास्पिटल प्रशासन द्वारा बिना डाक्टर सिर्फ नर्स के भरोसे जिन्दगी और मौत से जूझ रहे घायल युवको को भर्ती कर एक लाख रुपये ऐठने के बाद इलाज के अभाव में शनिवार को तकरीबन नौ बजे जब अभय की मौत हो गयी तो परिजन आक्रोशित हो गये। इलाज में लापरवाही का आरोप लगाते हुए स्वजनों ने हास्पिटल पर हंगामा शुरू कर दिया। इस दौरान काफी संख्या में गांव से महिलाएं भी इकट्ठा हो गयी। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुची कसया पुलिस सुबह नौ बजे से परिवारजनों को शांत कराने व शव को कब्जे में लेने के लिए मशक्कत करती रही लेकिन उसे सफलता दोपरह के दो बजे के बाद मिली।

ऐसे में सवाल यह उठता है कि आरएस हास्पिटल के लापरवाही के कारण हुई मौत के बाद आक्रोशित परिवारजनों को शांत कराने मे पुलिस को पांच घंटा पसीना बहाना पडा वहा स्वास्थ्य अब तक हरकत में क्यो नही आया। सवाल यह भी उठता है कि अपनी लापरवाही से अभय को मौत की नींद सुलाने वाला आरएस हास्पिटल अभी तक सील क्यों नहीं हुआ..? क्यो अभी तक हास्पिटल संचालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज नहीं हुआ..?

80 पेटी शराब बरामद तस्कर गिरफ्तार

देवरिया। यूपी से बिहार में शराब तस्करी का ट्रेंड तस्कर आए दिन बदलते रहते हैं। शराब तस्कर कभी दूध वाहन तो कभी डाक वाहन, कभी ट्रकों के चेचिस में शराब भरकर यूपी से बिहार में भिजवाकर मोटी रकम कमाते हैं। रविवार को एक तस्कर हरा गोभी लदे एक पिकअप में 80 पेटी शराब यूपी से बिहार ले जाने की फिराक में था, लेकिन लार पुलिस की सूझबूझ से उसे दबोच लिया गया। रविवार की सुबह लार थाना क्षेत्र के मेहरौना चेकपोस्ट पर पुलिस अधीक्षक देवरिया विक्रांत वीर के निर्देश पर थाना प्रभारी लार उमेश कुमार बाजपेयी, मेहरौना चौकी इंचार्ज धर्मेंद्र कुमार मिश्रा, कांस्टेबल रामप्रवेश यादव, चंद्रमौलेश्वर सिंह, सर्वेश यादव, राजकुमार सरोज वाहनो की चेकिंग कर रहे थे। उसी बीच लार रोड की तरफ से एक पिकअप आता दिखाई दिया। जिसमें गोभी लदा हुआ था। पुलिसकर्मियों को संदेह हुआ तो वाहन को रोक उसकी तलाशी लेने लगे। तलाशी के दौरान गोभी के बोरे के नीचे 80 पेटी ऑफिसर चॉइस ब्रांड की शराब बरामद हुई। इसके बाद लार पुलिस पिकअप समेत एक तस्कर को हिरासत में लेकर थाने चली आई। पकड़े गए तस्कर ने पूछताछ में अपना नाम अंकित निवासी मैरवा बताया है। इस संबंध में प्रभारी निरीक्षक उमेश कुमार बाजपेयी ने बताया कि 80 पेटी शराब के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

संक्षेप

शराबियों ने किया गाली-गलौच

महमूदाबाद, सीतापुर। घर में अकेली महिलाओं से शराबियों ने अभद्रता करने के साथ दरवाजे पर गाली-गलौच किया। विरोध करने पर शराबियों ने घर इंर्ट-गुम्मे चलाए। सूचना पर पुलिस के पहुंचने से पहले आरोपी मोके से भाग निकले। पीड़ितों ने कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। महमूदाबाद में जोधपुर मुंडेरा के प्रदीप कुमार व नंद किशोर को पुलिस को दिए गए शिकायतीपत्र में बताया है कि वे दोनों शनिवार की रात एक शादी समारोह में शामिल होने के लिए महमूदाबाद स्थित बेचू पहलवान लान गए थे।

आरोप है इसबीच रात करीब नौ बजे शराब के नशे में गांव के सर्वेश कुमार, दिलीप कुमार दरवाजे पर आ पहुंचे और गालियां देते हुए भैंस को मारने लगे। महिलाओं द्वारा जब गाली-गलौच का विरोध किया गया तो शराबियों ने ईंट-गुम्मे चलाना शुरू कर दिया। महिलाओं ने मोबाइल के माध्यम से मामले की जानकारी परिजनों व पुलिस को दी। परिजनों व पुलिस के मौके पर पहुंचने से पहले शराबी मौके से भाग निकले।

मस्जिद का चबूतरा बनाने के विवाद में 20 गिरफ्तार

सीतापुर। हरगांव थाना क्षेत्र के गाँव जलालीपुर देहात में देर रात मस्जिद के चबूतरे को लेकर प्रधान और एहतिशाम पक्ष में विवाद हो रहा था।विवाद की सूचना पर थाने के उप निरीक्षक अमरजीत सिंह अन्य पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और विवाद रोकना को कहा। उग्र हुए दोनों पक्ष एक राय होकर ईंट पत्थर लेकर पुलिस पर हमलावर हो गए। पत्थरबाजी की घटना में उप निरीक्षक अमरजीत सिंह, कांस्टेबल विनोद कुमार, योगेश सिकरवार चोटिल हो गए। गांव में अफरा तफरी का माहौल हो गया दहशत व्याप्त हो गई। थाने का अन्य पुलिस बल पहुंचने पर 20आरोपियों को हिरासत में लिया गया जबकि कुछ भागने में सफल रहे। घायल उपनिरीक्षक की तहरीर पर जानलेवा हमले सहित अन्य गंभीर धाराओं में इक्कीस नामजद व दो दर्जन अज्ञात के विरुद्ध मामला दर्ज कर अन्य आरोपियों की तलाश तेज कर दी है। गिरफ्तार अभियुक्त गणों में मोहम्मद आफाक पुत्र मुन्ना, मोहम्मद सोहेल पुत्र फारूक,वारिस अली पुत्र जाबिर अली,मोइन अहमद पुत्र असगर अली,चांद बाबू पुत्र मुस्ताक

अहमद, मोहम्मद अमन पुत्र अब्दुल सलाम,अरशद पुत्र अब्दुल लतीफ,सवालहीन पुत्र इस्लाम, शाकिर अली पुत्र जरूर मोहम्मद, यूनुस पुत्र शमसुद्दीन,मोहम्मद इमरान पुत्र खुर्शीद,जिया उल हक पुत्र अब्दुल लतीफ, अतीब पुत्र फकरुद्दीन, एहतिशाम पुत्र जब्बार, वेद पुत्र मतीन,सुहेल पुत्र सदरूद्दीन, मोहम्मद आदिल पुत्र रफीक,दानिश पुत्र सदरूद्दीन,मुशीर पुत्र महबूब, आंसू उर्फ रईस पुत्र मकबूल को गिरफ्तार कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।

पुत्र ने पिता को मार डाला-ईट से किया वार

सीतापुर। सिधौली कोतवाली इलाके के मोहल्ला तुलसीनगर निवासी राकेश 58 वर्ष विद्युत विभाग में कर्मचारी थे। वह लखनऊ के अमीनाबाद में कार्यरत थे। शुक्रवार की शाम उनके और पुत्र दीपक के बीच साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया।

इसके बाद दीपक ने अपने पिता राकेश को बुरी तरह से पीटा और ईंट से कूचकर राकेश की हत्या कर दी। परिजनों ने भी दो घंटे बाद पुलिस को मामले की जानकारी दी है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

घटना के संबंध में एएसपी डॉक्टर प्रवीन रंजन ने बताया की घटना की रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

आरोपी पुत्र दीपक की गिरफ्तारी के लिए तीन पुलिस में बनाई गई है। जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

एक अदबी महफि ल और मुशायरे का किया गया आयोजन

बिसवां, सीतापुर। उर्दू साहित्य के मशहूर शायर और अदीब ताबिश मेंहदी प्रतापगढ़ी की यादगार के रूप में स्थापित संस्था ताबिश लिटरेरी सोसायटी बिसवां के द्वारा एक अदबी महफि ल और मुशायरे का आयोजन किया गया ।जिसमें एक दर्जन से भी अधिक अदीब और शायरों ने अपने कलाम पेश किए।इस मौके पर डाक्टर सगीर आलम,अजमल बिसवानी को उनकी साहित्यिक सेवाओं के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के संयोजक और मशहूर शायर रहबर प्रतापगढ़ी ने शायरों और अतिथियों को फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया तथा अंगवस्त्र भेंटकर सम्मानित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता मास्टर गुलरेज बनारसी ने की। अदबी महफि ल को संबोधित करते हुए रहबर प्रतापगढ़ी ने कहा कि उर्दू हिन्दुस्तानी जबान है यहीं पैदा हुई और परवान चढ़ी ,इस की तरक्की में हिन्दुस्तान के सभी मजहब और मकतबे फि क्र के लोगों ने अपनी खिदमात पेश की हैं ।इसे किसी धर्म या क्षेत्र से जोड़ना सही नहीं है।

भगवान की भक्ति करने वाले पर प्रभु कभी कष्ट आने नहीं देते है

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। भगवान की भक्ति करने वाले भक्त पर भगवान कभी कष्ट नहीं आने देते हैं। प्रहलाद को हिरनकश्यप ने पहाड़ो से गिराया, जल में डुबाया, अग्नि में जलाने का प्रयास किया लेकिन प्रहलाद को कोई कष्ट नहीं हुआ। भगवान तुरंत नृसिंह का रूप लेकर अवतरित हुए और हिरनयकश्यप का अंत किया। ग्राम तकिया निगोही में निगोहेश्वरधाम मे चल रही भागवत कथा में यह कथा सुनाते हुए आचार्य मुरारी कृष्ण पाण्डेय ने भागवत कथा सुनने आये भक्तों से कहा कि भगवान अपने भक्तों के साथ हमेशा साथ रहते हैं और उनके कष्टों का निवारण करते हैं। आयोजक अरुण कुमार पाण्डेय ने बताया कि 19फरवरी से छब्बीस फरवरी तक चलने वाली भागवत कथा के साथ 26फरवरी को शिवरात्रि वाले दिन विशाल धनुष भंग का आयोजन किया जायेगा।

सैकड़ों झांकियो के साथ निकलेगी भोले बाबा की बारात, बैठक हुई

उन्नाव। हिन्दुओ की आस्था के महापर्व महाशिवरात्रि पर निकाली जाने वाली भोलेबाबा की बारात की तैयारियों की बैठक नर सेवा-नारायण सेवा/भोले बाबा की बारात के संस्थापक व भाजपा नेता के आवास पर संपन्न हुयी। विमल द्विवेदी ने संस्था के पदाधिकारियों व शिवभक्तों की टीम गठित कर नगर में जनसम्पर्क कर आमजनमानस से आपने घरो में भगवा ध्वज लगाए जाने हेतु जाने का आग्रह करने को कहा व ष्भोलेबाबा की बारात में सम्मिलित होने के लिए अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने का भी आग्रह किया। विमल द्विवेदी ने बताया कि नर सेवा नारायण सेवा समिति उन्नाव व हिन्दू जागरण मंच उन्नाव द्वारा गत वर्षो की भांति इस वर्ष 9 वी विशाल भोलेबाबा की बारात नगर के आवास विकास कालोनी के पटेल पार्क से प्रातः 9 बजे हजारो भगवा ध्वजो व महाकाल सहित सैकड़ो भव्य झांकियो के साथ निकाली जायेगी जिसमे भूत प्रेत, अघोरीयो के साथ हजारो शिवभक्त होंगे गाजे बाजे के साथ होंगें शामिल जिसकी तैयारी पूर्ण हो चुकी है। इस मौके पर विकास सिंह सेंगर, राघवेंद्र पांडेय, योगेंद्र तिवारी, राकेश राजपूत, सुनील भदौरिया, कमलेश बाजपेई, अभिषेक तिवारी, अमूल्य बाजपेई सहित आधा सैकड़ा शिव भक्त मौजूद रहे।

आर्यिका संघ का जैन समाज करेगा स्वागत

महमूदाबाद (सीतापुर)। जैन आर्यिकाओं का संघ सोमवार को महमूदाबाद पहुंचेगा आर्यिका संघ का पदविहार बहराइच से महमूदाबाद की ओर हो रहा है। रविवार की शाम आर्यिका संघ ने जाफरपुर पहुंच गया है जहां रात्रि प्रवास होगा। सोमवार की सुबह जैन समाज द्वारा आर्यिका संघ का भव्य स्वागत किया जायेगा। स्वागत के लिए जैन समाज द्वारा तैयारियां कर ली गई हैं प्रख्यात दिगम्बर जैन संत आचार्य 108 विराग सागर महाराज की शिष्या आर्यिका विंध्य श्री माता जी अपने पांच अन्य आर्यिकाओं के साथ बहराइच से महमूदाबाद की ओर पदविहार शुरू किया था। पिछले कई दिनों से चल रहे पदविहार के क्रम में आर्यिका संघ चहलारी घाट, रेउसा, गोडैचा होते हुए जाफरपुर पहुंच गया जहां जैन समाज महमूदाबाद के सदस्यों ने अगवानी करते हुए उनका रात्रि विश्राम के लिए उचित स्थान पर ठहरने की व्यवस्था की। सोमवार की सुबह आर्यिका संघ चतुराबेहड़ होते हुए महमूदाबाद पहुंचेगा। नगर सीमा में जैन समाज द्वारा आर्यिका संघ का भव्य स्वागत किया जायेगा। जैन समाज अध्यक्ष अनुज जैन ने बताया कि आर्यिका संघ के आगमन को लेकर तैयारियां कर ली गई हैं।

जिलामंत्री पद पर 24 को मतदान

महमूदाबाद,सीतापुर। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक के जिलामंत्री पद पर 24 फरवरी को मतदान होना है। सूत्रो की माने तो 12 विकास क्षेत्र खुलकर एक प्रत्याशी के साथ खुलकर खड़े दिखाई दे रहे तो दूसरे प्रत्याशी के साथ पाँच ब्लॉकों की खुली मौजूदगी दिख रही है। तीन ब्लॉकों के पदाधिकारियों ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं ।शिक्षक संघ के जिलामंत्री पद के लिए महमूदाबाद ब्लॉक के सातवीं बार अध्यक्ष हंसराज वर्मा और खैराबाद अध्यक्ष पवन सिंह मैदान में हैं ।उन्नीस विकास क्षेत्रों और नगरक्षेत्र के साथ जिला कार्यसमिति के सदस्यों को मिलाकर कुल 1039 डेलीगेटों को मतदान करना है। बताया जाता है कि हंसराज वर्मा के समर्थन में रेउसा, बेहटा, लहरपुर, परसेंडी, महोली, सिधौली, महमूदाबाद, रामपुर मथुरा, पहला, बिसवां हरगांव नगरक्षेत्र के अध्यक्ष, मंत्री और डेलीगेट खुलकर सामने आ गए हैं । दूसरे प्रत्याशी पवन सिंह को खैराबाद, मछरेहटा, कसमंडा, गोंदलामऊ और सकरन ब्लॉक के अध्यक्ष, मंत्री अपना खुला समर्थन दे रहे हैं । मिश्रिख, एलिया और पिसावां ने अपने पत्ते नहीं खोले हैं। प्रत्याशी हंसराज वर्मा 12 ब्लॉकों का खुला समर्थन होने के कारण अपनी स्थिति बहुत मजबूत मान रहे हैं । वहीं पांच ब्लॉकों के खुले समर्थन के साथ पवन सिंह को लगता है अन्य ब्लॉकों के कुछ डेलीगेट उनके पक्ष में मतदान कर सकते हैं ।डेलीगेट भी बहुत समझदारी से काम ले रहे हैं। जो ज्यादा सक्रिय हैं वे खुलकर कह रहे हैं कि अध्यक्ष, मंत्री जिसके साथ हैं हम उन्हीं के पक्ष में मतदान करेंगे। संकोची स्वभाव वाले डेलीगेट दोनों प्रत्याशियों के समर्थकों से उनके पक्ष में मतदान करने का भरोसा दिला रहे हैं।

यूटीसीए के क्वार्टर फाइनल मैचों का मुकाबला हुआ संपन्न, पहुंचे जनप्रतिनिधि

उन्नाव। यूटीसीए क्वाटर फाइल के 4 मैचों का आयोजन आज पंडित दीन दयाल उपाध्याय स्टेडियम उन्नाव में प्रातः काल से ही शुरू हो गया। फतेहपुर चैरासी और सिकन्दर पुर कर्ण के बीच हुए पहले मुकाबले में सिकन्दरपुर ने टॉस जीतकर थ-84 को बैटिंग करने का न्योता दिया। थ-84 ने 9 विकेट के नुकसान पर 107 रन बनाये, जवाब में 6 विकेट के नुकसान पर विपक्षी टीम 79 रन बनाकर 28 रनों से मैच हार गई। हिलौली और औरास के बीच दूसरे मुकाबले में हिलौली ने टॉस जीत, पहले बल्लेबाजी कर 6 विकेट पर 90 रन बनाए, औरास टीम 84 रन बनाकर ढेर हो गई।

तीसरा मैच हसनगंज और गंजमुरादाबाद के मध्य हुआ। हसनगंज ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। गंजमुरादाबाद ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दो विकेट के नुकसान पर 120 रन बनाए, हसनगंज ने यह मैच 28 रन से गवां दिया। पुरवा और सुमेरपुर के बीच हुए आखिरी मैच

में सुमेरपुर ने 5 विकेट के नुकसान पर 122 रन बनाये। पुरवा 7 विकेट पर 112 रन बनाकर 10 रनों से हार गई। अतिथियों ने कप्तान नवीन, दीपक, वीरेंद्र और अजयदीप के साथ ही अलग अलग मैचों में मैन ऑफ द मैच नवीन अवस्थी, मित्तल, सौरभ गोस्वामी और अनुज को ट्राफी प्रदान की। मुख्य अतिथि सदर विधायक पंकज गुप्ता, समाजसेवी विमल द्विवेदी, बिन्दा प्रसाद शास्त्री निजी सचिव जिला पंचायत अध्यक्ष, भानु मिश्रा प्रतिनिधि नगर पालिका अध्यक्ष उन्नाव रहे। कार्यकम संचालक गजेन्द्र सिंह सेंगर, संजय कनौजिया, कृष्ण शंकर मिश्रा, वेद नारायण मिश्र, अवनीश पाल, दिलीप अवस्थी, अमित शर्मा ,वीरेन्द्र, सहित राकेश बघेल,पवन, अनिल, सन्तोष, नरेंद्र आशीष के साथ ही लगभग दो सौ शिक्षक उपस्थित रहे। उमेश मौर्या, शरद कुशवाहा और रविकान्त ने कमेंट्री जबकि सौरभ, वीरेंद्र और वैष्णव कनौजिया,कपिल ने अंपायरिंग की।चैरासी, हिलौली गंजमुरादाबाद और सुमेरपुर के सेमीफाइनल में पहुंचने पर शिक्षकों ने टीमों और कप्तानों को बधाई दी। आयोजित मैचों और परिणामों की जानकारी शिक्षक डॉक्टर प्रदीप कुमार वर्मा द्वारा दी गई।

ट्रेन से गिरकर युवक की मौत

पाटन, उन्नाव। कानपुर से इलाहाबाद जा रही पैसेंजर ट्रेन से पाटन के पास युवक की गिरकर मौत हो गई घटना की सूचना पर पहुंची जीआरपी व थाना पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिहार थाना क्षेत्र के कस्बा पाटन स्थित कानपुर रायबरेली इलाहाबाद रेलवे ट्रैक पर पोल नंबर 140/14 के पास रविवार को कानपुर से इलाहाबाद जा रही पैसेंजर ट्रेन से गिरकर युवक की मौत हो गई जिसकी पहचान थाना बिहार के ग्राम परसंडा निवासी रोहित 30 वर्ष पुत्र नत्थू के रूप में हुई जो सुबह 5रू00 बजे कानपुर की ओर से तकिया पाटन आ रहा था अचानक ट्रेन से गिर पड़ा तथा गंभीर रूप से घायल हो गया और मृत्यु हो गई। बताया गया कि मृतक कस्बा पाटन स्थित दिलीप ढाबा में मजदूरी करता था। घटना की सूचना पर पहुंची जीआरपी व बिहार थाना पुलिस की मौजूदगी में युवक का पंचनामा किया गया और शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया। मृतक के माता-पिता जीवित न होने से घटना की फौती सूचना गांव में रह रहे मामा अमरनाथ पुत्र श्री कृष्ण ने थाना पुलिस को दी है।

प्रलोभन देकर धर्म परिवर्तन करा रहे लोगो के खिलाफ आया बजरंग दल,मुकदमा हुआ दर्ज

सीतापुर। उत्तर प्रदेश में बैठी भारतीय जनता पार्टी की योगी सरकार जबरन धर्म परिवर्तन के खिलाफ कठोरता से कदम उठाने की बात कर रही है वही सीतापुर के हर गांव में ग्रीन फील्ड स्कूल के पीछे सुरेश के घर पर कुछ लोग एकत्रित होकर आसपास के गरीब हुआ अनुसूचित जाति के बहुसंख्यक वर्ग के लोगों को बहला फुसलाकर व प्रलोभन देकर ईसाई धर्म में परिवर्तित करने का प्रयास कर रहे थे इस सूचना पर जिला संयोजक बजरंग दल अनुज भदौरिया व सतीश कुमार मिश्रा जिला उपाध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल सीनू मिश्रा बजरंग दल सत्येंद्र सिंह वीरपाल सिंह सहित अन्य कार्यकर्ता उक्त स्थान पर पहुंचे उन्होंने सुरेश कुमार के मकान में पहुंच कर देखा की ईसाई धर्म का प्रचार प्रसार कर रहे लोग हिंदू धर्म की बुराई कर लोगों को बलगराने का कार्य कर रहे थे और उनसे हिंदू धर्म को छोड़कर ईसाई धर्म अपने की बात कह रहे थे इस पर जब बजरंग दल के कार्यकताओं ने प्रार्थना करा रहे लोगों से कार्यक्रम की जानकारी की तो पादरी सुरेश चंद्र पुत्र सटल्लू प्रसाद के द्वारा कार्यकताओं को अंदर खींचकर जबरदस्ती गेट बंद कर बंधक बना लिया गया बंधक कार्यकर्ता सतीश कुमार मिश्रा वह मोनू सिंह व सत्येंद्र सिंह के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई सूचना के आधार पर पुलिस भी आ गई पुलिस बल के सहयोग से धर्म परिवर्तन करने में लगे व्यक्तियों को पकड़ कर उक्त नाम पता पूछा गया तो सुरेश चंद्र पुत्र सटल को प्रसाद निवासी मोहल्ला ग्रीन फील्ड स्कूल के पीछे हरगांवगंज थाना हरगांव सीतापुर क संख्या 2 -उत्तम वाल्मीकि पुत्र अशफीर्लाल निवासी रेलवे कॉलोनी थाना हरगांव तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम विनीत कुमार रविदास पुत्र पूरनलाल रविदास निवासी सहदेव पुरवा मजरा तुरतीपुर थाना हरगांव सीतापुर व मीना देवी पत्नी स्वर्गीय सुरेश चंद्र निवासी रक्षा थाना हरगांव सीतापुर व लाडली पत्नी श्री कृष्णा मौके पर बाइबल सहित धर्म परिवर्तन करने वाले उपकरण भी प्राप्त हुए खबर लिखे जाने तक पुलिस ने बीएस की धारा 127 (2) धारा3 धारा 5(1) दर्ज कर लिया गया है/पुलिस आरोपियों पर कठोर कार्यवाही की बात कर रही है !

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात सुनने को जगह-जगह जुटे भाजपाई

सीतापुर। भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों व कार्यकताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम ₹मन की बात₹ का 119वां संस्करण को अलग- अलग स्थानों पर सुना। भाजपा के निवर्तमान जिलाध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा ने सीतापुर के सीतापुर नगर मंडल 1 के शक्ति केंद्र तामसेनगंज बूथ संख्या 243 पर प्रधानमंत्री नरेंद्र की 'मन की बात' कार्यक्रम को सुना। इस दौरान भाजपा नेता अचिन मेहरोत्रा ने कहा कि आज हमलोगों ने प्रधानमंत्री के मन की बात कार्यक्रम को सुना है, इसमें उन्होंने कई तरह के विषय पर चर्चा की है। जिनमें इसरो की उपलब्धियां, पशु-प्रेम, परीक्षा पर चर्चा और अन्य राष्ट्रीय मुद्दे शामिल थे। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (करफ्द) की हालिया सफलताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने इसरो के वैज्ञानिकों को बधाई देते हुए कहा कि भारत अंतरिक्ष क्षेत्र में लगातार प्रगति कर रहा है। हाल ही में इसरो द्वारा किए गए मिशनों ने भारत की

वैज्ञानिक क्षमता को वैश्विक स्तर पर मजबूत किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नागरिकों को जानवरों के प्रति दया और संवेदनशीलता दिखाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने लोगों को आवारा जानवरों की देखभाल करने और उनके लिए भोजन-पानी की व्यवस्था करने का संदेश दिया प्रधानमंत्री जी ने छात्रों से परीक्षा को लेकर बेफिक्र रहने और आत्मविश्वास बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि परीक्षा केवल अंक प्राप्त करने का माध्यम नहीं है, बल्कि यह सीखने और आगे बढ़ने का अवसर है। इधर नैपालपुर में खैराबाद ब्लाक प्रमुख अजय विश्वकर्मा, युवा मोर्चा के जिला महामंत्री अनूप विश्वकर्मा, दीपक शुक्ला, विवेक विश्वकर्मा, अमित शुक्ला, सैनिक प्रकोष्ठ के संजय राजवंशी आदि ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मन की बात कार्यक्रम को सुना।

कथा सुनने को जुट रहे बाबा जय गुरुदेव के अनुयायी

सकरन/सीतापुर। जयगुरुदेव धर्म प्रचारक संस्था, मथुरा के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत पंकज महाराज का ।संतसंग कार्यक्रम सकरन के अरूआ बेल्हौरा में हुआ `सत्संग समारोह में पंकज महाराज ने कहा मनुष्य शरीर साधना का मन्दिर है। यह असली हरि मन्दिर है। वह प्रभु जब भी मिलेगा तो इसी मनुष्य मन्दिर में मिलेगा। सारी आत्मायें, प्रभु के देश से आने वाली आकाशवाणी, देववाणी पर उतार कर लाई गईं। अब आत्मा का शब्द से सम्पर्क टूट गया। अब इसे यह ज्ञान नहीं रहा कि यह कहां से आई और मृत्यु के बाद कहां को जायेगी। उन्होंने कहा कि इसका नियन्ता कौन है, जब आपको सन्त सतगुरु मिल जायेंगे तो आत्मा-परमात्मा का गूढ़ ज्ञान, रहस्य बता देंगे। प्रभु की भक्ति एवं प्राप्ति के लिये सरल साधना का भेद (सुरत-शब्द योग) बता देंगे। इस साधना व गुरु कृपा से आप की दिव्य दृष्टि खुल जायेगी और आप उस आकाशवाणी को सुनने लगेंगे। इस रूहानी संगीत के सामने दुनियां का संगीत कुछ भी नहीं है। इसलिये आप लोग गृहस्थ जीवन में रहकर प्रभु प्राप्ति की सरल साधना करें और अपने मानव जीवन को सफल बनायें ।महाराज जी ने कहा कि समाज में बढ़ रही हिंसा, अपराध, नई-नई बीमारियों का कारण, अशुद्ध खान-पान व खेती में कीट नाशकों, रासायनिक खादों का प्रयोग है। महात्माओं ने कहा कि तिल भर मच्छी खाय कै, कोटि गऊ दे दान। काशी करवट ले मरे, निश्चय नरक निदान ।ह्ळह्ळ हमारी आप सबसे हाथ जोड़कर विनती है कि ह्यह्यमांसाहार व शराब का सेवन बन्द करके जीवन को सात्विक बनायें तथा भविष्य के आने वाले भारी संकट से बचाव करें। उन्होंने आगामी 13 मार्च से 15 मार्च तक जयगुरुदेव आश्रम, मथुरा में होने वाले होली महापर्व पर आने का निमन्त्रण भी दिया। इस मौके पर राजेश यादव, रामचन्द्र चौहान,प्रेमचन्द्र यादव,पैकरमा यादव,रामचन्द्र यादव राम औतार गुप्ता, ग्रा. प्रधान राजू गुप्ता, काशी राम, वीरेन्द्र कुमार, विजय राय, शैलेन्द्र, डा. ओम प्रकाश, राम नयन, देवेन्द्र यादव, राम बचन प्रजापति, प्रमोदचन्द, जयकिशुन आदि उपस्थित रहे।

कार ने साइकिल सवार नवयुवकों को मारी टक्कर

लहरपुर सीतापुर। नगर के मुख्य मार्ग छावनी पुलिया के निकट तेज रफ्तार एक कार ने साइकिल सवार नवयुवकों को मारी जोरदार टक्कर एक घायल। प्राप्त जानकारी के अनुसार रविवार को नगर के मुख्य मार्ग छावनी पुलिया के निकट साइकिल से शारिक पुत्र शाकिर अली 16 वर्ष व शाकिब पुत्र साजिद अली 15 वर्ष निवासी मोहल्ला काजी टोला जा रहे थे तभी पुलिया के निकट केशरी गंज की तरफ से आ रही एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी और मौके से भाग गया, इस दुर्घटना में शारिक गम्भीर रूप से घायल हो गया और शाकिब बाल बाल बच गया।

आरएसएस के पूर्व क्षेत्रीय कार्यवाह स्वर्गीय को जलशक्ति मंत्री ने दी श्रद्धाजलि

महमूदाबाद/सीतापुर। रविवार को प्रदेश के जलशक्ति मंत्री स्वतंत्रदेव सिंह महमूदाबाद के सहजनी वार्ड स्थित कुर्सी विधायक साकेंद्र प्रताप वर्मा के आवास पर पहुंचे। यहाँ पर उन्होंने सकेंद्र प्रताप वर्मा के पिता व आरएसएस के पूर्व क्षेत्रीय कार्यवाह स्वर्गीय रामकुमार वर्मा के चित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। स्वतंत्र देव सिंह ने शोकाकुल परिवार को शोक संवेदना व्यक्ति की, वर्मा के चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

आनलाइन रिकॉर्ड उपलब्ध न होने के बावजूद शिक्षक को नहीं मिला भविष्य निधि फंड का ऋण

जिला संवाददाता

उन्नाव। विकासखंड फतेहपुर 84 के उच्च प्राथमिक विद्यालय जाजामऊ विकासखंड फतेहपुर 84 में प्रधान शिक्षक के पद पर कार्यरत श्याम बहादुर सिंह जिनकी सेवानिवृत्ति वर्ष 2029 में होनी है उन्होंने भविष्य निधि फंड से लगभग 25 लाख रुपए की आवश्यकता के चलते हुए ऑफलाइन व्यवस्था के तहत ऋण हेतु आवेदन किया था परंतु लेखा विभाग बेसिक शिक्षा ने यह कहकर उनका आवेदन वापस कर दिया कि वह ऑनलाइन आवेदन करें जबकि पोर्टल में अभी भी ऑनलाइन रिकॉर्ड उपलब्ध नहीं है। प्रार्थी को अपने पुत्र की शादी हेतु धन की आवश्यकता है लेकिन कार्यालय पटल सहायक द्वारा बताया गया कि जब ऑनलाइन व्यवस्था लागू हो तब आवेदन कीजिएगा यह अत्यंत सोचनीय है ऑनलाइन व्यवस्था लागू होने के बाद भी पोर्टल पर अपडेट नहीं किया गया है जबकि संबंध में सन 2012 से लगातार उच्च अधिकारियों द्वारा आदेश किए जाते रहे हैं ऑफलाइन आवेदन वापस लौटाए जा रहे हैं और ऑनलाइन व्यवस्था सक्रिय नहीं है ऐसी दशा में शिक्षक अपने भविष्य निधि फंड में जमा पैसा भी आवश्यकता पड़ने पर नहीं निकाल पा रहे हैं इस पर ना ही किसी अधिकारी की जिम्मेदारी तय की जा रही है और ना ही लेखा विभाग इस पर कोई उचित कार्रवाई कर रहा है ऐसे ही जनपद में लगभग 300 शिक्षकों के चयन वेतनमान लंबित है लेखा कार्यालय ऑनलाइन और ऑफलाइन के चक्कर में शिक्षकों को कार्यालय के चक्कर लगवा रहे हैं शिक्षकों को खुद के अधिकारों से वंचित किया जा रहा है शिक्षक एमएलसी राजबहादुर सिंह चंदेल और डॉक्टर आकाश राज अग्रवाल ने यह बात विधान परिषद में भी उठाई।

शिक्षकों की समस्याओं के समाधान में हो रही हीला हवाली है। बेसिक शिक्षा विभाग में कार्यरत शिक्षकों और कर्मचारियों का जीपीएफ संबंधी सभी कार्य ऑनलाइन माध्यम से कराए जाने के निर्देश महानिदेशक स्कूल शिक्षा लखनऊ के पत्र के जरिए 23 दिसंबर को समस्त वित्त एवं लेखा अधिकारी बेसिक शिक्षा को दिए गए थे इससे पहले भी विभाग इस संबंध में कई बार पत्र जारी कर चुका है किंतु इनका पालन नहीं किया जा रहा जिससे शिक्षकों एवं कर्मचारियों के जीपीएफ और चयन वेतनमान संबंधित कई प्रकरण लंबित हैं शिक्षक अपने भविष्य निधि फंड से ऋण नहीं ले पा रहे हैं जहां एक ओर विभाग ऑनलाइन प्रक्रिया का हवाला देकर विभाग की समस्त व्यवस्थाएं ऑनलाइन करने की बात करता है वहीं शिक्षकों से संबंधित सभी कार्य ऑनलाइन पोर्टल अपडेट ना होने के कारण निस्तारित नहीं हो पा रहे जिसे लेकर शिक्षक परेशानी का सामना कर रहे हैं लेखाधिकारी कार्यालय के अधिकारी हीलाहवली कर शिक्षकों की समस्याओं को टालने का प्रयास कर रहे हैं

महानिदेशक स्कूल शिक्षा ने चयन वेतनमान का लाभ ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से स्वीकृत किए जाने की निर्देश दिए थे लेकिन पोर्टल कार्य नहीं कर रहा है इसका समाधान नितांत आवश्यक है इस संबंध में जूनियर शिक्षक संघ के प्रांतीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजय कुमार कनौजिया, प्रांतीय संयुक्त मंत्री अक्षय कटियार, जिला अध्यक्ष कृष्ण शंकर मिश्र, वरिष्ठ उपाध्यक्ष वेदनारायण मिश्र, उपाध्यक्ष दिलीप अवस्थी, महामंत्री अवनीश पाल, कोषाध्यक्ष दीपक वर्मा पटेल, वीरेंद्र कुमार, मीडिया प्रभारी विनीत बाजपेई आदि ने संबंध में शिक्षक एमएलसी को शिकायती पत्र प्रेषित कर शिक्षकों की समस्याओं से अवगत कराया था संगठन के पदाधिकारियों का कहना है कि लगभग 3000 शिक्षक कर्मचारी जीपीएफ व्यवस्था से जुड़े हैं किंतु न तो ऑनलाइन व्यवस्था का लाभ मिल पा रहा है और नहीं ऑफलाइन आवेदन स्वीकार किया जा रहे हैं साथ ही लगभग 300 शिक्षकों से अधिक शिक्षकों की चयन वेतनमान भी लंबित हैं किंतु जनपद की लेखाधिकारी कार्यालय के अधिकारी मौन है

शिक्षकों की इन समस्याओं का निस्तारण करने के लिए संगठन के पदाधिकारी समय-समय पर उच्च अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से वार्ता भी कर रहे हैं किंतु अभी तक इस समस्या का कोई समाधान नहीं निकल पाया है जिसका सीधा नुकसान शिक्षकों और कर्मचारियों को को हो रहा है।

विद्यालय का वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया

सीतापुर। विद्यालय में धूम धाम के साथ मनाया गया वार्षिकोत्सव छात्र छात्राओं के साथ अभिभावक मौजूद रहे विकास खंड सकरन के प्राथमिक विद्यालय सोहरिया में शनिवार को वार्षिकोत्सव पर्व धूम धाम के साथ मनाया गया। इस मौके पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा देश भक्ति गीत प्रतुत किए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता बीईओ ओमकार सिंह ने की। इस मौके पर प्रधानाध्यापक राजेश कुमार, अध्यापक अनिल कुमार, भूपेन्द्र सिंह, लक्ष्मेन्द्र मिश्र, कृष्णाकान्त, प्रधान प्रतिनिधि योगेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

जीआरपी पुलिस ने पकड़ा मोबाइल चोर

ललितपुर। एडीजी रेलवे, डीआईजी रेलवे प्रयागराज व एसपी रेलवे झांसी के निर्देशन में चलाये जा रहे अभियान के तहत जीआरपी ललितपुर पुलिस द्वारा सघन चैकिंग, संदिग्ध व्यक्ति वस्तु, गिरफ्तारी व बरामदगी चोरी लूटी गयी संपत्ति के क्रम में सीओ रेलवे झांसी के निकट पर्यवेक्षण में जीआरपी पुलिस ने गश्त के दौरान बीती देर रात करीब 11.30 बजे मध्य प्रदेश के जिला शिवपुरी अंतर्गत थाना पिछोर के ग्राम कोटरा निवासी अंकुर कुर्मी पुत्र सालिकराम पटेल को हिरासत में लिया है। पकड़े गये बदमाश के पास से पुलिस ने चोरी किये गये दो मोबाइल फोन रेडमी व ओप्पो कम्पनी के बरामद किये हैं। बदमाश को पकड? वाली जीआरपी पुलिस टीम में उप निरीक्षक दिलीप कुमार, उप निरीक्षक राजेश सिंह, हे.कां.कैलाश नारायण, हे.कां.योगेन्द्र कुमार व कां.प्रभात कुमार शामिल रहे।

खेत में पानी लगाते समय तार काटने पर मारपीट

ललितपुर। थाना जखौरा के ग्राम भड ?ा निवासी सतभान पुत्र रोशन सिंह ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 21 फरवरी की रात करीब 9 बजे वह अपने खेत पर पानी लगाने गया हुआ था। आरोप है कि खेत पर बिजली के तार गांव के हरभजन पुत्र मोती अहिरवार ने काट दिया, जिसका उलाहना देने पर फूलसिंह पुत्र जिहान व जिहान पुत्र मोतीलाल ने उसके साथ गालियां देते हुये मारपीट कर दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

मनरेगा में काम कर रही महिला से मारपीट

ललितपुर। थाना जाखलौन क्षेत्रांतर्गत चैकी धौर्रा के ग्राम मादौन में रहने वाली केशर पत्नी जीवन बुनकर ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 21 फरवरी को गांव में मनरेगा का काम चल रहा था, जिसमें वह मजदूरी करने गयी हुयी थी। बताया कि वह काम कर रही थी तभी मोहल्ले में रहने वाली संगीता पत्नी अमित व उसके परिजन उसे गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने उसके पति जीवन पुत्र लछमन बुनकर व पुत्र छोटू को मारपीट कर दी। बताया कि भगवान सिंह पुत्र कंछेदी यादव, सुमित पुत्र भगवान सिंह, प्रभा पत्नी भगवान सिंह यादव ने मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर मामला दर्ज कर लिया है।

मछली धूल में गिराने का आरोप

ललितपुर। तालबेहट के ग्राम टेटा निवासी फूलचंद्र पुत्र उद्देत कुशवाहा ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि बीती 30 दिसम्बर 2024 की शाम करीब 6 बजे वह जमालपुर से अपने गांव टेटा जा रहा था और वह अपने हाथ में एक पॉलीथीन में मछली लिये हुये था।

बताया कि वह जैसे ही गांव की गली में पहुंचा कि गांव के सीताराम पुत्र नथू कुशवाहा ने उसके हाथ में डण्डा मार दिया, जिससे उसकी मछली धूल में गिरकर खराब हो गयी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर बीएनएस की धारा 115 (2) व 117 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली है।

लूट केस में फरार कुख्यात बदमाश नेवला पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार

जिला संवाददाता(vol)

बिजनौर। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के आदेश पर जनपदभर में अपराध व अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के दौरान पुलिस ने लूट की घटना में शामिल एक कुख्यात अपराधी को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार पकडा गया आरोपी थातिर किस्म का बदमाश है जिस पर करीब ढाई दर्जन संगीन मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के आदेश पर जनपद में अपराधियों के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी है। पुलिस ने बीती 09 फरवरी को एक दंपति सचिन पुत्र किशोरी सिंह गांव कनकपुर थाना नजीबाबाद निवासी के साथ हुई लूट की वारदात का पुलिस ने खुलासा कर दिया है।

लूट की घटना में शामिल तीन बदमाश मनोज उर्फ नेवला पुत्र ध्यान सिंह गांव अकबरपुर अगाखेडी थाना मंडावर, विनोद उर्फ काना पुत्र बलराम गांव रानिकोटा थाना नगीना देहात व रोहित पुत्र धनीराम गांव शाहपुरा उर्फ खैरुललापुर थाना नजीबाबाद के नाम सामने आए थे। पुलिस ने एक आरोपी रोहित को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

पुलिस को बीती रात्रि सूचना मिली कि लूट की घटना में शामिल मुख्य आरोपी थाना मंडावर का हिस्ट्रीशीटर है जो किसी वारदात को अंजाम देने के लिए मंडावर की ओर आ रहा है। सूचना पर मंडावर पुलिस ने मोहड़िया गांव की पुलिया पर चेकिंग शुरू की।

पुलिस ने इसी दौरान एक संदिग्ध बाइक सवार को रोकने की कोशिश की गई। बदमाश ने अपनी ओर आता देख पुलिस टीम पर फायरिंग कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली लगने से आरोपी घायल हो गया और उसे गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस को आरोपी के पास से एक अवैध तमंचा, कारतूस और बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद हुई है। पूछताछ में आरोपी ने खुलासा किया कि वह पहले जेल में था। लेकिन उसने फर्जी जमानती लगाकर नजीबाबाद कोर्ट से जमानत हासिल की और बाहर आते ही 09 फरवरी को अपने साथियों के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस ने उसके खिलाफ फर्जी जमानत के मामले में भी मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मनोज उर्फ नेवला के खिलाफ जनपद बिजनौर के विभिन्न थानों में हत्या, लूट, चोरी और गैंगस्टर एक्ट जैसी गंभीर धाराओं में करीब ढाई दर्जन मुकदमे दर्ज है।

पुलिस फरार आरोपी विनोद उर्फ काना को पकडने के लिए उसकी तलाश में जुट गई है। गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक मंडावर मृदुल कुमार सिंह, उप निरीक्षक विपिन कुमार, मुख्य आरक्षी कपिल शर्मा, का0 विपिन व प्रविश शामिल थे।

शादी समारोह से लौट रहे परिवार पर क्रिकेट बैट से जानलेवा हमला

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। कोतवाली महरौनी अन्तर्गत ग्राम बैजनाथ में रहने वाले रामकिशन पुत्र स्व.गनेश प्रसाद ने ललितपुर कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र दिया है। बताया कि 12 फरवरी को वह अपने रिश्तेदार मनीराम की पुत्री की शादी में ग्राम कुआतला अपनी पत्नी व पुत्र के साथ आया हुआ था।

पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज की एफआईआर

उसी रात में दो लड़के उसके रिश्तेदार के घर में शराब पीकर घुस आये और कुछ रिश्तेदारों व महिलाओं ने उन्हें वहां से भगाने का प्रयास किया, लेकिन उक्त लोग भागने के बजाय उल्टा विवाद करने लगे। उसी मकान में उसकी पुत्री व पत्नी सहित अन्य महिलायें भी थीं। शोरगुल सुनकर जब वह मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव किया तो हमलावरों में एक इन्द्रपाल नाम के युवक ने फोन करके ग्राम बैरवारा से कुछ लोगों को बुला लिया। विवाद अधिक होने पर उन्होंने डायल 112 पर फोन लगाकर पुलिस को मौके पर बुलाया, तब कहीं जाकर विवाद शान्त हुआ। आरोप है कि अगले दिन 13 फरवरी को शाम करीब 5.15 बजे केन्द्रीय विद्यालय के पास पहले से घात लगाये बैठे करीब 10-15 लड़कों ने वहां से मोटर साइकिल सवार होकर गुजर रहे पीड़ित व उसकी पत्नी-पुत्री पर लाठी-डण्डों व क्रिकेट बैट एवं लोहे की रॉड से जानलेवा हमला कर दिया, जिससे सभी घायल हो गये। आरोप है कि यहां हमलावरों ने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुये गालियां देते हुये जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की तहरीर पर खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (1), 352, 115 (2), 351 (3) व एस.सी.एस.टी. एक्ट की धारा 3 (1)(द), 3 (1)(ध), 3 (2)(व्ही.ए.) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

दो भाइयों के साथ मारपीट करने का आरोप

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। नेहरू नगर में रहने वाले अनिकेत पुत्र वशंत ने पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि शनिवार को सुबह करीब 9.30 बजे वह अपने छोटे भाई अजय के साथ रेलवे ओवर ब्रिज के पास था।

तभी देवगढ़ रोड जुगपुरा निवासी शुभम व मनीष परिहार एकराय होकर आये और बिना कारण गालियां देने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगों ने लात-घूसों व लाठियों से मारपीट कर दी। मौके पर जब छोटे भाई ने बीच-बचाव किया तो उसके साथ भी मारपीट कर दी। मौके पर उसके छोटे भाई ने डायल 112 पर फोन कर पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर आकर जानकारी की। आरोप है कि उक्त लोगों ने कार्यवाही करने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 191 (2), 352, 351 (2) व 115 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर बाल विवाह पर नुक्कड़ नाटक

बांदा। राजकीय महिला महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना प्रथम, द्वितीय, तृतीय इकाई के सम्मान कार्यक्रम के तहत पांच दिवसीय विशेष शिविर आयोजित हुआ। शिविर के उद्घाटन की घोषणा मुख्य अतिथि पूजा मंडलाध्यक्ष, अकांक्षा समिति पत्नी आयुक्त ने की। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलन के साथ हुई। विशिष्ट अतिथि पूजा मंडलाध्यक्ष अकांक्षा समिति ने समिति को पुनः आकार देकर महिला एवं बालिका विकास की दिशा में सकारात्मक कार्य योजना के साथ कार्य करने की प्रेरणा दी। विशिष्ट अतिथि आकांक्षा समिति की कोषाध्यक्ष स्वाती सिंह ने छात्राओं के करियर एडवांसमेंट के प्रति जागरूक किया। उन्होने अकांक्षा समिति की सत्र 2025 में दी जाने वाली छात्रवृत्ति योजना की विस्तार से जानकारी दी। कहा कि हमें अपना भय त्यागकर अभ्यास के जरिए शिक्षा और गुणों से विकास कर सकती हैं। विशेष शिविर के उद्घाटन की घोषणा के बाद डॉ सबीहा रहमानी ने 7 दिवसीय विशेष शिविर की रूपरेखा और राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रस्तावना प्रस्तुत की। डॉ जयंती सिंह व डॉ नीतू सिंह ने सांस्कृतिक कार्यक्रम का संयोजन किया। यशी, अकांक्षा, प्रियांशी, अंजली, काशिफा, नौरीन, चेतना, उज्वल आदि छात्राओं ने लोकगीत, लाकनृत्य व बाल विवाह पर आधारित नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया। इस अवसर पर सहायक कार्यक्रम अधिकारी मौजूद रहे। स्वयंसेवी छात्रा मेधावी ने कार्यक्रम का संचालन किया।

कांग्रेसियों ने मनायी राष्ट्र संत गाडगे की जयंती

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। जिला कांग्रेस कमेटी के कार्यालय ललितपुर में जिलाध्यक्ष राकेश रजक एडवोकेट की अध्यक्षता में एवं प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत के मुख्य आतिथ्य में राष्ट्र संत गाडगे बाबा की जयंती पर विचार गोष्ठी आयोजित कर गाडगे बाबा के जीवन परिचय पर प्रकाश डाला गया जिसमें वक्ताओं ने बताया कि महाराष्ट्र में जन्मे संत गाडगे बाबा ने स्वच्छता का प्रचार प्रसार करते हुए लोगों को जागरूक करने का कार्य किया साथ ही उन्होंने अन्य के खिलाफ लड़ने का भी साहस लोगों में पैदा किया एवं स्वास्थ्य के प्रति व शिक्षा के प्रति उसे समय जागरण का कार्य किया जब लोगों को इन सब बातों में विशेष मतलब नहीं था वह भीख मांगते थे पर अपने लिए नहीं उन्होंने भीख मांग कर स्कूल खुलवाए और लोगों को शिक्षा के प्रति जागरूक किया उनका कहना था कि अपने बच्चों को शिक्षा जरूर देनी चाहिए चाहे एक समय का दो समय के भोजन में से एक टाइम का भोजन न करें कपड़े भले ही फटे पहन ले पर बच्चों को पढ़ने में किसी प्रकार की कमी नहीं रखनी चाहिए उन्हें गरीब बस्तियों में जहां गंदगी दिखती थी तो वह स्वयं अपनी झाड़ू लेकर सफाई कर दिया करते थे इससे प्रेरित होकर लोग साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने लगे जिससे गंदगी से होने वाली बीमारियों के प्रति भी लोग जागरूक हुए डॉ भीमराव अंबेडकर उनके संपर्क में रहा करते थे उन्होंने कई बार विचार विमर्श किया डॉ मनमोहन सिंह की सरकार के दौरान महामहिम राष्ट्रपति श्रीमती प्रतिभा देवी पाटिल द्वारा उनको राष्ट्र संत का दर्जा दिया गया और तब से पाठ्य पुस्तकों में भी उनके जीवन चरित्र को पढ़ाया जाने लगा उन्होंने पाखंड और आडंबर को अपने जीवन से दूर रखने के लिए लोगों को प्रेरित किया लेकिन वह भगवान श्री कृष्ण के भक्त भी थे और सुबह और संध्या को भजन कीर्तन भी किया करते थे। हमें उनसे प्रेरणा लेने की जरूरत है। इस दौरान प्रदेश सचिव बलवंत सिंह राजपूत ,जिला अध्यक्ष राकेश रजक एडवोकेट, नगर अध्यक्ष रफीक अली ,अजय प्रताप सिंह तोमर, महासचिव पंकज हुंडैत , दीपक बाबा, असलम खान गजेंद्र सिंह परमार, राजेंद्र अहिरवार महेश रजक रीतेश जैन, प्रेम भैया नामदेव, दरयाव सिंह बुंदेला, रवि सिंह राजपूत, बंटी खान आदि मौजूद रहे।

जल संचयन के लिए गोष्ठी आयोजित

बांदा। रानी दुर्गावती मेडिकल कालेज के प्रेक्षागृह में मंडलीय जल संचयन गोष्ठी संपन्न हुई। शुभारंभ आयुक्त अजीत कुमार, जिलाधिकारी जे0 रीभा एवं पद्मी श्री उमाशंकर पांडेय ने दीप जलाकर किया। आयुक्त ने कहा कि वर्षा के जल की एक-एक बूंद का सुरक्षित करना है। उन्होने कहा कि इस मंडल को मजबूत बनाना है। तो जल संचयन के प्रति जागरूकता लाना होगा। उन्होने जल बचाव के लिए संवेदनशील होकर कार्य करने के उपायों पर जोर दिया। उन्होने कहा कि तालाबों का निर्माण, वृक्षारोपण, मेड़बंदी आदि कामों को करें और सभी सरकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को दिलाएं। उमाशंकर पांडेय ने कहा कि प्रतिदिन जल की आवश्यकता बढ़ रही है। हर गांव में जल संचयन की कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाए। उन्होने कहा कि जिले के कई गांवों में जल संचयन के लिए बेहतर कार्य किया गया है जिससे बांदा का नाम नेशनल एवार्ड मिलने से रोशन हुआ है। गोष्ठी में अपर आयुक्त प्रशासन अमर पाल सिंह, सीडीओ वेद प्रकाश, अपर जिलाधिकारी राजेश कुमार, जिलाध्यक्ष भाजपा संजय सिंह, ब्लाक प्रमुख बड़ोखर खुर्द, नरैनी, बिसंडा सहित कई ग्राम प्रधान, खंड विकास अधिकारी तथा मंडलीय जनपदों के मुख्य विकास अधिकारी और अपर जिलाधिकारी मौजूद रहे।

प्रोजेक्ट अमृत कार्यक्रम के तहत केन घाट की सफाई

बांदा। रविवार को प्रोजेक्ट अमृत कार्यक्रम के तहत केन नदी आरती घाट को स्वच्छ करने का कार्य किया गया। यह कार्य संत निरंकारी मिशन के सेवादारों व श्रद्धालुओं द्वारा डॉ सुरेश सिंह के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर रजत वर्मा परिवार के साथ तथा नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासू अपनी टीम के साथ रहे। जिसकी जानकारी जोन के जोनल इंचार्ज डॉ दर्शन सिंह ने दी। संत निरंकारी मंडल के सचिव जोगेन्दर सुखीजा ने कहा कि यह अभियान देश के 27 राज्यों, केन्द्रशासित प्रदेशों के 900 से अधिक शहरों में 1600 से भी अधिक स्थानों में एक साथ किया गया। इसी अभियान को साकार स्वरूप प्रदान करने के लिए समाज को जागरूकता, सेवा और समर्पण की दिशा में प्रेरणा देते हुए स्वच्छ जल, स्वच्छ मन की परियोजना को पूर्व की भांति इस वर्ष भी सद्गुरू ने हमें आशीर्वाद दिया है।

कांवड़ियों पर सीओ भरत सोनकर व थानाध्यक्ष तेजपाल ने पुष्प वर्षा कर किया स्वागत

नगीना, बिजनौर। पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा के निर्देश पर नगीना पुलिस द्वारा क्षेत्र से गुजरने वाले कांवड़ियों का फुल मालाओं से जगह जगह स्वागत किया जा रहा है। नगीना सीओ भरत कुमार सोनकर ने थाना प्रभारी निरीक्षक तेजपाल सिंह व चैकी लाल सराय इंचार्ज एसआई सोहन सिंह पुण्डीर के साथ पहुंचकर कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। कांवड़िये भी बम बोले व जय भोलेनाथ की गगन भेदी उद्घोष कर उनके स्वागत का आभार प्रकट किया। नगीना पुलिस दिन रात भ्रमण कर कांवड यात्रा की व्यवस्थाओं पर नजर बनाए हुए हैं। पुलिस क्षेत्राधिकारी भरत कुमार व प्रभारी निरीक्षक तेजपाल सिंह पुलिस कर्मियों के साथ स्वागत के लिए बुंदकी तिराहे, फोर लाइन हाईवे व अन्य मुख्य स्थानों पर पहुंचकर गुजरते हुए कांवड़ियों पर पुष्प वर्षा कर रहे है। पुलिस द्वारा की गई इस पुष्प वर्षा से सभी कांवडती बेहद प्रसन्न दिखाई दे रहे हैं। नगीना सीओ भरत कुमार सोनकर का कहना है कि कांवड़ियों को सुरक्षा का एहसास दिलाने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। कांवड़ियों पर पुष्पवर्षा के साथ-साथ उनके जलपान का भी विशेष इंतजाम किया गया है। उन्होंने कहा कि सुरक्षा की दृष्टि से कांवड़ियों की निगरानी सीसीटीवी कैमरों से भी की जा रही है। किसी भी आपात स्थिति में पुलिस द्वारा कांवड़ियों की सहायता की जा सके। इस मौके पर सीओ भरत कुमार सानकर, थाना प्रभारी तेजपाल सिंह, एसएसआई दीपक कुमार, एसआई सोहन सिंह पुंडीर, सरवेज खान, सुभाष तोमर, महिला एसआई सपना तोमर, संदीप कुमार, नेपाल सिंह, आशीष कुमार, रिंकू सिंह आदि मौजूद रहे।

सैनिकों के योगदान की जितनी सराहना की जाये कम है: डीएम जसजीत कौर

जिला संवाददाता(vol)

बिजनौर। जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इस अवसर पर मेजर जनरल अजीत सिंह गहलौत, (सेना मैडल) एडिसनल डायरेक्टर जनरल ट्रेनिंग डिविजन एमओडी, शिखा गहलौत, वरिष्ठ सदस्य, आर्मी वाईफ वेलफेयर एसोसिएसन, पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा, चेयरपर्सन बिजनौर इंदिरा सिंह, कर्नल वेटरन तथा वीर नारियों एवं काफी संख्या में पूर्व सैनिको तथा उनके आश्रित मौजूद थे।

जिलाधिकारी जसजीत कौर ने बीते दिन इन्दिरा बाल भवन में आयोजित कार्यक्रम में सैनिकों के बलिदान एवं उनके देश प्रेम तथा अनुशासित जीवन की प्रशंसा की। उन्होने बड़े हर्ष के साथ कहा कि वो आज पूर्व सैनिकों के इस सम्मेलन में उपस्थित होकर अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहीं है। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन निरन्तर होना चाहिए जिससे कि पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों के साथ समन्वय बना रहे। उन्होंने कहा कि देश के लिए सैनिकों का योगदान उल्लेखनीय है, इसकी जितनी सराहना की जाए कम है। उन्होंने उपस्थित पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को आश्वस्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन उनकी सभी समस्याओं के निराकरण के लिए सदैव तत्पर रहेगा। मेजर जनरल अजीत सिंह गहलोत ने सैनिकों द्वारा कठिनतम एवं जोखिम भरे इलाको में नौकरी करने के लिए सभी की सराहना की एवं उपस्थित पूर्व सैनिकों के अनुशासित जीवन शैली एवं विभिन्न क्षेत्रों में उनकी सराहनीय सेवा की प्रशंसा पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा ने बताया कि सैनिकों का अपने सेवाकाल के दौरान देश के दुर्गम एवं बर्फीली पहाडियों पर अपने परिवार से दूर जो देश सेवा का जज्बा है, उनको शब्दों में बयान नहीं किया जा सकता। इसके लिए उन्होने उपस्थित सभी पूर्व सैनिकों को बधाई दी। नगर पालिका अध्यक्ष इंदिरा सिंह ने बिजनौर में शहीद स्मारक बनवाने का आश्वासन दिया। कार्यक्रम से पूर्व सैनिक कल्याण कार्यालय बिजनौर द्वारा रैली का भी आयोजन किया गया, जिसका सिविल लाईन स्थित पैट्रोल पम्म से प्रस्थान करके नगर पालिका चैक, मुख्य डाकघर, रोडवेज विकास भवन, क्लेक्ट्रेट, एवं नुमाईश ग्राउंड से होकर इंदिरा बाल भवन में समापन हुआ। समारोह के दौरान जनपद की वीर नारियों, वीरता पदक विजेता, युद्ध में चोटिल जवानों तथा 1962, 1965, 1971 के युद्ध में हिस्सा लेने वाले बहादुर वीर जाबांजो को सम्मानित किया गया। इस अवसर पर जनपद के गुरूकुल ई0 नेशनल का0 हरचांदपुर एवं नंगली छुईया के विधार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यकम किये।

उद्योग बंधु की बैठक में डीएम ने दिए निर्देश

बांदा। कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय उद्योग बंधु की बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता जिलाधिकारी ने की। जिलाधिकारी ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि उद्यमियों की समस्याओं का प्राथमिकता पर निस्तारण करें। आवेदकों को 89.81 लाख ऋण वितरित किए गये हैं। उद्यमी विकास अभियान की समीक्षा करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने के निर्देश दिए। भूरागढ़ क्षेत्र में रिक्त भूखंडों का आंवटन ई-ऑक्शन के माध्यम होने की सूचना उद्यमियों को दिए जाने के निर्देश दिए। तथा जलापूर्ति के संबंध में जल संस्थान एवं जल निगम के अधिकारियों को रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। औद्योगिक भूरागढ़ क्षेत्र में बिजली विभाग के अधिशाषी अभियंता को विद्युत ट्रिपिंग में सुधार लाए जाने हेतु कार्रवाई करने के निर्देश दिए। विद्युत बिल में सुधार करने तथा विद्युत कटौती पर नजर रखने के बारे में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में अपर जिलाधिकारी अमिताभ यादव तथा राजेश कुमार, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, जीएम डीआईसी गुरूदेव, अधिशाषी अभियंता विद्युत, जल निगम एवं जल संस्थान सहित उद्यमी तथा संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

पीएम के मन की बात सभी वर्गों में लोकप्रिय

बांदा। प्रत्येक माह के आखरी रविवार को प्रसारित होने वाले पीएम के मन की बात कार्यक्रम को जिले के सभी बूथों में भाजपा कार्यकर्ताओंने उत्साह के साथ सुना। रचनात्मक, ऐतिहासिक, सांस्कृतिक कार्यों को लेकर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी खुलकर चर्चा करने और मानव जीवन के अनेक विषयों पर आवश्यक सुझाव देने के कारण मन की बात कार्यक्रम समाज के सभी वर्गों में लोकप्रिय हो गया है। इसी लिए हर बार पार्टी कार्यकताओं के साथ लोगों को भी पीएम के मन की बात कार्यक्रम सुनने की उत्सुकता रहती है। रविवार को प्रसारित 119वें ऐपिसोड को जलशक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कार्यकताओं के साथ इंदिरा नगर स्थित आवास में सुना। उन्होने कहा कि पीएम के मन की बात कार्यक्रम में अगले महीने 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर चर्चा करते हुए कहा कि यह हमारी नारी शक्ति को नमन करने का विशेष अवसर होता है। हमारी संस्कृति में बेटियों का सम्मान सर्वोपरि रहा है। देश की मातृशक्ति ने स्वतंत्रता संग्राम और संविधान निर्माण में बड़ी भूमिका निभाई है। यहां जिला महामंत्री कल्लू सिंह राजपूत, मंदीप तिवारी, संजय निषाद व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने अतर्रा मंडल के बूथ 193 में कार्यकर्ताओं के साथ पीएम के मन की बात सुनते हुए बताया कि पीएम मोदी ने स्पेस सेक्टर, एआई सेक्टर, लोगों के हेल्थ के टिप्स समेत कई मुद्दों पर खुलकर चर्चा की। तिंदावरी मंडल के बूथ 199 परसौंडा गांव में मन की बात कार्यक्रम के दौरान पीएम ने इसरो के 100वें लांच, भारत की एआई प्रगति और विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं के बढ़ते योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होने महिला दिवस पर विशेष सोशल मीडिया पहल की घोषणा की। उन्होने मोटापे के बारे में जागरूकता बढ़ाई, देश की खेल उपलब्धियों की सराहना की और वन्य जीव संरक्षण प्रयासों पर चर्चा की। उन्होने छात्रों को परीक्षाओं में सफलता की शुभकामनाएं दीं और तनावमुक्त रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान मंडल अध्यक्ष अनूप तिवारी, आशीष सिंह चंदेल, बृजबिहारी मिश्रा मौजूद रहे।

युवक से रास्ते में रोककर मारपीट

ललितपुर। थाना पाली अंतर्गत ग्राम निवाहो निवासी जशरथ पुत्र चन्दन सिंह ने कोतवाली पुलिस को तहरीर दी है। बताया कि 19 फरवरी को वह अपने रिश्तेदार महरौनी के ग्राम टेनगा निवासी पहलवान सिंह पुत्र प्रीतम सिंह के साथ 10 बजे विकास जैन की अस्पताल सदनशाह खाना देने के लिए जा रहा था। तभी मोहल्ला चैकाबाग के पास मेन रोड स्थित टेल्को के पास बड़ी नहर निवासी करन कुशवाहा पुत्र स्व.तारा कुशवाहा मिला और उन्हें गालियां देने लगा। विरोध करने पर उक्त लोगों ने फोन करके 3-4 अज्ञात लोगों को और बुला लिया। आरोप है कि उक्त लोगों ने एकराय होकर उनके साथ लात-घूसों व लाठी-डण्डों से मारपीट कर दी, जिससे वह घायल हो गये। मारपीट होते देख जब पहलवान सिंह ने बीच-बचाव किया तो उक्त लोगों ने उनके ऊपर भी हमलावर होकर मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

समाजसेवी संस्था ने शिव भक्तों को दूध पिलाकर की सेवा

नगीना, बिजनौर। समाजसेवी संस्था दिव्य सेवा संस्थान के बैनर तले नगर के नगीना - धामपुर मार्ग पर संजीव अग्रवाल उर्फ विक्की के प्रतिष्ठान पर दूध का स्टाल लगाकर देवभूमि हरिद्वार से गंगाजल भरकर अपने गंतव्यों को लौट रहे शिव भक्त कावड़ियों को गर्म दूध पिलाकर धर्म लाभ कमाया ।संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा, संजीव अग्रवाल, शरद अग्रवाल, सुनील सैनी एडवोकेट, मनोज आढ़ती, मुनेश कुमार, ओम प्रकाश चैहान आदि ने बी दिन नगीना धामपुर मार्ग पर दूध का स्टाल लगाकर शिव भक्त कावड़ियों को गर्म व मीठा दूध वितरित किया। गर्म दूध पीकर कावड़ियों की थकान दूर हुई। रात को उनके ठहरने, नहाने, खाने व चाय आदि की व्यवस्था की। संस्थान के प्रबंधक संजय शर्मा ने बताया कि कांवड़ियों की सेवा का क्रम सोमवार तक इसी तरह से जारी रहेगा। इस अवसर पर उक्त समाजसेवियों के अतिरिक्त गतिक शर्मा, राजेश सैनी, गोविंद सैनी, शिवम अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

जीडीपी की चिंता

आर्थिक प्रगति को तेज कर 2047 तक विकसित भारत बनाने के सपने को परवाने चढ़ाने लगे देश के लिए ट्रंप की रिस्प्रोकल टैरिफ पॉलिसी एक बड़ा झटका है। भारतीय निर्यात पर अमेरिका द्वारा औसत प्रभावी टैरिफ दरें बढ़ाने से भारत का निर्यात व्यापार प्रभावित होगा और इसका भारत में रोजगार सृजन, भारतीय मुद्रा की स्थिरता और कीमतों पर तो गंभीर प्रभाव पड़ेगा ही लेकिन साथ ही जीड़ीपी भी इससे बहुत प्रभावित होगी। सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि 0.1 से 0.3 प्रतिशत तक प्रभावित हो सकती है। अमेरिकी सरकार की अप्रैल की शुरूआत में योजनाबद्ध रूप से समान टैरिफ लगाने और भारतीय वस्तुओं के लिए अमेरिकी मांग में कमी आने जैसे तमाम पहलुओं का विश्लेषण करते हुए गोल्डमैन सैक्स ने अपना यह अनुमान जारी किया है। अमेरिका द्वारा सभी देशों पर अतिरिक्त टैरिफ लगाया गया तो संभावित जीडीपी वृद्धि पर नकारात्मक प्रभाव 0.1 से लेकर 0.6 प्रतिशत तक हो सकता है। गोल्डमैन सैक्स ने बुधवार को एक रिपोर्ट में कहा कि ऐसा इसलिए है, क्योंकि अन्य देशों में निर्यात के माध्यम से अमेरिका में एक्सपोजर को देखते हुए भारत की घरेलू गतिविधि का अमेरिकी अंतिम मांग के मुकाबले लगभग दोगुना प्रभाव होगा।

ट्रंप की रिस्प्रोकल टैरिफ नीति के नकारात्मक प्रभावों से निपटने के लिए देश को कई स्तरों पर तैयारी करने होगी।

नवीनतम निष्पक्ष और पारस्परिक योजना के तहत अमेरिका अन्य देशों के समान टैरिफ, कर और गैर-टैरिफ बाधाओं के अनुरूप एक पारस्परिक योजना पर काम कर रहा है। रिपोर्ट के अनुसार पारस्परिक टैरिफ लगाए जाने पर भारत तीन स्तरों देश, उत्पाद और गैर टैरिफ बाधा आदि से प्रभावित हो सकता है। देश के स्तर पर समान टैरिफ व्यवस्था लागू करना सबसे स्पष्ट दृष्टिकोण होगा, जिसमें भारत से सभी अमेरिकी आयात पर बढ़े हुए टैरिफ शामिल होंगे। आम तौर पर भारतीय आयातित वस्तुओं पर अमेरिका द्वारा लगाए जाने वाले शुल्क की तुलना में भारत अमेरिकी आयात पर अधिक शुल्क लगाता है। अमेरिकी आयात पर भारत की प्रभावी टैरिफ दर 9.4 प्रतिशत है जबकि अमेरिका भारतीय आयात पर 2.9 प्रतिशत की प्रभावी टैरिफ दर लगाता है। इस प्रकार दोनों देशों के आयात शुल्क में 6.5 प्रतिशत अंक का बड़ा अंतर दिखाई देता है। इसमें कहा गया है, उत्पाद-स्तरीय टैरिफ व्यवस्था है, जहां भारत से आयात किए जाने वाले उत्पादों पर उसी के टैरिफ के समान शुल्क लगाता है। ऐसा होने पर अनुमान के मुताबिक औसत टैरिफ अंतर 11.5 प्रतिशत अंक तक बढ़ सकता है, लेकिन यदि लंबे समय तक लागू रहा तो यह अधिक जटिल होगा। इसमें कहा गया है कि गैर-टैरिफ बाधाओं सहित समान शुल्क व्यवस्था को लागू करना सबसे जटिल है और इससे टैरिफ और भी अधिक हो सकता है। समान टैरिफ व्यवस्था से भारत का निर्यात व्यापार तो प्रभावित होगा ही लेकिन साथ ही भारत अगर अमरीकी उत्पादों पर टैरिफ कम करता है, तो घरेलू उद्यमों के सामने भी चुनौतियां बढ़ेंगी। अमरीका के रिस्प्रोकल टैरिफ पॉलिसी से निपटने के लिए देश को लंबी और जटिल तैयारी करनी होगी। इसमें अमरीका के साथ मुक्त व्यापार समझौता को जल्द से जल्द पूरा करने के साथ ही भारतीय निर्यात को और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाना भी शामिल है। दरअसल कई कारणों से भारतीय उत्पाद विदेशी बाजारों में प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जाते हैं। इसमें उत्पादकता कम होना ओर उत्पादन लागत अधिक होना जैसी तमाम चीजें शामिल हैं। इसके लिए सरकार को निर्यात आधारित उद्यमों को प्रौद्योगिकी उन्नयन के लिए अधिक से अधिक मदद देने, निर्यातकों को अत्यधिक कम लागत पर वित्तीय सुविधा उपलब्ध कराने के साथ ही वह सारी सुविधाएं निर्यातकों को देनी होंगी जिसके जरिए भारतीय निर्यात को विदेशी बाजारों में प्रतिस्पर्धी बनाया जा सकता है। खासकर तब जब अमरीका के बढ़े हुए टैरिफ से भारतीय उत्पादों के महंगा हो जाने और इससे मांग घटने की आशंका है।

विचार

ब्रह्मचर्य की साधना करने से अनेक गुण स्वयं अधीन हो जाते हैं। जो शुद्ध भावना से ब्रह्मचर्य पालन करता है, वास्तव में वही भिक्षु है। तपों में सर्वोत्तम तप ब्रह्मचर्य है।

–महावीर.

बुद्धिमान कभी अपनी हानि पर शोक नहीं करते, बल्कि अपनी क्षति को पूरा करने का उपाय करते हैं।

–शेक्सपियर.

यदि आपका हृदय ईमान से भरा है तो एक शत्रु क्या, सारा संसार आपके सम्मुख हथियार डाल देगा।

–स्वामी रामतीर्थ.

ईर्ष्या मनुष्य को ठीक उसी प्रकार खा जाती है जिस प्रकार कपड़े को कीड़ा खा जाता है।

–श्रीराम शर्मा आचार्य.

जैसे फूल में गंध, तिल में तेल, काष्ठ में घी और ईख में गुड़ निराकार रूप में रहता है उसी प्रकार सगुण शरीर में आत्मा विद्यमान रहती है।

–योगवशिष्ठ.

सियासी समीकरणों को साधती भाजपा

मनोज बाजपेयी

दिल्ली भाजपा में दिग्गजों की कोई कमी नहीं थी। कई-कई बार के विधायक और सांसद भी थे। पार्टी संगठन और सरकार में ठीक-ठाक अनुभव रखने वाले भी थे और विपक्ष की सियासत में तपे-तपाये नेता भी दिल्ली भाजपा में थे, जो 27 साल बाद खत्म हुए सत्ता के सूखे में खुद की ताजपोशी की आश लगाये थे। लेकिन बीते कुछ समय से भाजपा राजनीतिक वरिष्ठता के बजाय सियासी समीकरणों पर अधिक फोकस कर रही है और इसमें वह काफी हद तक सफल भी रही है। आज भाजपा में कोई ऐसा वर्ग नहीं है जिसको वाजिब प्रतिनिधित्व हासिल न हो। सभी वर्गों के प्रतिनिधित्व और भागीदारी के जरिए ही भाजपा सर्वसमाज की पार्टी बनी है। ऐसे में सत्ता की सियासत में अपराजेय बनाने की महारत हासिल कर चुकी महिलाओं की उपेक्षा आखिर भाजपा कैसे कर सकती थी?

रेखा गुप्ता विधायक भले ही पहली बार बनी हों लेकिन सियासी समीकरण के मामले में वे एक साथ कई जगहों पर फिट बैठती हैं। बीजेपी आधे से अधिक राज्यों में सत्ता में है, लेकिन किसी भी राज्य का नेतृत्व महिलाओं के हाथ में नहीं है। चूंकि भारतीय जनता पार्टी ने संसद और विधान सभा में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण देने का सांविधानिक प्रावधान पहले की कर दिया है, ऐसे में दिल्ली में एक महिला मुख्यमंत्री को सत्ता से हटाकर किसी पुरुष को कमान सौंपती तो इससे खराब संदेश जाता। रेखा गुप्ता महिला होने के साथ ही वैश्य समाज से भी हैं और दिल्ली में केजरीवाल के उभार के बाद यहां बड़े पैमाने पर विधानसभा चुनाव में वैश्य समाज का समर्थन आम आदमी पार्टी को मिलता था। इससे बीजेपी जहां लोकसभा चुनाव में एकतरफा सभी सीटें जीत लेती थी, वहीं जब बात विधानसभा चुनाव की आती थी तो आम आदमी पार्टी भारी पड़ जाती। इसलिए भाजपा ने रेखा गुप्ता के जरिए जहां महिलाओं को 'फील गुड' कराया है वहीं त्रिपुरा में माणिक शाह के बाद दिल्ली में दूसरा वैश्य समाज का मुख्यमंत्री देकर एक तरह से अपने वैश्य समाज के मतदाताओं को भी अहसास कराया है कि भाजपा वैश्य समाज के योगदान को भूली नहीं है। गौरतलब है कि वैश्य समाज हमेशा भाजपा के साथ रहा। भाजपा से पहले

> **राजनीति में जब महिलाओं के लिए इतनी चुनौतियां हैं तब राष्ट्रीय राजधानी में रेखा गुप्ता के रूप में महिला मुख्यमंत्री का होना जरूर राजनीति में ताजा हवा की झोंका की तरह है, लेकिन सियासत में महिलाओं को अभी लंबी रेखा खींचनी है।**

जनसंघ के दिनों में भी वैश्य समाज राष्ट्रवादी धारा के साथ जुड़ा रहा और जनसंघ उसकी स्वाभाविक पंसद हुआ करती थी। दिल्ली और देश की महिलाओं और वैश्य समाज को सकारात्मक संदेश देने के लिए भाजपा ने महिला विधायक रेखा गुप्ता को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली का मुख्यमंत्री चुना है। इस तरह दिसंबर, 1998 में मुख्यमंत्री रहीं सुषमा स्वराज के बाद रेखा गुप्ता दिल्ली की दूसरी भाजपाई महिला मुख्यमंत्री हैं। इसमें यदि शीला दीक्षित और आतिशी को भी गिनें, तो वह दिल्ली की चौथी महिला मुख्यमंत्री हैं। देश के 13 राज्यों में भाजपा के मुख्यमंत्री हैं, लेकिन महिला मुख्यमंत्री कोई नहीं थी। एनडीए सरकारों का नेतृत्व भी पुरुष मुख्यमंत्री कर रहे हैं। अलबत्ता राजस्थान और ओडिशा में भाजपा ने महिला को उपमुख्यमंत्री जरूर बनाया है।

विमर्श

अब भाजपा की सूची में मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता महिला और वैश्य समुदाय का प्रतिनिधित्व करेंगी। रेखा गुप्ता 2025 के विधानसभा चुनाव में पहली बार ही विधायक बनी हैं। हालांकि उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय छात्र संघ के सचिव तथा अध्यक्ष, तीन बार नगर निगम पार्षद, भाजपा में पदाधिकारी और राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य के तौर पर 30 सालों का राजनीतिक सफर तय किया है। सवाल है कि रेखा गुप्ता को ही दिल्ली की मुख्यमंत्री का दायित्व क्यों दिया गया? जबकि कई अनुभवी और 5-6 बार के चुने हुए विधायक भी पार्टी में हैं। तो इसका साफ-साफ जवाब यही नजर आता है कि महिला और वैश्य समाज को साधने का प्रयास किया गया है और यह एक बेहतर राजनीतिक प्रबंधन, मैसेजिंग और सियासी नैरेटिव खड़ा करने का तरीका है। किसी भी समाज को जोड़ने के लिए वाजिब प्रतिनिधित्व देना सबसे बढ़िया और भरोसेमंद राजनीतिक तरीका है। प्रधानमंत्री मोदी अब महिला सशक्तिकरण की राजनीति पर ज्यादा फोकस करना चाहते हैं। वैश्य समाज जनसंघ के दिनों से ही संघवादी राजनीति के कोर समर्थक रहे हैं। भाजपा को तो 1980 के दौर में ब्राह्मण-बनिया की पार्टी ही माना जाता था। बाद में अन्य समाज के लोग भी जुड़ते गये और भाजपा का कारवां बनता गया। प्रधानमंत्री मोदी ने आदिवासी, ओबीसी और कुछ हद तक दलितों को भी भाजपा के साथ जोड़ने की सफल राजनीति की है, नतीजतन 20 से अधिक राज्यों में भाजपा-एनडीए की सरकारें हैं।

बहरहाल दिल्ली का परिदृश्य कुछ अलग रहा है। दिल्ली में साक्षरता दर 88 फीसदी से अधिक है। प्रति व्यक्ति आय भी औसतन 4 लाख रुपये से ज्यादा है। नागरिक जागरूकता भी काफी है। दिल्ली देश की राजधानी के साथ-साथ मिनी भारत भी है। चूंकि केजरीवाल भी वैश्य समाज के हैं, लिहाजा उनके नेतृत्व में जब आम आदमी पार्टी (आप) की राजनीति परवान चढ़ी, तो वैश्य भी उनकी आम आदमी पार्टी से जुड़ने लगा था। संभवतः भाजपा ने अपने कोर वोटर को खिसकने का डर महसूस किया और इस कारण वैश्य समीकरण भी महिला सशक्तीकरण के साथ जुड़ गया। प्रधानमंत्री मोदी ने 2025 के चुनाव में महिलाओं पर खूब फोकस किया था। नतीजतन पार्टी को 45 फीसदी से अधिक महिला वोट मिले। अब रेखा गुप्ता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाकर महिला और वैश्य समाज के जनाधार के साथ पार्टी की परम्परागत बॉडिंग को और मजबूत कर दिया है। दिल्ली में वैश्य समाज की आबादी 8 फीसदी है। जाट आबादी भी लगभग इतनी ही है। भाजपा रेखा गुप्ता को राष्ट्रीय राजधानी की कमान सौंपकर एक तरह से दिल्ली की करीब 1 करोड़ महिलाओं को प्रतिनिधित्व दिया है। भाजपा ने भी नये मुख्यमंत्री की व्याख्या इसी तरह से की है। अब पूरे देश में ममता बनर्जी और रेखा गुप्ता, दो महिला मुख्यमंत्री हैं। देश में 28 राज्य हैं और तीन केन्द्र शांसित प्रदेशों में भी विधानसभा और मुख्यमंत्री हैं।

इस तरह देश में 31 मुख्यमंत्री हैं और आधी आबादी अर्थात महिलाएं सिर्फ दो राज्यों में मुख्यमंत्री हैं। ऐसे समय में जब संसद और विधानसभाओं में महिलाओं को एक तिहाई आरक्षण का कानून बन चुका है, नगर निकायों और पंचायतों में पहले ही महिलाओं को आरक्षण के साथ उचित प्रतिनिधित्व भी मिल चुका है, तब सिर्फ दो राज्यों में महिला मुख्यमंत्री होना यह साबित करता है राजनीति में आज भी पुरुषों का वर्चस्व है। यह एक लोकतांत्रिक समाज और देश के लिए आदर्श स्थिति तो कतई नहीं है। राजनीति में जब महिलाओं के लिए इतनी चुनौतियां हैं तब राष्ट्रीय राजधानी में महिला मुख्यमंत्री का होना जरूर राजनीति में ताजा हवा की झोंका की तरह है, लेकिन सियासत में महिलाओं को अभी लंबी रेखा खींचनी है। जहां तक रेखा गुप्ता की चुनौतियों की बात है, तो उनके सामने केजरीवाल सरकार की मुफ्त योजनाओं को जारी रखना, वायु प्रदूषण कम करने के लिए ठोस योजना लागू करना, स्वच्छ पेयजल, सड़कों को ठीक करना और यमुना को निर्मल बनाने के साथ भाजपा की की लंबी चौड़े वायदों को जमीन पर उतारने की चुनौती है। इन तमाम मुद्दों पर मुख्यमंत्री के रूप में रेखा गुप्ता जितनी सफल होंगी, दिल्ली में भाजपा की सियासत भी उतनी ही मजबूत होती जायेगी।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

सोशल मीडिया

कांग्रेस ने दिल्ली विधान सभा चुनाव में इस बार बीजेपी की बी टीम बन कर लड़ा, यह आम चर्चा है, जिसके कारण बीजेपी सत्ता में आ गयी। वरना इतना बुरा हाल कांग्रेस का नहीं होता। मायावती.

सुप्रीम कोर्ट के आदेश का उल्लंघन करके सीजेआई को सीईसी चयन समिति से बाहर कर मोदी सरकार ने निर्वाचन प्रक्रिया की निष्पक्षता को पर चिंता बढ़ा दी है। राहुल गांधी.

सामाजिक न्याय के उन्नायक, अंधविश्वास जातिवाद व अस्वच्छता के खिलाफ क्रांति की ज्वाला प्रज्ज्वलित करने वाले पूज्य संत गाडगे जी की जयंती कार्यक्रम में शामिल हुआ। सीएम योगी.

हमारे कर्मों का फल

अंतर्दृष्टि

राजयोग की सभी साधनाओं के संबंध में यही बात है कि यहां क्रिया की अपेक्षा भावनाएं ज्यादा प्रधान होती हैं। यम-नियम जीवन के चिन्तन-चरित्र एवं आचरण में उतारने पड़ते हैं। आसन व्यायाम नहीं, वरन् आसन जमा कर बैठना है। रसोई भी आसन पर बैठकर की जाती है। बोलचाल की भाषा में किसी कार्य के लिए दृढ्तापूर्वक आरूढ़ होना भी आसन लगाना या आसन जमाना है। प्राणायाम प्राणवान बनने के लिए किया जाता है। प्राणवान अर्थात मनस्वी मनोबल सम्पन्न। इसी प्रकार प्रत्याहर को संघर्षशीलता कहते हैं। गीता में अर्जुन को जिस युद्ध के लिए प्रेरित किया गया है, वह वस्तुतः आत्मिक क्षेत्र का युद्ध है। मारकाट वाली लड़ाई के लिए गीता जैसे आत्मिक प्रवचन की आवश्यकता नहीं थी। वह प्रत्याहार ही है, जिसे गीतोक्त महाभारत नाम दिया गया है। यह धर्मक्षेत्र-कर्मक्षेत्र में लड़ा जाता है। संचित कुसंस्कारों एवं हेय प्रचलनों के आकर्षणों के दबावों को अस्वीकार करना ही प्रत्याहार है। अब तीन प्रयोग और शेष रहते हैं धारणा, ध्यान और समाधि। धारणा का तात्पर्य है- मान्यता, स्थापना, स्वीकृति निष्ठा। आदर्शों के विषय में यही तथ्य लागू होता है। आदर्शों को तर्क और तथ्य के आधर पर तो सहज ही स्वीकारा जा सकता है, पर जिस आदर्श को श्रद्धा, प्रज्ञा, निष्ठा के आधार पर हृदयांगम किया गया हो, फलित केवल वही होता है। आस्तिकता, आध्यात्मिता, धार्मिकता के त्रिविध आदर्श प्रमुख हैं। ईश्वर पर विश्वास आत्मक्षमता पर विश्वास, कर्तव्य कर्मों के दायित्व पर विश्वास इन तीनों के विश्वास को धारणा कहते हैं। यों साधारतया किन्हीं देवी-देवताओं, मंत्रों, गुरुजनों शास्त्रों, पंथों आदि पर विश्वास करना भी धारणा के अर्थ में प्रयुक्त होता है। एक शब्द में धारणा को विश्वास भी कह सकते हैं। ध्यान का तात्पर्य है-अभीष्ट निर्धारण का बार-बार चिन्तन करना। इससे मान्यता परिपक्व होती है। भूल हुई बातों का स्मरण भी ध्यान के आधार पर हो आता है। अपने आदर्श का, लक्ष्य का, निश्चय का बार-बार स्मरण करने से वह आस्था के रूप में परिणत हो जाता है। यों किसी चित्र का, मस्तिष्क का, व्यक्ति का, कल्पना-सपनों का इच्छानुसार ध्यान किया जाता है। नाद योग में शब्दों का, मेरुदण्ड में षटचक्रों का, मस्तिष्क में ब्रह्मकमल का, मूलाधार में कुण्डलिनी का ध्यान किया जा सकता है। मस्तिष्क में ब्रह्मग्रन्थि, हृदय में विष्णुग्रंथि, नाभि में रुद्रग्रंथि के ध्यान का विधान है। श्वास-प्रश्वास के समय सोहम ध्वनि की, ध्यान धारणा की जाती है। इसी प्रकार और भी योग सम्प्रदायों में कई-कई प्रकार के ध्यानों का निर्धारण है। विचार चेतना को केन्द्रीभूत करने की साधना है।

जनहित में जरूरी सूचनाएं...

व्यंग्यलोक

मैं इस राष्ट्र का जिम्मेदार नागरिक हूं। इसलिए जनहित में कुछ जरूरी सूचनाएं देना अपना कर्तव्य समझता हूं। यह सूचना बिजली वाले, टेलीफोन वाले व टेंट वाले भाइयों के लिए है। सूचना है कि मेरे पिछवाड़े की सड़क पहले ऊबड़-खाबड़ थी। बीस वर्षों की कठोर तपस्या के बाद अब यह सड़क सोलह सिंगार से सज-धज कर पेवर रोड के रूप में बदल गई है। मारे शर्म के सड़क का घूंघट प्यारे मंत्री जी ने उघाड़ा था। उन्हीं मंत्री जी ने सड़क का उदघाटन किया। जिन्होंने इस सड़क के गभार्धान के बाद एक सुंदर बंगले को जन्म दिया था। तो साहब कुल जमा सूचना यह है कि सड़क ने सिने तारिकाओं के गालों जैसा रूप धर लिया है। अतः हे बिजली वालों! हे टेलीफोन वालों! हे पानी के नल बिछाने वालों! हे टेंट गाड़ने वालों! देवी और देवताओं आप तुरंत इधर चले आइए! अपने गैंती, फावड़े और कुदालों के साथ तुरंत आ धमकिए। आपको फटी, पुरानी, बूढ़ी, खूसट सड़क खोदने में शर्म आती है। फटेली सड़क के साथ छेड़छाड़ करने में आपका शर्म से पानी-पानी हो जाना भी वाजिब है। असली आनंद सोलह सिंगारवान नई नवेली सड़क को चीरने में ही आता है। आप भी क्या करें श्रीमान! आपके गैंती फावड़े भी पुरानी सड़कों को खोदने से मना कर देते हैं। नई सड़क देखते ही आपके मुंह में पानी का टैंकर आ जाता है।

रामविलास जाँगिड़

आपकी भुजाएं फड़कने लगती है। आपके गैंती फावड़े सड़क को चीरने के लिए मचल उठते हैं। आप कई बार कागजों में बनी पेपरी सड़क को कागजों में ही खोल डालते हो। कागजों में ही सड़क बनाना व कागजों में ही इसे फाड़ देना आपकी कुशलता है। यह आपकी अतिरिक्त योग्यता है। परंतु करें भी क्या? इधर वास्तव में गलती से एक सड़क बन ही गई है। सड़क बनाने वाले दोषी लोगों के खिलाफ कार्यवाही तो होगी ही। किंतु सड़क फाड़ना आपका कर्तव्य है। इसलिए भाइयों तुरंत आ जाओ! फिर मत कहना कि सूचना नहीं दी। टेलीफोन वाले भाइयों आप आ जाओ। कल को बिजली वाले पहले सड़क फाड़ गये तो आपकी जग हंसाई होगी। फिर मुझे मत कहना। पानी के पाइप डालने वाले बंधुओं आप भी आ जाओ। हालांकि आपके पाइप पूरे वर्ष सिर्फ हवा का ही आदान प्रदान करते हैं। परंतु इससे क्या! पाइपों में चाहे हवा आए या कीचड़ मुख्य बात तो सड़क फाड़ने की है। टेंट वाले सजनवा आप पधार जाइए! ठोक दीजिए सड़क के सीने में खूँटियां कसकर बांध दीजिए सड़क का गला। सड़कों के यही उपयोग हैं। सड़क वही जो फाड़ने के काम आए। पूरा-पूरा देश ही सड़क के पीछे रोजगारवान हुआ पड़ा है। आधा देश सड़क बनाकर उससे कोठी और कार पैदा करता है। शेष आधा देश सड़क फाड़कर विदेश यात्रा को प्राप्त होता है।

असाधारण संगीतकार ओपी नैय्यर के किस्से

बड़ा पर्दा

कैलाश सिंह

भारत में ऐसा कोई संगीतकार न था जो अपनी फिल्मों में कम से कम एक गीत लता मंगेशकर की आवाज में न रखना चाहता हो। लेकिन यह सुनकर आपको आश्चर्य होगा कि असाधारण प्रतिभा के धनी व विख्यात संगीतकार ओमकार प्रसाद नैय्यर जो ओपी नैय्यर के नाम से अधिक जाने जाते हैं, ने कभी भी लता की आवाज का इस्तेमाल अपनी बनायी धुनों के लिए नहीं किया, यह अलग बात है कि लता की बहन आशा भोंसले की आवाज में उन्होंने सैंकड़ों सदाबहार गीत रिकॉर्ड कराये। नैय्यर लता को इतना नापसंद करते थे या उनका विरोध करते थे कि मध्य प्रदेश सरकार जो पुरस्कार लता के नाम पर देती है उसे भी उन्होंने लेने से इंकार कर दिया था। लता के बॉलीवुड में अनेक संगीतकारों व गायकों (विशेषकर मुहम्मद रफी) से विवाद, तकरार व मतभेद हुए, जिनका समय के साथ खात्मा भी हो गया, लेकिन जो प्रतिद्वंदिता व कड़वाहट नैय्यर और लता के बीच थी वह कभी समाप्त न हो सकी और दुनिया बेहतरीन धुनों व शानदार आवाज के संगम से वंचित रही।

आखिर दोनों के बीच यह दुश्मनी क्यों हुई? एक स्वतंत्र संगीतकार के रूप में नैय्यर की पहली फिल्म 'आसमान' थी। इस फिल्म में लता को गाने के लिए अनुबंध किया गया था। नैय्यर व उनके बौकग्राउंड साजिंदे रिकॉर्डिंग करने के लिए घंटों तक लता की प्रतीक्षा करते रहे, लेकिन वह नहीं आयीं। तब नैय्यर ने कसम खायी कि उनकी फिल्मों में लता कभी गाना नहीं गायेंगी। लता ने दावा किया था कि वह नैय्यर के स्टूडियो इसलिए नहीं पहुंच पायीं क्योंकि वह एक अन्य रिकॉर्डिंग में व्यस्त हो गईं थीं। यह घटना 1950 के दशक के शुरू में हुई थी और इसके कारण जो गलतफहमी उत्पन्न हुई वह कभी खत्म न हो सकी बल्कि समय के साथ अधिक तीव्र होती चली गई।

लता की बहन आशा भोंसले के साथ नय्यर ने बहुत लम्बे समय तक काम किया, लेकिन इस संबंध का अंत भी कड़वाहट में हुआ और फिर इन दोनों ने भी कभी साथ काम नहीं किया। आशा व नय्यर की पहली मुलाकात 1952 में 'छम छमा छम' गीत की रिकॉर्डिंग पर हुई थी। उस समय तक आशा अपनी बड़ी बहन लता के साये में रहती थीं। नय्यर ने उन्हें विश्वास दिलाया कि वह अपना व्यक्तिगत रास्ता स्वयं बना सकती हैं। नैय्यर के मार्गदर्शन में आशा ने अपनी स्वतंत्र व आकर्षक शैली विकसित की। कैबरे-शैली गायन में भी उन्होंने महारत हासिल की और उसमें प्रेम का भाव वह लेकर आयीं। नय्यर के संगीत निर्देशन में जो उन्होंने मुहम्मद रफी के साथ युगल गीत गाये वह सभी अपने समय में चार्टबस्टर थे। 'कश्मीर की कली' व 'तुमसा नहीं देखा' के गीत तो आज तक लोगों की जबान पर हैं। नया दौर का युगल गीत उड़ें जब जब जुल्फें तेरी को कौन भूल सकता है, जिसमें तीनों नय्यर, रफी व आशा ने कमाल कर दिया था। लेकिन लम्बे प्रोफेशनल साथ के बावजूद 1972 में नय्यर व आशा कड़वी यादों के साथ एक दूसरे से अलग हो गये और फिर दोनों ने कभी भी साथ काम नहीं किया। दोनों का साथ अंतिम गीत 'चैन से हम को कभी आप ने जीने न दिया' था। इस गीत के लिए आशा को 1974 में फिल्मफेयर का सर्वश्रेष्ठ महिला गायिका का अवार्ड मिला था। नय्यर ने आशा की तरफ से यह अवार्ड स्वीकार किया, लेकिन उसे बाद में आशा को देने के बजाय रास्ते में ही फेंक दिया। अनुमान यह है कि दोनों के बीच भावनात्मक रिश्ता कायम हो गया था। नय्यर से अलग होने के बाद आशा का आरडी बर्मन के साथ गहरा पर्सनल व प्रोफेशनल रिश्ता रहा।

बहरहाल, हमेशा सफेद कपड़ों व हैट के साथ सार्वजनिक स्थलों पर दिखायी देने वाले नय्यर का जन्म 16 जनवरी 1926 को लाहौर में हुआ था। संगीत में उन्होंने कभी औपचारिक ट्रेनिंग हासिल नहीं की थी, लेकिन उन्होंने अपनी एक विशिष्ट शैली विकसित की और वह पंजाबी रिदम को मुंबई की फिल्मों में लेकर आये। नय्यर जब लाहौर रेडियो स्टेशन में गायक थे तो उनकी मुलाकात सरोज से हुई जो स्टेज डांसर थीं। सरोज ने ही 'प्रीतम आन मिलो' गीत के बोल लिखे थे। नय्यर व सरोज ने शादी कर ली, दोनों के तीन बेटियां सोनिया, अन्नपूर्णा व लक्ष्मी और एक बेटा आशीष हुए।

आपकी बात

संसाधनों का केन्द्रीयकरण

देश में तेज आर्थिक प्रगति के बावजूद संसाधनों का न्यायिक बंटवारा न होने के कारण आर्थिक विषमता भी उतनी ही तेजी से बढ़ रही है और कोरोना काल में यह और जटिल हुई है क्योंकि तमाम गरीब जो औपचारिक रूप से किसी रोजी-रोजगार से जुड़े थे वह खत्म हो गये। इससे गरीबी बढ़ी है और गरीबों का जीवन और कठिन हो गया है। अमीर-गरीब के बीच बढ़ती खाई समाज में अनेक तरह की विषमता उत्पन्न कर रही है। दुनिया की संपत्तियां कुछ हाथों में सिकुड़ती जा रही हैं और विकास के लाभ आमजन तक नहीं पहुंच रहे हैं। विश्व में आर्थिक विषमता का बढ़ना चिंताजनक स्थिति को दर्शाता है। धन के असमान वितरण से स्थिति भयावह होती जा रही है। विश्व में केवल दो प्रतिशत अमीरों के पास विश्व की आधी से अधिक सम्पत्ति है। विश्व के केवल एक प्रतिशत लोग विश्व की चालीस प्रतिशत सम्पत्ति पर कब्जा जमाये हुए हैं। विश्व की नब्बे प्रतिशत आबादी के हिस्से में कुल सम्पत्ति का सिर्फ पंद्रह प्रतिशत ही हिस्सा है। सम्पत्ति के मामले में बढ़ रही असमानता से गरीबों का जीवनस्तर गिरावट की ओर अग्रसर है। जमीन, जायदाद, मकान, वित्तीय सम्पत्तियां कुछ खास तबकों के पास सिमटी चली जा रही है। विकासशील देशों में आम जनता को आर्थिक असमानता से ज्यादा नुकसान हो रहा है। एक तरफ कुछ लोगों की सम्पन्नता का बढ़ना आम आदमी के लिए ही कष्टकारी होता जा रहा है। दुनिया में गैर बराबरी का बढ़ना किसी भी लिहाज से उचित नहीं है। इसकी रोकथाम के लिए सरकारों को ठोस पहल करनी होगी। आज एक आदमी के लिए जीवन यापन कठिन होता जा रहा है जबकि मोटे पैकेज की बाढ़ है। यह बात सिर्फ निजी क्षेत्र में नहीं बल्किसरकारी क्षेत्र में भी देखने को मिल रही है। सरकारी क्षेत्र में मोट वेतन दिये जा रहे हैं और स्टॉफ घटाये जा रहे हैं। जबकि वेतन सीमित करके कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने की जरूरत है। इससे रोजगार के मौके बढ़ेंगे और अधिक से अधिक लोगों तक समृद्धि आयेगी। बहरहाल देश को आर्थिक प्रगति के साथ ही आर्थिक संसाधनों के न्यायपूर्ण वितरण पर भी काम करना होगा ताकि प्रगति के लाभों में अधिक से अधिक लोग भागीदार बनें और समावेशी विकास का रास्ता आगे बढ़े।

दिनेश कुमार मिश्र, लखनऊ.

रोजगार का बढ़ता संकट

देश में दिनोंदिन रोजगार का संकट बढ़ रहा है। युवाओं को शिक्षा पूरी करने के बाद नौकरी की तरफ भागने के बजाय रोजगार देने वाला बनना चाहिए और इसके लिए उद्यमिता बहुत जरूरी है। यह बात पूरी तरह से स्पष्ट है कि सरकार सबको रोजगार नहीं दे सकती है और बड़ी कंपनियों में जिस तरह आधुनिक तकनीकी मानव श्रम का स्थान ग्रहण कर रही है उसमें सबको नौकरी मिलना मुश्किल है। ऐसे में युवाओं को रोजगार के लिए उद्यमिता अपनानी होगी ताकि वे रोजगार प्रदाता बनकर देश में बेरोजगारी की समस्या के समाधान में वाहक बन सकें। देश में युवाओं को प्रशिक्षण देकर उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए कौशल विकास मिशन चल रहा है लेकिन अधिकांश युवक कौशल प्रशिक्षण के बाद भी स्वरोजगार अपनाने के बजाय नौकरियों की तलाश में लगे रहते हैं। इससे बेरोजगारी की समस्या के समधान में कोई खास मदद नहीं मिलती है। प्रदेश में लाखों युवक रोजगार की तलाश में है और जब सरकारी नौकरियों में आवेदन मांगे जाते हैं तो चपरासी पद के कुछ पदों के लिए लाखों आवेदन आते हैं। लेकिन देखा जाये तो ज्यादातर को रोजगार नहीं मिलता है, लेकिन इसके बावजूद भी युवक उद्यमिता के बजाय पहली प्राथमिकता सरकारी नौकरी को देते हैं। हाल के वर्षों में जिस तरह सरकारी नौकरियों में छुट्टियां बढ़ी हैं और आकर्षक वेतन हुआ है उसके कारण युवक सुरक्षित और आरामदेह नौकरी को ज्यादा तरजीह देते हैं।

आदित्य कुमार वर्मा, बाराबंकी.

संक्षेप

निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा कैंप का हुआ आयोजन

सोहावल-अयोध्या। मां ज्वाला फाउंडेशन एवं परमहंस नेचुरोपैथी क्लीनिक कौशलपुरी द्वारा निःशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा कैंप का आयोजन मां ज्वाला मंदिर खिरौनी नगर पंचायत में किया गया। जिसमें डाक्टर राजपाल द्वारा सर्वाइकल, सायटिका, कमर दर्द, घुटनों का दर्द, गठिया रोग एवं गैस के सैकड़ो मरीजों को परामर्श एवं थेरेपी भी दिया। मां ज्वाला फाउंडेशन के अध्यक्ष प्रवीण सिंह एवं पंकज पाण्डेय द्वारा डा. राजपाल को राम नामा पहनाकर स्वागत किया गया। प्रवीण सिंह ने कहा कि प्राकृतिक चिकित्सा भारत की सबसे प्राचीन पद्धति है । इस कैम्प का उद्देश्य यह है कि नगर पंचायत के लोग योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के प्रति जागरूक हों और बिना दवा के लोग स्वस्थ रहें। कैम्प में सौरभ मिश्र, प्रशान्त शुक्ल, अंशुमान श्रीवास्तव, लाल जी शर्मा, आचार्य अभिषेक, हिमांशु सूर्यकान्त त्रिपाठी, इंद्रपाल सिंह , सुमन सिंह (आशा), माधुरी मिश्रा (आशा) का भी सहयोग रहा।

जिले के 125 परीक्षा केंद्रों पर 24 से आरम्भ होगी बोर्ड परीक्षा

जिला संवाददाता(vol)

बहराइच । जिला विद्यालय निरीक्षक मनोज कुमार अहिरवार ने बताया कि जनपद के 125 परीक्षा केन्द्रों पर माध्यमिक शिक्षा परिषद उ.प्र. प्रयागराज द्वारा 24 फरवरी से 12 मार्च 2025 तक आयोजित वर्ष-2025 की

- स्टेटिक, सेक्टर व जोनल मजिस्ट्रेटों की निगरानी में होंगे परीक्षा केंद्र
नकलविहीन परीक्षा के लिए किये गये फुलप्रूफ बन्दोबस्त
- छापामारी के लिए गठित किये गये सचल दल

हाईस्कूल/इण्टरमीडिएट की परिक्षायें दो पालियों में प्रथम पाली प्रातः 08.30 बजे से पूर्वान्ह 11.45 बजे तक एवं द्वितीय पाली में अपरान्ह 02.00 बजे से अपरान्ह 05.15 बजे तक सम्पन्न होंगी।

डीआईओएस श्री अहिरवार ने बताया कि शासन एवं जिलाधिकारी मोनिका रानी के निर्देश पर जनपद में बोर्ड परीक्षा को सकुशल, शान्तिपूर्ण एवं नकलविहीन सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।

डीआईओएस ने बताया कि जनपद में अवस्थित 125 परीक्षा केन्द्रों को 08 जोन व 30 सेक्टरों में विभाजित कर किया गया है। जिले के सभी परीक्षा केन्द्रों पर स्टेटिक मजिस्ट्रेट के साथ-साथ सेक्टरवार व जोनवार मजिस्ट्रेटों की तैनाती की डीएम द्वारा की गई है। इसके अतिरिक्त प्रश्न पत्रों के पहुँचने से पूर्व परीक्षा केन्द्रों पर सुरक्षा हेतु पुलिस अधीक्षक द्वारा पुलिस बल की तैनाती कर दी गयी है। बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु जनपद स्तर पर कलेक्ट्रेट स्थित ई-डिस्ट्रिक्ट मैनेजर के कार्यालय में स्थापित आनलाइन कन्ट्रोल रूम की निगरानी प्रशासनिक अधिकारी द्वारा की जायेगी।

डीआईओएस ने बताया कि शासन व बोर्ड के दिशा निदेर्शों के अनुसार बोर्ड परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु डीएम द्वारा समस्त केन्द्र व्यवस्थापक, अतिरिक्त केन्द्र व्यवस्थापक, स्टेटिक, सेक्टर, जोनल मजिस्ट्रेट के साथ बैठक कर विस्तृत दिशा निर्देश दिये जा चुके हैं। परीक्षा केन्द्रों की भांति संकलन केन्द्रों पर भी पर्याप्त संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई है।

परीक्षा अवधि में परीक्षार्थियों की एकाग्रता प्रभावित न हो इसके लिए परीक्षा केन्द्र के आस-पास ध्वनि विस्तारक यन्त्रों के प्रयोग तथा परीक्षा केन्द्र के अन्दर किसी प्रकार के इलेक्ट्रानिक गैजेट्स को न ले जाने के सम्बन्ध में दिशा निदेर्शों का कड़ाई के साथ अनुपालन कराया जायेगा। बोर्ड परीक्षा को शुचिता पूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराने के लिए जिले में 06 सचल दलों का गठन किया गया है तथा समस्त परीक्षा केन्द्रों पर उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण किया जा चुका है।

डीएम मोनिका रानी ने सचेत किया है कि बोर्ड परीक्षा में अनुचित साधनों, प्रश्न पत्रों के समय के पूर्व प्रकटन को रोकने, सॉल्वर गिरोह को अभिनिषिद्ध करने और उससे सम्बन्धित आनुषंगिक मामलों में दोषी पाये जाने पर उत्तर प्रदेश सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम, 2024 में दिये गये प्रावधानों के अन्तर्गत कार्यवाही की जायेगी।

जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धि का होगा। डीएम द्वारा यह भी निर्देश दिया गया कि बोर्ड परीक्षा-2025 में कार्मिकों की ड्यूटी कदापि न काटी जाये।

अयोध्या क्षेत्र की अव्यवस्थाओं पर भड़के सपाई

अयोध्या। बोर्ड की परीक्षाएं शुरू होने जा रही हैं लेकिन व्यवस्था के नाम पर प्रशासन हाथ पे हाथ धरे बैठा हैं। अभी हाल में चिकित्सा के अभाव में सेवानिवृत प्रोफेसर की मृत्यु हो गई, अयोध्या में बैरिकेडिंग की वजह से उनको अस्पताल तक नहीं ले जाया जा सका। यह बात सपा के महानगर अध्यक्ष श्यामकृष्ण श्रीवास्तव ने कही। रविवार को गुलाबबाड़ी स्थित पार्टी कार्यालय पर आयोजित महानगर कमेटी की बैठक में उन्होंने अयोध्या क्षेत्र की अव्यवस्थाओं पर सवाल उठाए, कहा कि सोमवार को पूर्व मंत्री तेज नारायन पांडेय के नेतृत्व में जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा जाएगा। महासचिव हामिद जाफर मीसम ने कहा कि अयोध्या में रहने वाले लोग परेशान हैं, अपने घर तक नहीं पहुंच पा रहे हैं, बच्चे स्कूल व कॉलेज नहीं जा पा रहे है। प्रशासन व्यवस्था के नाम पर स्थानीय लोगों को परेशान कर रही है। बैठक में राम अचल यादव, पार्षदगण विशाल पाल, अर्जुन यादव, अखिलेश पांडे, फरीद कुरैशी, राम अजोर यादव समेत अन्य मौजूद रहे।

निरुद्ध बंदियो को स्वावलम्बी बनाने की दिशा में कार्य कर रहे जेलर जेपी तिवारी

बाराबंकी। जिला कारागार निरुद्ध बंदियो को स्वावलम्बी बनाने की दिशा में कुछ अलग सिखाने की कोशिश करता रहता है। जेल में बंद बंदियों को सुधारने के लिए रोजगार परक प्रशिक्षण निमदस संस्था के सहयोग से पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी बंदियों द्वारा हर्बल गुलाल बनाने की पहल शुरू हो गई हैं। हर्बल गुलाल में खुशबू लाने के लिए इत्र के साथ ही जेल मे उत्पादित गेंदा फूल, हल्दी, पालक व चुकंदर आदि के रसों से तैयार किए जा रहे हर्बल गुलाल लोगों की त्वचा को नुकसान नही करेगे। इस सम्बन्ध मे जेलर जितेन्द्र प्रताप तिवारी ने बताया कि जेल के करीब दो दर्जन बंदियों द्वारा एक दिन में करीब 20 किलोग्राम तक हर्बल गुलाल तैयार कर लिया जाता है। इस गुलाल को बंदी मुलाकात पर आने वाले स्वजन को भी देंगे। इससे पर्यावरण संरक्षण में वह भी उनका सहयोग दें। इस अवसर पर संस्था निदेशक एस0के वर्मा मौजूद रहे।

सपा व कांग्रेस ने पसमांदा मुस्लिम को ठग सिर्फ वोटबैंक बनाकर इस्तेमाल किया: वसीम राईन

बाराबंकी। कांग्रेस व सपा सबसे बड़े ठग है। झूंठ बोलकर सत्ता का स्वाद लेते आये दोनों दलों का असली चेहरा आमजन के सामने आ रहा है। चाहे पीडीए का नया राग, यह सब चुनावी रंग में रंगे नेताओ की देन है। बाद चुनाव यह सब शांत बैठे हैं। बात पसमांदा मुसलमान की ही करें तो कांग्रेस व सपा का फरेबी चरित्र सामने आ जाता है। इतने रंग गिरगिट के नही जितने कांग्रेस व सपा के हैं। उक्त उद्गार आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान मे कही। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन ने आगे कहा कि कांग्रेस व सपा एक ही सिक्के के दो पहलू हैं और दोनों ने बारी बारी से पसमांदा मुस्लिम समाज को ठगा और वोटबैंक बनाकर इस्तेमाल किया है। 85 फीसदी पसमांदा आबादी को दोनों दलों ने केवल इस्तेमाल की चीज बनाकर रख दिया। सत्ता, सदन व संगठन में हिस्सेदारी की बात जब हुई, नेताओं ने गिरगिट की तरह रंग बदल लिए। कांग्रेस ने निमेष कमीशन के जरिये पसमांदा समाज के उत्थान के हवाई किले बांधे। आर्टिकल 341 के जरिये धार्मिक प्रतिबन्ध के मुद्दे पर चुप्पी साध रखी। न राज्यसभा भेजा न संगठन में ही जगह दी। बस अशराफ को गोद में खिलाते रहे और पसमांदा कांग्रेस की इस कुटिल चाल से बेखबर होकर इन्हें सत्ता में आने के मौके देता रहा। यही हाल समाजवादी पार्टी का है। सपा मुखिया ने भी पसमांदा मुसलमान का सिर्फ इस्तेमाल किया, झूंठ बोलकर वोट हासिल करते रहे। उन्होंने आगे कहा कि देश की ऐसी कोई तथाकथित सेकुलर पार्टी नहीं, जिसने इनकी आबादी के अनुपात में अपने सत्ता और संगठन में 10 प्रतिशत भी हिस्सेदारी दी हो। इसके विपरीत सेकुलर पार्टियों द्वारा देश की इकलौती कम्युनल पार्टी घोषित भाजपा जैसी पार्टी के राष्ट्रीय संगठन, राज्य सभा, विधानपरिषद, अल्पसंख्यक मोर्चा, अल्पसंख्यक आयोग, मदरसा बोर्ड और उप्र मंत्रीमंडल आदि में पसमांदा की हिस्सेदारी इनके मुकाबले बहुत बेहतर रही है।

अयोध्या वासियों को आवागमन में मिलेगी छूट

अयोध्या। रामनगरी में लगातार श्रद्धालुओं की मौजूदगी के चलते लोगों को आवागमन में हो रही परेशानियों को देखते हुए महापौर महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक राज करण

- महापौर से वार्ता के बाद जिलाधिकारी ने जताई सहमति

नय्यर से मुलाकात कर वार्ता की। इसके बाद प्रशासनिक अधिकारियों ने अयोध्या के नागरिकों को आवागमन में सुविधा की दृष्टि से छूट देने का फैसला किया है। महापौर ने बताया कि प्रशासन ने सहमति जताई है कि राम पथ पर स्थित पोस्ट ऑफिस का कट, प्रमोदवन का कट, छोटी देवकाली तिराहा का कट, और तुलसी उद्यान का कट हर 20 मिनट के अंतराल पर अयोध्यावासियों के लिए आधार कार्ड दिखाने पर खोले जाएंगे, जिससे उन्हें अपने गंतव्य तक पहुँचने में सुविधा हो। रामपथ पर पैदल आवागमन की सुविधा होगी। देवकाली तिराहा, दीनबंधु तिराहा, टेढ़ी बाजार, लता मंगेशकर चैक, हनुमानगढ़ी, दशरथ महल आदि स्थानों पर एंबुलेंस उपलब्ध होगी, जहां से नागरिक आपात स्थिति में चिकित्सा की सहायता प्राप्त कर सकेंगे। हमारी लाइफ एडवांस सिस्टम जो लता मंगेशकर चैक पर खड़ी रहेगी, अगर किसी को आकस्मिक चिकित्सा सेवा की आवश्यकता हो तो वह वहां अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्या का निदान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि दीनबंधु तिराहा, रामघाट चैराहा, विद्याकुंड, अशर्फी भवन चैराहा, राजघाट पर लगाए गए बैरियर से लोगों को वाहन सहित आने जाने की सुविधा अब मिलेगी। इस संबंध में नगर निगम के पब्लिक एड्रेस सिस्टम से अनाउंस भी किया जाएगा। उन्होंने बताया कि वाहन से रामपथ क्रॉस करने की सुविधा उदया पब्लिक स्कूल की ओर से सुलभ होगी।

अयोध्या को आकाश से निहारने के लिए पर्यटकों में बढ़ा क्रेज

अयोध्या। रामनगरी में उमड़ी लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ के बीच अब अयोध्या धाम को आकाश से निहारने की होड़ मच गई है। चार दिन पहले शुरू हुई हेलीकॉप्टर सेवा का लाभ उठाने के लिए लोगों का तांता लग गया है। सात मिनट के हवाई सफर के दौरान श्रद्धालु आकाश से रामनगरी को

- सात मिनट में देख रहे पूरी अयोध्या, एक राइड में छह लोगों के बैठने की व्यवस्था
- सुबह 12 से शाम 5 बजे तक यात्री उठा रहे हेलिकॉप्टर सेवा का लुफ्त

निहार उत्साहित हो रहे हैं। मंदिर का व्यू और राम की पैड़ी का सुपर लुक हवाई सफर को चार-चांद लगा दे रहा है। भव्य मंदिर में रामलला के विराजमान होने के बाद अयोध्या में प्रदेश की योगी सरकार ने ऐतिहासिक विकास कार्य कराए हैं। अयोध्या को पर्यटन की दृष्टि से सजोने के लिए करोड़ो-अरबों की परियोजनाओं उतार दीं। मठ-मन्दिरों का सौंदर्यीकरण कराया। फन और एडवेंचर के लिए भी तमाम कार्य कराए

हैं। अब इसी दिशा में काम करते हुए हेलीकॉप्टर सेवा की शुरुआत कराई है। हेलीकॉप्टर सेवा से सात मिनट की राइड कराई जाती है। एक बार में छह लोग बैठ सकते हैं।

इसमें पांच यात्री और छठवां पायलट शामिल रहता है। हेलीकॉप्टर से उड़ान भरते समय सभी सेफ्टी का ध्यान रखा जाता है। अभी एक यात्री का किराया 4,130 रुपये तय किया गया है। बड़ी संख्या में लोग पहुंचकर बुकिंग करा रहे हैं।एयर सफारी नाम की कंपनी ने यहां हेलिकॉप्टर की सेवा शुरू की है। यहां के बेस मैनेजर अमित ने बताया कि अभी दोपहर 12 से शाम पांच बजे तक के लिए ही यात्रियों को सैर कराई जाती है। उन्होंने बताया कि 19 फरवरी से इस सेवा की औपचारिक शुरुआत हुई है। उस दिन 63 लोगों ने यात्रा की थी। 20 को आठ, 22 को 118 व 23 की दोपहर दो बजे तक 49 लोग आकाश से अयोध्या को निहार चुके थे।

क्षेत्रीय पर्यटन अधिकारी आरपी यादव ने बताया कि अयोध्या का पर्यटन की दृष्टि से विकास कराया जा रहा है। इसी वजह से हेलीकॉप्टर सेवा शुरू की गई है। सरयू अतिथि गृह के सामने बने हेलीपैड से हेलीकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर उड़ता है। इसमें यात्रा करने के लिए सिर्फ ऑफलाइन बुकिंग ही होती है।

सुरक्षा जवान व सुपरवाइजर चयन के लिए ब्लॉक पर आयोजित होंगे शिविर

बहराइच । जिला सेवायोजन कार्यालय व सिक्योरिटी स्किल काउंसिल ऑफ इंडिया लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में शिक्षित बेरोजगार अभ्यर्थियों को रोजगार से जोड़ने के लिए ब्लाक मुख्यालयों पर शिविर आयोजित कर सुरक्षा गार्ड व सुपरवाइजर के पदों पर भर्ती की जाएगी। यह जानकारी देते हुए जिला सेवायोजन अधिकारी संजय कुमार ने बताया कि विकास खण्ड फखरपुर में 24 व 25 फरवरी, तेजबापुर में 27 व 29 ,फरवरी, रिसिया में 01 व 02 मार्च, विशेश्वरगंज में 03 व 04 मार्च, शिवपुर में 05 व 07 मार्च, हुजूरपुर में 08 व 10 मार्च, जिला सेवायोजन कार्यालय बहराइच में 09 मार्च तथा कैसरगंज में 11 व 12 मार्च 2025 को पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 03:00 बजे तक भर्ती कैम्प आयोजित होगा। श्री कुमार ने बताया कि सुरक्षा जवान पद हेतु 19 से 40 वर्ष आयु वर्ग के हाईस्कूल उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी लम्बाई 167.5 से.मी. तथा सुपरवाइजर हेतु 19 से 40 वर्ष आयु वर्ग के इण्टरमीडिएट उत्तीर्ण अभ्यर्थी जिनकी लम्बाई 170 से.मी. है अर्ह होंगे। इच्छुक अभ्यर्थी शैक्षिक योग्यता के अंकपत्र, प्रभाण पत्र, आधार कार्ड मूलरूप में एवं उनकी एक-एक छायाप्रति तथा दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ भर्ती कैम्प में प्रतिभाग कर सकते हैं। चयनित अभ्यर्थियों पीएफ, ग्रेच्युटी, बोनस, बीमा, आवास की सुविधाओं के साथ-साथ दो बच्चों की पढ़ाई के लिए द इंडियन पब्लिक स्कूल देहरादून में करवाया जाएगा। अधिक जानकारी के लिए जिला सेवायोजन कार्यालय, बहराइच से सम्पर्क किया जा सकता है।

क्रिकेट अकादमी फरीदाबाद ने लहराया परचम

जिला संवाददाता(vol)

बाराबंकी। केडी सिंह बाबू स्टेडियम में बाराबंकी जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेली जा रही 18वीं चैधरी आसिफ अली मेमोरियल ऑल इंडिया प्राइज मनी क्रिकेट लीग 2025 के फाइनल मुकाबला विजय यादव क्रिकेट

- श्री साई विजय अरोड़ा मेमोरियल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित हुए जनपद के खिलाड़ी
- पीयूष गिरिधर मैन आफ द मैच व अहान पोद्दार बने मैन ऑफ द टूर्नामेंट

अकादमी फरीदाबाद, हरियाणा व क्रिकेट एसोसिएशन लखनऊ के बीच खेला गया। लीग का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सांसद तनुज पुनिया व पूर्व कैबिनेट मंत्री अरविन्द कुमार सिह गोप ने खिलाड़ियो ने परिचय प्राप्त कर किया। टांस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी लखनऊ की टीम से रिजुल पटेल 57 रन, शौर्य सिंह 49 रन, कृतज्ञ सिंह 46 रन, अक्षदीप नाथ 41 रनों की बदौलत 40 ओवर में 9 विकेट खोकर 292 रन बनाए। फरीदाबाद की ओर से गेंदबाजी करते हुए अविनाश कुमार एवं पियूष गिरिधर ने 3-3 विकेट प्राप्त किया। लक्ष्य का पीछा करने उतरी फरीदाबाद से अहान पोद्दार 89 रन, यश अदाना 66 रन, पियूष गिरिधर नाबाद 39 रन की बदौलत 37.5 ओवरों में 5 विकेट खोकर ही लक्ष्य हासिल किया। लखनऊ से गेंदबाजी करते हुए शौर्य सिंह ने सर्वाधिक 2 विकेट प्राप्त किया। फाइनल मुकाबले में विजय यादव क्रिकेट अकादमी ने लखनऊ को 5 विकेट से हराकर जीत हासिल की। बेहतरीन ऑलराउंड खेल हेतु पीयूष गिरिधर को मुख्य अतिथि द्वारा मैन आफ द मैच पुरस्कार देकर

सम्मानित किया गया। टूनार्मेंट में बेहतरीन बल्लेबाजी करने वाले लखनऊ टीम के बल्लेबाज हिमांशु असनोरा को बेस्ट बैट्समैन, बेहतरीन गेंदबाजी करने वाले फरीदाबाद के आयुष को बेस्ट बॉलर, सर्वश्रेष्ठ ऑलराउंड खेल के लिए फरीदाबाद के अहान पोद्दार को मैन ऑफ द टूनार्मेंट का पुरस्कार दिया गया। इसके साथ ही एसोसिएशन उपाध्यक्ष राजेश अरोड़ा बब्बू द्वारा जनपद के खिलाड़ियो अनिल सागर व नसीम कीर्ति को श्री साई विजय अरोड़ा मेमोरियल लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर कुलदीप वर्मा, अख्तर सुजीत चतुर्वेदी, अंकुर माथुर, जतिन मौजूद रहे।

महानिदेशक युवा कल्याण ने मण्डलीय अधिकारियों के साथ की बैठक

बहराइच । महानिदेशक, युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल उत्तर प्रदेश श्रीमती चैत्रा वी. ने शनिवार को देर शाम विकास भवन सभागार में मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, उप निदेशक युवा कल्याण एवं प्रान्तीय रक्षक दल गोरखपुर जोन, मण्डल के चारों जनपद के जिला युवा कल्याण अधिकारी, क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, उपायुक्त मनरेगा सतीश पाण्डेय के साथ मण्डलीय समीक्षा बैठक की।

बैठक में महानिदेशक महोदया द्वारा विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की गयी एवं उनके क्रियान्वयन हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किया गया। उन्होनें पीआरडी जवानों को वदीर्धारी सुरक्षाबल होने के कारण अपनी ड्यूटी दायित्वों का निर्वहन एवं अनुपालन एवं पूर्ण निष्ठा के साथ करने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त मंगल दल के सदस्यों तथा अन्य युवाओं को यूथ पालियामेन्ट में प्रतिभाग करने हेतु माई भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन हेतु भी निर्देशित किया।

महानिदेशक श्रीमती चैत्रा वी. ने प्रत्येक ब्लाक में जवानों के लिए मिनी स्टेडियम अथवा खेलकूद मैदान बनाये जाने के निर्देश दिये। इस हेतु उन्होनें मुख्य विकास अधिकारी से शीघ्र आपेक्षित कार्यवाही करने को कहा। वित्तीय वर्ष में ग्रामीण क्षेत्रों में खेलकूद के मैदान को डेवलप किया जाय।

उन्होनें सम्बन्धित विभागीय अधिकारियों से कहा कि कार्य क्षेत्र में आने वाली समस्याओं को रखा जाय इसका शीघ्र निराकरण कराया जायेगा। बैठक से पूर्व महानिदेशक श्रीमती चैत्रा वी. के लो.नि.वि. निरीक्षण भवन पहुंचने पर गार्ड आफ आनर दिया गया तथा जिलाधिकारी मोनिका रानी ने शिष्टाचार भेंट की।

संत गाडगे ने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ दिया संदेश: तनुज पुनिया

बाराबंकी। संत गाडगे महाराज एक महान समाज सुधारक थे। जिन्होंने अपने जीवन को गरीबों, दलितों एवं समाज के वंचित वर्गों के उत्थान के लिए समर्पित कर दिया। उन्होंने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ संघर्ष किया और स्वच्छता, शिक्षा और निस्वार्थ सेवा का संदेश दिया। उक्त उद्गार कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने ओबरी आवास पर संत शिरोमणि बाबा संत गाडगे महाराज की 149वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम मे उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के पश्चात व्यक्त किये। कार्यक्रम मे पूर्व सांसद डा0 पी0एल पुनिया ने कहा कि उनके आदर्श आज भी समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। उन्होंने समाज में व्याप्त बुराइयों को दूर करने और समरसता लाने के लिए सदैव कार्य किया। कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष मोहम्मद मोहसिन, राजेन्द्र वर्मा फोटोवाला, सरजू शर्मा, इरफान कुरैशी, मोइनुद्दीन अंसारी आदि मौजूद रहे।

साइबर एक्सपर्ट ने छात्राओं को जागरुक कर दिये सतर्कता बरतने के टिप्स



जिला संवाददाता(vol)

बाराबंकी। मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में साइबर अपराध से बचाव एव जागरुकता विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे साइबर एक्सपर्ट आरक्षी राजन यादव ने छात्राओ को जागरुक करते हुये कहा कि बैंक द्वारा कभी भी केवाईसी अपडेट कराने के लिए मोबाइल फोन से सीवीसी, पिन नम्बर नहीं मांगा जाता है।

यदि ऐसी कोई कॉल आए तो व्यक्तिगत जानकारी साझा न करें। किसी अनजान व्यक्ति के कहने से कोई भी ऐप डाउनलोड न करें। किसी भी वेबसाइट पर व्यक्तिगत जानकारी साझा करने से पहले अच्छी तरह से जांचे। ऑनलाइन सेवाएं प्रदान करने वाली कम्पनियों व सरकारी विभाग के कस्टमर केयर का नम्बर आधिकारिक वेबसाइट से ही प्राप्त करें। किसी से पैसा प्राप्त करते समय अपनी यूपीआई आईडी, पासवर्ड न डालें, पैसा प्राप्त करते समय इसकी आवश्यकता नहीं होती है। अपने सोशल मीडिया एकाउण्ट व बैंक खातों का पासवर्ड मजबूत बनाएं जिसमें नम्बर, अक्षर व चिन्ह तीनों हो। साथ ही टू-स्टेप वेरीफिकेशन लगाए रखें।साइबर धोखाधड़ी होने पर तत्काल हेल्पलाइन नम्बर 1930 एव वेबसाइट पर शिकायत दर्ज कराये।

मिल्कीपुर में राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ

जिला संवाददाता(vol)

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र स्थित श्री गनेश सिंह महाविद्यालय अहरन सुवंश में राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ पूर्व मंत्री एवं सपा नेता आनंद सेन यादव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि कैसरगंज के पूर्व सांसद बृजभूषण सिंह रहे। उन्होंने श्वेत कबूतर छोड़ कर प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। रविवार को राज्य स्तरीय वालीबाल प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय परिसर में श्री गणेश सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्रतियोगिता के उद्घाटन अवसर पर पहुंचे पूर्व सांसद कैसरगंज बृजभूषण सिंह ने मौजूद खिलाड़ियों एवं सम्राट लोगों सहित क्षेत्रवासी ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि आज हर व्यक्ति के घर में महंगी से महंगी कर और मोटरसाइकिल में उपलब्ध है लेकिन उनके घरों में खेल

का कोई भी एक छोटा सा संसाधन नहीं उपलब्ध है उन्होंने लोगों के बिगड़ते स्वास्थ्य पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि यह इस संसाधनों का न होने का परिणाम है उन्होंने मौजूद लोगों से खेती किसानी में मेहनत करने तथा पशुपालन पर ध्यान देने की बात कही और कहा कि जब हम अपने खेतों एवं जानवरों पर मेहनत करेंगे तो इससे आदमी का स्वास्थ्य संतुलित रहेगा। उन्होंने कहा कि देश का सबसे प्रथम खेल कुशती है। जिसे देवता से लेकर आम व्यक्ति भी आज भी खेलता है। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला उत्तर प्रदेश पुलिस टीम एवं गोरखपुर की टीम के बीच हुआ। जहां उत्तर प्रदेश पुलिस टीम ने उद्घाटन मैच जीत लिया। प्रतियोगिता में प्रमुख रूप से धनबाद रेलवे, डीएलडब्लू वाराणसी, उत्तर प्रदेश पुलिस, गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज लखनऊ, मुगलसराय रेलवे, कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी हरियाणा, सीडीएस पेंशन इलाहाबाद, एलएन आईपी ग्वालियर स्पोर्टस टीमें प्रतिभाग कर रही हैं। प्रतियोगिता के आयोजन महाविद्यालय के प्रबंधक हरि बक्श सिंह एवं संरक्षक देव बक्श सिंह ने प्रतियोगिता में पधारे अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित भी किया। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन अरुण कुमार द्विवेदी ने किया। इस मौके पर प्रमुख रूप से कांग्रेसी नेता शिवपूजन पांडेय, महेंद्र प्रताप सिंह, बिंदेश्वरी सिंह, दुर्गा वक्श सिंह सुनील सिंह, शिवपूजन सिंह, अमरजीत सिंह, एडवोकेट, विनय कुमार तिवारी, वसीम खान सरवरे आलम सहित सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने चलाया चेकिंग अभियान

बाराबंकी। महादेवा मेले में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन टीम द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी अनुराधा मिश्रा, भगौती प्रसाद, खाद्य सहायक पवन वर्मा, शिवकुमार की टीम ने 1 वाहन पर लगभग डेढ़ लाख कीमत के एक्वागंगा व गंगाजल ब्रांड के 400 बोरी मे 40000 पानी पाउच पर निर्माण तिथि, बेस्ट बिफोर, विनिमार्ता का नाम व पता अंकित न मिलने पर मौके पर विनष्ट कराया गया। तो वही मेला क्षेत्र में गुप्ता की दुकान पर विक्रय हेतु भंडारित 20 किलो बासी लड्डू जो अनहाइजीनिक स्थिति में रखे मिलने पर व यादव भोजनालय पर सब्जी बनाने हेतु रखे गए 20 किलो खराब आलूओ को भी विनष्ट कराया गया।

संक्षेप

कैंसर से पीड़ित किशोरी ने लगायी फांसी

शुकुल बाजार, अमेठी। ग्राम सभा इंदरिया के पूरे रामदीन गांव में एक दर्दनाक घटना सामने आई एक गरीब परिवार की 15 वर्षीय बेटी सुनीता ने रविवार को आत्महत्या कर ली वह पिछले कई वर्षों से गले की बीमारी से जूझ रही थी उसका इलाज चल रहा था डॉक्टरो ने गले की सर्जरी भी की थी सर्जरी के बाद भी गले में लगातार दर्द बना रहता था उसे आराम नहीं मिला परिवार ने कई स्थानीय डॉक्टरों व बाहरी डाक्टरों को दिखाया लेकिन बीमारी का पूरा इलाज नहीं हो पाया गले की दर्द से परेशान सुनीता पुत्री हरिराम ने रविवार की दोपहर पेड़ की डाल से दुपट्टे के सहारे फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की मां ने बताया कि बेटी के गले में हमेशा दर्द बना रहता था इलाज कराने के लिए मेरे पास इतना पैसा नहीं था की दुबारा सर्जरी करावाया जा सके जिससे सुनीता मानसिक रूप से परेशान रहती थी आज हमारी बिटिया ने आर्थिक तंगी के चलते जान दे दी।

चंद्र शेखर आजाद के बलिदान दिवस पर रक्तदान महादान शिविर आयोजित

सुलतानपुर (वीओएल)। जिले के अग्रणी सामाजिक संगठन, राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ द्वारा 27 फरवरी को महान क्रांतिकारी चंद्र शेखर आजाद के बलिदान दिवस के अवसर पर रक्तदान महादान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय और जिला चिकित्सालय स्थित ब्लड बैंक में प्रातः 10 बजे से होगा। संघ की महत्वपूर्ण बैठक अध्यक्ष मेराज अहमद खान की अध्यक्षता में नगरपालिका स्थित कार्यालय पर संपन्न हुई। बैठक में रक्तदान महादान, निःशुल्क भोजन वितरण, होली और रमजान किट जैसे विषयों पर चर्चा की गई। संघ के मार्गदर्शक निजाम खान ने 27 फरवरी को चंद्र शेखर आजाद के पुण्यतिथि के अवसर पर रक्तदान शिविर आयोजित करने का प्रस्ताव रखा, जिसे सभी सदस्यों ने एकमत होकर मंजूरी दी। संगठन के सभी सदस्य रक्तदान के महत्व को लेकर जागरूकता फैला रहे हैं। प्रदीप श्रीवास्तव ने सभी से अपील की कि वे स्वयं रक्तदान करें और दूसरों को भी प्रेरित करें। अध्यक्ष मेराज अहमद खान ने कहा कि रक्तदान से कई जिंदगियों को बचाया जा सकता है।

जलाभिषेक के दौरान शंख बजाने पर कार्यवाही का विरोध

सलोन,रायबरेली। भाजपा शासन काल में पुलिस व प्रशासनिक अफसरों को महाशिवरात्रि पर्व पर शंख वाद्य यंत्र, भगवा ध्वज, ढोल और घंटियों के बजने से खतरा महसूस हो रहा है। आरोप है कि शिव बारात पर जलाभिषेक के दौरान शंख बजाने और वाद्य यंत्र बजाने पर कठोर कार्यवाही की चेतावनी पुलिस प्रशासन द्वारा दी गई है। प्रशासन का तुगलगी फरमान ऐसे समय आया है जहां महाकुम्भ जैसे पर्व पर लाखों हिंदुओं ने आस्था की डुबकी लगाकर सनातन धर्म की जय जय कार कर विश्व मे हिन्दू धर्म का मस्तक ऊंचा किया है। पूरे प्रकरण में शिवभक्त नागार्जुन प्रसाद गुप्ता ने जिलाधिकारी रायबरेली को शिकायती पत्र देकर प्रशासन की पाबंदी को हटाए जाने की मांग की है। सलोन कस्बे में शिव बारात निकालने को लेकर नागार्जुन प्रसाद गुप्ता समेत अन्य लोगो ने 19 फरवरी को प्रशासन से अनुमति मांगी थी।लेकिन कानून व्यवस्था और पूर्व आदेश का हवाला देकर पुलिस प्रशासन ने अनुमति देने से इनकार कर दिया। जिसके बाद शिव भक्तों ने विधायक अशोक कुमार से शिकायत कर अनुमति दिलाने की मांग की थी।

नन्हें बच्चों का ब्रेनवाश कर हो रहा है धर्मांतरण का खेल

पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को भेजा जेल

रायबरेली। देश को जाति धर्म में बांटकर सदियों से तोड़ने की कोशिश की जा रही है। सतयुग काल से ही आसुरी शक्तियों की चपेट में भारत की सनातन संस्कृति रही है जब प्रदेश में योगी सरकार की धर्म ध्वजा लहरा रही है फिर भी ईसाई मिशनरियों का मिशन जनमानस को अपने धर्म में शामिल कराने की जद्दोजहद में जुटा है। सनातन संस्कृति के खिलाफ रची जा रही साजिश सदैव हिन्दू धर्म के उदारवादी नीति के कारण सफल रही है।

जनपद में लगातार इसाई मिशनरियों के लोगों द्वारा लोगों को धन का लालच देकर अपने धर्म में शामिल करने की परंपरा जड़ पकड़ चुकी है। लगातार शिकायतों के बाद भी योगी सरकार की पुलिस कार्रवाई नहीं कर पा रही है जिसका कारण है पुलिस को जानकारी होने के बाद भी सबूत हाथ में न लगना तथा आरोपी के खिलाफ हिंदू संगठनों द्वारा न खड़ा होना भी बताया जा रहा है। थाना मिल एरिया में लगातार हो रहे धर्मान्तरण में इसाई मिशनरियों के शामिल होने की घटना पर पुलिस ने कार्रवाई की है। बताया जाता है मिलएरिया थाना क्षेत्र के विजय सिंह पुत्र राजकुमार ग्राम सभा संदी नागिन तथा सन्ध्या मिलएरिया थाना क्षेत्र एवं सुषमा ने बच्चों को टॉफी, पुस्तकें, रुपया, पैसा देकर अपने धर्म में शामिल करने की योजना बना रहे थे और लगातार ईसाई मिशनरियों के लिए क्षेत्र में काम कर रहा थे पुलिस ने तीनों लोगों के खिलाफ उप्र विधि विरुद्ध धर्म परिवर्तन की धारा में केस पंजीकृत कर विजय सिंह तथा सुषमा को गिरफ़्तार कर जेल भेजा है। वहीं नसीराबाद थाना क्षेत्र में लगातार गरीब और असहाय लोगों को ईसाई मिशनरियों में धर्म में शामिल होने के लिए उन्हें लालच दिया जाता है और कई मामले प्रकाश ने भी आए परंतु मजबूत सबूत न मिलने से पुलिस कार्यवाही नहीं कर सकी। हालाँकि ईसाई मिशनरियों में शामिल लड़कियों का काम है कि गांवों में चुपचाप लोगों के घरों में संपर्क बनाते हुए उनके दुख सुख में शामिल हो जाना और उन्हें अपने प्रति आकर्षित कर यह धन का लालच देकर प्रार्थना सभा लगाकर लोगों को धर्म परिवर्तन कराना एक उद्देश्य बन चुका है। सरकार द्वारा लगातार इन व्यापक रूप से फैले ईसाईयों के धार्मिक मकड़जाल में उलझाने वाले लोगों को समझाया जा रहा है परंतु सनातन संस्कृति व पर आघात करने वाले लोगों की संख्या बढ़ती जा रही है। मिशनरियों द्वारा लोगों के नाम परिवर्तन अब नहीं कराए जा रहे हैं उनका उद्देश्य है कि नाम परिवर्तन करने से इसका खुलासा जल्द हो जाता है जिससे उनका मिशन कामयाब नहीं होता। अभी तक हजारों की संख्या में रायबरेली में मिशनरियों ने धर्म परिवर्तन कराने का कार्य किया है जिस पर सनातन संस्कृति की रक्षा करने वालों को भी इस मामले को गंभीरता से लेते हुए हिंदू संस्कृति की रक्षा करने के लिए संगठनों को आगे आना पड़ेगा। हिंदू वाहिनी अध्यक्ष मारुति ने हिंदू संगठनों से एक जुट होकर इस बड़े धर्म परिवर्तन की निंदा करते हुए इसे रोकने के लिए लोगों का आवाहन किया है।

मृतक बच्चों के परिजनों से मिले प्रभारी मंत्री ओपी राजभर

● 17 फरवरी को दीवार के नीचे दबने से हुई थी तीन बच्चों की मौत, दिया मदद का आश्वासन

गोसाईंगंज, सुलतानपुर। सप्ताह पूर्व दजीपुर गांव में अधूरे मकान की दीवार ढह गई थी। जिससे उसके अंदर खेल रहे बच्चे दब गए थे। दर्दनाक हादसे में चचेरे भाई सहित तीन बच्चों की मौत हो गई थी। बचाव में आए ग्रामीण समेत कुल दस लोग घायल हुए थे। रविवार को सुभासपा अध्यक्ष पंचायती राज मंत्री-प्रभारी मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने पीड़ित परिवारों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। उन्होंने मृतकों के परिजनों और घायलों को शासन से आर्थिक मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

गोसाईंगंज थाने के दजीपुर गांव में 17 फरवरी को अधूरे पक्के मकान में खेलते समय दीवार गिरने से तीन बच्चों की मौत हो गई थी। हादसे में एक बच्चे ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया था। जबकि चचेरे भाइयों की इलाज के दौरान लखनऊ में मौत हो गई। राहत-बचाव कार्य में लगे ग्रामीणों सहित कुल दस लोग घायल हुए थे। रविवार सुबह सवा दस बजे प्रभारी मंत्री ओपी राजभर दजीपुर गांव पहुँचे। यहां उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया। पीड़ित परिवारों से मिलकर शोक संवेदना व्यक्त की। ओपी राजभर ने कहा कि वह शासन स्तर से जल्द ही मृतक के परिवारजन को सहायता राशि और घायलों को आर्थिक मदद दिलाई जाएगी। यहां उन्होंने एसडीएम को सभी जरूरी प्रपत्र बनाकर प्रेषित करने को कहा। प्रभारी मंत्री करीब पौन घण्टे गांव में रुके। उसके बाद गंतव्य के लिए रवाना हो गए। एक दिन पहले प्रभारी मंत्री के बेटे अरविंद राजभर ने गांव पहुँचकर घटना स्थल का निरीक्षण किया था। उन्होंने परिजनों से मिलकर मदद का आश्वासन दिया था। सदर विधायक राजप्रसाद उपाध्याय भी रविवार पीड़ित परिजनों से मिले। इस मौके पर एसडीएम जयसिंहपुर शिव प्रसाद, तहसीलदार मयंक मिश्रा, थानाध्यक्ष गोसाईंगंज अखिलेश सिंह, चौकी इंचार्ज भटमई जितेंद्र यादव सुभासपा प्रदेश उपाध्यक्ष अखिलेश शर्मा आदि मौजूद रहे।

अवधी को विधानसभा में अभिव्यक्ति का अवसर मिलना गौरव पूर्ण : डॉ . अर्जुन पाण्डेय

अमेठी । रविवार को अवधी साहित्य संस्थान अमेठी की ओर से स्थानीय डाक बंगले में मासिक कवि गोष्ठी का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा ?मां सरस्वती जी की पूजा अर्चना, माल्यार्पण तथा प्रख्यात कवि राजेन्द्र शुक्ल 'अमरेश' की वाणी वंदना से हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुए अवधी साहित्य संस्थान अमेठी डॉ अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि गोस्वामी तुलसीदास द्वारा रचित श्रीरामचरित मानस दुनिया का सर्वश्रेष्ठ ग्रन्थ है उत्तर प्रदेश की विधानसभा में सरकार द्वारा अवधी सहित ब्रजी, बुन्देली एवं भोजपुरी को अभिव्यक्ति का अवसर मिलना गौरव पूर्ण है। कवि गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए कवि राजेन्द्र शुक्ल 'अमरेश 'ने पढ़ा कवि अमरेश करैं अवधी कय गान हो, अवध नगरिया कय बाटै बड़ी शान हो। सुधीर रंजन द्विवेदी ने पढ़ा राजानीति के खेल नियम रहे सब टूट, जो जितना निर्लज्ज है उसको उतनी छूट। अर्जुन पाण्डेय ने पढ़ा दुनियादारी समझै बरे, चकाचौंध से बचै का परे। शब्बीर अहमद सूरी ने पढ़ा देश वतन की मिट्टी से, सुगंध प्यार की आती है, भारत की जय-जय बोलो जय की बेला आई है। समीर मिश्र ने पढ़ा अहिंसा की करो पूजा, चलो गांधी के चिन्हों पर, अगर दुश्मन करें हमला लड़ना भी जरूरी है। जगदम्बा तिवारी 'मधुर' ने पढ़ा आशा फागुन तन भीगा सा, रस की तायन भंवरवा ढूढ़त बा। रामेश्वर सिंह निराश ने पढ़ा सरहद पे सदा सेना को देता सहारा, कारगिल कसूर की तो है यह पहचान तिरंगा। अमर बहादुर सिंह 'अमर' ने पढ़ा दिल हमारा समुन्दर का पानी नही, जान पहचान बिन मेहरबानी नही दिवस प्रताप सिंह ने पढ़ा सक्रिय फिर से मदारी हो गये, ये बाबा पुनः ब्रम्हचारी हो गये। कवि गोष्ठी में चन्द्र प्रकाश पाण्डेय मंजुल, आशुतोष गुप्त, सुधा अग्रहरि, तेज भान सिंह आदि कवियों ने अपनी रसभरी कविताओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया इस अवसर पर संपादक संतोष श्रीवास्तव, पत्रकार संजीव भारती, ललित, कैलाश नाथ शर्मा, जगन्निवास मिश्र, एवं अनुभव मिश्र की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।

ई-रिक्शा पर लदे दरवाजे से टकरायी बाइक महिला की मौत, दूसरी गंभीर रूप से घायल

अमेठी। मोहनगंज थाना क्षेत्र के तिलोई-सेमरौता मार्ग पर रविवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें 32 वर्षीय महिला की मौत हो गई, जबकि 62 वर्षीय महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। यह हादसा सुभाष पुष्पदंत सिंह नाथ विद्यापीठ इंटर कॉलेज के पास हुआ। जानकारी के अनुसार, सुनील कुमार अपनी पत्नी सुनीता देवी और मोहनदेई के साथ बाइक से शादी समारोह में जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रहे ई-रिक्शा पर लदा दरवाजा बाहर निकला हुआ था, जो अचानक उनकी बाइक से टकरा गया। हादसे में हेलमेट पहने होने के कारण सुनील कुमार को मामूली चोटें आईं, लेकिन पीछे बैठी सुनीता देवी और मोहनदेई गंभीर रूप से घायल हो गईं। आनन-फानन में तीनों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तिलोई ले जाया गया, जहां से डॉक्टरों ने गंभीर हालत में दोनों महिलाओं को रेफरल अस्पताल भेज दिया। इलाज के दौरान सुनीता देवी की मौत हो गई, जबकि मोहनदेई की हालत चिंताजनक बनी हुई है। थाना प्रभारी रोशन सिंह ने बताया कि हादसे के बाद ई-रिक्शा चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में जुट गई है और मामले की जांच की जा रही है। मृतक सुनीता देवी के 10 वर्षीय बेटे और 14 वर्षीय बेटी के सिर से मां का साया उठ गया, जिससे परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। इस दर्दनाक घटना से गांव में शोक की लहर है।

बाजार शुक्ल के महोना में आईटीआई बनकर तैयार, शैक्षिक सत्र का इंतजार

शुकुल बाजार, अमेठी। वाओं को स्थानीय स्तर पर तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराने के लिए क्षेत्र के महोना में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) का भवन बनकर आईटीआई को हैंडओवर हो चुका है। सब कुछ ठीक ठाक रहा तो इस शैक्षिक सत्र में प्रशिक्षण की कक्षाओं के शुरू होने की उम्मीद है। जिससे क्षेत्र के युवाओं को अपने नजदीक ही तकनीकी शिक्षा मिल सकेगी। अल्पसंख्यक बाहुल्य विकासखंड शुकुल बाजार को विकास की धारा से जोड़ने के लिए प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2015 -16 मैं क्षेत्र के साथ सत्थीन गांव में राजकीय आईटीआई की स्थापना को मंजूरी मिली थी स्वीकृति के बाद राजस्व विभाग ने सत्य गांव में भूमि चिन्हित का निर्माण की सहमति प्रदान की निर्माण कार्य शुरू होता इसके पहले ग्रामीण ने भूमि को विवादित बताते हुए कोर्ट से स्थगित आदेश ले लिया। स्थगत आदेश जारी होने के बाद जिला प्रशासन ने महोना में आईटीआई निर्माण के लिए भूमि दी थी वर्ष 2018 में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी वह क्षेत्रीय विधायक सुरेश पासी में मोहन में आईटीआई भवन के निर्माण की आधारशिला रखी थी। महोना में आईटीआई भवन का निर्माण कार्यदय संस्था उपराज्य निर्माण सहकारी संघ लिमिटेड के द्वारा 8.20 करोड़ की लागत से कराया गया नवनिर्मित आईटीआई भवन दो मंजिल का है ग्राउंड फ्लोर में कर 4 वर्कशॉप एक कंप्यूटर रूम एक हल समेत 6 क्लास रूम हुआ रैम्प तैयार किया गए हैं। शौचायलयों के साथ ही पार्किंग की व्यवस्था भी है इस संस्थान में इलेक्ट्रिकल इलेक्ट्रीशियन प्लंबर मैकेनिकल वह इलेक्ट्रिक मेंटेनेंस सहित अन्य ट्रेड का प्रशिक्षण दिया जाएगा। आईटीआई भवन हैंडोवर हो चुका है निदेशालय को पत्राचार किया जाएगा या संस्थान पब्लिक प्राइवेट पार्टनरशिप ट्रिपल पी एजेंसी द्वारा संचालित कराया जाएगा।

जनहित में अधिकारी करें समस्याओं का तत्काल निस्तारण : अदिति सिंह

रायबरेली। सदर विधायक अदिति सिंह ने अपने निजी आवास लालूपुर चैहान में जनता दरबार लगाकर लोगों की समस्याएं सुनीं तथा संबंधित अधिकारियों को शिकायतों के निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आम जनता के लिए जनहित में अधिकारियों को समस्याओं का निस्तारण तत्काल करना चाहिए। उन्होंने उन जन शिकायतों का भी महत्व दिया जो आम लोगों के सद्भाव और सौहार्द से जुड़े हुए हैं। सदर विधानसभा क्षेत्र में गरीब लोगों के शादी विवाह समारोह में मौजूद रहकर उनकी सेवा करना भी सदर विधायक का प्रथम कर्तव्य बन चुका है। अधिकतर कार्यक्रमों में उनकी मौजूदगी से लोगों में सदर विधायक के प्रति विश्वास बढ़ रहा है और उनके सुख दुख में खड़े रहने की कवायद से जनता दरबार में भी काफी लोग पहुंच कर अपनी समस्याओं का निराकरण करा रहे हैं। रविवार को आयोजित होने वाले जनता दरबार में जन जन की भावनाओं में सदर विधायक के प्रति मसीहा के रूप में जनता का प्रेम उमड़ रहा है। जनता के अपार प्रेम के प्रतीक

● सदर विधायक ने सुनी लोगों की समस्याएं

सदर विधायक ने कहा कि हमारे परिवार की परंपरा रही है कि हम आम लोगों या खास लोगों में भेदभाव न करते हुए लोगों की समस्याओं का निराकरण कराए हैं यह मेरी प्राथमिकता है। सदर विधायक ने सैकड़ों लोगों की फरियाद सुनकर निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए।

सीएमओ ने किया आरोग्य मेले का निरीक्षण

अमेठी। नॉन कम्युनिकेबल डिजीज जैसे हाइपरटेंशन डायबिटीज ओरल ब्रेस्ट सर्वाइकल कैंसर की जांच करना और उनको दवा देना है पूरे स्टेट की रिपोर्ट है। मुख्य मंत्री आरोग्य मेला पीएचसी शाह मऊ का निरीक्षण किया 78 मरीज देखे गए और 34 जांचे की गई सभी स्टाफ उपस्थित थे डॉक्टर राधा धीमन मैटरनिटी लीव पर है।

रोटरी क्लब ने रोटरी स्थापना की वर्षगांठ मनायी

रायबरेली। रोटरी क्लब रायबरेली ने रोटरी संगठन की स्थापना के 120 वर्ष पूरे होने पर रोटरी सेवा केंद्र रायबरेली में स्थापना दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया। रोटरी रायबरेली के वरिष्ठ सदस्य रोटेरियन आरके सोनी के द्वारा रोटरी के संस्थापक रोटेरियन पाल हैरिस की मूर्ति पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि के माध्यम से नमन कर कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम का संचालन कार्यक्रम अधिकारी रोटेरियन वीरेंद्र नाथ गुप्ता ने किया एवं अध्यक्षता रोटेरियन पपिंदर सिंह सलूजा ने की। स्थापना दिवस पर रोटेरियन विमल तलरेजा ने रोटरी के स्थापना के संघर्षपूर्ण समय के बारे में विस्तृत जानकारी उपस्थित सदस्यों को दी। रोटरी क्लब रायबरेली द्वारा संचालित रोटरी सेवा केंद्र के बारे में रोटेरियन राजीव भार्गव ने टीकाकरण केंद्र के संचालन एवं कंप्यूटर शिक्षक टाइपिंग और विभिन्न प्रकार के छात्र-छात्राओं के शिक्षक कोर्स के क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी सदन को दी रोटरी के सेवा भाव की प्रशंसा एवं पोलियो उन्मूलन में भारत सरकार के पोलियो उन्मूलन लक्ष्य में आर्थिक रूप से एक बड़े फंड के सहयोग की बात पूर्व में रोटरी के द्वारा जो दी गई है उसकी सभी सदस्यों ने प्रशंसा की। उपरोक्त कार्यक्रम में रोटरी के पूर्व अध्यक्ष रो संजय सभरवाल, रो राजेश शर्मा, रो विजय सिंह, रो गोविंद खन्ना, रोटेरियन अमित लूनिया, रो विवेक सिंह उपस्थित रहे।

डॉ. ओम प्रकाश का किया गया अभिनंदन

● शब्द साक्षी अभिनंदन ग्रंथ का हुआ विमोचन

लालगंज, रायबरेली। बैसवारा साहित्यिक एवं सामाजिक संस्था के तत्वाधान में बैसवारा ही नहीं अंतरराष्ट्रीय स्तर के साहित्य मनीषी डॉक्टरओम प्रकाश सिंह का नागरिक अभिनंदन किया गया। साहित्य मनीषियों ने उनके द्वारा रचित शब्द साक्षी अभिनंदन ग्रंथ का भी विमोचन किया। कार्यक्रम का संचालन अवनेंद्र बहादुर सिंह एवं संयोजन पूर्व शिक्षक हरिनाम सिंह के द्वारा किया गया।

वरिष्ठ शिक्षक आशीष प्रताप सिंह सेंगर ने डॉ ओम प्रकाश सिंह के व्यक्तित्व पर विस्तृत चर्चा की और बताया कि श्री सिंह ने 47 साहित्य ग्रन्थों की अब तक रचना की है। कई रचनाएं अभी तक प्रकाशित नहीं हुई है जिन पर काम चल रहा है। इसके अलावा पत्र पत्रिकाओं में भी उन्होंने अपनी रचनाएं लिखी हैं। शोध कार्य भी उनके द्वारा किए गए हैं। राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय 11 मंचों पर उन्होंने अपनी प्रस्तुति दी है। सरस्वती प्रतिष्ठान, उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान सहित पांच संस्थाओं के द्वारा उन्हें पुरस्कृत किया गया है। 78 संस्थाओं के द्वारा उन्हें सम्मानित भी किया गया है। इसके साथ ही मंच पर विराजमान बैसवारा विकास समिति के अध्यक्ष मुकेश सिंह, अध्यक्षता कर रहे स्वामी विज्ञानानंद जी महाराज, डॉ गणेश नारायण शुक्ला, डॉक्टर विद्या बिंदु सिंह, प्रोफेसर शीला श्रीवास्तव, डॉ राम नरेश सिंह, डॉक्टर तहसीलदार सिंह, डॉ ओम धीरज, डॉक्टर बी एन विश्वकर्मा, डॉ सूर्य प्रसाद दीक्षित, डीआर अमल धारी सिंह का भी सम्मान हुआ। अभिनंदन समारोह के अवसर पर मुख्य रूप से राजेश सिंह फौजी, रामप्रताप सिंह, बीपी सिंह, सुधा द्विवेदी, डॉ चंपा श्रीवास्तव, डॉ पुष्पा बरनवाल, डा. संजीव मिश्रा, डॉ निरंजन राय, डॉ वीके भारद्वाज, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि दीपेंद्र गुप्ता, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष अवधेश सिंह, रवींद्र सिंह, विवेक शर्मा, मृत्युंजय बाजपेई, राहुल सिंह भदौरिया, अनिल गुप्ता, डॉ अविनाश सिंह, जय बहादुर सिंह, केशव सिंह, नरेंद्र बहादुर सिंह, केसी गुप्ता आदि महानुभाव मौजूद रहे।

एसएन कॉन्वेंट स्कूल में मनाया गया वार्षिकोत्सव समारोह

जिला संवाददाता (vol)

लंभुआ, सुलतानपुर। संघर्ष के बाद सफलता मिलने का एक अलग ही आनंद होता है। हम सभी बच्चों से यही अपेक्षा करेंगे की आप लोग अभी पढ़ाई कर रहे हैं और पढ़ाई में खूब मेहनत करिए और सफल होकर देश का नाम रोशन करिए। उक्त विचार लंभुआ नगर पंचायत क्षेत्र में स्थित एसएन कॉन्वेंट स्कूल के वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद नायब तहसीलदार रूबी यादव ने कही। वार्षिक समारोह में छात्र-छात्राओं ने विभिन्न मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। वहीं उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। संस्था प्रबंधक अनिल कुमार द्विवेदी ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित किया। कार्यक्रम में कक्षा आठ के पार्थ सिंह ने एकल डांस तथा पांच की छात्राओं ने मैं बनू तेरी राधा गीत पर डांस किया। इसके अलावा कक्षा एक के बच्चों के नैना जो मिले हैं व कक्षा दो के बच्चों के अहा टमाटर बड़े मजेदार लोगों ने खूब पसंद किया।

यूकेजी के बच्चों ने मैया यशोदा गीत पर नित्य प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद एमएलसी शैलेंद्र सिंह तथा नायब तहसीलदार रूबी यादव ने बच्चों को पुरस्कृत कर सम्मानित किया और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की और कहा की हमेशा संघर्ष करना चाहिए, घबराना नहीं चाहिए। मौके पर कुलदीप द्विवेदी, संदीप द्विवेदी, सौरभ पाठक, उमा सिंह, प्रशांत चतुर्वेदी, सूरज त्रिपाठी, संजय सिंह, विद्याधर तिवारी आदि मौजूद रहे।

शादी से पहले उठी अर्थी, खुशियों के घर में मातम

● अलग-अलग सड़क हादसों में दो युवकों ने गंवायी जान

जयसिंहपुर, सुलतानपुर। कोतवाली क्षेत्र में दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में दो युवकों की मौत हो गई, जिससे उनके परिजनों में मातम पसर गया। रविवार को बरुआ सिकरा निवासी अभय सिंह (22), पुत्र ओम प्रकाश सिंह लगभग 11 बजे बाइक से बगिया चौराहा से बरौंसा की ओर जा रहे थे। जैसे ही वे दिनेश गैस एजेंसी के पास पहुंचे, सामने से तेज रफ्तार से आ रही एक जीप ने जोरदार टक्कर मार दी। यह जीप कर्नाटक के हुबली से तीर्थयात्रियों को लेकर काशी विश्वनाथ दर्शन के बाद अयोध्या जा रही थी। हादसे में अभय सिंह सड़क पर गिर पड़े और सिर में गंभीर चोट लगने से अधिक रक्तस्राव होने लगा। सूचना मिलने के बावजूद मौके पर एम्बुलेंस नहीं पहुंची, जिससे परिजन उन्हें निजी वाहन से सीएचसी जयसिंहपुर लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिवार में मातम छा गया, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना पर बड़ी संख्या में लोग सीएचसी जयसिंहपुर पहुंच गए। मृतक अभय दो भाइयों और एक बहन में सबसे छोटे थे। दो दिन पहले ही उनकी चचेरी बहन की शादी हुई थी, जहां खुशियों का माहौल था, लेकिन अब उसी घर से अभय की अर्थी उठेगी। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही हादसा करने वाले वाहन और ड्राइवर को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही शुरू कर दी गई है। जीप में सवार तीर्थयात्री कोतवाली के बाहर परेशान नजर आए। वहीं दूसरी घटना कोतवाली क्षेत्र के नुमाये गांव निवासी सावन गुप्ता (24), पुत्र पवन कुमार गुप्ता, रविवार दोपहर अपनी भाभी नीतू गुप्ता के साथ मोटरसाइकिल से अपनी बहन के घर मायंग किसी मांगलिक कार्यक्रम में जा रहे थे। जब वे बगियागांव चौराहा से पीढ़ी रोड पर पहुंचे और पीढ़ी चैराहे से 500 मीटर पहले थे, तभी सामने से आ रही तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में सावन गुप्ता सड़क पर गिर पड़े, जिससे उनके सिर में गंभीर चोट लग गई, जबकि उनकी भाभी को हल्की चोटें आईं। एम्बुलेंस ने घायल को सीएचसी जयसिंहपुर पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

शादी से पहले मौत, परिवार में कोहराम : मृतक सावन की 25 फरवरी को तिलक और 2 मार्च को शादी होनी थी। जिस घर से कुछ दिनों बाद गाजे-बाजे के साथ बारात निकलने वाली थी, वहां अब मातम पसर गया है। जवान बेटे की असमय मौत से परिवार के लोग सदमे में हैं और घर में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और विधिक कार्यवाही में जुट गई है। हादसा करने वाले वाहन को पुलिस ने कब्जे में लेकर कोतवाली में खड़ा करा दिया है, लेकिन ड्राइवर फरार हो गया है। कोतवाली प्रभारी अनिरुद्ध कुमार सिंह ने बताया कि अभी तक इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

मनु कसौंधन ने पास की जेआरएफ की परीक्षा

कादीपुर, सुलतानपुर (वीओएल)। कस्बे की मनु कसौधन पुत्री रमेश चंद्र कसौधन ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी से आयोजित जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की है। स्थानीय संत तुलसीदास पीजी कॉलेज से राजनीतिक विज्ञान विभाग से परास्नातक मनु कसौधन ने जेआरएफ की परीक्षा उत्तीर्ण की है। उन्होंने महाविद्यालय एवं वैश्य समाज का गौरव बढ़ाया है। उनकी इस उपलब्धि पर नगर पंचायत अध्यक्ष आनंद जायसवाल, डॉ. अनूप कुमार मोदनवाल, जितेंद्र कसौधन, सुनील मोदनवाल, अजय सोनी सहित अनेक लोगों ने प्रसन्नता जाहिर की है।

लोकाधिकार सेवा समिति ने नेत्र परीक्षण शिविर में 6160 लोगों को बांटा निःशुल्क चश्मा

कादीपुर, सुलतानपुर। राष्ट्रीय लोका अधिकार सेवा समिति के तत्वावधान में नेत्र परीक्षण एवं निशुल्क वितरण किया गया। रविवार को क्षेत्र पंचायत कादीपुर के सभागार में आयोजित शिविर को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक राजेश गौतम ने कहा कि आगे बढ़ जाने पर लोग अपनी मातृभूमि को भूल जाते हैं। समाज सेवी चंद्रशेखर शुक्ला बेबी भैया इसके अपवाद हैं। उन्होंने कादीपुर में विशाल शिविर का आयोजन कर क्षेत्र के जरूरतमंद लोगों के जीवन में रोशनी बिखरने का काम किया है। पूर्व ब्लाक प्रमुख डॉ श्रवण मिश्र ने इसे जन सेवा का उत्कृष्ट मिसाल बताया। समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष चंद्रशेखर शुक्ला ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि यह समिति 19 वर्षों से लोक कल्याण के लिए अनेक लाभकारी योजनाओं का लाभ पात्रों को पहुंचा रही है। शिविर में छ हजार एक सौ साठ जरूरतमंदों को चश्मा वितरित किया गया। नेत्र परीक्षण लखनऊ एवं सुलतानपुर के चिकित्सकों ने किया। इस मौके पर जयसिंहपुर के ब्लॉक प्रमुख राहुल शुक्ला समिति के राष्ट्रीय सचिव प्रभाकर शुक्ला, नीरज पांडेय, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष दिनेश कुमार शुक्ला, डॉ सी बी शुक्ला आदि मौजूद रहे।

दिनेश जिलाध्यक्ष तो राम आशीष जिलामंत्री निर्वाचित

● ढाई दशक बाद प्राथमिक शिक्षक संघ हुआ चुनाव, शिक्षकों में दिखा उत्साह

सुलतानपुर (वीओएल)। ढाई दशक के लंबे अंतराल के बाद 23 फरवरी को उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष और मंत्री पद का चुनाव सम्पन्न हुआ। दोनों पदों के लिए 22 फरवरी को नामांकन प्रक्रिया के साथ अन्य औपचारिकताएं पूरी की गई थी। 23 फरवरी को सुबह 9 बजे से शाम 3 बजे तक मतदान हुआ और मतदान के तुरंत बाद मतगणना हुई जिसमें चुनाव अधिकारी विनय कुमार तिवारी ने दिनेश उपाध्याय को अध्यक्ष और राम आशीष को जिला मंत्री विजयी घोषित किया।

उल्लेखनीय है प्राथमिक शिक्षक संघ का अंतिम बार चुनाव 1998 में हुआ था। 7 बार चुनाव की जगह निर्विरोध निर्वाचन की प्रक्रिया अपनाई जाती रही थी। उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ सम्बद्ध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ का निर्वाचन निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अध्यापक भवन पर पर्यवेक्षक अमित सिंह प्रांतीय मंत्री तथा निर्वाचन अधिकारी विनय तिवारी जिलाध्यक्ष गोंडा एवं सहायक निर्वाचन अधिकारी डॉव संजय सिंह जिलाध्यक्ष अयोध्या एवं प्रेम कुमार वर्मा जिला मंत्री अयोध्या तथा निर्वाचन सहयोगी राजेश सिंह जिला उपाध्यक्ष जौनपुर शैलेन्द्र सिंह की देख रेख में दो बूथ पर मतदान हुआ। 618 डेलीगेट में कुल 612 शिक्षक डेलीगेट ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। जिलाध्यक्ष पद पर कुल 612 मतों में 382 मत पाकर दिनेश उपाध्याय ने रणबीर सिंह को 155 मतों से शिकस्त दी। एक मत नोटा को पड़ा। जिलामंत्री पद पर राम आशीष मौर्य को 377 वोट मिले और वैभव भटनागर को 142 मतों से पराजित किया। जनपद में परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत लगभग 7000 शिक्षकों में से 6180 शिक्षकों ने उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ संबंध अखिल भारतीय प्राथमिक शिक्षक संघ की सदस्यता ली। शिक्षकों ने इस बार उत्साह था और मतदान कर अपने पदाधिकारी का चुनाव करने की उत्सुकता। वर्तमान जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद पाण्डेय का कार्यकाल 31 मार्च को सेवा निवृत्त होने के कारण समाप्त हो रहा है। समस्त निर्वाचन व्यवस्था उनकी देख रेख में संपन्न हुआ। उक्त अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष गंगा प्रसादे, वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजेंद्र सिंह, मांडलिक मंत्री शमीम अहमद, प्रांतीय उपाध्यक्ष मालती सिंह, जिला उपाध्यक्ष रमेश तिवारी, राजीव मिश्र, राधेश्याम मौर्य, परमेंद्र सिंह, चंद्रपाल राजभर, विनय प्रजापति, अखिलेश मिश्र, मुनेंद्र मिश्र एवं हजारों समर्थकों ने नव निर्वाचित अध्यक्ष मंत्री को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

संक्षेप

अवैध असलहा सहित अभियुक्त गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा एक अभियुक्त को अवैध असलहा एवं मय जिंदा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया है। थाना रसूलपुर पुलिस टीम ने गश्त के दौरान एक अभियुक्त साजिद पुत्र मोहम्मद असलम को लालपुर मण्डी थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया,गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध थाना रसूलपुर पर आयुध अधिनियम पंजीकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही की है।

तमंचा सहित गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा चैकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त को अवैध तमंचा सहित गिरफ्तार किया गया। रविवार को थाना सिरसागंज पुलिस टीम द्वारा चौकिंग के दौरान एक शातिर अभियुक्त गौतम गिहार पुत्र मुन्नालाल को इटावा की तरफ जाने वाले एन.एच-19 के सर्विस रोड पर अरावं रोड ओवरब्रिज से एक अवैध तमन्चा व दो जिन्दा कारतूस सहित गिरफ्तार किया गया, थाना पुलिस ने गिरफ्तारी बरामदगी के आधार पर थाना पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर आवश्यक विधिक कार्यवाही की है।

6 जुआरी पकड़े गये

टूंडला। थाना नगला सिंघी पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान मुखबिर की सूचना पर जुआ खेलते 6 जुआरियो पकड़ा। जिनके पास से एक ताश की गडडी, एक टार्च, 27600 रुपए बरामद किए। थाना नगला सिंघी पुलिस टीम द्वारा मुखविर की सूचना पर प्रेमपुर की पुलिया से टीकरी को जाने वाले कच्चे रास्ते पर बने ट्यूबेल के पास जुआ खेलते हुए 6 जुआरियो को गिरफ्तार किया है। जिनके पास से एक ताश की गडडी व 27600 रुपए बरामद हुए है। पकड़े गये अभियुक्तो ने अपने नाम विजय कुमार पुत्र गोरीशंकर, अशोक पुत्र लायक सिंह, सुमित कुमार पुत्र नबाव सिंह, श्याम उर्फ लोकेश पुत्र राकेश, सुरेन्द्र शर्मा पुत्र राकेश शर्मा, भूरा पुत्र सोहनपाल निवासीगण टिकरी थाना नगला सिंधी जनपद फिरोजाबाद बताया है। जिन्हें पुलिस ने जेल भेजा है।

श्री राधा दामोदर सेवा समिति ने किया बुजुर्गों का सम्मान

आगरा। कैलाश मंदिर स्थित रामलाल वृद्धाश्रम में श्री राधा दामोदर सेवा समिति के सातवां स्थापना दिवस पर गौ सेवा व वृद्धजन सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ राधाकृष्ण के चित्र के राज्यसभा सांसद नवीन जैन, विधायक पुरुषोत्तम खण्डेलवाल समाजसेवी सुरेश चन्द गर्ग और सुनील विकल समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया। संस्थापिका आशा अग्रवाल ने बताया कि स्थापना दिवस के अवसर पर वृद्धाश्रम में निवास कर रहे बुजुर्गो का अंगवस्त्र पहना कर सम्मानित किया गया। सभी सदस्यों ने गौशाला में गौ वंश को चारा- भूसा और आश्रम के बुजुर्गों को भोजन खिला कर सेवा की। अध्यक्ष शिवराम सिंघल ने बताया कि बुजुर्गो से उनकी दैनिक आवश्यकताओं के बारे में जाना और जल्द उपलब्ध कराने का वादा किया। मुख्य आकर्षण वृन्दावन के कलाकारों द्वारा फूलो की होली रही। सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में राधा-कृष्ण का नृत्य भी खूब सराहा गया। संस्था की ओर से आश्रम में सेवा कार्य किए गए। धन्यवाद कपिल सिंघल ने दिया। मंच संचालन रीनेश मित्तल ने किया।

बरसाना लट्ठमार, लड्डू होली की तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा

मथुरा। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में प्रदेश मंत्री गन्ना विकास एवं चीनी मिलें लक्ष्मी नारायण चैधरी की अध्यक्षता में रंगोत्सव 2025 की तैयारियों के संबंध में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सीईओ श्याम बहादुर सिंह ने जनपद मथुरा में आयोजित होने वाले विभिन्न होली के आयोजनों से माननीय को अवगत कराया, जिसमें 7 मार्च को बरसाना की लड्डू होली, 8 मार्च को बरसाना की लट्ठमार होली, 9 मार्च को नंदगांव की लट्ठमार होली व गांव रावल की रंग लट्ठमार होली, 10 मार्च को श्री कृष्ण जन्मस्थान व श्री बांके बिहारी जी मंदिर की फूल होली, 11 मार्च को श्री द्वारिकाधीश मंदिर की होली व गोकुल की छड़ीमार होली, 13 मार्च को चतुवेर्दी समाज का डोला व गांव फालैन की होलिका दहन, 14 मार्च को धुलेंडी, 15 मार्च को दाऊजी का हुरंगा, नंदगांव का हुरंगा, ग्राम जाव का हुरंगा, मुखराई का चरकुला, 16 को बठैन का हुरंगा, गिडोह का हुरंगा, 21 मार्च को महावन में छड़ीमार होली, 22 मार्च को वृंदावन में श्री रंग जी मंदिर की होली होनी है।

केबिनेट मंत्री ने बरसाना की लड्डू व लट्ठमार होली को भव्य व आकर्षण बनाने के लिए मेला क्षेत्र को श्री राधाकृष्ण जी की लीलाओं के चित्रण से सजाने, लाइटिंग, प्रवेश द्वार, साज सज्जा आदि के निर्देश दिए।

डीएम चंद्र प्रकाश सिंह ने अवगत कराया कि श्री राधारानी जी मंदिर के दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं को मंदिर में सीढ़ियों के रास्ते से प्रवेश कराया जाएगा। सभी श्रद्धालुओं को जयपुर मंदिर मार्ग से नीचे उतारा जाएगा। बैठक में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता अजय कुमार ने अवगत कराया कि बरसाना में 56 पार्किंग, 94 बैरियर, 7 कुंडो की बैरीकेडिंग, 6 वॉच टॉवर बनाए जा रहे है। नंदगांव में 16 पार्किंग तथा 35 बैरियर बनाए जा रहे है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि रंगीली गली में जर्जर मकानों, गिरासू/ लटके छज्जों को हटाया जाए। नगर पंचायत बरसाना की अधिशासी अधिकारी जर्जर भवन स्वामियों को नोटिस जारी करे तथा जर्जर भवनों/ छज्जों को ध्वस्त कराए। केबिनेट मंत्री श्रीचौधरी ने पुलिस उपमहानिरीक्षक / एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय को निर्देश दिए कि रंगीली गली के मकानों के छतों पर पुलिस ड्यूटी लगाई जाए। मकानों के छतों व छज्जों पर किसी को न आने दे। ड्यूटी में तैनात समस्त पुलिस कर्मचारी श्रद्धालुओं व पर्यटकों से विन्रम रहे। पुलिस उपमहानिरीक्षक / वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पाण्डेय ने अवगत कराया है कि मेला क्षेत्र में नेटवर्क की समस्या के निदान हेतु समस्त मोबाइल कंपनी के मोबाइल टावर्स को लगाया जाएगा। ड्रोन कैमरा तथा 126 सीसीटीवी कैमरों से निगरानी रहेंगी। मेला क्षेत्र को 7 जोन व 18 सेक्टर में विभाजित किया गया। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के माननीय उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र ने सिंचाई विभाग को गोवर्धन ड्रेन की उत्कृष्ट साफ-सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। नगर पंचायत को गौवंशों को गौशालाओं में पहुंचाने, अवैध होर्डिंग्स की हटाने तथा क्षेत्र में पेंटिंग कराने के निर्देश दिए। बैठक में विधायक बल्देव पूरन प्रकाश, उप्र ब्रज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजा कांत मिश्र , डीएम चंद्र प्रकाश सिंह, एसएसपी शैलेश कुमार पाण्डेय, सीईओ श्याम बहादुर सिंह, नगर निगम मथुरा वृंदावन के नगर आयुक्त शशांक चौधरी, एडीएम वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, सीएमओ डॉ अजय कुमार वर्मा, एसडीएम छाता श्वेता सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

राधाकुंड में डूबने से पश्चिम बंगाल के किशोर की मौत

मथुरा। गोवर्धन के राधा कुंड में स्नान करते समय पश्चिम बंगाल का एक किशोर गहरे पानी में डूब गया। कड़ी मशक्कत के बाद किशोर को बाहर निकाला गया। जहां चिकित्सकों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया।

पश्चिम बंगाल के न्यू जलपाईगुड़ी जिला सिलीगुड़ी निवासी 17 वर्षीय प्रीतम विश्वास पुत्र सपन विश्वास अपने माता-पिता मामा अन्य परिजनों के साथ ब्रज दर्शन करने आए थे। यहां राधाकुंड राधा नगर कॉलोनी में एक आश्रम में रुके हुए थे। पिछले चार दिनों से ब्रज दर्शन और प्रतिदिन राधा कुंड में स्नान करते थे। रविवार की सुबह प्रीतम अपने माता-पिता और अन्य परिजनों के साथ राधाकुंड में स्नान करने के लिए पहुंचे। यहां कुंड में उतरते ही हाथ से चेन छूट जाने के गहरे पानी में चले गए। पास ही स्नान कर रहे परिजनों के शोर मचाने पर स्थानीय गोताखोरों ने किशोर को बचाने का प्रयास किया। करीब 30 मिनट बाद बाहर किशोर को बाहर निकाला जा सका। परिजन किशोर को अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने किशोर को मृत घोषित कर दिया। परिजनों का रो-रो रोकर बुरा हाल है। स्थानीय पंडा समाज द्वारा प्रशासन से मांग की गई है कि राधा श्याम कुंड के घाटों पर गोताखोरों की तैनाती की जाए। चैकी प्रभारी शैलेंद्र शर्मा ने बताया कि शव का पंचनामा भर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

धूमधाम से निकली संत गाडगे महाराज की शोभायात्रा

टूंडला। नगर में संत गाड़गे महाराज की शोभायात्रा बैंड बाजों के साथ धूमधाम से आधा दर्जन झांकियो के साथ निकाली गई। शोभायात्रा का शुभारम्भ अध्यक्ष मानसिंह दिवाकर ठेकेदार ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान सबसे आगे बैंड उसके पीछे झाँकियों थी। सबसे पीछे संत गाड़गे महाराज का डोला था। शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। स्वच्छता' के जनक कहे जाने वाले संत गाड ?गे महाराज की शोभायाता दीपा का चौराहा से शुरू होकर मुख्य बाजार विहारी विलास, स्वामी विवेकानन्द चौक, भारत माता चौक, सब्जी मंडी होते हुए सुभाष चौराहे पर पहुँची। और अन्त में सूर्यनगर कालोनी में जाकर समापन हुआ। तथा सूर्यनगर में गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें अध्यक्ष मान सिह दिवाकर ठेकेदार, संरक्षक मुख्य अतिथि के रूप में राकेश पूर्व चेयरमैन फिरोजाबाद, संरक्षक केएस दिवाकर, राम खिलाडी एवं ओमवीर सिंह ने बाबा संत गाड़ ?गे के कार्यो की सराहना की और उनके बताये हुए रास्ते पर चलने के लिए लोगो को संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में शोभायात्रा के अध्यक्ष ने सभी का धन्यवाद किया। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष उदय प्रताप सिंह, नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता दीपक चौधरी, सचिन जैन क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा भाजपा, मनोज कुमार, नीलम दिवाकर, ताराचन्द दिवाकर प्रवीन कुमार, स्लेटी सिंह, कमल सिंह, विजय सिंह, सतीश दिवाकर, किशन सिंह, नौरंगी लाल, जीवाराम, सुनील कुमार, संजय दिवाकर, गुरुचरन माहौर, लाल सिंह, फूल सिंह, अशोक सागर, देवेश, शंकरलाल, राम स्वरूप, भानु प्रताप, राकेश कुमार, जगदीश प्रसाद, अमर पाल, महावीर पुष्कर, करतार सिंह, अशोक कुमार, चुन्नीलाल आदि उपस्थित रहे।

अनूठी पहल : गायों को खिलाये 56 भोग

आगरा। मालपुए, रसगुल्ले, मौसम के सभी साग, विभिन्न अनाज- दालें और भी विविध पकवानों की स्टॉल लगाकार सैंकड़ों गाय माता को 56 भोग खिलाकर पुण्य अर्जित किया गया। रविवार को इस अनूठी सेवा का पुण्य अर्जित किया सर्व सहाय सेवा समिति ने। वाटरवर्क्स स्थित गौशाला में संस्था के सदस्यों ने गौ माता को समर्पित छप्पन भोग का आयोजन किया। अध्यक्ष दिलीप कुमार अग्रवाल ने बताया कि सर्वप्रथम गौ माता की बछड़े सहित पूजा की गयी। मंत्रोच्चारण के मध्य साड़ी पहनाकर आरती की गयी। महामंत्री आशीष अग्रवाल ने बताया किगौशाला परिसर में रहने वालीं सभी गौ माता एवं गोवंश को छप्पन तरह के व्यंजन कुंतलों में अर्पित किये गए, जिसमें सभी तरह की दाल, अनाज, सब्जियां, फल सहित मिष्ठान आदि सम्मालित थे। संरक्षक महेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि गौ माता द्वारा हम सभी का पालन पोषण अपने जीवनदायी दुग्ध से किया जाता है। मां के चरणों में जो अर्पित किया जाए वो कम है। इसी ध्यये के साथ ये सेवा संस्था द्वारा की गयी। प्रसादी के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। पुण्य के इस कार्य में कोषाध्यक्ष सुनील गर्ग, उपाध्यक्ष विनीत अग्रवाल, नवीन गुप्ता, मंत्री अंकित गर्ग, स्वेतांक अग्रवाल, आदर्श मैनी और मीडिया प्रभारी अंकेश जैन, अंकेक्षक विकास गर्ग, कार्य व्यवस्थापक श्याम कुमार सिंघल, लक्की सिंघल, सचिन अग्रवाल, आशीष बंसल, मोहित अग्रवाल, ओम गर्ग, अमित कुमार, सौरभ अग्रवाल, कमलेश देवी, पारुल अग्रवाल, मोहिनी, अंजनी गर्ग आदि उपस्थित रहीं।

- रसगुल्ला, मालपुए के गौशाले में लगाये स्टॉल

कांग्रेस ने पंचायत चुनावों की तैयारियों व वकीलों के समर्थन को लेकर की बैठक

मथुरा। भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ, जन समस्याओं के संघर्ष की रूपरेखा तैयार करने तथा न्यायिक कार्य में लगे हुए देश के वकीलों के खिलाफ एडवोकेट बिल में संशोधन के बहाने अमेंडमेंट बिल लाकर वकीलों के हितों को नुकसान पहुंचाने वाले बिल के विरोध में हड़ताल कर रहे वकीलों को समर्थन देने तथा पंचायत चुनावों की तैयारीयों को लेकर, जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय पर बैठक आयोजित की गई।

अध्यक्ष भगवान सिंह वर्मा ने कहा कि कांग्रेस जिले में बूथ स्तर पर अपने कांग्रेस कार्यकताओं को मजबूत करते हुए, भारतीय जनता पार्टी की जन विरोधी नीतियों के खिलाफ आंदोलन करेगी, आज भाजपा सरकार में किसान पीड़ित है, आंदोलनरत है, छात्र परेशान है, रोजगार उपलब्ध नहीं है, बेरोजगारी लगातार बढ़ रही है, देश का सभी व्यापार येन केन प्रकारेण अपने चहेते अडानी, अंबानी को दिए जा रहे हैं, ऐसे में आम बेरोजगार व्यक्ति अपने परिवार का भरण पोषण करने के लिए संघर्ष कर रहा है। पंचायत चुनाव के लिए कांग्रेस समर्पित और पार्टी में विश्वास रखने वाले व्यक्ति को ही पार्टी चुनाव लडाएगी। महानगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष विक्रम बाल्मीकि ने सभी को धन्यवाद करते हुए कहा, कि शीघ्र ही महानगर में नगर निगम कि पार्षद और मेयर के मध्य चल रही अनबन के कारण, नगर का विकास अवरुद्ध हो गया है, सड़कों पर गंदगी, वार्डों में खरंजा, सड़क, नाली, सीवर सफाई आदि की समस्याएं मुंह बाए खड़ी है, बंदरों का आतंक लोगों की जान ले रहा है और यमुना के नाम से प्रसिद्ध इस तीर्थ नगरी मथुरा में विकास कहीं खो गया लगता है, शीघ्र ही एक बहुत बड़ा आंदोलन जन समस्याओं के लिए किया जाएगा। इस अवसर पर विनोद चतुवेर्दी, प्रकाश शर्मा, बृजेश शर्मा, प्रवीण ठाकुर, नीलम कुलश्रेष्ठ, शिखा चैधरी, गीता दिवाकर, गुंजन चैधरी, अशोक शर्मा, नीलेश जादौन मनोज गौड़, महेश चैबे, डॉ.देव चैधरी, सतीश शर्मा, गंगा शरण दीक्षित, रोशन लाल, मलिक अरोड़ा आदि मौजूद थे।

भाजपाइयों ने सुनी पीएम के मन की बात

फिरोजाबाद। रविवार को मन की बात कार्यक्रम के 119 वाँ एपिसोड का सीधा लाइव प्रसारण हुआ। जिसमें केंद्र एवं प्रदेश नेतृत्व की अपेक्षानुसार इस बार समस्त सम्मानित जनप्रतिनिधि गण जिलाध्यक्ष जिले की कार्यकारिणी मोर्चा प्रकोष्ठों के जिला अध्यक्ष समस्त मोर्चा की कार्यकारिणी जिलासंयोजक सह संयोजक मंडल अध्यक्ष मंडल की कार्यकारिणी शक्ति केंद्र संयोजक बूथ अध्यक्ष बूथ की कार्यकारिणी व जिले के समस्त कार्यकताओं ने अपने ही बूथ पर रहकर प्रधानमंत्री की मन की बात का 119 वां संस्करण सुना। इसी श्रृंखला में भारतीय जनता पार्टी जिला फिरोजाबाद जिला प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष बृज बहादुर भारद्वाज एवं भारतीय जनता पार्टी जिला फिरोजाबाद जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने सिरसागंज विधानसभा के अरांव मंडल की बूथ संख्या 133 पर उपस्थित रहकर मन की बात का कार्यक्रम सुना।

कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष राघवेंद्र सिंह, मंडल अध्यक्ष अजीत राजपूतुब्लॉक प्रमुख कमलेश राजपूत, मंडल महामंत्री अजय प्रताप सिंह नितिन प्रताप सिंह डोरी लाल राजपूत पंकज राजपूत मंजेश शर्मा, वीरू धाकरे, यशपाल यादव, कुक्कू भैया, अखिलेश गौतम संजय सिंह आदि लोग उपस्थित रहे। इसी क्रम में सिरसागंज विधानसभा से जिला पंचायत अध्यक्ष हर्षिता सुमित प्रताप सिंह अपने बूथ पर, कोऑपरेटिव अध्यक्ष अतुल प्रताप सिंह अपने बूथ पर, टूंडला विधानसभा से भारतीय जनता पार्टी जिला फिरोजाबाद जिला उपाध्यक्ष हनुमत सिंह बघेल ने टूंडला विधानसभा की बूथ संख्या 31 पर, पचोखरा मंडल प्रभारी वीरेंद्र प्रताप सिंह बूथ संख्या 168 पर, टूंडला नगर अध्यक्ष दिनेश गुप्ता ने बूथ संख्या 166 पर 155 बूथ पर क्षेत्रीय उपाध्यक्ष भाजपा अल्प संख्यक मोर्चा सचिन जैन, जसराना विधानसभा से रामगोपाल उर्फ पप्पू लोधी अपने बूथ पर ब्लॉक प्रमुख संध्या लोधी अपने बूथ पर मन की बात का कार्यक्रम सुना।

बसपा मंडल प्रभारी गोरेलाल पार्टी से निष्कासित

आगरा। एससी एसटी आयोग के अध्यक्ष रह चुके गोरेलाल को बसपा प्रमुख मायावती ने पार्टी से निष्कासित कर दिया है। पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने का गोरेलाल पर आरोप लगाया गया है। जिला अध्यक्ष ने पत्र जारी कर दिया है। शास्त्रीपुरम निवासी गोरेलाल आगरा मंडल प्रभारी हैं। जिलाध्यक्ष विमल कुमार शर्मा ने रविवार को पत्र जारी किया है। जिसमें लिखा है कि गोरेलाल जाटव को पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त होने व पार्टी में अनुशासनहीनता अपनाने के कारण निष्कासित किया जाता है। पत्र में यह भी लिखा है कि पार्टी विरोधी गतिविधियों और पार्टी में अनुशासनहीनता अपनाने के लिए कई बार गोरेलाल को चेतावनी दी गई थी। लेकिन गोरेलाल की गतिविधियों और कार्यशैली में सुधार नहीं आया। पार्टी और मूवमेंट हित में पार्टी से निष्कासित किया जाता है।

चित्रगुप्त पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर को जगतगुरु चित्रगुप्ताचार्य की मिली उपाधि

मथुरा। महाकुंभ प्रयागराज में श्री चित्रगुप्त अखाड़ा श्री चित्रगुप्त पीठ संत महासभा द्वारा सामूहिक अमृत स्नान एवं पटाभिषेक का विधिवत दिव्य आयोजन किया गया। जिसमें श्रीचित्रगुप्त अखाड़ा के अध्यक्ष स्वामी चक्रपाणि महाराज एवं अखाड़ा के महामंत्री श्रीचित्रगुप्त पीठ वृंदावन के पीठाधीश्वर स्वामी सच्चिदानंद महाराज के साथ देश विदेश से आए हुए संत महात्मा व श्रद्धालुओं ने मेला परिषद सेक्टर 5 में स्थित चित्रगुप्त अखाड़ा के कैंप से चित्रगुप्त अखाड़े की धर्म ध्वजा लेकर पदयात्रा करते हुए संगम तट पर सामूहिक अमृत स्नान किया। तत्पश्चात भारत के विभिन्न क्षेत्रों से पधारे संत समाज ने श्रीचित्रगुप्त अखाड़े की सदस्यता ग्रहण की तथा स्वामी चक्रपाणि महाराज को सनातन सम्राट चित्रगुप्त पीठ वृंदावन के पीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी सच्चिदानंद को श्री श्री 1008 जगतगुरु चित्रगुप्ताचार्य की उपाधि पर विभूषित किया गया। महंत सुरेशानंद को महामंडलेश्वर मां कामाख्या महाविद्यापीठ के पीठाधीश्वर श्री श्री 1008 डॉ तरसूत मनु सिद्धनाथ महाराज को महामंडलेश्वर चित्रगुप्त धाम बरेली के संस्थापक शिवानंद महाराज महामंडलेश्वर तारापीठ के महंत मनोजानंद, गोराशंकर, किरणानंद को मंडलेश्वर एवं पिंगाक्ष महाराज एवं डॉक्टर गोविंद नारायण को महंत शिल्पा स्वरूप कार्यालय मंत्री अजय सक्सेना सचिव मनोज सक्सेना को सहसचिव व कई संत महात्माओं साध्वी विश्वरूपा साध्वी कंचन तमिलनाडु से स्वामी रामाचार्य श्रीरघुनाथ दास आचार्य श्रीकान्हा डॉ स्वामी राजेश्वरानंद हरिओमानंद आदि संतों को आचार्य महामंडलेश्वर, महामंडलेश्वर, मंडलेश्वर, श्रीमहंत की उपाधि पर विभूषित किया गया। इस अवसर पर केपी ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ सुशील सिन्हा, मयंक सक्सेना, राकेश सक्सेना, राजेंद्र सक्सेना, राजेश, उमेश सक्सेना, साधना सक्सेना, रेखा सक्सेना इस ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बने।

दलित दो दुल्हन व बारातियों से मारपीट घटना में अब तक 5 आरोपी गिरफ्तार

मथुरा। रिफाइनरी थाना क्षेत्र के एक गांव में दबंगों ने मामूली विवाद पर अनुसूचित जाति (दलित) की दो दुल्हन व बारातियों के साथ मारपीट की जिससे बारात लेकर पहुंचे दूल्हे बिना ब्याह किए ही लौट गए। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी देते हुए कहा कि पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि अन्य आरोपियों की धर-पकड़ के लिए दबिश दी जा रही है। पुलिस के अनुसार, रिफाइनरी थाना क्षेत्र के गांव करनावल निवासी एक व्यक्ति की दो बेटियों की शादी शुक्रवार रात को होनी थी। उनकी बारात जिले के ही गोवर्धन थाना क्षेत्र के गांव सामई खेड़ा (पूंछरी) से आई थी। पुलिस ने बताया कि रात करीब साढ़े नौ बजे दोनों दुल्हन अपनी बुआ व फूफा के साथ ब्यूटी पार्लर से कार में बैठकर लौट रही थीं, तभी रास्ते में ह्यगौशालाह्ण गांव के समीप करनावल के ही निवासी लोकेश, रोहताश और सतीश की बाइक से कार ह्यटचह्ण हो गई। पुलिस के मुताबिक, इस पर बाइक सवार युवकों ने कार चालक (दुल्हन के फूफा) से हाथापाई शुरू कर दी। यह देख दोनों दुल्हनों ने विरोध किया तो उन्हें व उनकी बुआ को भी कार से खींच लिया और उनकी पिटाई कर दी। आरोप है कि उनके मुंह पर कीचड़ भी फेंका। पुलिस ने बताया कि जब इसकी सूचना दुल्हन के परिजनों को मिली तो वे मौके पर पहुंच गए। कुछ बाराती भी उनके साथ हो लिए। पुलिस ने कहा कि हमलावर युवकों ने भी अपने पक्ष के लोगों और परिजनों को बुला लिया और दोनों तरफ से मारपीट शुरू हो गई, जिसमें दुल्हन के पिता के सिर में चोट आई और कई अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस ने कहा कि हमलावरों में से एक सतीश ट्रैक्टर-ट्रॉली में अपने अन्य साथियों को लेकर विवाह स्थल पर पहुंच गया और उसने वधू पक्ष के घर के बाहर खड़े दो वाहनों में टक्कर मारकर उन्हें क्षतिग्रस्त कर दिया। रिश्तेदारों ने उन्हें समझाने का प्रयास किया तो सभी को पीटना शुरू कर दिया। कुछ बारातियों ने बीच-बचाव की कोशिश की तो उन्हें भी पीटा।

त्यौहारों को आपसी सौहार्द से मनायें : एएसपी

फिरोजाबाद। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक नगर फिरोजाबाद द्वारा आगामी आने वाले त्यौहारों होलिका दहन, होली ईद-उल-फितर आदि के मद्देनजर थाना दक्षिण एवं थाना रामगढ़ पर शहर क्षेत्र के संभ्रान्त नागरिकों एवं धर्मगुरुओं संग पीस कमेटी शांति सुरक्षा की मीटिंग आयोजित की गयी, जिसमें आगामी त्यौहारों को आपसी सौहार्द एवं शान्तिपूर्ण रुप से मनाने हेतु जागरुक किया गया। मीटिंग के दौरान उन्होंने संभ्रान्त नागरिकों एवं धर्मगुरुओं से उनके सुझाव प्राप्त किए गये एवं त्यौहारों के दृष्टिगत उनकी समस्याओं को सुनकर समस्याओं के निस्तारण हेतु सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये। इस दौरान उन्होंने जनपद के सभ्रांत नागरिकों से अपील है कि बच्चो एवं नवयुवकों को जागरुक करें कि किसी भी तरह की भ्रामक खबर शेयर न करें जिससे किसी भी धर्म की भावनाओं को ठेस पहुँचे ।फिरोजाबाद पुलिस द्वारा लगातार सोशल मीडिया के माध्यम से सतत निगरानी की जा रही है। किसी भी प्रकार की कोई समस्या या असुविधा होने पर तत्काल डायल-112 या सम्बन्धित थाना चौकी पर सूचना देने का कष्ट करें फिरोजाबाद पुलिस द्वारा आपकी हर सम्भव मदद की जायेगी ।फिरोजाबाद पुलिस जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था बनाये रखने हेतु कटिबद्द है।

प्रोजेक्ट अमृत के तहत यमुना घाट पर भक्तों ने की साफ सफाई

आगरा। संत निरंकारी मिशन की सेवा भावना और मानव कल्याण के संकल्प को साकार करने हेतु प्रोजेकर अमृत के अंतर्गत, स्वच्छ जल, स्वरूह मन परियोजन के तृतीय चरण का देश व्यापी शुभारम्भ सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज संव सत्कार योग्य निरंकारी राज पिता रमित जी के पावन सानिध्य में रउफरवरी को समय सुतह 7 बजे से 10 बजे तक ट्रान्स यमुना ब्रान्च आगरा द्वारा कवीरघाट नरायच आगरा पर सम्पन्न हुआ इस परियोजना का उद्देश्य जल संरक्षण एवं स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है ताकि भावी पोढ्ियों को निर्मल जल और स्वस्थ पर्यावरण का वरदान प्राप्त हो सके। बाज्य के मुखी महात्मा सोमा पूजा दानवानी जी ने बताया कि देश भर के 1600 जण स्त्रोत स्थलों पर देशव्यापी स्वच्छता अमेयान चलाया गया जिसका हिस्सा लगभग देश के दस लाख निरंकारी भक्त वने इस अभियान की थीम ह्लआओ सारे यमुना किनारे रही आगरा में कवीर घाट नरायच, वल्केश्वर घाट, जसवन्त की छतरी, हाथीघाट, पोहिया घाट, कैलाश मंदिर घाट, ताजगंज घाट के आसपास यमुना किनारे जमी काई कीचड़ प्लास्टिक कचरा आदि गंदगी को साफ कर स्वच्छ जल स्वच्छ मनह्ण का संदेश दिया। आगरा के जोनल इंचार्ज एच. के अरोरा जी ने बताया कि संत निरंकारी मिशन ने बाबा हरदेव सिंह जी महाराज की प्रेरणादायक शिक्षाओ को आत्मसात करते हुए वर्ष 22/23 में संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से प्रोजेक्ट अमृत का शुभारंभ किया था इस दिव्य पहल का उद्देश्य केवल जल के स्त्रोतो की स्वच्छता सुनिश्शिीत करना ही नहीं बल्कि जल संरक्षण को मानव जीवन का आभिन्न क्षेत्र बनाने की सोच को विकसित करना है। नदियो, झीलों, बालातों कुओं और झरनों जैसे प्राक्रातिक जल स्त्रोतों की स्वछता और संरक्षण को समर्पित इस महाअभियान ने अपने पहले दो चरणों में अभूतपूर्व सफलता प्राप्त की।

अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव 4 से 13 मार्च तक

- शहीद लक्ष्मण सिंह भवन में होंगे कई कार्यक्रम

वृंदावन। परमार्थ निकेतन ऋषिकेश के तत्वावधान में हरिहर योग, निमाई पाठशाला एवं वृंदा फाउंडेशन ने 4 मार्च से 13 मार्च तक शहीद लक्ष्मण स्मारक भवन, निकट चुंगी चैराहा में वृंदावन अंतर्राष्ट्रीय योग महोत्सव आयोजित कराने का निश्चय किया है। प्रारंभ में 1942 के भारत छोडो आंदोलन के नायक शहीद लक्ष्मण सिंह को श्रद्धांजलि अर्पित की जाएगी।

यह जानकारी देते हुए मनोज गोयल ने बताया कि चार मार्च को सुबह छह बजे उदघाटन समारोह होगा। सुबह 10 बजे से शहीद लक्ष्मण भवन में शहीद लक्ष्मण को श्रद्धाजंलि कार्यक्रम में कान्हा माखन स्कूल की ओर से शहीद लक्ष्मण के जीवन पर आधारित लाइव नाटक का मंचन होगा। इस कार्यक्रम की कन्वेनर प्रयास संस्था है। सुबह 9.30 बजे से 11बजे तक होम/ रुद्र होगा। पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक तकनीकी सत्र होगा। दोपहर दो बजे से तीन बजे तक योग निद्रा कार्यक्रम होगा। सायकालीन सत्र में सायं चार बजे से सात बजे तक भागवताचार्य श्री पुंडरीक गोस्वामी की कथा होगी। सायं 7 से 8 बजे तक भजन संध्या होगी। उन्होंने बताया कि पांच मार्च से 10 मार्च तक दिन में दो से सात बजे तक कई कार्यक्रम होंगे। इनमें सुबह 6 से 8 बजे तक योगसत्र, 9.30 बजे से 11 बजे तक क्रिया, पूर्वाह्न 11 बजे तक 12.30 बजे तक तकनीकी सत्र, दोपहर दो से तीन बजे तक हा निद्रा कार्यक्रम होगा। सायं चार बजे से सात बजे तक भागवाताचार्य पुंडरीक गोस्वामी की कथा होगी। सायं 7 से 8 बजे तक भजन संध्या होगी। 11 से 13 मार्च तक सुबह छह बजे से आठ बजे तक ब्रह्मर्षि संत देवराहा बाबा घाट पर यमुना सफाई अभियान चलेगा। सुबह 9,30 बजे से 11 बजे तक योग क्रिया होगी। पूर्वाह्न 11 बजे से दोपहर दो बजे तक भागवत कथा होगी। दोपहर तीन से चार बजे तक योग निद्रा होगी। संत श्रीराम भद्राचार्य महाराज सायंकालीन सत्र में चार से सात बजे तक भागवत कथा करेंगे। सायं सात बजे से आठ बजे तक भजन संध्या होगी। कार्यक्रम की संरक्षक श्रीमती रेनुका पुंडरीक, योगाचार्य चैतन्य दास, योग प्रशिक्षक नयति कैरियर तथा संरक्षक डा. मेघना चैधरी है। वही इस मौके पर कार्यकारी समिति के संयोजक अरुण गोयल, मांट विधायक राजेश चैधरी, कन्वेनर उदयन शर्मा, मुख्य संयोजक डा. देव प्रकाश संयोजक सीए विश्वनाथ, केसी अग्रवाल, आशुतोष गुप्ता, जवाहर अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

दुकान बंदकर घर लौट रहे व्यापारी पर हमला बदमाशों ने बेल्ट से पीटा, लूट ले गये चेन

आगरा। रामबाग (एत्माद्दौला) क्षेत्र में बाइक सवार हमलावरों ने दुकान बंद कर घर लौट रहे व्यापारी सौरभ अग्रवाल को लूट लिया। विरोध करने पर उन्हें बेल्ट से भी पीटा। पुलिस ने दो दिन बाद केस दर्ज किया है। रेनुका बाग, कमला नगर निवासी सौरभ अग्रवाल की कालिंदी विहार में पीतल के स्क्रैप की दुकान है। उन्होंने बताया कि वह 20 फरवरी की रात स्कूटर से घर लौट रहे थे। रामबाग चौराहे से निकलते ही दो बाइकों पर सवार चार बदमाशों ने रोक लिया। गाली-गलौज करते हुए पिटाई की। धारदार हथियार से सिर पर प्रहार किया। एक बदमाश ने स्कूटर की चाबी लेकर डिकी खोलने का प्रयास किया। विरोध करने पर बेल्ट से पीटने लगा। सोने की चेन और 15 हजार रुपये लूट लिए। शोरशराबा होने पर लोग आ गए। इससे बदमाश भाग गए। वह घायल हालत में हॉस्पिटल पहुंचे और पुलिस को वारदात की जानकारी दी। थाना प्रभारी ने बताया कि केस दर्ज कर लिया गया है। विवेचना की जा रही है। घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों को देखा गया है। रंजिश में मारपीट का मामला भी हो सकता है।

संक्षेप

भारत-आसियान व्यापार समझौते की समीक्षा वार्ता की गति धीमी

नयी दिल्ली। भारत-आसियान मुक्त व्यापार समझौते की समीक्षा के लिए वार्ता का अगला दौर अप्रैल में होने की उम्मीद है। हालांकि, वार्ता की गति अभी धीमी है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। भारत और 10 देशों के समूह आसियान (दक्षिण-पूर्व एशियाई राष्ट्रों का संगठन) के बीच वस्तुओं के क्षेत्र में मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर 2009 में हस्ताक्षर किए गए थे। आसियान एवं भारत समझौता जनवरी, 2010 में लागू हुआ था। अगस्त, 2023 में दोनों पक्षों ने 2025 तक माल के मामले में मौजूदा समझौते की पूरी समीक्षा करने की घोषणा की थी। अधिकारी ने कहा कि बातचीत की गति धीमी है। आसियान एक समूह के रूप में भारत का एक प्रमुख व्यापारिक भागीदार है, जिसकी देश के वैश्विक व्यापार में लगभग 11 प्रतिशत हिस्सेदारी है। समझौते की समीक्षा भारतीय उद्योग की लंबे समय से चली आ रही मांग है और भारत एक उन्नत समझौते की उम्मीद कर रहा है जो द्विपक्षीय व्यापार में मौजूदा विषमताओं को दूर करेगा।

अतिथियों को भा रही काशी की काष्ठ कला

नई दिल्ली। वाराणसी में आयोजित काशी तमिल संगम में उत्तर और दक्षिण की कला परंपराओं की वेशभूषा के स्टॉल लगाए गए हैं। तमिलनाडु से आए अतिथियों को काशी की काष्ठ कला काफी पसंद आ रही है। भगवान राम पर आधारित अलग-अलग लीला एवं तमिल एवं काशी पर आधारित कलाकृतियों का मांग अधिक है के साथ-साथ विश्वनाथ मंदिर के मॉडल की डिमांड खूब है। काशी में तमिलनाडु के मेहमानों के साथ ही वहां के व्यापारी और स्टार्टअप के उद्यमी भी पहुंचे हैं। यहां वे अपने उत्पदों को लोगों के बीच बेच रहे हैं। वहीं काशी की काष्ठ कला पर आधारित दुकान लगाई गई है। जहां भगवान के विभिन्न स्वरूपों एवं अलग अलग मंदिरों का डिजाइन रखा गया है। जो काशीवासियों एवं तमिल मेहमानों को पसंद आ रहा है। राम मंदिर से लेकर भगवान राम की अलग-अलग झांकियों और लीलाओं की काष्ठ की मूर्तियां तैयार करके बेची जा रही हैं।

टाटा सफारी के 27 साल पूरे होने का जश्न मना

बंगलुरू। टाटा मोटर्स ने टाटा सफारी की 27वीं वर्षगांठ के मौके पर एक खास लिमिटेड एडिशन स्टील्थ एडिशन लॉन्च किया है। ये एक शानदार और आधुनिक गाड़ी है, जिसमें लग्जरी, पावर और एक्सक्लूसिव होने की खासियत का बेजोड़ संगम मिलेगा। स्टील्थ एडिशन की बिक्री सिर्फ 2700 यूनिट्स तक ही सीमित रहेगी। ये एडिशन हैरियर और सफारी दोनों में मिलेगा। स्लीक एवं मोनोटोन फिनिश वाला ये खास एडिशन शानदार लुक और डिजाइन के साथ आता है, और ये उन लोगों को ध्यान में रखकर बनाया गया है जो कुछ अलग और खास चाहते हैं। स्टील्थ एडिशन की बुकिंग शुरू हो गई है।

सेंचुरी मैट्रेस का फ्लैगशिप स्टोर लॉन्च

बंगलुरू। सेंचुरी मैट्रेस ने अपनी उपस्थिति को और मजबूती देते हुए वाराणसी में अपना पहला फ्लैगशिप स्लीप स्पेशलिस्ट स्टोर लॉन्च किया है। यह नया स्टोर कंपनी की विस्तार रणनीति में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है और क्षेत्र में ग्राहकों को प्रीमियम स्लीप सॉल्युशंस उपलब्ध कराने की इसकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस लॉन्च के साथ सेंचुरी मैट्रेस ने उत्तर प्रदेश में अपनी मजबूत पकड़ बना ली है। राज्य में तेजी से हो रहे शहरीकरण, बढ़ती क्रय शक्ति और नींद के प्रति जागरूकता को देखते हुए कंपनी ने इस विस्तार को अंजाम दिया है।

सिफी इंफाइनाइट ने खोला एआई-हब डेटा सेंटर

लखनऊ। सिफी इंफाइनाइट स्पेसेज लिमिटेड ने आज अपने पहले एआई-हब डेटा सेंटर को खोलने की घोषणा की है। एनसीआर और लखनऊ पट्टी में कार्यरत प्रमुख बहुराष्ट्रीय कंपनियों के नजदीक खुले इस डेटा सेंटर से लेटेंसी समय घटेगा और विभिन्न उद्यमों के परिचालन की दृष्टि से यह महत्वपूर्ण साबित होगा। सुल्तानपुर रोड में एचसीएल आईटी सिटी कैम्पस में खुले इस डेटा सेंटर में अत्याधुनिक हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर आधारित कंपानेंट्स को उपलब्ध कराया गया है जो कंप्यूटिंग रिस्पॉन्स समय में बढ़ोतरी करने के मकसद से डेटा स्टोर करते हैं।

कंपनियों की पूंजी 1.65 लाख करोड़ घटी

नयी दिल्ली। सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में पिछले सप्ताह सामूहिक रूप से 1,65,784.9 करोड़ रुपये की गिरावट आई। शेयर बाजार में मंदडिया रुख के बीच सबसे ज्यादा नुकसान में टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 628.15 अंक या 0.82 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 133.35 अंक या 0.58 प्रतिशत के नुकसान में रहा। समीक्षाधीन सप्ताह में टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 53,185.89 करोड़ रुपये घटकर 13,69,717.48 करोड़ रुपये रह गया। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 44,407.77 करोड़ रुपये घटकर 9,34,223.77 करोड़ रुपये पर आ गया। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 18,235.45 करोड़ रुपये घटकर 8,70,579.68 करोड़ रुपये रह गई। हिंदुस्तान यूनिलीवर का मूल्यांकन 17,962.62 करोड़ रुपये घटकर 5,26,684.38 करोड़ रुपये पर आ गया। इन्फोसिस का बाजार मूल्यांकन 17,086.61 करोड़ रुपये घटकर 7,53,700.15 करोड़ रुपये रह गया। आईटीसी की बाजार हैसियत 11,949.42 करोड़ रुपये घटकर 5,01,750.43 करोड़ रुपये पर और एचडीएफसी बैंक की 2,555.53 करोड़ रुपये के नुकसान के साथ 12,94,152.82 करोड़ रुपये रह गई। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) का मूल्यांकन 401.61 करोड़ रुपये घटकर 6,43,955.96 करोड़ रुपये पर आ गया। इस रुख के उलट रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 14,547.3 करोड़ रुपये बढ़कर 16,61,369.42 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। बजाज फाइनेंस की बाजार हैसियत 384.33 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी के साथ 5,20,466.75 करोड़ रुपये हो गई। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। उसके बाद क्रमशः टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, इन्फोसिस, भारतीय स्टेट बैंक, हिंदुस्तान यूनिलीवर, बजाज फाइनेंस और आईटीसी का स्थान रहा।

एफपीआई ने फरवरी में अबतक शेयरों से 23,710 करोड़ निकाले

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने अबतक भारतीय शेयर बाजार से 23,710 करोड़ रुपये से अधिक की निकासी की है। इस तरह 2025 में अबतक एफपीआई भारतीय शेयरों से एक लाख करोड़ रुपये से अधिक निकाल चुके हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वी के विजयकुमार का मानना है कि भारत में एफपीआई निवेश का पुनरुद्धार तब होगा जब आर्थिक वृद्धि और कंपनियों की आय में सुधार होगा। इसके संकेत दो से तीन माह में मिलने की उम्मीद है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने इस महीने (21 फरवरी तक) अबतक भारतीय शेयरों से 23,710 करोड़ रुपये निकाले हैं। इससे पहले जनवरी में उन्होंने 78,027 करोड़ रुपये के शेयर बेचे थे। इस तरह 2025 में अबतक एफपीआई 1,01,737 करोड़ रुपये की बिकवाली कर चुके हैं। इतनी जबर्दस्त बिकवाली के चलते निफ्टी ने सालाना आधार पर इस दौरान चार प्रतिशत का नकारात्मक रिटर्न दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कई देशों पर जवाबी शुल्क के साथ-साथ इस्पात और एल्युमीनियम के आयात पर नए शुल्क लगाने पर विचार करने की रिपोर्ट के बाद बाजार की चिंताएं बढ़ गई हैं। उन्होंने कहा कि इन घटनाक्रमों ने संभावित वैश्विक व्यापार युद्ध की आशंकाओं को फिर से जगा दिया है, जिसने एफपीआई को भारत सहित उभरते बाजारों में अपने जोखिम का पुनर्मूल्यांकन करने के लिए प्रेरित किया है। घरेलू मोर्चे पर कंपनियों के उम्मीद से कमजोर तिमाही नतीजों तथा डॉलर के मुकाबले रुपये में गिरावट ने भी भारतीय परिसंपत्तियों की अपील को और कम कर दिया है। ट्रंप की राष्ट्रपति चुनाव में जीत के बाद अमेरिका बाजार में शेष दुनिया से भारी पूंजी का प्रवाह हो रहा है। चूंकि चीन के शेयर सस्ते हैं ऐसे में भारत में बेचो और चीन में खरीदो का रुख अभी जारी रह सकता है। समीक्षाधीन अवधि में एफपीआई ने ऋण या बॉन्ड बाजार से भी निकासी की है।

भारत और ब्रिटेन आज से फिर बातचीत शुरू करेंगे

नयी दिल्ली। भारत और ब्रिटेन आठ महीने से अधिक के अंतराल के बाद 24 फरवरी से प्रस्तावित मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर फिर बातचीत फिर शुरू करेंगे। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

ब्रिटेन के व्यापार और वाणिज्य मंत्री जोनाथन रेनॉल्ड्स बातचीत फिर शुरू करने के लिए भारत में होंगे। एक अधिकारी ने बताया कि वह वाणिज्य और उद्योग मंत्री पीयूष गोयल के साथ द्विपक्षीय बैठक करेंगे। भारत-ब्रिटेन एफटीए वार्ता 13 जनवरी, 2022 को शुरू हुई थी। दिसंबर, 2023 तक कुल 13 दौर की बातचीत हो चुकी है। 14वां दौर 10 जनवरी, 2024 को शुरू हुआ था। मई, 2024 में ब्रिटेन में चुनाव की वजह से यह रुक गया था। अधिकारी ने कहा कि बातचीत पहले हासिल हो चुकी प्रगति से आगे के लिए होगी। वार्ता के जरिये हमारा प्रयास लंबित मुद्दों को हल करना और तेजी से व्यापार करार को अंतिम रूप देना है। भारत-ब्रिटेन एफटीए से दोनों देशों के बीच व्यापार और निवेश को बढ़ावा मिलेगा।

गत सप्ताह तेल-तिलहन की सुधरीं कीमतें

नयी दिल्ली। आगामी होली त्योहार के मद्देनजर मांग बढ़ने और विदेशी तेलों के महंगा होने से आयात में गिरावट के बीच देश के तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह सभी तेल-तिलहनों के दाम मजबूत बंद हुए।

बाजार सूत्रों ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह में आयातित पाम-पामोलीन के दाम में वृद्धि हुई है जिससे पाम-पामोलीन का आयात कम हुआ है। जनवरी में खाद्य तेलों का आयात 10 लाख सात हजार टन का हुआ था, जिसके फरवरी में घटकर 9.5 लाख टन रहने की संभावना है। आयातित तेल की कमी को पूरा करने की स्थिति में न तो सरसों है न ही बिनौला। ऐसे में त्योहारों के मद्देनजर सरकार को देखना होगा कि आयात की कमी को कैसे पूरा किया जायेगा। उन्होंने कहा कि बीते सप्ताह से पहले आयात होने वाले जिस सोयाबीन डीगम तेल का दाम 1,175-1,180 डॉलर प्रति टन था वह बीते सप्ताह बढ़कर 1,195-1,200 डॉलर प्रति टन हो गया। इसी प्रकार पहले जिस सीपीओ का दाम 1,185-1,190 डॉलर प्रति टन था वह बढ़कर बीते सप्ताह 1,200-1,205 डॉलर प्रति टन हो गया। सूत्रों ने कहा कि देश में कपास का उत्पादन कम हुआ है और अगली फसल अक्टूबर में आने की संभावना है। ऐसे में मजबूत किसानों के पास थोड़ा बहुत कपास बचा है जिसे वे रोक-रोक कर बाजार में इसे ला रहे हैं। पश्चिमी भारत के कुछ स्थानों पर मिलावटी बिनौला खल की शिकायतों के मद्देनजर सरकार ने कुछ स्थानों पर छापेमारी की है। सरकार को इस दिशा में एक निरंतर अभियान चलाते रहना चाहिये क्योंकि इसके कारण कारोबारी धारणा प्रभावित होने के साथ-साथ मवेशियों की सुरक्षा की चिंता पैदा होती है। सूत्रों ने कहा कि देश का तेल-तिलहन उत्पादन बढ़े और आत्मनिर्भरता के जरिये बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की बचत हो।

कोयले का आयात 20.13 करोड़ टन पर लगभग स्थिर

नयी दिल्ली। चालू वित्त वर्ष के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) में भारत का कोयला आयात 20.13 करोड़ टन पर लगभग स्थिर रहा है। ई-नीलामी क्षेत्र में अग्रणी नाम एमजंक्शन सर्विसेज द्वारा जुटाए गए आंकड़ों से यह जानकारी मिली है।

एक साल पहले की समान अवधि में देश का कोयला आयात 20.15 करोड़ टन रहा था। दिसंबर में कोयले का आयात पिछले वित्त वर्ष के इसी महीने के 2.33 करोड़ टन से घटकर 1.92 करोड़ टन रह गया है। अप्रैल-दिसंबर, 2024 के दौरान, गैर-कोकिंग कोयले का आयात 12.88 करोड़ टन रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के दौरान 13.34 करोड़ टन रहा था। अप्रैल-दिसंबर के दौरान कोकिंग कोयले का आयात 4.06 करोड़ टन रहा, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 4.28 करोड़ टन रहा था। घरेलू बाजार में ऊंचे स्टॉक की स्थिति और उम्मीद से कम मांग के कारण आयात की मात्रा में गिरावट आई है। आगामी हफ्तों में मांग के परिदृश्य में बदलाव की उम्मीद नहीं है। कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने हाल ही में कहा था कि सरकार का ध्यान कोयले के आयात को कम करने और घरेलू उत्पादन को बढ़ाने पर है। कोयला क्षेत्र देश की ऊर्जा सुरक्षा की बुनियाद बना हुआ है।

सोने ने इस साल अबतक दिया 11 प्रतिशत का रिटर्न

नयी दिल्ली। सोने के भाव में इस साल अबतक आई 11 प्रतिशत से अधिक तेजी के बीच विशेषज्ञों ने कहा है कि मूल्यवान धातु में इस स्तर पर नये निवेश को लेकर सतर्क और संतुलित रुख अपनाने की जरूरत है।

विशेषज्ञों का कहना है कि सोने का प्रदर्शन इक्विटी और बॉन्ड दोनों से बेहतर रहा है। वैश्विक अनिश्चितताओं और रुपये की विनिमय दर में गिरावट के साथ, यह रुख आगे भी जारी रहने की संभावना है। हालांकि, निवेश राशि का आवंटन निवेशकों के जोखिम लेने की क्षमता, उद्देश्यों और समयसीमा पर आधारित होना चाहिए। उल्लेखनीय है कि पिछले साल लगभग 27 प्रतिशत की तेजी के बाद सोने में इस वर्ष भी बढ़त जारी है। इस साल सोने का दाम कुल 11.20 प्रतिशत चढ़ा है। इस साल की शुरुआत से ही सोने की कीमतों में तेजी देखी गई है। हालांकि, कीमतों में तेज उछाल को देखते हुए, इस स्तर पर सोने में नया निवेश करते समय कुछ सावधानी बरतने की जरूरत है। एमसीएक्स वायदा में सोना इस साल के पहले 50 दिन में ही 11.2 प्रतिशत की अच्छी बढ़त के साथ 77,500 रुपये से बढ़कर 86,200 हो गया हैं। पिछले साल, सोने में लगभग 27 प्रतिशत का उछाल आया था। इसका मतलब है कि जनवरी, 2024 से अब तक इसमें 38 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि हुई है। इस तेज उछाल को देखते हुए, मौजूदा स्तर पर नया निवेश करना शायद बहुत अच्छा विचार न हो। सोना ऐसी संपत्ति श्रेणी में है जो हमेशा ही रिटर्न देता रहा है। चाहे महंगाई हो या आर्थिक अनिश्चितता, सोने ने निवेशकों को नुकसान से बचाने के लिए एक मजबूत ढाल प्रदान किया है। इसलिए, इस वर्ष के केवल दो महीनों में अपने शानदार प्रदर्शन के साथ, सोना निश्चित रूप से वर्तमान समय में निवेश और रिटर्न के मामले में एक बहुत ही पसंदीदा और उपयुक्त विकल्प है।

यह पूछे जाने पर कि शेयर और बॉन्ड तथा अन्य निवेश उत्पादों की तुलना में सोना बेहतर निवेश विकल्प है या निवेशकों को संतुलन बनाना चाहिए, कलंत्री ने कहा, हाल के वर्षों में, सोने ने इक्विटी और बॉन्ड दोनों से बेहतर प्रदर्शन किया है। वैश्विक अनिश्चितताओं और कमजोर रुपये के साथ, यह रुख जारी रहने की संभावना है। हालांकि, कोष आवंटन निवेशकों के उद्देश्यों और समयसीमा पर आधारित होना चाहिए। निवेशकों को हमेशा एक विविध पोर्टफोलियो यानी निवेश के विभिन्न उत्पादों में पैसा रखने की सलाह दी जाती है।

वैश्विक रुख, एफआईआई की गतिविधियों, शुल्क के मोर्चे पर खबरों से तय होगी शेयर बाजार की दिशा



नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजारों की दिशा इस सप्ताह वैश्विक रुख, विदेशी निवेशकों की गतिविधियों और शुल्क से संबंधित खबरों से तय होगी। विश्लेषकों ने यह राय जताई है। बुधवार को महाशिवरात्रि के अवसर पर शेयर बाजार बंद रहेंगे।

इस सप्ताह बाजार की दिशा मिले-जुले वैश्विक बाजार रुख, अमेरिका की व्यापार नीति की घोषणाओं और रूस-यूक्रेन युद्ध से संबंधित भू-राजनीतिक घटनाक्रमों पर निर्भर करेगी। इसके अलावा वैश्विक स्तर पर ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और डॉलर के मुकाबले रुपये की चाल भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगी। निवेशकों की निगाह आगामी महत्वपूर्ण संकेतकों मसलन अमेरिका के मुख्य पीसीई मूल्य सूचकांक और भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि के आंकड़ों पर रहेगी। बाजार का मूड काफी हद तक निराशाजनक है। कंपनियों के नतीजों में उल्लेखनीय सुधार और वैश्विक स्तर पर तरलता की बेहतर स्थिति तथा मुद्रा में स्थिरता से ही इसमें बदलाव आ सकता है। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 628.15 अंक या 0.82 प्रतिशत नीचे आया। वहीं नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के निफ्टी में 133.35 अंक या 0.58 प्रतिशत का नुकसान रहा। जवाबी शुल्क की चिंताएं वैश्विक और भारतीय बाजार पर हावी हैं। उन्होंने कहा कि निकट भविष्य में शुल्क के मोर्चे पर खबरें बाजार को प्रभावित करेंगी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा प्रमुख व्यापारिक साझेदारों पर जवाबी शुल्क की घोषणा से बाजार की धारणा पर काफी असर पड़ा है। इसके अलावा कंपनियों की आमदनी भी दबाव में रही है।

पेज एक का शेष

भारत ने पाक

कोहली वनडे क्रिकेट में सबसे तेजी से 14000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज भी बन गए। पाकिस्तान के प्रतिभाशाली तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी और हारिस रऊफ़ एक बार फिर कोहली के सामने बेबस दिखे। कोहली ने लेग स्पिनर अबरार अहमद को भी बखूबी खेला और कोई जोखिम नहीं लिया। कोहली और अय्यर ने तीसरे विकेट की साझेदारी में 114 रन जोड़े। श्रेयस को खुशदिल ने पवेलियन भेजा जिनका बेहतरीन कैच इमामुल हक ने लपका। लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी और पाकिस्तान की मैच में वापसी संभव नहीं थी।

वैसे इस जीत का श्रेय भारतीय गेंदबाजों को भी जाता है जिन्होंने पाकिस्तान को 241 रन पर रोक दिया। टॉस जीतकर बल्लेबाजी करने वाली पाकिस्तानी टीम के लिये सऊद शकील ने 76 गेंद में पांच चौकों की मदद से 62 रन बनाये और तीसरे विकेट के लिये कप्तान मोहम्मद रिजवान (46) के साथ 104 रन जोड़े लेकिन इसके अलावा पाकिस्तानी टीम के लिये कोई बड़ी साझेदारी नहीं बन सकी। बीच के ओवरों में पिच धीमी हो गई और भारतीय गेंदबाजों ने सही लाइन और लैंग्थ पकड़कर पाकिस्तान के लिये रन बनाना मुश्किल कर दिया। बायें हाथ के कलाई के स्पिनर कुलदीप ने नौ ओवर में 40 रन देकर तीन विकेट लिये। भारतीय गेंदबाजों ने इस कदर दबाव बना दिया था कि एक समय रिजवान और शकील 55 गेंदों तक कोई चौका नहीं लगा सके।

बाबर आजम (23) और इमामुल हक (10) के सस्ते में आउट होने के बाद दोनों को जोखिम लेने से भी बचना था। बाबर ने शुरूआत अच्छी की थी और हर्षित राणा तथा हार्दिक पंड्या को अपने कुछ ट्रेडमार्क कवर ड्राइव भी लगाये। लेकिन वह ज्यादा देर टिक नहीं सके और पंड्या की गेंद पर चौका लगाने के बाद अगली गेंद पर वह केएल राहुल को कैच दे बैठे।

इसके बाद इमाम ने तेजी से एक रन चुराने के प्रयास में विकेट गंवाया। वह रन लेने के लिये दौड़े लेकिन मिडआन पर खड़े अक्षर ने सीधे थ्रो पर गिल्लियां बिखेर दी।

पाकिस्तान के दोनों प्रमुख बल्लेबाज 47 के स्कोर पर पवेलियन में थे लेकिन रिजवान और शकील ने इसके बाद संयम के साथ खेला। इस बीच अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और कप्तान रोहित शर्मा को कुछ देर के लिये मैदान से जाना पड़ा। रोहित गर्मी में असहज महसूस कर रहे थे जबकि शमी को पिंडली में कुछ परेशानी थी। दोनों हालांकि मैदान पर वापिस लौट आये जिससे भारतीय प्रशंसकों ने राहत की सांस ली।

इन सबके बीच रिजवान और शकील पाकिस्तान को 34वें ओवर में दो विकेट पर 151 रन तक ले गए। ऐसा लग रहा था कि पाकिस्तान 270 के आसपास पहुंच जायेगा लेकिन अक्षर ने रिजवान को आउट करके इस साझेदारी को तोड़ा। इसके बाद कोई बल्लेबाज लंबे समय तक टिककर खेल नहीं सका। शकील को पंड्या ने डीप में अक्षर के हाथों लपकवाया।

कुलदीप ने सलमान आगा और शाहीन शाह अफरीदी को लगातार दो गेंदों पर आउट किया हालांकि हैट्रिक नहीं ले सके। नसीम शाह उनका तीसरा शिकार बने। आखिर में खुशदिल ने 39 गेंद में 38 रन बनाये जिसमें पाकिस्तानी पारी का पहला छक्का शामिल था।

महाकुंभ में 62

व्यवस्था थी। योगी ने कहा कि यह सोचा गया होगा कि जब एक समय ऐसा भी आएगा कि भारत का व्यक्ति अपनी परंपरा और अपनी संस्कृति से कटा हुआ महसूस करेगा तो उन्हें जोड़ने का कुंभ माध्यम बनेगा।

उन्होंने कहा कि उप्र के प्रयागराज, उत्तराखंड के हरिद्वार, मध्यप्रदेश के उज्जैन और महाराष्ट्र के नासिक (त्रंबकेश्वर) समेत कुल चार पवित्र स्थानों पर कुंभ का आयोजन होता है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश के युवा नौकरी देने वाला बनने पर ध्यान दें। पहले उप्र में अवसर नहीं थे, लेकिन प्रतियोगी छात्रों ने आइडिया पर काम किया है। जो पहले टेक्नोलॉजी में आगे थे, वह स्टार्टअप में भी आगे हैं। विकास के इंजन के तौर पर युवाओं ने प्रेरणा के रूप में काम किया है। हर क्षेत्र में बहुत बड़ी उपलब्धि हासिल की जा सकती है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 2019 में बुंदेलखंड प्रवास के दौरान पांच महिलाएं मेरे पास आईं। उन्होंने नौकरी की मांग की, किसी ने बताया कि वे पांचवीं पास हैं। इस पर राज्य सरकार ने पहल करते हुए दुग्ध उत्पादक संगठन का गठन किया गया, उनको प्रशिक्षण दिलाया और फिर कार्य प्रारंभ कराया गया। आप आश्चर्य करेंगे कि आज उनका टर्नओवर 1500 करोड़ का है और इससे 42 हजार महिलाएं जुड़ी हैं। लेकिन इससे भी अच्छा कार्य आगरा का दुग्ध उत्पादक संगठन कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उप्र केवल कृषि ही नहीं, बल्कि सनातन-ज्ञान और परंपरा की भूमि है। निवेश को बढ़ावा देने को लेकर यहां सम्मेलन का आयोजन किया गया है जिसमें देशभर की यूनिकॉर्न कंपनी के लोग विचारों का आदान-प्रदान कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी यूनिकॉर्न कंपनी बिना निवेशकों के आगे नहीं बढ़ती है।

योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश को एक ट्रिलियन (1000 अरब) अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला राज्य बनाने के प्रयास चल रहे हैं। स्टार्टअप की संस्कृति को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने नया आयाम दिया है। पहले व्यवस्था के प्रति विश्वास नहीं था, लेकिन अब विश्वास पैदा हुआ है। मोदी ने स्टार्टअप इंडिया, स्टैंडअप इंडिया, मेक इन इंडिया की भावना को आगे बढ़ाया। अब देश में इस दिशा में बहुत अच्छे कदम उठाए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे देश में अनेक यूनिकॉर्न हैं। उत्तर प्रदेश ने भी काफी कदम उठाए गए हैं। उन्होंने कहा कि उप्र में 14 हजार से अधिक स्टार्टअप हैं और इनमें से सात हजार ऐसे हैं, जो महिलाओं के हैं।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश जैसे राज्य में फिजिक्स वाला यूनिकॉर्न बन गया। उन्होंने कहा कि जहां लोग तकनीकी के बारे में कम जानते हैं, वहां भी लोग फिजिक्स वाला को जानते हैं, यह दिखाता है कि नवोन्मेषी विचार के साथ तकनीक जुड़ती है तो परिणाम आते हैं।

दबंगों ने

पार्लर से कार में बैठकर लौट रही थीं, तभी रास्ते में गौशाला गांव के समीप करनावल के ही निवासी लोकेश, रोहताश और सतीश की बाइक से कार टच हो गई। इस पर बाइक सवार युवकों ने कार चालक (दुल्हन के फूफा) से हाथापाई शुरू कर दी। यह देख दोनों दुल्हनों ने विरोध किया तो उन्हें व उनकी बुआ को भी कार से खींच लिया और उनकी पिटाई कर दी। आरोप है कि उनके मुंह पर कीचड़ भी फेंका। पुलिस ने बताया कि जब इसकी सूचना दुल्हन के परिजनों को मिली तो वे मौके पर पहुंच गए। कुछ बाराती भी उनके साथ हो लिए। हमलावर युवकों ने भी अपने पक्ष के लोगों और परिजनों को बुला लिया और दोनों तरफ से मारपीट शुरू हो गई, जिसमें दुल्हन के पिता के सिर में चोट आई और कई अन्य लोग घायल हो गए।

यूपी में

हो गये और उनके चालक और एक परिचालक गम्भीर रूप से घायल हो गये। तीनों घायलों को हमीरपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनमें से संजीत (45) और रोहित (40) की इलाज के दौरान तड़के मौत हो गयी। घायल काली नामक एक व्यक्ति को कानपुर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया है। लखीमपुर जिले के हैदराबाद थाना क्षेत्रके निवासी तीन युवकों की सड़क हादसें में मौत हो गई। यह हादसा मितौली के भीखमपुर चौराहे पर हुआ।

धार्मिक और

में कैंसर डे- केयर सेंटर खोले जाएंगे। उन्होंने कैंसर से लड़ने के लिए बजट में किए गए प्रावधानों और कैंसर की दवाओं को सस्ता करने के निर्णय का भी जिक्र किया। श्री बागेश्वर आयुर्विज्ञान एवं शोध संस्थान के तहत स्थापित होने वाला कैंसर अस्पताल बागेश्वर धाम के पीठाधीश्वर संत धीरेंद्र शास्त्री की योजना है। प्रधानमंत्री ने धीरेंद्र शास्त्री की प्रशंसा करते हुए कहा कि उन्होंने इस आधुनिक कैंसर अस्पताल के माध्यम से लोगों, गरीबों और कैंसर रोगियों की सेवा के लिए एक और महत्वपूर्ण पहल की है, जिसका निर्माण गरीब बुंदेलखंड क्षेत्र में किया जाएगा। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव और शास्त्री ने भी सभा को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि पहले चरण में 218 करोड़ रुपये की लागत से 10 एकड़ क्षेत्र में 100 बिस्तरों वाला कैंसर अस्पताल अगले दो वर्षों में बनाया जायेगा।

यूएसएड विवाद: जयशंकर ने कहा अमेरिका की ओर से दी गई सूचना चिंताजनक, सरकार कर रही जांच

नयी दिल्ली। देश में कुछ गतिविधियों के लिए यूएसएड की ओर से वित्तपोषण को लेकर उठे विवाद के बीच विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी चिंताजनक है और सरकार इसकी जांच कर रही है। उन्होंने श्री राम कॉलेज ऑफ कॉमर्स (एसआरसीसी) में आयोजित डीयू साहित्य महोत्सव के दौरान प्रधानमंत्री के आर्थिक सलाहकार परिषद के सदस्य संजीव सान्याल से बातचीत में यह बात कही। सान्याल ने उनसे यूएसएड के मुद्दे के बारे में पूछा जो हाल में सुर्खियों में रहा है। जयशंकर ने कहा, मुझे लगता है कि ट्रंप प्रशासन के लोगों द्वारा कुछ जानकारी सामने रखी गई है, और जाहिर है कि यह चिंताजनक है। इससे पता चलता है कि ऐसी गतिविधियां हैं जिनका एक निश्चित उद्देश्य है किसी विमर्श या दृष्टिकोण को बढ़ावा देना। उन्होंने कहा, एक सरकार के रूप में, हम इसकी जांच कर रहे हैं, क्योंकि ऐसे संगठनों का दायित्व है कि वे जानकारी दें। और, मेरा मानना है कि तथ्य सामने आएंगे। विदेश मंत्री ने कहा, मैंने पढ़ा, फलां व्यक्ति ने यूएसएड के साथ काम किया...देखिए, यह सवाल नहीं है कि आपने यूएसएड के साथ काम किया या नहीं, यूएसएड को अनुमति दी गई थी...यह ऐतिहासिक रूप यहां काम करता रहा है। लेकिन, यूएसएड को सद्भावनापूर्वक, सद्भावनापूर्ण गतिविधियां करने के लिए यहां अनुमति दी गई थी। उन्होंने कहा, अब अमेरिका से यह संकेत मिल रहे हैं कि कुछ गतिविधियां दुर्भावनापूर्ण थीं। इसलिए इस पर निश्चित रूप से गौर किया जाना चाहिए और यदि ऐसा कुछ है तो मेरा मानना है कि देश को पता होना चाहिए कि दुर्भावनापूर्ण गतिविधियों में कौन लोग शामिल हैं। मियामी में बृहस्पतिवार को एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) द्वारा दिए गए 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर के वित्त पोषण पर सवाल उठाया था और सवाल किया था कि क्या किसी और को चुनाव जिताने के प्रयास के तहत ऐसा किया गया।

बीबीडी के

बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रेसिडेंट विराज सागर दास की प्रेरणा से हुआ। उन्होंने उत्कर्ष तीन दिवसीय कार्यक्रम के बारे में विस्तार से बताया। हर वर्ष हमारे छात्र कुछ नया करते हैं, इस बार भी फ्यूचर टेक गैलरी में कुछ नया किया है। इस अवसर पर सभी अतिथियों, निदेशक, डीन, फैकल्टी, स्टाफ एवं छात्र-छात्राओं के प्रति आभार एवं धन्यवाद प्रेषित किया।

संक्षेप

रूस की मीरा एंड्रीवा ने दुबई ओपन का खिताब जीता

दुबई। रूस की 17 वर्षीय खिलाड़ी मीरा एंड्रीवा ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए दुबई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में क्लारा टौसन को 7-6 (1), 6-। से हराकर अपने करियर का सबसे बड़ा खिताब हासिल किया। इस जीत से एंड्रीवा का अगले सप्ताह विश्व रैंकिंग में पहली बार शीर्ष 10 में शामिल होना सुनिश्चित हो गया है। वह 2007 में निकोल वैदिसोवा के बाद ऐसा हासिल करने वाली पहली 17 वर्षीय खिलाड़ी बन जाएगी। एंड्रीवा ने दुबई चैंपियनशिप में शुरू से लेकर आखिर तक शानदार प्रदर्शन किया। उन्होंने फाइनल तक के अपने सफ़र में 2023 की विंबलडन चैंपियन मार्केटा वोंद्रोसोवा, पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन इगा स्वियातेक और 2022 की विंबलडन चैंपियन एलेना रयबाकिना को हराया।

कीनिया ओपन में नीचे खिसके वीर अहलावत

नैरोबी। भारत के वीर अहलावत ने तीसरे राउंड में निराशाजनक प्रदर्शन करते हुए आठ ओवर 79 का स्कोर बनाया जिससे वह मैजिकल कीनिया ओपन गोल्फ टूर्नामेंट में संयुक्त 67वें स्थान पर खिसक गए। पहली बार इस टूर्नामेंट में भाग ले रहे अहलावत ने पहले दो राउंड में अच्छा प्रदर्शन करते हुए 70 और 72 का स्कोर बनाया था लेकिन तीसरे राउंड में वह अपनी इस लय को बरकरार नहीं रख पाए। टूर्नामेंट में भाग ले रहे भारत के एक अन्य खिलाड़ी शुभंकर शर्मा कट में जगह बनाने से चूक गए थे। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के जैक्स क्रूज़विज्क एक स्ट्रोक के अंतर से एकल बढ़त हासिल कर ली है।

टाइब्रेकर में हारकर दूसरे स्थान पर रहे इनियान

डनकर्क (फ्रांस)। भारतीय ग्रैंडमास्टर पी इनियान यहां टाइब्रेकर में फ्रांस के इंटरनेशनल मास्टर माहेल से हारकर 41वें कैपेल ला ग्रांडे इंटरनेशनल ओपन शतरंज टूर्नामेंट में उपविजेता रहे। पांचवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी ने छह जीत और तीन ड्रॉ के साथ 7.5 अंक बनाए और नौ राउंड के बाद माहेल के साथ पहले स्थान पर रहे। इसके बाद विजेता का फैसला करने के लिए टाइब्रेकर का सहारा लिया गया जिसमें फ्रांस के खिलाड़ी ने बाजी मारी। इनियान ने लगातार चार जीत के साथ शुरुआत करने के बाद साथी भारतीय खिलाड़ी इंटरनेशनल मास्टर मुथैया के साथ पांचवीं बाजी ड्रॉ खेली। उन्होंने एक अन्य भारतीय ग्रैंडमास्टर और टूर्नामेंट में तीसरा स्थान हासिल करने वाले राजा रित्विक के साथ भी बाजी ड्रॉ कराई। इस परिणाम से इनियान को 16 रेटिंग अंक हासिल करने में मदद मिली और उनकी लाइव रेटिंग अब 2566 है।

कतर ओपन में दूसरी बार चैंपियन बने आंद्रे रुबलेव

दोहा। आंद्रे रुबलेव ने अपनी मानसिक दृढ़ता का अच्छा नमूना पेश करते हुए जैक ड्रेपर को तीन सेट तक चले फाइनल मुकाबले में 7-5, 5-7, 6-। से हराकर दूसरी बार कतर ओपन टेनिस टूर्नामेंट का खिताब जीता। रुबलेव ने तीन दिन में तीसरी बार तीन सेट में जीत हासिल की। रूस के इस खिलाड़ी ने इससे पहले अपने पिछले दो मैचों में एलेक्स डी मिनौर और फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे के खिलाफ भी दूसरा सेट गंवा दिया था। रुबलेव ने मैच के बाद कहा, मैं मानसिक रूप से वास्तव में मजबूत बना रहा और मैंने निराशा को अपने ऊपर हावी नहीं होने दिया। रुबलेव ने इससे पहले 2020 में कतर ओपन का खिताब जीता था। यह पहला टूर्नामेंट है जिसमें वह दूसरी बार चैंपियन बने हैं।

खेल मंत्री ने फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल का किया नेतृत्व

नयी दिल्ली। खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने रविवार को यहां फिट इंडिया संडे ऑन साइकिल अभियान का नेतृत्व किया, जिसमें ओलंपिक में भाग ले चुके नाविक अर्जुन लाल जाट सहित कई अन्य प्रतिभागी शामिल हुए।

भारत ने पाकिस्तान को हराया

पाक चैंपियंस ट्रॉफी से हो सकता है बाहर, इंटरनेशनल क्रिकेट में तीसरे टॉप स्कोरर

एजेंसी

दुबई। भारत ने चैंपियंस ट्रॉफी के दूसरे मैच में पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। इसी के साथ टीम ने 2017 के चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल में मिली 180 रन की हार का हिसाब बराबर कर दिया। दुबई में रविवार को पाकिस्तान ने 241 रन बनाए। भारत ने 42.3 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल कर लिया। भारत से विराट कोहली ने नाबाद 100, श्रेयस अय्यर ने 56 और शुभमन गिल ने 46 रन बनाए। कुलदीप यादव को 3 और हार्दिक पंड्या को 2 विकेट मिले। पाकिस्तान से सऊद शकील ने 62 और मोहम्मद रिजवान ने 46 रन बनाए। शाहीन शाह अफरीदी को 2 विकेट मिले। अबरार अहमद और खुशदिल शाह को 1-1 विकेट मिला। विराट वनडे में सबसे ज्यादा 158 कैच पकड़ने वाले भारतीय बने। उन्होंने पारी में 15वां रन बनाते ही सबसे तेज 14 हजार वनडे रन भी पूरे कर लिए। कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट के तीसरे टॉप स्कोरर भी बन गए। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के रिकी पोंटिंग को पीछे छोड़ा, जिनके नाम 27,483 रन हैं। विराट कोहली : 100 रन की पारी खेली विराट कोहली ने 111 बॉल पर 100 रन की पारी खेली। वे रोहित शर्मा के आउट होने के बाद खेलने उतरे और भारतीय पारी को बांधे रखा। विराट ने अबरार के ओवर्स को संयम से निकाला, फिर तेजी से रन बनाए। कुलदीप यादव ने 3 विकेट झटके, डेथ ओवर्स में रन बनाने से रोका कुलदीप ने 3 विकेट झटके। उन्होंने डेथ ओवर्स में सलमान आगा, शाहीन अफरीदी और नसीम शाह के विकेट लिए। इससे पाकिस्तान की टीम डेथ ओवर्स में ज्यादा रन नहीं बना सकी। पावरप्ले में 2 विकेट गंवाने के बाद पाकिस्तान ने मिडिल ओवर्स में बेहद धीमे बैटिंग की। मोहम्मद रिजवान और सऊद शकील ने 144 गेंद पर 104 रन की पार्टनरशिप की। टीम 11 से 40 ओवर के बीच 180 गेंद पर 131 रन ही बना सकी। पाकिस्तान ने प्लेइंग-11 में एक ही फुल टाइम स्पिनर अबरार अहमद को मौका दिया। जिन्होंने 10 ओवर में 28 रन देकर 1 विकेट लिया। बाकी स्पिनर्स उनका साथ नहीं दे सके। टीम ने स्क्वॉड में लेग स्पिन ऑलराउंडर शादाब खान को भी नहीं रखा। भारत ने पाकिस्तान को 6 विकेट से हरा दिया है। टीम ने 242 रन का टारगेट 42.3 ओवर में 45 गेंद रहते हासिल कर दिया। विराट कोहली ने खुशदिल शाह के ओवर की तीसरी बॉल पर कवर में चौका जमाते हुए अपनी सेंचुरी पूरी की। साथ ही भारत को आसान जीत भी दिला दी। भारतीय पारी के 39वें ओवर में इमाम-उल-हक ने शानदार कैच लपका। खुशदिल शाह ने ओवर की पांचवीं बॉल पर फुल लेंथ की फेंकी। यहां श्रेयस ने जगह बनाकर शॉट खेला, शॉर्ट कवर पर खड़े फील्डर इमाम-उल-हक ने छलांग लगाकर डाइविंग कैच पकड़ा। श्रेयस 56 रन बनाकर आउट हुए। कोहली इंटरनेशनल क्रिकेट के टॉप-3 स्कोरर बन गए हैं। उन्होंने 37वें ओवर में रिकी पोंटिंग के 27483 रन का रिकॉर्ड तोड़ा। 30वें ओवर में श्रेयस अय्यर को जीवनदान मिला। खुशदिल शाह के ओवर की आखिरी बॉल पर श्रेयस ने पुल शॉट खेला। शॉर्ट मिड विकेट पर खड़े फील्डर सऊद शकील से कैच ड्रॉप हो गया। जब कैच छूटा तब अय्यर 25 रन पर खेल रहे थे। विराट कोहली और श्रेयस अय्यर ने 29वें ओवर में फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली है। टीम ने 100 रन के स्कोर पर शुभमन गिल का विकेट गंवाया था। विराट कोहली ने 27वें ओवर में फिफ्टी पूरी कर ली है। उन्होंने 62 बॉल पर हाफ सेंचुरी पूरी की। कोहली ने कउउ टूनार्मेंट में 23वीं फिफ्टी पूरी की है। यह विराट का 74वां वनडे अर्धशतक है। 18वें ओवर में भारत ने दूसरा विकेट गंवाया।

यूपी वारियर्स के खिलाफ जीत की राह पर लौटने उतरेगी आरसीबी

बेंगलुरु। कप्तान स्मृति मंधाना की शानदार फॉर्म, मध्यक्रम के बल्लेबाजों के अच्छे प्रदर्शन तथा घरेलू दर्शकों के अपार समर्थन के दम पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) सोमवार को यहां यूपी वारियर्स के खिलाफ बेहतर खेल दिखाकर महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) में जीत की राह पर लौटने की कोशिश करेगा।

भारतीय उप कप्तान मंधाना लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रही है। उन्होंने भारत और अपनी फ्रेंचाइजी टीम के लिए जो पिछले 10 मैच खेले हैं उनमें उन्होंने एक शतक और पांच अर्धशतक लगाए हैं। आरसीबी की टीम हालांकि दीप्ति शर्मा की अगुवाई वाली टीम को किसी भी तरह से हल्के से लेने की गलती नहीं करेगी जो सत्र की अपनी पहली जीत हासिल करके उत्साह से भरी है। मंधाना की अगुवाई वाली टीम ने अपने पहले दोनों मैच जीत कर इस सत्र की शानदार शुरुआत की थी लेकिन पिछले मैच में उसे हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टीम मुंबई इंडियंस से हार का सामना करना पड़ा था। आरसीबी ने अब तक तीनों विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है और उसके खिलाड़ी पिछली हार को भूलकर जीत की राह पर लौट के लिए प्रतिबद्ध होंगे। आरसीबी अभी तीन मैच में पांच अंक लेकर तालिका में शीर्ष पर है और उसका नेट रन रेट भी अच्छा है। दूसरी तरफ वॉरियर्स का प्रदर्शन अभी तक बहुत अच्छा नहीं रहा है और वह तीन मैच में से केवल एक मैच जीत पाई है। उसकी टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर है। वॉरियर्स की टीम हालांकि अपने पिछले मैच में दिल्ली कैपिटल्स से हार का बदला चुकता करने में सफल रही थी और आरसीबी के खिलाफ वह अधिक आत्मविश्वास के साथ मैदान पर उतरेगी।

कॅरियर लायंस ने जीती तृतीय अधीर दुबे स्मारक टी-20 क्रिकेट ट्रॉफी

लखनऊ। कॅरियर लायंस ने बल्लेबाजों के कमाल से तृतीय अधीर दुबे स्मारक टी-20 क्रिकेट टूनार्मेंट के फाइनल में तारिक क्रिकेट क्लब को पांच विकेट से हराकर विजेता ट्रॉफी जीत ली। जीत में अनिल लाल (65) और अफसर सिद्दीकी (52) ने अर्धशतक जड़े। पंडित रास बिहारी तिवारी स्टेडियम पर खेले गए फाइनल में तारिक क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित ओवर में पांच विकेट पर 197 रन बनाए।

सलामी बल्लेबाज जसविंदर सिंह ने 43 गेंद पर एक चौके एवं सात छक्के से 74 रन की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली। तेज नारायण ने 37 व मयंक ने 34 रन की जुझारू पारी खेली। विनोद सिंह ने नाबाद 20 रन जोड़े। कॅरियर लायंस से अनिल लाल को दो विकेट की सफलता मिली। जवाब में कॅरियर लायंस ने लक्ष्य का पीछा करते हुए अंतिम गेंद तक चले रोमांचक मैच में 5 विकेट पर 198 रन बनाकर मैच व खिताब जीत लिया।

जीत में सलामी बल्लेबाज अफसर सिद्दीकी ने 27 गेंदों पर 8 चौके व दो छक्के की मदद से 52 रन की तेजतर्रार अर्धशतकीय पारी खेली। अनुभवी बल्लेबाज अनिल लाल ने 34 गेंदों पर पांच चौके और चार छक्के की मदद से महत्वपूर्ण 65 रन का योगदान किया। उनका साथ देते हुए डा.एहसन ने 40 रन व डा.मुस्तफा नदीम ने 17 रन जोड़े। हरफनमौला प्रदर्शन के लिए अनिल लाल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार मिला। विशेष पुरस्कारों में एसएमआर क्लब के राशिद (257 रन, 12 विकेट) को मैन ऑफ द टूनार्मेंट का पुरस्कार मिला। सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज कॅरियर लायंस के अफसर सिद्दीकी (447 रन), सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज कॅरियर लायंस के अनिल लाल (13 विकेट), सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपर तारिक क्रिकेट क्लब के जसविंदर सिंह (11 स्टम्प, 3 कैच) चुने गए। समापन समारोह में मुख्य अतिथि मुख्य अतिथि राज्य सूचना आयुक्त डा. दिलीप अग्निहोत्री ने पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर समाजसेवी सुशील दुबे, पूर्व सभासद राजू गांधी, सीवीसीएल के चेयरमैन पीएस जग्गी, राजीव गोयल (रक्तदान में रिकार्ड), डीएवी कॉलेज के पूर्व प्रबंधक भुवन तिवारी व अधीर दुबे फाउंडेशन के चेयरमैन वीरेंद्र दुबे भी मौजूद रहे।

न्यूजीलैंड की निगाह सेमीफाइनल पर, उम्मीद जीवंत रखने उतरेगा बांग्लादेश

रावलपिंडी। पहले मैच में बड़ी जीत से उत्साहित न्यूजीलैंड की टीम चैंपियंस ट्रॉफी ग्रुप ए के मैच में सोमवार को यहां हार से शुरुआत करने वाले बांग्लादेश के खिलाफ अपना विजय अभियान जारी रखकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी। न्यूजीलैंड की टीम ने अपने पहले मैच में मेजबान पाकिस्तान को 60 रन से हराकर अपने अभियान का शानदार आगाज किया था। इस बड़ी जीत से उसका नेट रन रेट भी अच्छा हुआ है। बांग्लादेश के खिलाफ जीत से वह सेमीफाइनल में जगह बनाने के बेहद करीब पहुंच जाएगा। दूसरी तरफ बांग्लादेश को अपने पहले मैच में भारत के हाथों छह विकेट से करारी हार का सामना करना पड़ा था। उसका नेट रन रेट भी खराब है और उसे सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ में बने रहने के लिए न्यूजीलैंड के खिलाफ हर हाल में जीत दर्ज करनी होगी। न्यूजीलैंड ने पहले मैच में खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया था। पाकिस्तान में त्रिकोणीय श्रृंखला खेलने से उसे परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने में मदद मिली। लेकिन बांग्लादेश के खिलाफ मैच से पहले उसे अपनी अंतिम एकादश का चयन करने के लिए थोड़ा माथापच्ची करनी होगी क्योंकि रचिन रविंद्र सिर की चोट से उबरकर वापसी करने के लिए तैयार हैं। उनकी अनुपस्थिति में डेवोन कॉनवे और विल यंग ने पारी की शुरुआत की थी।

नयी दिल्ली मैराथन : मान सिंह व भागीरथी बिष्ट बने चैंपियन

एजेंसी

नयी दिल्ली। उत्तराखंड के मान सिंह और भागीरथी बिष्ट ने रविवार को यहां अपोलो टायर्स नयी दिल्ली मैराथन दौड़ में क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का खिताब जीता। एशियाई मैराथन चैंपियनशिप (2024) के विजेता 35 साल के मान सिंह ने पुरुषों की एलीट श्रेणी के कड़े मुकाबले को दो घंटे 15 मिनट और 24 सेकंड का प्रभावशाली समय के साथ अपने नाम किया। प्रदीप चौधरी (2:15:29) और अक्षय सैनी (2:15:34) ने मान सिंह को कड़ी टक्कर दी लेकिन क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। उत्तराखंड की ही भागीरथी ने दो घंटे 48 मिनट और 59 सेकंड के समय के साथ एलीट महिलाओं में शीर्ष स्थान हासिल किया। ठाकोर भरतजी (2:49:16) और अश्विनी जाधव (2:50:48) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता। मैराथन दौड़ में धावकों को 42.195 किमी की दूरी तय करनी होती है। राष्ट्रीय बैडमिंटन टीम के मुख्य कोच पुलेला गोपीचंद और भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान अजिंक्य रहाणे ने इस दौड़ को हरी झंडी दिखाई। आयोजकों ने दावा किया कि इस कार्यक्रम (मैराथन, हाफ मैराथन और 10के (10 किलोमीटर की दौड़) में देश के विभिन्न हिस्सों से 25,000 से अधिक धावक और फिटनेस उत्साही शामिल हुए। गोपीचंद ने कहा, मैं नयी दिल्ली मैराथन को सफल बनाने के लिए आयोजकों, प्रायोजकों और प्रत्येक एथलीट को बधाई देता हूं। इस मैराथन में वंचित पृष्ठभूमि के 33 से अधिक बच्चों के अलावा 10 किलोमीटर की दौड़ में स्वयंसेवकों की सहायता से दृष्टिबाधित धावकों की एक टीम ने भी हिस्सा लिया।

कोहली ने जड़ा 51वां वनडे शतक

दुबई। भारतीय सुपरस्टार विराट कोहली ने रविवार को पाकिस्तान के खिलाफ चैम्पियंस ट्रॉफी मुकाबले के दौरान इतिहास रच दिया और वह वनडे क्रिकेट में सबसे तेजी से 14000 रन पूरे करने वाले बल्लेबाज बन गए। कोहली अब एक दिवसीय क्रिकेट में 14000 से अधिक रन बनाने वाले तीसरे बल्लेबाज हैं। कोहली ने जड़ा वनडे का 51वां शतक और भारत के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर (18246) और श्रीलंका के कुमार संगकारा (14234) उनसे आगे हैं। कोहली ने 287 पारियों में 14000 रन पूरे किये जबकि तेंदुलकर ने 350 और संगकारा ने 378 पारियों में इस आंकड़े को छुआ था। और हारिस रउफ़ को 13वें ओवर में कवर्स में चौका जड़कर वह यहां तक पहुंचे। उन्होंने सितंबर 2023 में पाकिस्तान के ही खिलाफ कोलंबो में एशिया कप के दौरान 13000 वनडे रन पूरे किये थे। कोहली के नाम वनडे क्रिकेट में सर्वाधिक 50 शतकों का रिकॉर्ड भी है। उन्होंने 2023 विश्व कप सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई में तेंदुलकर का रिकॉर्ड तोड़ा था।

प्रो लीग : इंग्लैंड पर जीत को दोहराने उतरेगी भारतीय हॉकी टीम

एजेंसी

भुवनेश्वर। आयरलैंड के खिलाफ लगातार दो जीत के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत भारतीय पुरुष हॉकी टीम अपने से ऊंची रैंकिंग वाली इंग्लैंड टीम के खिलाफ सोमवार को एफआईएच प्रो लीग के मैच में इसी लय को कायम रखने के इरादे से उतरेगी। टूर्नामेंट में औसत शुरूआत के बाद जीत की राह पर लौटी भारतीय टीम छह मैचों में 12 अंक लेकर फिलहाल चौथे स्थान पर है और घरेलू चरण पूरा होने से पहले और सफलता अर्जित करना चाहेगी। दूसरी ओर इंग्लैंड छह मैचों में 13 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है जिसे पिछले मैच में स्पेन ने 4 .। से हराया। पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ने नये सत्र में आशातीत शुरूआत नहीं की। स्पेन और जर्मनी के खिलाफ भारत को मिली जुली सफलता मिली। स्पेन ने उसे 3 .। से हराया जबकि पेरिस खेलों में कांस्य पदक के मुकाबले में भारत ने इसी स्पेनिश टीम को मात दी थी। रिटर्न मैच में भारत ने हालांकि स्पेन पर 2 . 0 से जीत दर्ज की। पेनल्टी कॉर्नर भारत की कमजोर कड़ी बना हुआ है और इसी वजह से जर्मनी ने उसे 4 .। से हराया। कप्तान और अनुभवी ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह की वापसी से हालांकि भारत ने दूसरे मैच में एक गोल से जीत हासिल की। आयरलैंड पर दोनों मैचों में जीत के बाद भारत का मनोबल बढा होगा। भारत के लिये मनदीप सिंह, जरमनप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, नीलम सेस, अभिषेक और शमशेर ने पिछले दो मैचों में 3 .। और 4 . 0 से मिली जीत में गोल दागे। वहीं इंग्लैंड ने शूटआउट में जीत दर्ज करने के बाद स्पेन के खिलाफ दूसरा मुकाबला। . 4 से गंवा दिया। दुनिया की तीसरे नंबर की टीम अब पांचवीं रैंकिंग वाली भारतीय टीम के खिलाफ जीत की राह पर लौटने को बेताब होगी। इंग्लैंड की उम्मीदों का दारोमदार अनुभवी सैम वार्ड पर होगा जो अब तक लीग के इस सत्र में नौ गोल कर चुके हैं और सर्वाधिक गोल करने वाले खिलाड़ियों की सूची में दूसरे स्थान पर हैं। इंग्लैंड के लिये हालांकि भारत की रक्षापंक्ति को भेदना उतना आसान नहीं होगा जो प्रो लीग 2024 . 25 में बेहतरीन फॉर्म में है। भारत ने अब तक सिर्फ आठ गोल गंवाये हैं और नौ टीमों में वह सबसे कम गोल गंवाने वाली टीम है।

भारत के सामने महिला एफआईएच प्रो लीग मैच में नीदरलैंड की कड़ी चुनौती

भुवनेश्वर। भारतीय महिला हॉकी टीम सोमवार को यहां एफआईएच प्रो लीग के मैच में जब मौजूदा चैंपियन नीदरलैंड के खिलाफ मैदान में उतरेगी तो उसकी कोशिश खेल में आयी गिरावट से निपटने के साथ जीत की लय को बरकरार रखने की होगी। भारत का घरेलू चरण अब तक टीम की योजना के मुताबिक नहीं रहा है। टीम फिलहाल छह मैचों में सात अंकों के साथ सातवें स्थान पर है। भारतीय महिला टीम ने इंग्लैंड पर 3-2 की रोमांचक जीत के साथ अपने अभियान की शुरुआत की थी, लेकिन दूसरे मैच में शूट-आउट में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। स्पेन के खिलाफ मेजबान टीम जीत के करीब थी लेकिन उसे लगातार मैचों में हार का सामना करना पड़ा। टीम को पहले मुकाबले में 3-4 जबकि दूसरे में 0-। से शिकस्त मिली। जर्मनी के खिलाफ भारत को शुरुआती मुकाबले में 0-4 से हार का सामना करना पड़ा लेकिन टीम ने दूसरे चरण में।-0 से जीत हासिल कर अच्छी वापसी की।

बुमराह को आईसीसी पुरस्कारों से किया सम्मानित

एजेंसी

दुबई। भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को रविवार को यहां भारत और पाकिस्तान के बीच चैंपियंस ट्रॉफी मैच शुरू होने से पहले आईसीसी के साल 2024 के पुरस्कारों से सम्मानित किया गया जिसमें वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष क्रिकेटर और वर्ष का सर्वश्रेष्ठ पुरुष टेस्ट क्रिकेटर का पुरस्कार भी शामिल है। बुमराह पीठ में चोट के कारण चैंपियंस ट्रॉफी में नहीं खेल रहे हैं। बुमराह को इन दोनों पुरस्कारों के अलावा 2024 के लिए पुरुष टेस्ट और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों में जगह बनाने के लिए टीम कैप (टोपी) भी सौंपी गयी। आईसीसी ने इन चार पुरस्कारों में से प्रत्येक के साथ इस 31 साल के खिलाड़ी की तस्वीरें साझा करते हुए एक्स पर लिखा, जसप्रीत बुमराह को शानदार 2024 के लिए आईसीसी पुरस्कार और वर्ष की टीम कैप प्राप्त हुई। बुमराह ने पाकिस्तान के खिलाफ मैच से पहले रविवार को अभ्यास के दौरान भारतीय टीम के अपने साथियों से भी मुलाकात की थी। बुमराह के लिए पिछला टेस्ट सत्र शानदार रहा था। उन्होंने 13 मैचों में 71 विकेट लिए थे। साल 2024 में दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रयास इंग्लैंड के गस एटकिंसन का था। जिन्होंने 11 मैचों में 52 विकेट लिए थे। बुमराह ने 2024 में टेस्ट में 14.92 की औसत से विकेट चटकाये और साल का अंत 30.1 के स्ट्राइक रेट के साथ किया। वह इस दौरान कपिल देव, अनिल कुंबले और रविचंद्रन अश्विन के बाद एक कैलेंडर वर्ष में खेल के पारंपरिक प्रारूप में 70 या अधिक विकेट लेने वाले केवल चौथे भारतीय गेंदबाज बने। इंग्लैंड के खिलाफ पिछले साल की शुरुआत में घरेलू श्रृंखला में उन्होंने पांच टेस्ट में 19 विकेट लिये जबकि साल के आखिर में ऑस्ट्रेलिया दौरे पर उन्होंने इतने ही टेस्ट मैचों में 32 सफलता हासिल की। भारत के ऑस्ट्रेलिया दौरे के दौरान बुमराह टेस्ट में 200 विकेट के आंकड़े तक भी पहुंचे। लाल गेंद से अपने बेजोड़ प्रदर्शन के अलावा, बुमराह ने वेस्टइंडीज और अमेरिका में टी20 विश्व कप में भारत की खिताबी जीत में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वह इस वैश्विक प्रतियोगिता में 15 विकेट लेकर सबसे सफल भारतीय गेंदबाज बने।

हार्दिक पंड्या ने जीता प्रशंसकों का दिल

दुबई। भारत के हरफनमौला हार्दिक पंड्या को लगता है कि पिछले साल वेस्टइंडीज में आईसीसी टी20 विश्व कप में खिताबी जीत में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद उन्होंने अपने प्रशंसकों का दिल फिर से जीत लिया है। पंड्या को पिछले साल इंडियन प्रीमियर लीग में रोहित शर्मा की जगह मुंबई इंडियंस का कप्तान नियुक्त किया गया था। वह गुजरात टाइटंस को छोड़कर वापस मुंबई की टीम से जुड़े थे। इसके बाद मुंबई इंडियंस के प्रशंसकों ने लगातार उनको निशाने पर रखा था। पंड्या ने हालांकि इस नकारात्मकता को पीछे छोड़कर अमेरिका और वेस्टइंडीज में खेले गए टी20 विश्व कप में शानदार प्रदर्शन किया जिससे भारत 2007 के बाद पहली बार इस प्रतियोगिता को जीतने में सफल रहा।

मोटापा घटाने पर पीएम मोदी का जोर

मोदी ने महिला दिवस पर अपने सोशल मीडिया खाते एक दिन के लिए प्रेरक महिलाओं को सौंपने की घोषणा

एजेंसी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अंतराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नारी शक्ति को सलाम करने का विशेष अवसर करार देते रविवार को घोषणा की कि वे एक्स और इंस्टाग्राम जैसे अपने सोशल मीडिया खाते एक दिन के लिए कुछ ऐसी प्रेरक महिलाओं को सौंपेंगे, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं।

आकाशवाणी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात की 119वीं कड़ी में अपने विचार साझा करते हुए उन्होंने युवाओं की भागीदारी से अंतरिक्ष और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (कृत्रिम बुद्धिमत्ता) जैसे विभिन्न क्षेत्रों में आ रही नई क्रांति पर प्रकाश डाला, युवाओं से एक दिन वैज्ञानिक के रूप में बिताने का आह्वान किया और साथ ही मोटापे की बढ़ती समस्या पर चिंता जताते हुए लोगों को इस समस्या से निपटने के लिए खाने के तेल में 10 प्रतिशत की कमी लाने का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि इस बार आठ मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर वे एक ऐसी पहल करने जा रहे है जो नारी शक्ति को समर्पित होगा। उन्होंने कहा, मैं एक्स और इंस्टाग्राम जैसे अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक दिन के लिए कुछ ऐसी प्रेरक महिलाओं को सौंपूंगा, जिन्होंने अलग-अलग क्षेत्रों में उपलब्धियां हासिल की हैं, नवाचार किया है या अपनी एक अलग पहचान बनाई है। मोदी ने कहा कि भले ही यह मंच उनका होगा लेकिन वहां उनके अनुभव उनकी चुनौतियां और उनकी उपलब्धियों की बात होगी। उन्होंने महिलाओं से इस प्रयोग का हिस्सा बनने का आह्वान करते हुए कहा कि इससे उनकी उपलब्धियों को देश व दुनिया तक पहुंचाने में मदद मिलेगी। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के 100वें प्रक्षेपण मिशन की सफलता को रेखांकित करते हुए प्रधानमंत्री ने देश के युवाओं से एक दिन वैज्ञानिक के रूप में बिताने का आह्वान किया ताकि विज्ञान के प्रति उनकी जिज्ञासा और बढ़े। उन्होंने इसरो के 100वें प्रक्षेपण मिशन की सफलता का उल्लेख करते हुए कहा कि यह केवल एक संख्या भर नहीं है बल्कि इससे अंतरिक्ष विज्ञान में नित नयी ऊंचाइयों को छूने के भारत के संकल्प का भी पता चलता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि समय के साथ अंतरिक्ष की इस उड़ान में भारत की सफलताओं की सूची काफी लंबी होती चली गई है। उन्होंने कहा कि प्रक्षेपण यान का निर्माण हो, चंद्रयान की सफलता हो, मंगलयान हो या आदित्य एल-वन या फिर एक ही रॉकेट से एक ही बार में 104 उपग्रहों को अंतरिक्ष में भेजने का अभूतपूर्व मिशन हो, इसरो की सफलताओं का दायरा काफी बड़ा रहा है। मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों में ही करीब 460 उपग्रह प्रक्षेपित किए गए हैं और इनमें दूसरे देशों के भी बहुत सारे उपग्रह भेजे गए हैं। उन्होंने अंतरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में नारी शक्ति की बढ़ती भागीदारी की भी सराहना की। मोदी ने कहा कि उन्हें यह देखकर भी बहुत खुशी होती है कि आज अंतरिक्ष क्षेत्र युवाओं के लिए बहुत प्रिय बन गया है। उन्होंने कहा कि कुछ साल पहले किसने सोचा होगा कि इस क्षेत्र में स्टार्टअप और निजी क्षेत्र की अंतरिक्ष कंपनियों की संख्या सैकड़ों में हो जाएगी।

सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी फ्रांस की पांच दिवसीय यात्रा पर रवाना

नयी दिल्ली। सेना प्रमुख जनरल उपेन्द्र द्विवेदी सोमवार को पेरिस में अपने फ्रांसीसी समकक्ष जनरल पियरे शिल के साथ व्यापक वार्ता करेंगे, जिसमें दोनों देशों के बीच सैन्य सहयोग बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। सेना प्रमुख ने भारत-फ्रांस सैन्य सहयोग को मजबूत करने के उद्देश्य से रविवार को फ्रांस की पांच दिवसीय यात्रा शुरू की।

भारतीय सेना ने कहा, जनरल द्विवेदी की यात्रा का उद्देश्य भारत और फ्रांस के बीच सैन्य सहयोग को मजबूत करना, सहयोग के नए रास्ते तलाशना और दोनों देशों के सशस्त्र बलों के बीच रणनीतिक साझेदारी को बढ़ाना है। इसमें कहा गया है कि दोनों सेना प्रमुखों के बीच बैठक का उद्देश्य दोनों देशों के बीच मजबूत सैन्य संबंधों को बढ़ावा देना होगा। जनरल द्विवेदी के यात्रा कार्यक्रम में पेरिस के प्रतिष्ठित सैन्य स्कूल और संस्थान परिसर, इकोले मिलिटेयर का दौरा भी शामिल है। संस्थान में उन्हें फ्यूचर कॉम्बैट कमांड (सीसीएफ) के बारे में जानकारी दी जाएगी। इसके अतिरिक्त, जनरल द्विवेदी को फ्रांसीसी सेना के तकनीकी अनुभाग (एसटीएटी) में जानकारी दी जाएगी तथा वे वर्सेल्स में बैटल लैब टेरे का दौरा करेंगे। जनरल द्विवेदी 25 फरवरी को मारसेई जाएंगे, जहां वे फ्रांसीसी सेना की तीसरी डिवीजन का दौरा करेंगे और उन्हें इसके मिशन व भूमिका, भारत-फ्रांस प्रशिक्षण सहयोग तथा फ्रांसीसी सेना के आधुनिकीकरण कार्यक्रम के बारे में जानकारी दी जाएगी। भारतीय सेना ने एक बयान में कहा कि अगले दिन वह कार्पियाग्ने का दौरा करेंगे और लाइव फायरिंग अभ्यास के साथ स्कॉर्पियन डिवीजन का गतिशील प्रदर्शन देखेंगे। थल सेनाध्यक्ष 27 फरवरी 2025 को प्रथम विश्व युद्ध में भाग लेने वाले शहीद भारतीय सैनिकों के सम्मान में पुष्पांजलि अर्पित करने के लिए न्यूवे चैपल भारतीय युद्ध स्मारक का दौरा करेंगे। बाद में, वह फ्रांसीसी संयुक्त स्टाफ कॉलेज, इकोले डे गुएरे में एक व्याख्यान देंगे।

संक्षेप

इजराइल ने फलस्तीनी कैदियों की रिहाई रोकी

तेल अवीव। इजराइल ने कहा है कि सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई तब तक नहीं की जाएगी जब तक कि गाजा में बंधक बनाकर रखे गए और लोगों की रिहाई सुनिश्चित नहीं हो जाती तथा बंधकों को अपमानजनक तरीके से सौंपना बंद नहीं किया जाता। देश के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के कार्यालय ने यह बयान रविवार को उस समय दिया जब कैदियों को ले जा रहे वाहन ऑफर जेल के मुख्य द्वार से बाहर निकलने के बाद अंदर लौट गए। हमास ने छह इजराइली बंधकों को शनिवार को रिहा कर दिया था। इसके तुरंत बाद 620 फलस्तीनी कैदियों को रिहा किया जाना था लेकिन अभी तक ऐसा नहीं किया गया है। शनिवार को रिहा किए गए छह बंधकों में से पांच को नकाबपोश सशस्त्र चरमपंथी, भीड़ के सामने मंच पर लाए जिसके बाद उन्हें रिहा किया गया। बंधकों को सौंपे जाने के इस तरीके की संयुक्त राष्ट्र और अन्य संगठनों ने निंदा की है। हमास ने जीवित बचे संभवत अंतिम छह बंधकों को युद्ध विराम के प्रथम चरण के तहत रिहा कर दिया है। कैदियों की रिहाई में देरी की इजराइल की घोषणा ने युद्धविराम समझौते के भविष्य को लेकर अचानक और संदेह पैदा कर दिया है। हमास द्वारा छोड़े गए छह बंधकों में से तीन इजराइली पुरुष हैं, जिन्हें नोवा संगीत समारोह से उस समय कैद किया गया था।

ट्रंप के बार-बार भारत के अपमान पर प्रधानमंत्री चुप क्यों : कांग्रेस

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय विकास के लिए अमेरिकी एजेंसी (यूएसएड) के अनुदान को लेकर जारी विवाद के बीच, कांग्रेस ने रविवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर अमेरिका से फर्जी खबरें फैलाकर राष्ट्र विरोधी कार्य करने का आरोप लगाया।

विपक्षी दल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और विदेश मंत्री एस जयशंकर को भी जवाब देना होगा कि जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और अरबपति एलन मस्क बार-बार भारत का अपमान कर रहे हैं, तो सरकार चुप क्यों है। हालांकि, भाजपा ने कांग्रेस के ऐसे सभी आरोपों को खारिज किया है और राहुल गांधी को देशद्रोही करार देते हुए उनपर भारत को कमजोर करने की कोशिश में विदेशी ताकतों के साथ साठगांठ करने का आरोप लगाया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, भाजपा झूठों और अनपढ़ों की बारात है। जिस 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर पर भाजपाई और चरणचुंबक उछल रहे थे, वो खबर तो फर्जी निकली। वर्ष 2022 में 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर, भारत में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए नहीं, बल्कि बांग्लादेश के लिए थे।

मल्लिकार्जुन खरगे दोनों बैठकों की करेंगे अध्यक्षता

एजेंसी



नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को घोषणा की कि वह गुजरात के अहमदाबाद में 8 और 9 अप्रैल को अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी का अधिवेशन आयोजित करेगी जिसमें भाजपा की जनविरोधी नीतियों से उत्पन्न चुनौतियों, संविधान पर उसके कथित हमले और आगे का रोडमैप तैयार करने पर विचार-विमर्श किया जाएगा। कांग्रेस महासचिव एवं संगठन प्रभारी के सी वेणुगोपाल ने एक बयान में कहा कि आगामी अधिवेशन न केवल महत्वपूर्ण विचार-विमर्श के लिए एक मंच के रूप में काम करेगा, बल्कि आम लोगों की चिंताओं को दूर करने और राष्ट्र के लिए एक मजबूत वैकल्पिक दृष्टिकोण प्रस्तुत करने के कांग्रेस पार्टी के सामूहिक संकल्प को भी प्रदर्शित करेगा। वेणुगोपाल ने कहा, यह महत्वपूर्ण अधिवेशन देश भर से अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रतिनिधियों को एक साथ लाएगा, जहां वे भाजपा की जनविरोधी नीतियों और संविधान तथा उसके मूल्यों पर लगातार हमलों से उत्पन्न चुनौतियों पर विचार-विमर्श करेंगे तथा पार्टी की भावी कार्ययोजना तैयार करेंगे। उन्होंने कहा कि सत्र 8 अप्रैल को कांग्रेस कार्य समिति की विस्तारित बैठक के साथ शुरू होगा जिसके बाद 9 अप्रैल को एआईसीसी प्रतिनिधियों की बैठक होगी। वेणुगोपाल ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे दोनों बैठकों की अध्यक्षता करेंगे, जिसमें कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी, कांग्रेस शासित राज्यों के मुख्यमंत्री, राष्ट्रीय पदाधिकारी, वरिष्ठ पार्टी नेता और अन्य एआईसीसी प्रतिनिधि शामिल होंगे।

भारत को चुनाव में मदद के लिए 1.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर : ट्रंप

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने देश के पूर्ववर्ती बाइडन प्रशासन पर निशाना साधते हुए कहा कि उसने भारत को उसके चुनाव में मदद के लिए 1.8 करोड़ अमेरिकी डॉलर की धनराशि आवंटित की जबकि उसे इसकी जरूरत नहीं है।

ट्रंप ने कंजर्वेटिव पॉलिटिकल एक्शन कॉन्फ्रेंस (सीपीएसी) में शनिवार को अपने भाषण के दौरान यह टिप्पणी की। उन्होंने पहले भी कई बार दावा किया है कि चुनावों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ाने के लिए भारत को 2.1 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वित्तीय मदद दी गई और उन्होंने इसके लिए अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय विकास एजेंसी (यूएसएआईडी) पर निशाना साधा है। ट्रंप के इस दावे के बाद से भारत में विवाद पैदा हो गया है। अपने भाषण में ट्रंप ने भारत पर अमेरिका का फायदा उठाने का भी आरोप लगाया। उन्होंने कहा, भारत को उसके चुनावों में मदद के लिए 1.8 करोड़ डॉलर दिए गए। आखिर क्यों। ट्रंप ने कहा, हम भारत को चुनावों के लिए पैसे दे रहे हैं। उन्हें पैसे की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा, वे हमारा बहुत फायदा उठाते हैं। वे दुनिया में सबसे अधिक कर लगाने वाले देशों में से एक हैं। वे 200 प्रतिशत (कर) लगाते हैं और फिर हम उन्हें उनके चुनाव में मदद करने के लिए बहुत सारा पैसा दे रहे हैं। ट्रंप ने बांग्लादेश को 2.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर देने के लिए भी यूएसएआईडी की आलोचना की। उन्होंने किसी का नाम लिए बिना कहा, 2.9 करोड़ अमेरिकी डॉलर का इस्तेमाल राजनीतिक परिदृश्य को मजबूत करने और उनकी मदद करने के लिए किया जाएगा ताकि वे बांग्लादेश में कट्टरपंथी वामपंथी कम्युनिस्ट के लिए वोट कर सकें। विदेश मंत्री एस जयशंकर ने शनिवार को कहा कि ट्रंप प्रशासन द्वारा दी गई जानकारी चिंताजनक है और सरकार इसकी जांच कर रही है। जयशंकर ने नयी दिल्ली में एक कार्यक्रम में बातचीत के दौरान कहा कि यूएसएआईडी को भारत में सद्भावनापूर्वक, सद्भावनापूर्ण गतिविधियां करने की अनुमति दी गई थी और अमेरिका से यह संकेत मिल रहा है कि कुछ गतिविधियां दुर्भावनापूर्ण हैं। उन्होंने कहा, इसलिए इस पर निश्चित रूप से गौर किया जाना चाहिए और यदि ऐसा कुछ है।

ग्रहों पर जीवन की संभावनाएं काफी कम

एजेंसी

जरागोजा (स्पेन)। (द कन्वरसेशन) हम अक्सर भूल जाते हैं कि जीवन की उत्पत्ति कितनी अद्भुत और अनोखी घटना है। जहां तक हम जानते हैं, हमारा ग्रह ही एकमात्र ऐसा ग्रह है, जो जीवन को सहारा देने में सक्षम है, और ऐसा लगता है कि इसकी उत्पत्ति आज के एककोशिकीय प्रोकैरियोटिक (बिना कोशिकीय झिल्ली वाले) जीवों के रूप में हुई होगी। हालांकि, वैज्ञानिकों ने हमारे ग्रह की सीमाओं से परे एलयूसीए यानी लास्ट यूनिवर्सल कॉमन एंसेस्टर (वह पैतृक कोशिका, जिससे सभी ज्ञात सजीव चीजों की उत्पत्ति हुई) को खोजने की उम्मीद नहीं छोड़ी है। हम कहां खोज रहे हैं? जब से इंसानों ने मंगल पर आशियाना बसाने के सपने देखने शुरू किए हैं, तब से इस ग्रह को लेकर वैज्ञानिक सोच में काफी बदलाव आया है। लाल ग्रह की सतह पर चहलकदमी करने वाले हालिया यानों- पर्सिवियरेंस और क्यूरियोसिटी -ने ऐसे यौगिकों और खनिजों की पहचान की है, जो बताते हैं कि वहां मौजूद परिस्थितियां कभी जीवन योग्य रही होंगी, लेकिन फिलहाल इसके आगे कुछ नहीं पता लगाया जा सका है। फिलहाल, मंगल ग्रह एक लाल रेगिस्तान- आकर्षक लेकिन वीरान, की तरह दिखता है।

मंगल पर जीवन

शॉपिंग मॉल में छत गिरने से छह की मौत, 78 घायल

एजेंसी

लीमा। पश्चिमोत्तर पेरू में एक शॉपिंग मॉल के फूड कोर्ट की छत गिरने से छह लोगों की मौत हो गई और कम से कम 78 अन्य लोग घायल हो गए। देश के रक्षा मंत्री ने यह जानकारी दी। फूड कोर्ट मॉल में वह जगह होती है जहां विभिन्न रेस्तरां एवं भोजनालय होते हैं। ला लिबर्टाड क्षेत्र के ट्रूजिलो शहर में स्थित रियल प्लाजा ट्रूजिलो शॉपिंग मॉल में लोहे से बनी भारी छत शुक्रवार रात वहां मौजूद लोगों पर गिर गई। रक्षा मंत्री वाल्टर एस्टुडिलो ने शनिवार को संवाददाताओं को बताया कि ला लिबर्टाड में स्थानीय अग्निशमन कर्मियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार, इमारत ढहने के बाद पांच लोगों की घटनास्थल पर ही मौत हो गई तथा एक अन्य व्यक्ति ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। एस्टुडिलो ने बताया कि 30 घायलों को अस्पताल से छुट्टी दी जा चुकी है और 48 अब भी अस्पताल में भर्ती हैं जिनमें से तीन की हालत गंभीर है। मंत्री ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति संवेदना व्यक्त की। स्थानीय अग्निशमन विभाग के प्रमुख लुइस रोन्कल ने बताया कि बचाव एवं राहत कार्य जारी है।

इंटरटेनमेंट...

चीनी एनिमेटेड फिल्म 'ने झा-2' ने रचा इतिहास

मुंबई। चीनी एनिमेटेड ब्लॉकबस्टर फिल्म 'ने झा-2' ने बॉक्स ऑफिस कलेक्शन में इतिहास रच दिया है। यह फिल्म अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। इस फिल्म ने डिज्नी की सभी फिल्मों को पीछे छोड़ दिया है।

बुधवार को नया आंकड़ा सामने आया, जिसके मुताबिक फिल्म ने महज 22 दिनों में दुनिया भर में 14,728 करोड़ की कमाई की है। चीनी एनिमेटेड फिल्म 'ने झा-2' कोविड महामारी के बाद तीसरी सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म बन गई है। साथ ही फिल्म ने दुनिया भर में आठवीं सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म का खिताब भी हासिल किया है। पहला पार्ट 'ने झा' साल 2019 में रिलीज हुआ था। फिल्म की सक्सेस का सबसे बड़ा कारण ये भी माना जा रहा है कि फिल्म चीनी माइथोलॉजी पर बनी है। फिल्म का पहला पार्ट 'ने झा' साल 2019 में रिलीज हुआ था। जिसने दुनियाभर में 700 मिलियन अमेरिकी डॉलर से अधिक की कमाई की। फिल्म 'ने झा-2' 29 जनवरी को रिलीज हुई है। फिल्म को स्प्रिंग फेस्टिवल का भी काफी फायदा हो रहा है। छुट्टियों के चलते सिनेमाघरों में काफी भीड़ है। विदेशी फिल्में अक्सर विदेशी बॉक्स ऑफिस पर ज्यादा कमाई नहीं कर पाती हैं। लेकिन 'ने झा-2' ने इंटरनेशनल लेवल पर कई रिकॉर्ड बना लिए हैं। माना जा रहा है कि अगर चीनी एनिमेटेड फिल्म 'ने झा-2' इसी तरह कमाई जारी रखती है।

हॉलीवुड प्रोजेक्ट से सलमान खान का फर्स्ट लुक आउट

मुंबई। सलमान खान अपनी अपकमिंग फिल्म सिकंदर को लेकर सुर्खियों में हैं। तो वहीं दूसरी तरफ एक्टर के हॉलीवुड में काम करने की भी खबरें सामने आ रही थीं।

अब हॉलीवुड प्रोजेक्ट से सलमान का फर्स्ट लुक रिवील हुआ है। एक्टर का ये लुक सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सलमान खान की इस फिल्म की ज्यादा डिटेल्स तो सामने नहीं आई हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक फिल्म में सलमान के साथ संजय दत्त भी नजर आएंगे। हाल ही में सलमान खान का इंटरनेट पर एक वीडियो सामने आया है। इस वीडियो के वायरल होने के बाद यह दावा किया जा रहा है कि सलमान ने हॉलीवुड प्रोजेक्ट की शूटिंग शुरू कर दी है और यह उनका फर्स्ट लुक है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने सलमान खान का वीडियो शेयर किया है। यूजर ने दावा किया है कि सलमान इस समय सऊदी अरब में हैं और अपने हॉलीवुड प्रोजेक्ट की शूटिंग कर रहे हैं। इस वीडियो में सलमान डैशिंग लुक में नजर आ रहे हैं। रिपोर्ट्स के अनुसार, इस मूवी में सलमान खान का कैमियो होगा।

'मेरे हसबैंड की बीवी' बॉक्स ऑफिस पर धीमी शुरुआत

मुंबई। अर्जुन कपूर, भूमि पेडनेकर और रकुल प्रीत सिंह-स्टारर फिल्म मेरे हसबैंड की बीवी रिलीज हो चुकी है। सैकनिल्क के मुताबिक, फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर पहले दिन में सिर्फ 1.5 करोड़ रुपए की कमाई की। इसके बाद यह फिल्म साल की अब तक दूसरी सबसे खराब ओपनिंग वाली फिल्म बन गई।

इससे पहले फिल्म आजाद 17 जनवरी को रिलीज हुई थी, जिसने पहले दिन केवल 1.5 करोड़ का कलेक्शन किया था। अर्जुन कपूर की पिछली चार फिल्मों का कलेक्शन देखें तो साफ है कि सिंघम अगेन के अलावा बाकी सभी फिल्मों ने कोई खास कलेक्शन नहीं किया। 2021 में आई फिल्म भूत पुलिस में अर्जुन नजर आए थे। लेकिन इस फिल्म ने सिर्फ 21.67 करोड़ की कमाए।

ओटीटी, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म को लेकर सरकार सख्त

मुंबई। रणवीर अलाहबादिया कंट्रोवर्सी के बाद सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने ओटीटी प्लेटफॉर्म्स को आचार संहिता का पालन करने का निर्देश दिया है। सरकार की तरफ से जारी एडवाइजरी में उन्हें अपने प्लेटफॉर्म पर कंटेंट पब्लिश करते समय देश के कानूनों का पालन करने की सलाह दी गई है। मंत्रालय से ये एडवाइजरी पॉडकास्टर रणवीर अलाहबादिया की अभद्र टिप्पणी के कुछ दिन बाद आई है। मंत्रालय ने कहा कि पिछले कुछ समय से ओटीटी प्लेटफार्म और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और अश्लील सामग्री के प्रसार को लेकर लगातार शिकायतें मिल रही थीं। इस मुद्दे पर संसद सदस्यों, सामाजिक संगठनों और आम जनता ने सरकार से कार्रवाई की मांग की थी।

अश्लील या अश्लील सामग्री का प्रकाशन एक दंडनीय अपराध है। ऑनलाइन क्यूरेटेड कंटेंट (ओटीटी) प्लेटफॉर्म्स पर प्रसारित सामग्री को भारतीय कानूनों का पालन करना होगा। नोटिस में कहा गया है कि ओटीटी प्लेटफॉर्म को सलाह दी जाती है कि कंटेंट पब्लिश करते समय लागू कानूनों के विभिन्न प्रावधानों और आईटी नियम, 2021 के तहत कोड ऑफ एथिक्स का ध्यान रखा जाए। कोड ऑफ एथिक्स के जरिए कंटेंट को उम्र के आधार पर क्लासिफिकेशन किया जाए, ताकि बच्चों को अश्लील कंटेंट से बचाया जा सके। इसके अलावा, ओटीटी प्लेटफार्मों के सेल्फ रेगुलेटरी बॉडीज से अनुरोध किया जाता है कि वे प्लेटफार्मों द्वारा आचार संहिता के उल्लंघन के लिए उचित सक्रिय कार्रवाई करें। इस बीच, केंद्र सरकार मौजूदा आईटी एक्ट की जगह डिजिटल इंडिया बिल लाने की योजना बना रही है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com